दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :122
प्रतापगढ़ | बुधवार , 5 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

महाकुंभ में एक भी अपराध की घटना नहीं हुई

⏩ योगी बोले- सपा को राम-कृष्ण पर विश्वास नहीं

लखनऊ,एजेंसियॉ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हाल ही में संपन्न महाकुंभ 2025 पर राज्य विधानसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान अपराध या छेड़छाड़ की कोई घटना नहीं हुई। योगी ने कहा कि महाकुंभ के 45 दिनों में देश-दुनिया से 66 करोड़ से ज्यादा लोग मेले में आए। महाकुंभ में आने वाले 66 करोड़ लोगों में से आधी महिला तीर्थयात्री रही होंगी, लेकिन उत्पीड़न, लूट, अपहरण या हत्या की एक भी घटना नहीं हुई।योगी ने दावा किया कि अपेक्षित संख्या से अधिक लोग महाकुंभ में आए और जो लोग आए और पवित्र स्नान किया, वे अभिभूत महसूस कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी की प्रयागराज महाकुंभ की सराहना की गई है। सपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि महाकुंभ इतना बड़ा आयोजन करने की राज्य की क्षमता को देश के सामने और देश की क्षमता को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने में सफल रहा है। आपने जो गलत सूचना फैलाने की कोशिश की, वह देश के लोगों के विश्वास को प्रभावित नहीं कर सकती। देश में किसी ने आपकी बातों पर भरोसा नहीं किया। और जल्द ही, जनता आपकी बात सुनना बंद कर देगी। योगी ने यह भी कहा कि संभल में हम जो कर रहे हैं वह भी आस्था के कारण ही है। उन्होंने कहा कि आज की समाजवादी पार्टी नाम तो डॉ. लोहिया का लेती है लेकिन अपने आदर्शों से दूर हो गयी है। सपा डॉ. लोहिया के आचरण, आदर्श और सिद्धांतों को भूल गयी है। उन्होंने कहा कि विष्णु, शंकर और राम भारत की एकता का आधार हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी इस पर विश्वास नहीं करती है। हम सबके विकास की बात करते हैं। महाकुंभ में भारत की विरासत और विकास की अनूठी छाप देखने को मिली। महाकुंभ में जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर किसी भी तरह का कोई भेदभाव देखने को नहीं मिला।

छात्रों के निलंबन पर रोक, दिल्ली हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कई छात्रों के निलंबन पर रोक लगा दी है जो बिना पूर्व अनुमति के परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। अदालत ने चर्चा में छात्र प्रतिनिधियों को शामिल करने के महत्व पर जोर देते हुए विश्वविद्यालय समिति के अधिकारियों को कुलपति की देखरेख में मुद्दे को संबोधित करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय को मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह निर्णय जामिया के चार छात्रों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आया है, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय प्रॉक्टर के उन्हें निलंबित करने और परिसर में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के आदेश को चुनौती दी थी।

⏩⏩ सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

किसी को मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना गलत, लेकिन अपराध नहीं

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि ÷मियां-तियां÷ या ÷पाकिस्तानी÷ जैसे शब्दों का इस्तेमाल गलत हो सकता है। लेकिन यह कोई आपराधिक अपराध नहीं है। यह फैसला ऐसी टिप्पणी करने के आरोपी 80 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामले को रद्द करते हुए आया। न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि अपीलकर्ता पर मुखबिर को %मियां-तियां% और %पाकिस्तानी% कहकर उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। निस्संदेह, दिए गए बयान ख़राब स्वाद वाले हैं। हालाँकि, यह मुखबिर की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के समान नहीं है।यह मामला उर्दू अनुवादक और कार्यवाहक क्लर्क (सूचना का अधिकार) मोहम्मद शमीम उद्दीन की शिकायत के आधार पर झारखंड के

बोकारो में दर्ज की गई पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) से उत्पन्न हुआ है। शिकायत के अनुसार, 80 वर्षीय व्यक्ति हरि नंदन सिंह ने कथित तौर पर सांप्रदायिक अपशब्दों का उपयोग करके शिकायतकर्ता का अपमान किया और उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया, जबकि वह अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहा था।इस घटना के कारण आईपीसी की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी), 353 (लोक सेवक को ड्यूटी से रोकने के लिए हमला करना) और 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच पूरी होने पर, पुलिस ने आरोप पत्र दायर किया और मजिस्ट्रेट ने जुलाई 2021 में एक आदेश द्वारा अपराधों का संज्ञान लिया और आरोपियों को तलब किया। इसके बाद सिंह ने आरोपमुक्त करने के लिए एक आवेदन दायर किया, जिसे मजिस्ट्रेट ने 24 मार्च, 2022 को आंशिक रूप से अनुमति दे दी, और उन्हें धारा 323 के तहत अपराधों से मुक्त कर दिया, लेकिन धारा 298, 353 और 504 के तहत आरोप बरकरार रखे।

किसान आंदोलनों ने पंजाब की छवि बिगाड़ी राज्य का उद्योग तबाह हो रहा - भगवंत मान

चंडीगढ़, (हि.स.)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ कूच पर अड़े किसानों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में समानांतर सरकार चलाने का अधिकार किसी को नहीं दिया जाएगा। किसान आंदोलन के कारण पंजाब की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि खराब हुई है। किसान संगठनों में आंदोलनों को लेकर मुकाबले चल रहे हैं। इससे पंजाब का उद्योग तबाह हो रहा है।भगवंत मान मंगलवार को मोहाली जिले में खरड़ तहसील परिसर का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसान आंदोलन के विरुद्ध बोला है। उन्होंने कहा कि सोमवार की रात किसानों के साथ बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा चल रही थी लेकिन किसान चंडीगढ़ कूच करने के ऐलान को वापस लेने के लिए राजी नहीं हो रहे थे। जनता के हितों को देखते हुए उन्होंने बैठक को बीच में ही छोड़

दिया।उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के कारण पंजाब का उद्योग तबाह हो रहा है। पंजाब की ट्रांसपोर्ट खत्म होती जा रही है। कभी रेल रोकी जा रही है तो कभी सडक़ें रोकी जा रही है।

कहीं एनएचएआई के प्रोजैक्ट रोके जा रहे हैं। अब हालात यह है कि किसान नेता राजनीति चमकाने के लिए इमीग्रेशन दफ्तरों के आगे धरने दे रहे हैं। इन धरनों के नाम पर गांवों से फंड इक्ठा किया जा रहा है। पारिवारिक झगड़ों में भी किसान पंचायतें करने लगे हैं। इस तरह की समानांतर सरकार चलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।उन्होंने कहा कि ऑनलाइन साइटों से पंजाब में अगर कोई सामान मंगवाया जाता है तो वह महंगा मिलता है। इससे आम जनता परेशान हो रही है। किसान संगठनों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आंदोलन के नाम पर मुकाबले चल रहे हैं। एक संगठन का आंदोलन समाप्त होने लगता है तो दूसरा तैयारी कर लेता है। मान ने कहा कि पंजाब सरकार दशमेश नहर का निर्माण करने जा रही है। नई कृषि नीति लेकर आ रहे हैं। किसान आंदोलन करने की बजाय नई नीति के लिए अपने सुझाव दें।

आतंकी अब्दुल रहमान के खिलाफ डबुआ थाने में एफआईआर दर्ज

फरीदाबाद, (हि.स.)। नगर की बांस रोड पाली इलाके से आतंकी गतिविधियों में शामिल अब्दुल रहमान के खिलाफ जिले के डबुआ थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। आतंकी रहमान को रविवार की रात गुजरात एटीएस व एसटीएफने एक संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया था।पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि एसटीएफ इंस्पेक्टर के बयान पर फरीदाबाद के डबुआ थाने में आतंकी के खिलाफ 25 (1)(ए) आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 4 (ए), 4(बी), 5 के साथ ही विस्फोटक अधिनियम तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आतंकी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार करने के बाद गुजरात एटीएस अपने साथ ले गई है।

धनंजय मुंडे ने महाराष्ट्र के मंत्री पद से इस्तीफा दिया

● सरपंच हत्याकांड में जुड़ा था नाम

मुंबई,एजेंसियॉ। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे को इस्तीफा देने के लिए कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था। धनंजय मुंडे का इस्तीफा पीए प्रशांत जोशी ने मुख्यमंत्री को सौंपा है।बता दें कि इसकी जानकारी खुद देवेंद्र फडणवीस ने भी दी है। उन्होंने बताया कि धनंजय मुंडे ने इस्तीफा अपना मुझे सौंपा है। उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया है। अब राज्यपाल के पास आगे की कार्रवाई के लिए उनका इस्तीफा भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि धनंजय मुंडे तब से चर्चा में आ गए हैं जबसे उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड का नाम सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में जुड़ा है। मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को संतोष

देशमुख की हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया है। वहीं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार की रात को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। उन्होंने सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में अपराध अन्वेषण विभाग की ओर से आरोपपत्र दायर करने पर चर्चा की थी। इस मामले में ही कराड को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि धनंजय मुंडे बीड जिले के परली से एनसीपी के विधायक हैं। महाराष्ट्र सरकार में उनके पास खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय था। इस पद को संभालने से पहले वो बीड के संरक्षक मंत्री रह चुके है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार पुणे के साथ बीड जिले के संरक्षक थे।जानकारी के मुताबिक बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को नौ दिसंबर 2024 को अगवा किया गया था। देशमुख ने एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश की थी।

इस कारण देशमुख को अगवा किया गया और बाद में उनकी हत्या की गई थी। इस हत्या के बाद सीआईडी ने 27 फरवरी 2025 को अदालत में 1200 पेजों का आरोपपत्र दायर किया है। इसमें सरपंच की हत्या, कंपनी से वसूली करने व अन्य मामले दर्ज हुए है।

एफएसएसएआई FSSAI भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

GOOD NEWS
FOR FOOD HAWKERS!

FSSAI REGISTRATION FEE COMPLETELY WAIVED OFF

Wef 28th September 2024

Who are eligible

Any hawker involved in selling packaged or freshly prepared food by traveling from one location to another (usually on foot or movable carts).

Key Benefits:

- No registration fees for new Applications and renewal.
- Above Registration valid for 5 years

HOW TO APPLY

- Visit FoSCoS portal [https://foscos.fssai.gov.in]
- Apply online under Hawker category (User manual: https://foscos.fssai.gov.in/user-manual)

For more information:
Refer FSSAI Order dated 30-09-2024
Contact the Helpline:
1800112100, helpdesk-foscos@fssai.gov.in

Don't Wait
Register Today with FSSAI without any fee

fssaiindia fssai fssai_safefood
fssaiindia fssai_india

CBC 17163/11/0014/2425

विधानसभा अध्यक्ष ने स्वच्छता और अनुशासन को लेकर जताई कड़ी नाराजगी

● विधानभवन परिसर में पान खाकर थूकने का मामला

लखनऊ,(हि. स.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा की गरिमा और स्वच्छता बनाए रखने के संकल्प को दोहराते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को एक अनुशासनहीन घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। आज विधानसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा मंडप के प्रवेश द्वार पर पान मसाला थूके जाने की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल वहां जाकर सफाई सुनिश्चित करवाई और इसकी भर्त्सना की।इसके बाद सदन को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विधानसभा के प्रति केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस अनुशासनहीन कृत्य का वीडियो उपलब्ध है, परंतु किसी सदस्य को

सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उनका उद्देश्य नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि यदि भविष्य में वे किसी को ऐसा करते देखें, तो उसे वहीं रोकें और विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।विधानसभा अध्यक्ष महाना ने यह भी कहा कि जिसने यह कार्य किया है, वह स्वयं आगे आकर स्वीकार करें, अन्यथा उन्हें बुलाना पड़ेगा। उन्होंने सदन में पुनः इस विषय पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों का सम्मान और उनकी आस्था का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता और मर्यादा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

औरंगजेब की तारीफ पड़ी भारी

⏩ सपा नेता अबू आजमी पर एफआई आर दर्ज

मुंबई,एजेंसियॉ। महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अबू आजमी मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली अपनी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। इस टिप्पणी से आक्रोश फैल गया, जिसके बाद शिवसेना (शिंदे गुट) ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने भी आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। शिवसेना (शिंदे गुट) ने अबू आजमी के खिलाफ मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पूर्व विधायक और शिवसेना प्रवक्ता किरण पावस्कर ने पार्टी

कार्यकर्ताओं के साथ एसपी नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से संपर्क किया। पार्टी ने उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने बीएनएस धारा 299, 302, 356(1), और 356(2) के तहत एक अलग शिकायत दर्ज की। जिसके बाद ठाणे पुलिस ने वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में आजमी के खिलाफ मामला दर्ज किया। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई और बढ़ने की आशंका है। म्हस्के ने यह भी आरोप लगाया कि मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली अबू आजमी की टिप्पणी से धार्मिक

मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर किया गया पेश-अबू आजमी

मुगल शासक औरंगजेब को %अच्छा प्रशासक% बताकर बड़ा विवाद खड़ा करने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अबू आजमी ने अपना बयान वापस लेते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि इस मुद्दे को शांत कर दिया जाए। औरंगजेब की प्रशंसा के बाद सपा के महाराष्ट्र अध्यक्ष आजमी की भारी आलोचना हुई। बॉलीवुड फिल्म छावा में ऐतिहासिक चित्रणों पर टिप्पणी करते हुए, आजमी ने दावा किया कि इतिहास ने औरंगजेब की विरासत को विकृत कर दिया है और वह एक क्रूर शासक नहीं था।अबू आजमी ने कहा कि अगर मेरे बयान से लोगों को ठेस पहुंची है तो मैं अपना बयान वापस लेता हूं। मैंने कभी बड़े लोगों के खिलाफ बुरा नहीं बोला। इस मुद्दे पर विधानसभा की कार्यवाही रोकना महाराष्ट्र की जनता के साथ अन्याय होगा, मैं अपना बयान वापस लेता हूं, मैं चाहता हूं कि मामले को शांत किया जाए। उन्होंने कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है।

भावनाएं आहत हुई हैं।औरंगजेब पर उनकी टिप्पणी के सिलसिले में सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ ठाणे के नौपाड़ा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी और इसे मुंबई के मरीन ड्राइव थाने में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके बाद आज मरीन ड्राइव पीएस में सीआर नंबर 59/25 के तहत धारा 299, 302, 356(1), 356(2) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है।

महाराष्ट्र सपा अध्यक्ष अबू आजमी ने सोमवार को विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि इतिहास में औरंगजेब को गलत तरीके से चित्रित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था और उसने कई मंदिर भी बनवाये थे।

टैरिफ वॉर की आशंका से सहमा शेयर बाजार

● लगातार 10वें दिन निफ्टी में गिरावट

नई दिल्ली, (हि.स.)। टैरिफ वॉर तेज होने की आशंका के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार फिर गिरावट के साथ बंद हुओ । निफ्टी ने आज लगातार 10वें कारोबारी दिन लाल निशान में अपने कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स आज 73 हजार अंक के स्तर से नीचे फिसल कर बंद हुआ। इंडेक्स शेयरों के विपरीत स्मॉल और मिडकैप शेयरों में खरीदारी होती रही। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी

वजह से दिन भर शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।आज दिन भर कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस तथा एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी, ऑटोमोबाइल, टेक और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली होती रही। इंडेक्स शेयरों में बिकवाली होने के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण बाजार की कमजोरी के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

तुम्हारे पिता को हम ही बनाए थे..

● विधानसभा में तेजस्वी पर आगबबूला हुए सीएम नीतीश

पटना, एजेंसियॉ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में एक बहस के दौरान अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जिक्र करते हुए राजद नेता और अपने पूर्व डिप्टी तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में विधानसभा में बोलने के लिए कुमार के खड़े होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने यादव पर पलटवार किया, ÷बिहार में पहले क्या

था? वह मैं ही था जिसने आपके (तेजस्वी यादव) पिता को बनाया। यहां तक कि आपकी जाति के लोग भी मुझसे पूछ रहे थे कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं, लेकिन मैंने फिर भी उनका समर्थन किया।दूसरी ओर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने राज्य विधान परिषद के समक्ष आरोप लगाया कि उनके पति एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कोई गलत काम नहीं किया इसके उन्हें बावजूद सजा मिली। उच्च सदन में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग की तरफ से हर दूसरे दिन नोटिस मिलने की भी शिकायत की। सदन के भीतर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नीरज कुमार की ओर रुख करते हुए कहा, ''आपको लालू जी पर निशाना साधना और उन्हें जेल में रहने के दौरान दिए गए कैदी नंबर से बुलाना बहुत पसंद है। लालू जी को बिना कुछ गलत किए सजा मिली।''

जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

● ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को निस्तारित करते हुए लाभार्थियों को ऋण मुहैया कराये जाने के दिये निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1682 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 20 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से श्रम विभाग के-02, कृषि विभाग के-07, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के-02, अग्निशमन विभाग के-01, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0 के-06, वाणिज्य कर विभाग के-01 एवं बाटमाप विभाग के-01 प्रकरण सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पोर्टल पर लम्बित प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदनां को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बैंको में लम्बित पत्रावलियों को लाभार्थी से बिना बात किये निरस्त न किया जाय, ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को निस्तारित करते हुए शासन की योजनाओं से लाभार्थियों को ऋण मुहैया कराया जाय। उन्होंने सीएम युवा योजना, पीएम सूर्यघर योजना एवं अपार आईडी योजना के अन्तर्गत लोगों को लाभान्वित कराये जाने तथा अपने-अपने वार्डों का भ्रमण कर सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण कराने के निर्देश समस्त अधिशासी अधिकारियों को दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव, तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारीगण एवं उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण- रमेश अग्रहरि, अरविन्द केसरवानी, नीरज बनारसी, प्रवेश केसरवानी एवं श्री शिवम केसरी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने की व्यापार बन्धु समिति की बैठक

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि व्यापार बन्धु एवं उद्योग बन्धु की बैठक को गम्भीरता से लिया जाय तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर निस्तारित कराया जाय तथा क्षेत्र भ्रमण कर भी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाय।

पिछली बैठक में पूरब पश्चिम शरीरा में बने शवदाहग्रह में बाउड्रीवाल एवं इंटरलाकिंग कराने की मांग की गई थी, जिस पर बताया गया कि अवर अभियन्ता, नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा द्वारा आगणन तैयार कर प्रस्ताव पारित किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त धनराशि से निविदा एवं निर्माण की कार्यवाही जल्द की जाय। देवीगंज में 200 केवीए का नया ट्रान्सफार्मर लगाये जाने की मांग की गई थी, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत द्वारा बताया गया कि प्रस्ताव तैयार कर बिजनेश प्लान में भेजा जा चुका है, बजट प्राप्त होते ही अग्रित कार्यवाही की जायेंगी। सिराथू नगर से गुजरने वाली रोडवेज बसों के ठहराव के लिए स्थान चिह्नित करते हुए शाइनबोर्ड व टीनशेड लगाये जाने की मांग की गई थी, जिस पर सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक लीडर रोड डिपो द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र ही सर्वे कराकर निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। जिस पर जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। स अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारीगण, उपायुक्त राज्यकर राजेश कुमार मौर्य एवं उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण- रमेश अग्रहरि, अरविन्द केसरवानी, प्रशान्त, नीरज बनारसी, प्रवेश केसरवानी एवं शिवम केसरी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

दारानगर में श्री राम कथा में रामजन्म कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर कस्बे में स्थित छोटी दरबार में चल रही श्रीराम कथा में कथा वाचक वेदांती महाराज द्वारा श्री राम जन्म प्रसंग का वाचन किया गया। पुंडरीकक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने महाराज ने कहा कि धर्म के लिए भगवान का अवतार होता है, जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ा तब-तब भगवान ने अवतार लिया। राम कथा सुनने से राग, द्वेष, ईर्ष्या और भेदभाव समाप्त हो जाते हैं और मन को शांति मिलती है।व्यक्ति को हमेशा सत्संग सुनते रहना चाहिए। सत्संग से ही अच्छे चरित्र का निर्माण होता है। राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा है कि पापी भी एक बार राम का नाम लेकर सहजता से सद्गति को प्राप्त कर सकता है।

पूज्य वेदांती महाराज ने कहा है कि व्यक्ति के जीवन की व्यथा तो केवल भगवान की कथा से ही मिटती है।श्री राम जन्मोत्सव की कथा को सुनकर पंडाल में श्रद्धालु भक्तों में बड़ा खुशी का माहौल दिखा। वहीं बड़ी दरबार में सीताराम जप कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में सवा लाख जप के साथ सवा लाख आहुतियां का भी कार्यक्रम चित्रकूट धाम से पधारे हुए सुदर्शन दास जी महाराज फलाहारी बाबा के सानिध्य में 31 ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोचारण के साथ चल रहा है,

जिसमें नगर क्षेत्र के लोग यजमान बनकर यज्ञशाला में पहुंचकर हवन करते हैं। इसे दौरान रामगोपाल तिवारी, राजेश त्रिपाठी , मनीष पाठक, राहुल तिवारी, शशि कमल मिश्र, ललित मिश्रा , रवि मणि तिवारी , विमल मिश्र , हरेंद्र मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, रंजन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहें।

छात्र ने घर में झगड़ा करने के बाद लगाई फांसी, बहन ने काटी गर्दन

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कुरई गांव में मंगलवार सुबह बहन से झगड़ा कर छात्र ने साड़ी के सहारे फांसी लगा लिया। भाई के मौत की जानकारी मिलने के बाद बहन ने चाकू से गर्दन काट ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि परिजनों ने बहन को गंभीर हालत में एसआरएन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कुरई गांव निवासी रामदेव मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। मंगलवार की सुबह वह मजदूरी करने के लिए चला गया था। घर पर पत्नी बच्चों के साथ थी। इसी दौरान 15 वर्षीय बेटे नितिन कुमार का अपनी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। नितिन काजीपुर स्थित एक स्कूल में कक्षा नौ का छात्र था। बहन से विवाद के बाद वह ड्रेस पहनकर बैग के साथ साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकल गया। इसी दौरान मलाक मोहिउद्दीनपुर के समीप स्थित डिग्री कालेज के पीछे निर्माणाधीन मकान में मां की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छोटे भाई के मौत की जानकारी मिलने के बाद बहन ने चाकू से गर्दन काट ली। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ विजेंद्र सिंह का कहना है कि छात्र के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

चोरी के वांछित आरोपी को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल को पावर हाउस चौराहा फकीरा बाद के पास एक घर में हुयी चोरी से सम्बन्धित वांछित कुलदीप त्रिपाठी निवासी इच्छना थाना सराय अकिल को मुखबिर खास की सूचना पर इच्छना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी का 01 अदद विवो मोबाइल फोन, 01 अदद अंगूठी पीली धातु, 01 अदद लॉकेट पीली धातु, 01 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 अदद ओक्टा पैड वाद्य यंत्र मय चार्जर, 03 अदद प्लेइंग स्टिक बरामद किया गया।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर मायादीन निषाद निवासी नौबस्ता थाना महेवाघाट, राम भगन कोरी, निवासी जमुनापुर थाना महेवाघाट, उमाशंकर निषाद, दीपक कुमार नि0गण घोघपुर थाना

महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मालफड़ 5500 रुपये व जामातलाशी 2000 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी इशाक उर्फ निवासी वार्ड नं0 08 मोहल्ला मौलाना आजाद नगर भरवारी थाना कोखराज, को गिरफ्तार किया गया।

बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक कृष्ण स्वरूप यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 04 नफर आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 66ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी आरोपी के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी का चालान किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 97 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 12 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 02, थाना करारी से 02, थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से 05, थाना कड़ाधाम से 01 कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

सिराथू में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु विधायक ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को दिया पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं नरसिंहपुर कछुआ में स्थित ट्रामा सेंटर में चिकित्सीय सेवाओं सहित स्टॉफ बढ़ाए जाने हेतु स्थानीय विधायक पल्लवी पटेल ने सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र देकर जनहितकारी कार्यों को शीघ्र कराए जाने की मांग की है।

सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को दिए गए पत्र के हवाले से बताया कि सिराथू विधानसभा के नरसिंहपुर कछुआ में स्थित ट्रामा सेंटर में स्टॉफ की कार्यकुशलता बढ़ाने हेतु स्टॉफ क्वार्टर्स की व्यवस्था किए जाने , ट्रामा सेंटर के लिए नेशनल हाईवे से ट्रामा सेंटर के लिए सर्विस लेन का निर्माण कराकर कट के प्रावधान कराए जाने , ट्रामा सेंटर में ओपीडी शुरू किए जाने , मुर्दाघरों में डीप फ्रिजर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने , सीएचसी, पीएचसी में सीसीटीवी युक्त किए जाने एवं डायनामिक ऑपरेशन की व्यवस्था , जिले की चिकित्सा समिति की मासिक बैठक किए जाने और बैठक में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने व जनपद में एंबुलेंस के कार्य अधिकारी की सूचना संपर्क नंबर के साथ सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में आज महाविद्यालय की रोवर, रेंजर्स ईकाई का प्रवेश एवम निपुण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का प्रथम दिन सर्वप्रथम उदघाटन सत्र से प्रारम्भ हुआ शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र तिवारी द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर एवम पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री श्यामबाबू जी ने प्राचार्य सर का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। प्रशिक्षण शिविर के आरम्भ की औपचारिक घोषणा करते हुए प्राचार्य जी ने रोवरश्रेंजर्स प्रशिक्षुओं को अपने

संबोधन में बताया की रोवर, रेंजर्स का उद्देश्य सेवा है। उन्होंने बताया कि रोवर अथवा रेंजर्स का मुख्य गुण है प्रत्येक परिस्थिति में देश सेवा और अपने कर्तव्य के लिए तत्पर रहना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को स्कार्फ में लगी गांठ के महत्व को समझाते हुए कहा कि ये गांठ हर समय हमारी सेवा भाव और कर्तव्य की प्रतिज्ञा की याद दिलाने के लिए होती है। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अथिति एवम समस्त अतिथि गण का स्वागत महाविद्यालय के रेंजर प्रभारी रीता दयाल एवम रोवर प्रभारी डॉ शैलेश मालवीय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक श्यामबाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, द्वारा शिविर का संचालन किया गया। उद्घाटन सत्र में मंच संचालन महाविद्यालय की रेंजर प्रभारी रीता दयाल द्वारा किया गया। एवं धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के रोवर प्रभारी डा0शैलेश मालवीय द्वारा किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रशिक्षण का प्रारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। प्रशिक्षुओं को प्रार्थना , झंडागीत , प्रतिज्ञा, नियम इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार सोनकर , डॉ अनिल कुमार, डॉ अजय कुमार,डॉ0नीलम बाजपेई, डॉ0भावना केशरवानी, डॉ0रमेश चन्द्र, एवम समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए मुख्य आरक्षी को एसपी ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत किए गए मुख्य आरक्षी रामकुमार दुबे को वर्दी पर स्टार लगाकर उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति कर बधाई दी गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह मौजूद रहे।

किसानों को दी कृषि तकनीक की विशेष जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित आर .ए.डी.योजना के अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सरसवां के बडहरी गांव में किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार ने कृषि तकनीकी के बारे में विशेष जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जितेन्द्र कुमार ने फ्लोत्पादन एवं पौधों में लगने वाली बिमारियों के बारे में जानकारी व बचाव विधि के बारे में जानकारी दी।

वहीं मधुमक्खी पालन में विशेषज्ञ प्रेमराज मौर्य ने कृषकों को शहद निकालने की विधि के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान चन्दा देवी, परियोजना प्रभारी उमेश कुमार तिवारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक शैलेन्द्र प्रताप यादव, कृषक रोशन लाल, कल्लू, मूल चन्द्र, दद्दूली सहित काफी संख्या में कृषक व महिलाएं शामिल रहें।

शिक्षक दंपति ने वृद्धाश्रम में बच्ची का मनाया जन्मदिन, बांटा उपहार

कौशाम्बी। जनपद के करारी के रहने वाले शिक्षक दंपती अंकित श्रीवास्तव व शिवानी श्रीवास्तव ने अपनी दो वर्षीय पुत्री इशी का जन्मदिवस मंझनपुर ओसा स्थित वृद्धाश्रम जाकर सभी वृद्धजनों के बीच उपस्थित होकर केक काटकर गीत संगीत के बीच अपना दूसरा जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शिक्षक दंपती ने सभी वृद्धजनों को एक एक बेडशीट उपहार स्वरूप प्रदान किया। शिक्षक ने कहा कि हमारी पुत्री को यहां पर इतने दादा दादी का आशीर्वाद मिला जो घर पर रहकर नहीं मिला पाता है। शिक्षक दंपती पिछले साल भी इसी जगह बच्ची का जन्मदिन मनाए थे। कहा कि ऐसे लोगों के बीच रहकर खुशी की अनुभूति होती है।

नगर पालिका मंझनपुर में लगभग 40 करोड़ रूपया से नगर पालिका का विकास कार्य शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका मंझनपुर में लगभग 40 करोड़ रूपया से नगर पालिका का विकास कार्य शुरू हो गया है। नगर पालिका के चारो ओर विकास कार्य ही नजर आ रहा है। नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो की लोग सराहना कर रहे है। लोगों का कहना है, कि योगी सरकार में नगर पालिका मंझनपुर विकास की गंगा बहाने का काम का रही है। वही नगर पालिका में कराये जा रहे विकास कार्यो का नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ तथा जेई व लिपिक के द्वारा मंगलवार को भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान विकास कार्य कराने वाली कार्यदायी संस्थाओ के जिम्मेदारों को कहा गया कि वह गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य कराये।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी व नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी प्रतिभा सिंह जेई ओम प्रकाश लिपिक संजय कुमार के द्वारा वार्ड नंबर 15 व 24 तथा 19 सहित दर्जन भर वार्डो का निरीक्षण किए। जहा पर विकास कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा स्ट्रीट लाइट तालाबा का सौर्दीयकरण हैण्डपंप बिजली का कार्य इंटर लाकिगं पार्विहगं तथा गजीबो व नाला निर्माण तथा भैरो बाबा मंदिर का सौर्दीयकरण आदि सहित लगभग 40 करोड़ रूपया से विकास कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में कार्यदायी संस्थाओ द्वारा विकास कार्य कराया जा रहा है।

इतना ही नहीं समदा चौराहा व मंझनपुर चौराहा का सौर्दीयकरण कराया जा रहा है। नगर पालिका में कराये जा रहे विकास कार्यो की लोगों ने सराहना किया। लोगों का कहना है, कि नगर पालिका मंझनपुर द्वारा जिस प्रकार से विकास कार्य कराया जा रहा है, इससे साफ जाहिर हो रहा है, कि नगर पालिका का चहुमुखी विकास कार्य कराया जा रहा है, लोगों को नाली सडक आदि के लिए समस्याओ का सामना नहीं करना पडेगा। वही मंगलवार को विकास कार्यो के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ द्वारा कहा गया कि निर्माण कार्य कराने वाली कार्यदायी संस्था गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यो को कराये, अगर इसमें किसी प्रकार की लापरवाही किए, तो उनके खिलाफ कारवाई किया जायेगा। बहरहाल कुछ भी हो नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो की लोग सराहना कर रहे है। लोगों का कहना है, कि योगी सरकार में नगर पालिका द्वारा जिस प्रकार से विकास कार्य कराया जा रहा है, यह सराहनीय कार्य है।

हरदिहा मार्ग महीनों से क्षतिग्रस्त, नहीं हुई मरम्मत

ग्राम प्रधान ने इसे दुरुस्त कराने की मांग दोहराई, अवर अभियंता ने दिया धनाभाव का हवाला

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के ग्राम सभा हरदिहा डाबर लिंक मार्ग हरदिहा गांव तक क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। ग्राम प्रधान त्रिभुवन सिंह पटेल ने बताया यह मार्ग गांव का एक मुख्य निकास मार्ग है, जिस पर पूरे दिन आवाजाही बनी रहती है। यह मार्ग काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है।शिकायत के बावजूद इसे दुरुस्त नहीं किया जा रहा है।

गांव के लोगों ने इस क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की है लेकिन इस पर सुनवाई नही की गई। विभाग के अवर अभियन्ता सन्तोष यादव से भी ग्रामीणों की बात हुई लेकिन उन्होंने कहा कि इसके जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव और इस्टीमेट भेजा गया है। शासन की स्वकृति और धन अवमुक्त होने पर इसे तत्काल दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि फ़िलहाल मरम्मत के लिए विभाग के पास पर्याप्त फंड नहीं है। जब पैसा आएगा तो मरम्मतीकरण होगा। विभागीय लापरवाही से गांव के लोगों में काफी आक्रोश है।गांव के लोगों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र मरम्मती करण की मांग दोहराई है।

प्रधान की माने तो मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में काफी दिक्कत आ रही है। टूटी सड़क पर चलने वाले आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।उंन्होने बताया कि क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों से भी यह मांग उठाई गई लेकिन कोरे आश्वासन ही मिले हैं। क्षेत्रीय विधायक ने भी उक्त मार्ग के मरम्मतीकरण के लिए प्रस्तावित किया है लेकिन धनाभाव की वजह से यह कार्य अधर में है। प्रधान ने इस मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराने की मांग की है।

हैंडपंपों का सूखने लगा गला

लेड़ियारी प्रयागराज । तापमान बढ़ते ही तहसील क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में आबाद गांवों में पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है । सरकारी हैंडपंप से पानी की जगह हवा निकल रही है । जल स्तर तेजी से खिसक रहा है । और कुएं भी सूख रही हैं । पेयजल की किल्लत का सामना मार्च की शुरुआत से ही करना पड़ रहा है । गड़री पाल बस्ती , गांव में लगभग चार हजार लोगों की आबादी है । बीते पांच दशक से यहां पेयजल की समस्या है । लोगों को सरकारी टैंकरों से पानी की आपूर्ति का इंतजार है । लगभग आधा दर्जन से अधिक कुओं में अब पानी हुई नहीं बचा है । आधा दर्जन इंडिया मार्का हैंडपंपों में कुछ खराब पड़े हुए हैं । तो कुछ अपनी ही नहीं दे रहे हैं । आदिवासी बस्ती , पाल बस्ती , और धईकारान बस्ती में रहने वाले लोगों की हलक तर करने के लिए एक किलोमीटर दूर दूरी तय करना पड़ रही है ।

रमजान और होली के त्योहार को सौहार्द से मनाएं- अनिल पाठक

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। होली और रमजान को लेकर पुलिस चौकी सिकंदरा में सोमवार को तहसीलदार फूलपुर अनिल कुमार पाठक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सिकंदरा कस्बा समेत कई गांवों के लोगों मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने शांतिपूर्ण माहौल में सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। सिकंदरा कस्बे में होली के रंगोत्सव में सैकड़ो की संख्या में लोग डीजे की धुन पर जुलूस में नाचते-गाते निकलते हैं। रास्ते में दूसरे समुदाय की दो मस्जिदें आती हैं। रंगोत्सव और नमाज के समय पुलिस को विषेष सतर्कता पर बल दिया गया।

पीस कमेटी में जुलूस के रास्ते में गंदा पानी के भराव को लेकर स्थानीय लोगों ने समस्या उठाई। जिस पर तहसीलदार फूलपुर अनिल कुमार पाठक ने कहा कि होली के पहले गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने पीस कमेटी में दोनों वर्गो से रमजान एवं होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किए जाने की बात कही और नई परंपरा की शुरूवात ने करने की हिदायत दी। इस मौके पर चौकी प्रभारी सिकंदरा रवि कुमार कटियार, उप निरीक्षक विराट मिश्रा, राजकुमार पांडेय, संजय सिंह परिहार, लालचंद्र केसरवानी, आशुतोष केसरवानी, प्रमोद मौर्या, सलमान शेख़ मोहम्मद दानिश, शिवम् मिश्रा, मौजूद रहे।

व्यवस्था सुधार के लिए 6 घण्टे ठप रहेगी आपूर्ति

विद्युत विभाग करेगा सब स्टेशनों से जुड़ा मरम्मत कार्य

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। विद्युत विभाग क्षेत्र की आपूर्ति व्यवस्था को बहाल रखने के लिए सब स्टेशनों को चाक चौबंद कर रहा है।विभाग के उरुवा, मेजा के उपखंड अधिकारी ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र के तीन सब स्टेशन की आपूर्ति सुबह 8 बजे से 6 घण्टे बाधित रहेगी। इस बीच इनकी मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

उपखंड अधिकारी सत्य प्रकाश मिश्र ने बताया कि

मेजारोड 132 के बी विद्युत स्टेशन से जुड़े क्षेत्र के तीन सब स्टेशन की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।बताया कि मरम्मतीकरण के चलते बुधवार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक विद्युत उपकेंद्र शुकुलपुर, औता, शिवपुरा से जुड़े गांवों की सप्लाई बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र विजौरा, शुक्लपुर,

शिवपुरा में शटडाउन रहेगा। सम्बन्धित उपकेंद्रों से जुड़े उपभोक्ताओं को समय पूर्व जानकारी दी गयी है जैसे उन्हें दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

सम्बन्धित क्षेत्र में आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पर विद्युत उपकेंद्रों के जर्जर तार सहित विभिन्न खामियों को ठीक किया जाएगा।उपखंड अधिकारी ने बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ व्यवस्था पर लोड बढ़ेगा।इस वजह से आपूर्ति ट्रिप होने के मामले बढ़ जाते हैं।आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए उपखंड अधिकारी ने ग्राहकों से सहयोग करने की अपील की है।

थानाध्यक्ष ने किया उतरांव क्षेत्र के सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया है। बड़ी शांति ढंग से सभी परीक्षा केंन्द्र पर परीक्षा कराया जा रहा है । आपको बताते चले की क्षेत्र में 20 स्कूलों को बोर्ड की परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नीमिथरिया, मैराडाड़, सिठौली, जलालपुर कस्बा, भदवा, नौ बाजार आदि स्थानों पर बोर्ड की परीक्षा चल रही है। मंगलवार प्रथम पाली में हाई स्कूल की परीक्षा में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने मय फोर्स अधिकांश परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केन्द्र पर शांति ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है।

क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्र पर शांति ढंग से बोर्ड की परीक्षा संचालित की जा रही है । अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

पंकज कुमार त्रिपाठी, थानाध्यक्ष उतरांव, प्रयागराज

एन एस एस शिविर का सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । बेनी माधव सिंह महाविद्यालय बिगहियां में एनएसएस शिविर का सात दिवसीय आयोजन कार्यक्रम है। कार्यक्रम के दौरान भ्रूण हत्या में कमी कैसे लायी जाए जिस पर चर्चा करते हुए जागरूक किया वहीं शिक्षा पहल को दृष्टिगत रखते हुए कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने रैली निकाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर निकाली रैली जिससे लोग जागरूक हों और बेटियां भी घर से निकलें और अपनी शिक्षा प्राप्त कर एक अच्छे मुकाम पर पहुँचते हुए अपने माता पिता के साथ ही साथ देश का नाम भी रोशन करें। एनएसएस

➪रैली द्वारा बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ के प्रति चला जागरूकता कार्यक्रम

कार्यक्रम अधिकारी डॉ बबिता सिंह बतलाया कि एन एन एस का समाज में जागरूकता फैलाने में हमेशा अग्रणी भूमिका रही है एवं समाज में जागरूकता फैलाने की जरुरत है। जिससे भ्रूण हत्या में कमी लायी जा सकती है। इस दौरान मौजूद रहे प्राचार्य डॉ देवेंद्र विक्रम सिंह, डॉ राजमणि मौर्य, डॉ करुणेश शुक्ल, डॉ राम कैलाश यादव, शालू पाण्डेय, अल्का पाण्डेय, सुमन लता, सूर्य प्रताप सिंह आदि प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

पंजाब में किसान नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा

अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने दी चेतावनी, तत्काल रिहाई न होने पर होगा देशव्यापी विरोध

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा (एआईकेएमएस) की केंद्रीय कार्यकारिणी ने चंडीगढ़ पक्का मोर्चा की पूर्व संध्या पर पंजाब के कई किसान नेताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। सदस्यों का कहना है कि पंजाब सरकार कई दौर की बातचीत का दावा कर रही है लेकिन अभी तक किसी भी समस्या का समाधान निकालने में नाकाम रही है। गिरफ़्तारियाँ दिखाती हैं कि कृषि विपणन सुधारों के संबंध में आम आदमी पार्टी की वास्तविक स्थिति कॉर्पोरेट और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के समर्थन में है। चंडीगढ़ मोर्चा की योजना पंजाब सरकार की नई कृषि विपणन नीति का विरोध करने और किसानों के लिए अपने चुनावी वादों को लागू करने और किसानों की मांगें मानने के लिए मजबूर करने की है।

पंजाब एसकेएम ने किसानों के कर्ज के एकमुश्त निपटाने, हर खेत, हर घर तक पानी की व्यवस्था करने, राज्य की 6 विशिष्ट फसलों की एमएसपी सुनिश्चित करने जैसी कई मांग रखी है। पंजाब की मौजूदा सरकार किसानों की समस्याओं को हल करने के प्रति उदासीन है। वह कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों को बढ़ावा देने के लिए आरएसएस और केंद्र की भाजपा सरकार के समर्थन में काम कर रही है। गिरफ्तार किसानों की तत्काल रिहाई न होने पर

एआईकेएमएस ने अखिल भारतीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सभा के अध्यक्ष वी वेंकटरमैया और महासचिव डॉ. आशीष मितल ने अपनी सभी इकाइयों से कल 5 मार्च को होने वाले विरोध प्रदर्शन में इन गिरफ्तारियों की निंदा करने की अपील की है।

मोतियाबिंद का कैंप डॉक्टर अजय धर दुबे के नेतृत्व में लगाया गया कैंप

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। लायंस क्लब इलाहाबाद अशोक के द्वारा हंडिया से 6 किलोमीटर भीतर गरीब गांव में मोतियाबिंद का कैंप 2 मार्च को डॉक्टर अजय धर दुबे के नेतृत्व में लगाया गया इस कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ वीरेंद्र कुमार डंग द्वारा हड्डी से संबंधित मरीज को परामर्श दिया गया साथ में एक महीने की दवा भी दी गई इसी प्रकार से नेत्र विशेषज्ञ द्वारा सवा सौ मरीजों की आंख की जांच की गई जिसमें 40 नेत्र रोगी मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए अन्य मरीज को दवा निशुल्क उपलब्ध कराई गई सामान्य जांच में डॉक्टर अजय धर दुबे द्वारा निशुल्क परामर्श देकर दवा उपलब्ध कराई गई लायंस क्लब अशोक के चार्टर अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा एवं माला मिश्रा पूर्ण रूप से व्यवस्था देख रहे थे 40 मोतियाबिंद ग्रसित मरीजों को मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में उसी दिन भर्ती कराया गया जिनका जांच के बाद 3 मार्च को ऑपरेशन कर लेंस इंप्लांटेशन कर दिया गया तथा 4 तारीख को पूरी तरीके जांच करके उनकी छुट्टी कर दी गई इस कैंप में नाश्ता चाय देखरेख क्लब द्वारा किया गया तथा विदाई के समय सभी मोतियाबिंद मरीज को स्मृति चिन्ह स्वरूप कंबल दिया गया 12 मरीजों को चश्मा भी दिया गया

होलिका दहन को लेकर दो वर्गों में तनाव

स्थल पर जांच करने पहुँचे पुलिस व राजस्व अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

उतराव। हंडिया तहसील अन्तर्गत उतराव गांव बाजार मे होलिका दहन को लेकर दो वर्गों मे तनाव बना है। मंगलवार को विवादित स्थल की जांच करने पुलिस व राजस्व अधिकारी मौके पर आये। हिन्दू पक्ष द्वारा होलिका दहन करने के लिए लकड़ी और उपली रखा गया। वही मुस्लिम पक्ष का कहना है कि लकड़ी और उपली कब्रस्तान पर रखा गया है इसकी शिकायत पुलिस को करते हुए नाराज़गी जाहिर की। शिकायत पर पुलिस ने लकड़ी और उपली को हटवा दिया। होलिका दहन के लिए रखी गयी लकड़ी हट जाने से हिन्दू पक्ष नाराज़गी जाहिर की। उतराव गांव निवासी अनिल कुमार, जितेंद्र, फूलचंद आदि लोगों ने एस डीएम हंडिया जिलाधिकारी प्रयागराज, एसीपी हंडिया से शिकायत किया था। शिकायत पर पुलिस व राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर बातचीत कर समझा बुझाकर होलिका दहन करने के लिए कहा। लेकिन हिन्दू पक्ष के लोग तैयार नहीं थे। हिन्दू पक्ष का कहना है की पहले होलिका जहाँ जल रही थी वही होलिका जलाएंगे। कुछ माह पूर्व राजस्व टीम व पुलिस बाउंड्रीवाल बनवा कर होलिका और कब्रस्तान को अलग कर दिया। हिन्दू पक्ष कब्रिस्तान के पास लकड़ी और उपली रख दिया गया था। इसी बात को लेकर दोनों वर्गों मे तनाव का कारण बना है। एसीपी हंडिया सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हिन्दू पक्ष मंदिर के बगल होलिका दहन करेंगे। ईद बीत जाने के बाद जांच कराकर कब्रिस्तान का पता लगाया जायेगा। तब तक दोनों पक्ष शान्ति बनाये रखे।

मनुष्य के अंदर प्याप्त नशा रूपी धतूरा अर्पित कर शिव को प्रसन्न करें -अर्चना दीदी

सारा खेल विचारों व भावनाओं का होता है–मनोचिकित्सक डॉ भूपेन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

नारीबारी(प्रयागराज)। मनुष्य के अन्दर आत्माओं का ज्ञान है, फिर भी मनुष्य अज्ञानी बने हुए नशा को बढ़ावा देते हैं। इसीं अंधकार को मिटाने भगवान शिव को आना पड़ता है। शिवरात्रि और नवरात्रि अज्ञानता और अंधकार मिटाने पवित्रता, सुख-शांति समृध्दि नशामुक्ति स्वस्थ जीवन साकार करने का उत्सव है। शिव निराकार है और आत्मा रूपी पार्वती को अपना बनाने का पर्व भी शिवरात्रि है।

नव देवियों का पूजन नवरात्रि में माताओं-बहनों के सिर पर कलश रख अज्ञानता को दूर कर शिव को सृष्टि का निर्माण, संचालन और संहार रूपी बेलपत्र पार्दर्शी जल, बैर को खतम करने वाली बेर और मनुष्य के अंदर प्याप्त नशा रूपी धतूरा अर्पित करने से ही शिव प्रसन्न होते हैं उक्त बातें प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन अर्चना ने नारीबारी के लोहरा में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं वृस्तित जानकारियां दी।

मनोचिकित्सक डॉ.भूपेन्द्र सिंह ने कहा सारा खेल विचारों व भावनाओं का होता इसलिए मनुष्य को पाजिटिव सोच के साथ रहना चाहिए। डॉ. भूपेन्द्र ने सभी को नशामुक्ति हेतू शपथ दिलाई। बहन पूजा ने निराकार ज्योति बिन्दु के माध्यम से एकाग्र कराकर ब्रेन मे अलौकिक शक्ति का अहसास कराया। आयोजक सुधाकर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त कर अतिथियों का स्वागत किया। ब्रह्म कुमारी चाकघाट शाखा प्रमुख बहन अर्चना डॉ.भूपेन्द्र एवं आयोजक सुधाकर आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, पत्रकार दीपक केसरवानी,पत्रकार दिवाकर त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष पाल,धर्मराज पाल,अशोक सिंह, बी.के. रामचंद्र, प्रधान संतोष सिंह, इन्द्र प्रसाद एवं भागवताचार्य कृष्ण कुमार द्विवेदी आदि को अंगवस्त्रम एवं भगवान की प्रतिमाएं भेंटकर सम्मानित करते हुए सभी को प्रसाद वितरित किए।

इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्र वासी नर-नारी उपस्थित रहें।

केंद्रीय बजट से अर्थव्यवस्था की आर्थिक संवृद्धि की दर बढ़ेगी- प्रो अंकिता गुप्ता

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में केंद्रीय बजट और भारत के विकास पर सिंपोजियम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग, भूगोल विभाग और वाणिज्य विभाग ने बसुधा आर्थिक शोध संस्थान, प्रयागराज के सहयोग से प्रो. महेश चंद मेमोरियल सिंपोजियम आयोजित किया गया जिसका शीर्षक करेंट यूनियन बजट एंड रीजनल डेवलेपमेंट ऑफ इंडिया था। सिंपोजियम में विशिष्ट अतिथि और वक्ता के रूप में प्रोफेसर पीयूष रंजन अग्रवाल-पूर्व कुलपति ,वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, प्रोफेसर अंकिता गुप्ता -अध्यक्ष एंव डीन अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विश्वविद्यालय वाराणसी थे। सिंपोजियम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों, महाविद्यालय की प्राचार्या और समन्वयकों के द्वारा प्रो. महेश चंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई।

प्रोफेसर जगदीश नारायण अध्यक्ष वसुधा आर्थिक शोध संस्थान ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर महेशचंद की उपलब्धियों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। इसके पश्चात प्रोफेसर अंकिता गुप्ता ने बजट पर विचार रखते हुए कहाकि बजट में नारी सशक्तिकरण, युवा, रोजगार और कृषि पर बल दिया गया है। इससे अर्थव्यवस्था की आर्थिक संवृद्धि की दर बढ़ेगी जबकि इस बजट में जीडीपी के संदर्भ में कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है और आयकर में इसका प्रभाव मध्यम वर्ग पर पड़ेगा लेकिन जनगणना के अभाव में यह मध्यम वर्ग कौन है और कितना है यह स्पष्ट नहीं है।

प्रोफेसर पीयूष रंजन अग्रवाल ने भारत के क्षेत्रीय विकास को वैश्विक परिदृश्य के साथ जोड़ते हुए बजट के पश्चात वैश्विक घटनाक्रम में हो रहे तेजी से परिवर्तनों की व्याख्या की। विशेषतः अमेरिकी अर्थव्यवस्था के संदर्भ में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए गए निर्णय का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर किस प्रकार पड़ेगा इसकी चर्चा की। इस अवसर पर वसुधा आर्थिक शोध संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल वार्ता का विमोचन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने कार्यक्रम में आए हुए विशिष्ट अतिथियों को महाविद्यालय के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में

प्रोफेसर नंदिता अग्रवाल समन्वयक अर्थशास्त्र विभाग इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, डॉ सृष्टि पुरवार ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम आयोजन में तीनों विभाग की समन्वयक प्रोफेसर शिखा दीक्षित, प्रोफेसर अर्चना पॉल और डॉ. संगीता अग्रवाल की भूमिका सराहनीय रही। संचालन डा. रीना यादव ने जबकि अतिथियों का परिचय डॉ आयुषी अग्रवाल ने दिया।

एसडीएम ने किया क्षेत्र के केड़वर गौशाला का औचक निरीक्षण

कोरांव , प्रयागराज । उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने तहसील क्षेत्र कोरांव के केड़वर स्थित गौशाला का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि एक गाय बीमार मिली बाकी गौवंश सब सही दिखे। निरीक्षण के समय मौके पर ग्राम प्रधान के मौजूद नहीं रहने पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए आज बुधवार को सभी रिकॉर्ड के साथ तहसील में ग्राम प्रधान को उपस्थित होने का निर्देश स्थानीय स्तर पर तैनात लोगों के जरिए दिया गया। महाकुंभ की वजह से जनसमस्याओं के निस्तारण में कुछ समस्याएं आई है जिन्हें शीघ्र निस्तारित किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर वह प्रतिबद्ध हैं। तहसील क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न्यायिक कार्य को लेकर उपजिलाधिकारी ने कहा कि बार एसोशिएशन चुनाव के उपरांत प्राथमिकता के आधार पर विवादित मामलों का निस्तारण होगा। अविवादित वादों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

सीमेंट का चादर, खपरैल का छत ही सहारा

लेड़ियारी (प्रयागराज) हर गरीब परिवार को पक्की छत मुहैया करने का दावा विकास खंड के कोरांव के ग्राम सभा कोलसरा गांव में पूरी तरह से हवा हवाई साबित हो रहा है। सीमेंट का चादर, खपरैल डालकर जीवन यापन करने वाले कई परिवारों का आशियाना तेज धूप होने और हुई तेज बरसात और हवा के झोंके से पूरी तरह उजड़ जाता है। प्रदेश व केंद्र सरकार एक तरफ हर गरीब को पक्की छत मुहैया कराए जाने के लिए कटिबद्ध है। वही खीरी थाना क्षेत्र के कोलसरा गांव में आज भी दर्जनों परिवार घास फूस के मड़हा , सीमेंट का चादर, कच्चे मकान उबड़-खाबड़ व पन्नी लगाकर जिंदगी गुजरने को विवश है । तेज हवा के साथ होने वाली बरसात में गांव के गरीबों का सहारा आशियाना भी उजड़कर जाता है ।

संक्षिप्त खबरें

इजराइल, जापान एवं जर्मनी देश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिये बेरोजगार अभ्यर्थियों का होगा चयन

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि इजराइल, जापान एवं जर्मनी में स्वास्थ्य सेवाओं के लिये जनपद प्रतापगढ़ के बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इन देशों में रोजगार के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल तवरहतेंदहंउण्नचण्हवअण्पद पर पंजीकरण कराने के उपरान्त योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया है कि जर्मनी देश में असिस्टेंट नर्स (अर्हता जीएनएम/बीएससी नर्सिंग, अनुभव 1 साल, उम्र 24 से 40 वर्ष) को प्रतिमाह वेतन 229925 रूपये, जापान देश में केयर स्टॉफ(केयर गिवर) (अर्हता जीडीए/एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग, उम्र 20 से 27 वर्ष) को प्रतिमाह वेतन 116976 रूपये तथा इजराइल देश में होम बेस्ड केयर गिवर (अर्हता हाईस्कूल उम्र-25 से 45 वर्ष) को प्रतिमाह वेतन 131818 रूपये दिया जायेगा। रिक्तियों की अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

मानसिक जागरूकता शिविर में रोगियों को दिया गया परामर्श, हुआ उपचार

लालगंज प्रतापगढ़। लालगंज नगर स्थित सीएचसी परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मेगा मानसिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा शिविर में आये लोगों को मानसिक अवसाद, चिन्ता, निराशा व हताशा तथा नशा एवं तनाव सम्बन्धी मानसिक बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूकता प्रदान की गयी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही रचनात्मक सोच रखा करता है। चिकित्साधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने कहा कि मनुष्य को पूर्णरूप से स्वस्थ रहने के लिए अनावश्यक मानसिक विकारों से दूर रहना चाहिए। विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य एवं जागरूकता को लेकर रोगियों को परामर्श प्रदान किया। वहीं शिविर में रोगियों की जांच व उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गयी। मनोरोग विशेषज्ञ डा0 ज्ञानेन्द्र मौर्या व पीएसडब्ल्यू मुकेश कुमार मौर्य ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डा0 राहुल गुप्ता ने किया। इस मौके पर डा0 पंकज मिश्र, डा0 इलियास, डा0 सावक सिंह, डा0 उवेद अंसारी, डा0 ओपी पटेल, डा0 अशोक, डा0 सुधाकर सिंह आदि रहे।

भुपियामऊ के किसानों ने पूर्व सांसद से जमीन बचाने की लगाई गुहार

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। जनपद के कोतवाली देहात अंतर्गत भुपियामऊ ग्राम के सभी किसानों ने पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के कार्यालय पर पहुंचकर आरोप लगाया कि सरकार ने पूर्व में पावर हाउस दुग्ध डेयरी तथा ऑटो ट्रैक्टर फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन का अधिग्रहण कर लिया था। ट्रैक्टर फैक्ट्री लगने के बाद 1990 में बंद हो गई और जिन ग्रामीणों को छोटे तबके की नौकरी मिली थी वह सभी बेरोजगार हो गए। बाकी बची जमीन सरकार द्वारा आवास विकास के नाम पर अधिग्रहण करने की योजना बनाई जा रही है । आवास विकास में भूमि अधिग्रहण की रोकथाम के लिए किसानों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कहा गया कि हम ग्रामवासी किसी भी कीमत पर भूमि अधिग्रहण नहीं होने देंगे। इसके लिए हमें जो भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी हम लड़ेंगे । पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री से बात करके इसका निष्कर्ष निकलवाया जाएंगा।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अजगरा के पांच बच्चे सफल

अजगरा प्रतापगढ़। राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय अजगरा, विकास क्षेत्र लक्ष्मणपुर के पांच बच्चों ने शानदार सफलता शिक्षिका वालिया जमीर के नेतृत्व में अर्जित की है।इसमें ओम सोनी, लक्ष्मी यादव,तृषा पाल,कीर्ति गुप्ता और निशा ने जनपद में क्रमशः चौथी, इक्कीसवीं और चालीसवीं रैंक प्राप्त की है। इस सुंदर सफलता पर समूचे विद्यालय परिवार कल्पना कनौजिया, विशाल सिंह, वालिया जमीर,संगीता सिंह , रीता शर्मा, मस्त्येंद्र नाथ मिश्र ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। बच्चों के अथक परिश्रम और विद्यालय के योगदान पर एआरपी डॉ एस के शुक्ल,विजय विश्वकर्मा, आशीष खरे, मोहम्मद नसीम और रवींद्र पटवा ने विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सरोज भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यदि ईमानदारी से परिश्रम किया जाए तो परिणाम अवश्य ही सकारात्मक और सुंदर प्राप्त होता है। यहाँ यह उल्लेखनीय है की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। इसमें सफल बच्चों को आगामी कक्षाओं में अध्ययन के लिए सरकार द्वारा छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है।

कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग फरियादियों हेतु व्हील चेयर की सुविधा दी गयी

• जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्टेज्ट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टेज्ट में आने वाले दिव्यांग फरियादियों की समस्या को ध्यान में रखते हुये व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध करा दी है। कलेक्टेज्ट में जनसुनवाई के दौरान व्हील चेयर के माध्यम से दिव्यांग फरियादी अपनी शिकायतों को सुगमतापूर्वक जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग शिकायतकर्ता कलेक्टेज्ट में व्हील चेयर पर बैठकर अपनी शिकायत को प्रस्तुत किया, डीएम ने दिव्यांग शिकायतकर्ता की शिकायत को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारी को यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

इसी प्रकार शिकायतकर्ता सूरज कुमार यादव निवासी रामापुर थाना फत्तनपुर ने शिकायत किया कि न्यायालय के आदेश के बावजूद आवागमन हेतु बने कच्चे मार्ग व आम रास्त को विपक्षी सालिकराम, सुभाष व अन्य परिवार के सदस्य मिलकर आम रास्ते को अवरूद्ध कर दिये है इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को निर्देशित किया है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में उचित कार्यवाही की जाये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा बेलहा निवासी विश्वनाथ केसरवानी के पुत्र शिवम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि तीन मार्च को आरोपियों द्वारा लालगंज बाजार में दुकानदारी को लेकर विवाद किया गया। मना करने पर आरोपी गांव के ही अभिषेक जायसवाल पुत्र हरिशंकर जायसवाल व हरिशंकर जायसवाल पुत्र लल्लू जायसवाल ने उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने गाली देते हुए पीड़ित को मारापीटा। बीचबचाव करने पर आरोपियों द्वारा उसके पिता की भी पिटाई कर दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक तथा शंकर के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी को लेकर सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट प्रवीण योजना का वृहद स्वरूप में शुभारम्भ किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आलोक कुमार एवं राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी की उपस्थिति में प्रोजेक्ट प्रवीण योजना का वृहद स्वरूप में शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अध्यनरत कक्षा-9 एवं 11 के छात्र/छात्रायें कौशल वर्द्धन हेतु निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। शासन द्वारा प्रथम चरण में जनपद के 03 माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया है जिसमें जीआईसी सदर एवं जीजीआईसी खरवई में हेल्थकेयर सेक्टर का फाउन्डेशन कोर्स एवं राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज मानिकपुर में बीएफएसआई सेक्टर के अन्तर्गत बैंक आफिस एसोशिएट/फाइनेंशियल सर्विसेस का कोर्स कराया जायेगा जिसके पंजीकरण की प्रक्रिया 04 मार्च 2025 से प्रारम्भ कर दिया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त सफल प्रशिक्षणार्थियों को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जायेगा। जिला समन्वयक द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु जिजचेरूध्ण्नचेकउण्हवअण्पद पर अधिकाधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को पंजीकरण कराने की अपील की गयी। शुभारम्भ के अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज खरवई की प्रधानाचार्या शिखा, जिला एम0आई0एस0 प्रबन्धक वन्दना सिंह एवं मृत्युंजय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डीडीयू-जीकेवाई एवं प्रशिक्षण प्रदाता रवीन्द्र पाण्डेय, यज्ञ नारायण मेमोरियल सेवा संस्थान के सर्वेश कुमार राय, राम मिलन सिंह शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि मोहित सिंह उपस्थित रहे।

प्रोफेसर गिरिधर ने बढ़ाया देश में जिले का नाम, हासिल किया अवार्ड

• जौनपुर विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर पद पर कार्यरत हैं प्रो. गिरिधर

• दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में कार्यरत एवं जनपद निवासी प्रोफेसर गिरिधर मिश्र ने देश में प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड उन्होंने प्रदेश के की विश्वविद्यालय को पीछे छोड़ते हुए हासिल किया। उनकी इस कामयाबी और उपलब्धि पर जौनपुर के साथ जनपद के लोग खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।प्रतापगढ़ जनपद के दिलीपपुर निवासी अधिवक्ता नवलकिशोर मिश्र के पुत्र गिरिधर मिश्र वर्तमान में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में बतौर प्रोफेसर कार्यरत हैं। इसके अलावा वह विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर भी हैं। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में भारत सरकार की ओर से आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 2025 के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के प्रोफेसर गिरिधर मिश्र एवं उनकी टीम के शोध को सर्वश्रेष्ठ चुना गया और उन्हें समारोह में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि इस वर्ष पूरे देश के मात्र 9 विश्वविद्यालयों को यह अवार्ड और अनुदान प्रदान किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश से यह प्रतिष्ठित अनुदान पाने वाला अकेला विश्वविद्यालय है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश को प्रतिष्ठित प्रमोशन आफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस अनुदान के तहत 7.13 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह इस असाधारण उपलब्धि को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने वाला और उत्तर प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार में अग्रणी स्थान स्थापित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय का इस परियोजना के लिए चयन इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और ज्ञान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इसमें होने वाले अनुसंधान में एक नई ऊर्जा मिलेगी और विशेष रूप से सौर ऊर्जा, हाईड्रोजन ऊर्जा और उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक शोध होगा। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में देश के अनुदान प्राप्त विश्वविद्यालयों को आमंत्रित किया गया, ताकि उनकी सामूहिक उपलब्धियों को पहचान दी जा सके। विश्वविद्यालय को विशेष सम्मान मिलने पर कुलपति प्रो वंदना ने प्रोफेसर गिरिधर मिश्र के साथ उनकी टीम को सम्मानित किया। वहीं इसकी जानकारी होने पर इलाके के लोगों ने प्रोफेसर गिरिधर मिश्र के पैतृक आवास दिलीपपुर पहुंच बधाई दी।

छात्र की आत्महत्या को लेकर प्रबन्धक व प्रधानाचार्य के खिलाफ एफआईआर का मुददा विधान परिषद में गूंजा

• शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने सरकार का घटना की सीबीसीआईडी अथवा स्वतंत्र जांच एजेन्सी से जांच कराए जाने का किया ध्यानाकर्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। छात्र की आत्महत्या के मामले में प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य के उत्पीड़न का मुददा मंगलवार को विधान परिषद में गूंजा। जिले से शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने विधान परिषद में यह मामला उठाते हुए सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई। शिक्षक एमएलसी ने सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि पुलिस ने बिना प्रारंभिक जांच के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया है। उन्होनें सरकार से इस मामले की जांच सीबीसीआईडी अथवा किसी स्वतंत्र एजेन्सी से कराए जाने पर भी जोर दिया। विधान परिषद में लोक महत्व के सवाल को नियम एक सौ दस के अन्तर्गत शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने प्रतापगढ़ के जेठवारा थानान्तर्गत साधुरी शिरोमणि इण्टर कालेज में छात्र शिवम की आत्महत्या की घटना में प्रधानाचार्य व प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को लेकर पुलिस की भूमिका पर सवाल दागा। उन्होनें कहा कि एफआईआर में आत्महत्या का कारण विद्यालय प्रशासन द्वारा फीस बकाया होने के कारण प्रवेश पत्र न दिये जाने बताया गया है। बकौल शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी इसी विद्यालय में दो दर्जन से अधिक दस से पन्द्रह हजार रूपये फीस बकाए के विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र दिया गया। उन्होनें पुलिस की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि छात्र ने किसी अन्य कारण से आत्महत्या की।

शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन ने अभी तक न तो मृतक छात्र का मोबाइल जांच के लिए हासिल किया और न ही विद्यालय परिसर में लगे सीसी टीवी फुटेज एवं वॉयस रिकार्डर की कोई जांच की है। उन्होनें कहा कि छात्र की आत्महत्या के बाद कुछ लोगों द्वारा षडयन्त्रपूर्वक इस घटना का दोष विद्यालय प्रशासन पर मढ़ दिया गया । उन्होने कहा कि जब विद्यालय प्रशासन ने इस आरोप को अस्वीकार किया तो झूठी एफआईआर दर्ज करा दी गयी। उन्होनें सदन के जरिए सरकार को बताया कि प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ एफआईआर को लेकर प्रतापगढ़ जनपद ही नहीं प्रदेश भर के शिक्षकों व प्रबंधकों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। उन्होनें सरकार से इस घटना की जांच जेठवारा पुलिस से हटाकर स्वतंत्र एजेन्सी से कराए जाने की मांग पर भी जोर दिया है। यह जानकारी मंगलवार को यहां शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने दी है।

श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

लोक मित्र ब्यूरो

रखहा प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के सांगापट्टी गांव निवासी पंडित सत्य नारायण पांडेय के आवास पर सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा व्यासपीठ के कथावाचक अनुराग कृष्ण शास्त्री जी महाराज की अगुवाई में निकाली गई।

इस दौरान कलश यात्रा कथा स्थल से पीले वस्त्रो को धारण किए हाथ में पताका लिए मुख से जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम, राम जी की निकली सवारी राम जी की लीला है न्यारी, के गानों पर डीजे भक्त नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते सर पर आस्था का कलश लिए कलश यात्रा निकली तो भक्ति भावना हिलोरे लेने लगी। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

भक्तगण नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते समीपवर्ती उडैयाडीह बाजार पहुंचे। वहां से कथा स्थल पहुंचे। जहां विधिवत पूजन किया गया।इस दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे कथावाचक अनुराग कृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा संगीतमयी सात दिवसीय कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान पंडित सत्य नारायण पांडेय,पत्नी मंजू पांडेय, माताफेर पांडेय सौम्य पांडेय, तनय पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पीडिता के साथ घर में घुसकर जबरिया दुष्कर्म व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के लालगंज नगर के एक वार्ड की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पहली मार्च को रात करीब एक बजे एक आरोपी उसके दरवाजे को खटखटाया। पीड़िता ने आशंकावश दरवाजा खोला तो आरोपी धक्का देकर घर के अंदर घुस आया। आरोपी ने पीडिता के साथ छेडछाड शुरू की। इस पर आरोपी उसे गाली देते हुए मारपीट करने लगा। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने जबरिया उसके साथ दुष्कर्म किया। कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं मंगलवार को पुलिस ने गश्त के दौरान दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के उप निरीक्षक दीपक कुमार यादव सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर धधुआ गाजन नहर के पास से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित जनपद के अन्तू थाना क्षेत्र के सिंघनी निवासी माखन लाल सरकार के पुत्र पार्थ सरकार को गिरफ्तार किया। दरोगा दीपक यादव ने बताया कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया।

रंजिश में वृद्ध की पिटाई, दी तहरीर

लालगंज प्रतापगढ़। वृद्ध के साथ हुई मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थानान्तर्गत नागापुर तिलौरी गांव निवासी अब्दुल सलाम पुत्र मो. रईश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार की सुबह करीब दस बजे उसके दादा दरवाजे पर लगे हैण्डपम्प पर स्नान कर रहे थे। पीडित का आरोप है कि इसी बीच गांव के पडोसी चार लोग वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने वृद्ध को मारापीटा। शोर सुनकर परिवार के लोगों को आते देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले।

संक्षिप्त खबरें

ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार संविदा बैंक कर्मी महिला घायल

अजुहा, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार संविदा बैंक कर्मी महिला घायल हो गई , हादसा देख मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगो ने घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जाता है कि सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के वार्ड नं 11 नेता नगर के टांडा रोड निवासी पुष्पा देवी पत्नी आनंद कुमार 32 वर्ष सिराथू तहसील के अफजलपुर वारी में स्थित एक बैंक ने संविदा कर्मी है , पुष्पा देवी मंगलवार की सुबह स्कूटी से बैंक जा रही थी जैसे ही वह अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक पहुंची तभी सीमेंट के ईंट लादकर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दिया हादसे में स्कूटी सवार महिला गिर गई और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो महिला के घरवालों को सूचना दी जिसके बाद पहुंचे घरवालों ने इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया जहां महिला की हालत को गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

डीजे न बजाने पर दबंगों ने संचालक को पीटा, तीन पर मुकदमा

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के एक गांव में शादी समारोह में डीजे बजाने गए संचालक द्वारा दोबारा डीजे न बजाने पर दबंगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली के साढों का पुरवा निवासी अनीस कुमार पुत्र स्व बुधराम ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा का मजरा चकिया में रविवार को शादी समारोह में डीजे बजाने गया था जहां अगवानी में डीजे बजाने के बाद बंद कर दिया । अनीस का आरोप है कि इस दौरान तीन दबंगों ने दोबारा डीजे बजाने की जिद कर रहे थे , दोबारा डीजे न बजाने पर दबंगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । पीड़ित अनीस की तहरीर पर पुलिस ने चकिया निवासी रोशन पटेल व खागा के गेरिया निवासी रंजीत व अजय पटेल के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

विदेश भेजने के नाम पर कबूतर बाज ने बीस लाख की ठगी, मुकदमा

सिराथू, (कौशाम्बी)। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक कबूतर बाज ने विदेश भेजने के नाम पर पीड़ित के माध्यम से आधा दर्जन लोगों से लगभग बीस लाख की ठगी कर लिया , पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कबूतर बाज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सैदपुर खरगूपुर बरगला निवासी संदीप कुमार पुत्र जगन्नाथ ने कड़ा धाम पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग तीन साल पहले कड़ा धाम थाना के अफजलपुर सातों का मजरा घोसियाना निवासी मो सुहैल पुत्र बरकत उल्ला से उसकी मुलाकात हुई जिसको लेकर मो सुहैल ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर संदीप से 2037800 ठग लिए । पीड़ित के मुताबिक उसके संदीप कुमार मौर्य , यादित्य सिंह , रिंकू पाल , अंशुमान , कुलदीप कुमार , उदय नारायण मौर्य को विदेश भेजने के लिए बीस लाख सैंतीस हजार आठ सौ रुपए इकठ्ठा कर नकदी व ऑनलाइन तरीके से मो सुहैल को दिया था। लेकिन मो सुहैल ने जालसाजी व धोखाधडी कर रुपए पार कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मो सुहैल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

बाईकों की भिड़ंत में पुलिस विभाग का अनुचर जख्मी

सैनी, (कौशाम्बी)। हमीरपुर में पुलिस विभाग में अनुचर के पद पर कार्यरत राम प्रकाश पुत्र रामआसरे की ड्यूटी प्रयागराज महाकुंभ पुलिस लाइन में एक जनवरी को लगाई गई थी। महाकुंभ में ड्यूटी पूरी होने के बाद अनुचर रामप्रकाश मंगलवार को बाइक से हमीरपुर जा रहे थे। मंगलवार को लगभग दो बजे दोपहर जैसे ही वह कोखराज थाना के केसौवापुर गांव के पास हाइवे पर पहुंचे तभी प्रयागराज से सैनी की ओर जा रहे दूसरे बाइक सवार प्रयागराज के गौहनियां निवासी शमशेर सिंह पुत्र पूरन जो कि सैनी के माधवामई जा रहे थे पीछे से टक्कर मार दिया। बाईकों की भिड़ंत में बाइक सवार अनुचर बाइक सहित सड़क पर कुछ दूर तक घसीटता चला गया जिससे वाह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास रहे लोगों ने घायल अनुचर को इलाज के लिए कल्यानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। शहजादपुर चौकी पुलिस ने अनुचर की सड़क पर पड़ी बाइक व सामान को अपनी कस्टडी में रख लिया। वहीं टक्कर मारने वाला मामूली रूप से घायल बाइक सवार टेढ़ीमोड़ में एक निजी अस्पताल में मरहम पट्टी कराकर फरार हो गया।

जालसाज ने विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों हड़पा, मांगने पर पीटा

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के जलालपुर बोरियो गांव में अपना रुपया मांगने पहुंचे युवक को दबंग ने परिजनों के साथ मिलकर जमकर पीट दिया। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने मंगलवार को मामले की शिकायत एसपी से करते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पश्चिम शरीरा थाने के दानपुर गांव निवासी मनोज कुमार सरोज ने बताया कि संदीपन घाट थाने के जलालपुर बोरियो गांव निवासी एक युवक ने विदेश भेजने के नाम पर दो लाख सत्तर हजार रुपया लिया था। कई महीने से वह आनाकानी कर रहा था। मनोज के अनुसार रविवार को वह जालसाज के घर अपना रुपया मांगने के लिए गया था। आरोप है कि दबंग ने परिजनों के साथ मिलकर उसे गाली गलौच कर पीट दिया। दोबारा रुपया मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना संदीपन घाट जाकर घटना की तहरीर दी। आरोप है कि कार्रवाई न होने से निराश पीड़ित ने मंगलवार को एसपी से शिकायत कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने एसओ संदीपन घाट को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

युवक ने जायदाद में हिस्से को लेकर मां-बाप को पीटा

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के नई बस्ती रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव की जगरानी ने बताया कि जायदाद में हिस्से को लेकर उनका बेटा आए दिन उनके साथ गाली गलौच कर मारपीट करता रहता है। मंगलवार की सुबह इसी बात को लेकर वह पिता जोखूलाल के साथ वाद विवाद कर गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उसने पिता की पिटाई करना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची मां जगरानी को भी पीट दिया। बेटे की पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल दंपति ने थाने जाकर आरोपी बेटे के खिलाफ ममामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

भरवारी से कानपुर के लिए मंगलवार से शुरू हुई एमएसटी सेवा

● एमएसटी महीने भर 525 रुपए में होगा सफर, अभी तक देने पड़ रहे थे तीन हजार रुपये

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के भरवारी रेलवे स्टेशन में मंगलवार से भरवारी कानपुर एमएसटी बनना शुरू हो गया अभी पांच महीने से यह सेवा बंद थी स भरवारी रेलवे स्टेशन से कानपुर के लिए प्रतिदिन सैकड़ों व्यापारी यात्रा करते हैं। ये लोग एमएसटी बनवा कर यात्रा करते हैं। लेकिन 5 अक्टूबर से रेलवे ने यह व्यवस्था बंद कर दी। रेलवे के अफसरों का कहना है कि एमएसटी की सुविधा 150 किमी तक की यात्रा के लिए है। जबकि भरवारी से कानपुर की दूरी 158 किलोमीटर है। व्यापारी सवाल कर रहे हैं कि अभी तक सुविधा किस नियम के तहत दी जा रही थी। वही रेलवे के कर्मियो ने बताया कि स्टेशन पर लगे कंप्यूटर,मॉनिटर, कीबोर्ड थिंकलैंड बदला गया जिसके चलते अब जनरल टिकट के साफ्टवेयर में कुछ बदलाव हुए है जिससे अब टिकट जल्दी बन रहें है स वही चार मार्च से एमएसटी बनना शुरू हो गया।

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा पिछले पांच महीने से भरवारी रेलवे स्टेशन से कानपुर जाने वाले दैनिक यात्रियों को एमएसटी का अब फायदा बिल्कुल भी नहीं मिल रहा था। दैनिक यात्रियों के लिए उनका हमसफर एमएसटी (मासिक सीजन टिकट) गुजरा जमाना हो गया है। मजबूरन एमएसटी धारकों को हर रोज टिकट लेना पड़ रहा था। लेकिन अब इसके शुरू होने से यात्रियों की जेब ढीली नहीं होगी स पहले ऐसे एमएसटी यात्री जो स्थानीय स्टेशनों से 525 रुपये में पूरे महीने तक आसानी से सफर करते थे, पांच महीने तक उन्हें हर रोज अपने गंतव्य तक आवागमन के लिए 140 से 170 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। माह भर में यह खर्चा चार से पांच हजार रुपये तक पहुंच जा रहा है।मजबूरी में यात्रियों को ट्रेनों का प्रतिदिन टिकट लेकर सफर करना पड़ रहा है। वही ट्रेन छूटने के बाद दूसरी ट्रेन न मिलने की सूरत में यात्रियों के सामने रोडवेज बस एवं अन्य प्राइवेट वाहनों का ही विकल्प रह जाता है। अब भरवारी से कानपुर जाने वाले दैनिक यात्रियों की ही बात करें तो जो एमएसटी धारक माह भर में 525 रुपये खर्च कर नियमित रूप से आवागमन कर रहे थे, वही एमएसटी सेवा बंद होने से चौरीचौरा , संगम, पैसेंजर , इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों से वहां जाने में एक तरफ से ही जनरल क्लास 70 और दोनों ओर से 140 रुपये खर्च करने पड़ रहे , वहीं सुपर फास्ट ट्रेन सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस, महाबोधी एक्सप्रेस ट्रेनों से वहां जाने में एक तरफ से ही जनरल क्लास 85 और दोनों ओर से 170 रुपये खर्च करने पड़ रहे ,महीने भर में अगर कोई यात्री 30 दिन भी सफर कर रहा है तो उसे सामान्य ट्रेन में चार हजार दो सौ और सुपर फास्ट ट्रेनों में पांच हजार सौ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। रोडवेज बस से भरवारी जाने वाले यात्रियों को एक दिन में दोनों ओर से 426 रुपये देने पड़ते हैं। इस हिसाब से एक महीने में रोडवेज बस से भरवारी से कानपुर जाने वाले यात्री को 12780 रुपये सिर्फ किराये के रूप में चुकाने होते हैं। दैनिक यात्री ओमप्रकाश, सन्तोष कुमार, दीप साहु, मनीष केसरवानी आदि बताते हैं कि भरवारी से कानपुर के लिए बनने वाली एमएसटी पर लगी रोक हटने से काफी सहूलियत मिली है।

संसद की पहल पर पुनः शुरू हुई एमएसटी सेवा

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के व्यापारी ओमप्रकाश संतोष कुमार, दीप साहू, मनीष केसरवानी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि कौशांबी संसदीय क्षेत्र के सांसद पुष्पेंद्र सरोज की पहल से यह सेवा पुनः शुरू हुई है। सांसद पुष्पेंद्र सरोज से व्यापारियों ने इलाहाबाद से कानपुर तक ट्रेन से यात्रा है। एमएसटी सेवा पुनः शुरू किए जाने की मांग की थी। संसद की पल पर यह सेवा पुनः चालू कर दी गई है सेवा चालू होने पर संसद को व्यापारियों ने बधाई दी है।

गैस सिलेंडर से लगी आग से दो घर जलकर खाक, प्रशासन ने दिया मदद का आश्वासन

बारा, (कौशाम्बी)। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के कोसम इनाम ग्राम पंचायत के नौहाई गांव में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। गैस सिलेंडर में लगी आग ने दो परिवारों की गृहस्थी को राख कर दिया।जानकारी के मुताबिक, यह हादसा मंगली पुत्र बच्चा और हैदर अली पुत्र जुम्मन के घर में हुआ। गैस सिलेंडर लीकेज नहीं था बल्कि सुरक्षा में चूक के कारण आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दोनों परिवारों के घर जलकर खाक हो गए। सूचना पर तुरंत पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस घटना की सूचना मिलते ही कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, जब तक आग बुझाई जाती, तब तक दोनों परिवारों की गृहस्थी पूरी तरह जल चुकी थी।

प्रशासन ने किया मदद का आश्वासन

कौशाम्बी। घटना की जानकारी मिलते ही हल्का लेखपाल सुधीर कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का आकलन किया और शासन को रिपोर्ट भेज दी। साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस हादसे से गांव में दहशत का माहौल है, लेकिन राहत की बात यह रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए उचित कदम उठाने की बात कही है।

जलाधिकारी ने की खाद्य एवं रसद विभाग व सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

● जिलाधिकारी ने धान खरीद में कृषकों के अवशेष रू0-139.971 लाख के भुगतान को एक सप्ताह में कराने के दियें निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में खाद्य एवं रसद (आपूर्ति एवं विपणन) विभाग सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निलम्बित व रिक्त उचित दर दुकानों, मॉडल शाप, एस0एस0डी0जी0 के आवेदनों,ई0के0वाई0सी0 की प्रगति, उचित दर दुकानों का निरीक्षण, आंगनबाडी, स्कूल, पी0एच0सी0, सी0एच0सी0 सेंटरों के निरीक्षण, धान खरीद एवं गेहूँ खरीद की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी एवं समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों/खण्ड विकास अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर रिक्त उचित दर दुकानों की नियुक्ति इस माह के अन्त तक पूर्ण करा लें, ताकि कार्डधारकों को समस्याओं का सामना न करना पडे।

मॉडल शाप-के बारे जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 75 मॉडल शाप उचित दर दुकानों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अभी तक 68 मॉडल शाप उचित दर दुकानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा अवशेष 07 मॉडल शाप उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य प्रारम्भ है। 58 मॉडल शाप पर उचित दर दुकानों का संचालन हो रहा है एवं जिन दुकानों के निर्माण में समस्या आ रही हैं, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी समन्वय बनाते हुए समस्याओं का निराकरण किया जा रहा हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर अवशेष मॉडल शापों का निर्माण पूर्ण कराकर उनमें उचित दर दुकानें स्थापित करायें।

एस0एस0डी0जी0 के आवेदनों के सम्बंध में:-जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 3839 आवेदन नये राशन कार्ड के लिए 10225 आवेदन राशन कार्ड संशोधन के लिए 30 दिवस के उपरान्त लम्बित पाये गये है। उन्होंने पूर्ति निरीक्षकों व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समय सीमा के बाहर लम्बित आवेदनों पर निर्णय लेते हुए अग्रेतर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचें। ई0के0वाई0सी0 के प्रगति के सम्बन्ध में-अवगत कराया गया कि जनपद मे 1236525 यूनिट के सापेक्ष 948112 सदस्यों की बायोमेट्रिक अथेंटिकेशन (ई0के0वाई0सी0) पूर्ण हो चुकी है जो प्रचलित समस्त यूनिटों का 76.68 प्रतिशत होता है। जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों तथा पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि ई0के0वाई0सी0 में बेहतर प्रगति लाते हुये 90 प्रतिशत ई0के0वाई0सी0 का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उचित दर दुकानों का निरीक्षण-जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों/पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्रान्तर्गत 20 प्रतिशत दुकानों का प्रतिमाह निरीक्षण करेगें। साथ ही उचित दर विक्रेताओं को 03 श्रेणियों सक्षम, मध्यम एवं संघर्षशील में विभाजित करें और संघर्षशील श्रेणी के उचित दर विक्रेताओं को विशेष ध्यान देते हुए उन्हे सक्षम बनायें, जिससे सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करते हुए पारदर्शी बनाया जा सकें। आंगनबाडी, स्कूल, पी0एच0सी0/ध्सी0एच0सी0 सेंटर का निरीक्षण-जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारीध्पूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिये कि उचित दर दुकानों के निरीक्षण के साथ-साथ आंगनबाडी, विद्यालयों, पी0एच0सी0/ध्सी0एच0सी0 सेंटरध्टीकाकरण सत्र (वी0एच0एस0एन0डी0) का भी निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान सैम-मैम बच्चों के अभिभावक, गर्भवती महिला और क्षय रोग के मरीज से वार्ता करें। उन्हे आपूर्ति विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की योजनाओं के विषय में जानकारी दें तथा उन्हे लाभान्वित करने का प्रयास करें, जिससे उनके मानवीय व्यवहार में परिवर्तन आ सके।

धान खरीद-खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान क्रय 28.02.2025 को समाप्त हो गया। कुल लक्ष्य 58000 मी0टन के सापेक्ष 7111 कृषकों से 43204.945 मी0टन धान की खरीद की गयी, जो लक्ष्य का 74.49 प्रतिशत है। खरीद के सापेक्ष 38934.72 मी0टन धान मिलों को डिलीवर्ड किया जा चुका है, जो कुल खरीद का 88.58 प्रतिशत है। विपणन निरीक्षक, अजुहा व सिराथू को कडे निर्देश दिये गये कि केन्द्रों पर अवशेष धान को तीव्रता के साथ मिलों को प्रेषित करायें। देय सी0एम0आर0 29236.786 मी0टन के सापेक्ष कुल 25898.053 मी0टन का सम्प्रदान किया जा चुका है, जो कुल देय सी0एम0आर0 का 88.58 प्रतिशत है। कृषकों को देय भुगतान 10023.547 लाख के सापेक्ष 9883.576 लाख का भुगतान किया जा चुका है। 139.971 लाख का भुगतान अवशेष है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त क्रय एजेन्सी प्रभारियों एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारीध्विपणन निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि 20.03.2025 तक समस्त क्रय धान मिलों को प्रेषित कर दिया जाय तथा देय समस्त सी0एम0आर0 का शत प्रतिशत सम्प्रदान भा0खा0नि0 डिपो को करा दिया जाय। कृषकों के अवशेष भुगतान 139.971 लाख का भुगतान एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिये गये। गेहूँ खरीद की तैयारियॉ-जनपद में गतवर्ष 08 क्रय एजेन्सियों के 50 गेहूँ क्रय केन्द्र खोले गये थे। इस वर्ष 07 क्रय एजेन्सियों के 41 गेहूँ क्रय केन्द्र चयनित किये जा चुके है। अब तक कुल 3227 कृषकों का पंजीकरण कराया जा चुका है। समस्त क्रय एजेन्सी प्रभारियों को निर्देश दिये गये कि कृषक पंजीकरण का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पंजीकरण में वृद्धि लाया जाना सुनिश्चित करें। क्रय केन्द्रों पर आवश्यक संसाधन की व्यवस्था पूर्ण की जाय।

क्रय केन्द्रों पर कृषकों के बैठने एवं पीने के पानी की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाय। बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी मगेश कुमार मौर्य, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे, समस्त पूर्ति निरीक्षक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तथा समस्त विपणन निरीक्षक, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित

दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत ,तीन जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे ओवरब्रिज के नजदीक सोमवार की रात दो बाईकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दोनों बाईकों में सवार तीन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां एक युवक की मौत हो गई , पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद ओवरब्रिज पर जाम की स्थिति बन गई।

बताया जाता है कि सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बे के परसीपुर मोहल्ला निवासी सूरज कश्यप पुत्र उमेश 36 वर्ष अपने साथी सिराथू कस्बे के कांशीराम कालोनी निवासी गुड्डू पुत्र हरी कश्यप 40 वर्ष के साथ सोमवार की देर रात बाइक से सैनी की ओर से वापस घर लौट रहा था। बाइक सवार जैसे ही सिराथू कस्बे के रेलवे ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे अटसरई का मजरा भरेठाबाग निवासी अमित कुमार पुत्र महेश प्रसाद की बाइक से टक्कर हो गई ।

जिसमें एक बाइक में सवार अमित कुमार व पीछे बैठा जगतपाल पुत्र शारदा निवासी भैसाहापर जख्मी हो गए। वहीं दूसरी बाइक में सवार गुड्डू की मौत हो गई। हादसे के बाद पुल पर गाड़ियों का जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

तालाबी नंबर की भूमि पर हुए निर्माण को तहसील प्रशासन ने जेसीबी द्वारा ढहाया

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं चार रसूलपुर में तलाबी रकबे की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया था , मोहल्ले के कुछ लोगों की शिकायत पर सिराथू तहसील प्रशासन ने जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण को गिरा दिया।

नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं चार रसूलपुर में तलाबी नं की सुरक्षित भूमि पर मोहल्ले के वीरेंद्र व राजाराम ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया था जिसको लेकर मोहल्ले के गुलाब सिंह लोधी पुत्र विशेषर ने तहसील प्रशासन सहित न्यायालय से तालाबी नं की भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है । न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार ने टीम गठित कर अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया जिसको लेकर मंगलवार को नायब तहसीलदार अंकिता पाठक , राजस्व निरीक्षक मेवालाल मौर्य , लेखपाल अचल सिंह सहित पुलिस व नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी लगाकर तालाबी भूमि को अवैध अतिक्रमण से कराया। इस दौरान अवैध कब्जाधारको द्वारा हंगामा करने पर पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेकर थाने ले आई।

ट्रैक्टर की टक्कर से सड़क पार कर रहा युवक जख्मी, इलाज की दौरान मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के सौरई खुर्द बाजार के पास सड़क पार करे युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया , हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया , जिसका इलाज मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, इलाज के दौरान युवक की मंगलवार को मौत हो गई , युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

पईसा थाना के पडरी बनपुकरा निवासी सोहनलाल पुत्र ननकू ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका इकलौता पुत्र सियाराम 27 फरवरी को घर से सौरई खुर्द बुआ के यहां जा रहा था , सियाराम सौरई बाजार के पास बाइक खड़ी कर सामान लेने के लिए सड़क पार कर रहा था

इस दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सियाराम को टक्कर मार दिया हादसे में सियाराम गंभीर रूप से जख्मी हो गया , जिसको इलाज के लिए मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान सियाराम की मौत हो गई। सियाराम की मौत से घर का इकलौता चिराग बुझ गया। युवक की मौत से घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। युवक के पिता सोहनलाल की तहरीर पर सैनी पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

एक बच्चे की मां प्रेमी संग फरार, पति ने सैनी के एक व्यक्ति पर लगाया आरोप

सिराथू, (कौशाम्बी)। फतेहपुर जनपद की हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक बच्चे की मां घर से नकदी व जेवरात लेकर प्रेमी संग रफूचक्कर हो गई , महिला के पति ने सैनी कोतवाली के एक गांव की एक युवक पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी को सैनी कोतवाली के एक गांव का एक युवक दो दिन पहले भगा ले गया , पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी घर से नकदी व जेवरात लेकर गई है। जबकि वह एक बच्चे की मां है । पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

सम्पादकीय

एकता का महायज्ञ संपन्न

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में सपन्न हुए महाकुंभ को युग परिवर्तन की आहट बताया और विकसित भारत का संदेश बताया। उन्होंने महाकुंभ समागम की तुलना गुलामी की मानसिकता की बेडियों को तोड़कर आजादी से संस ले रहे राष्ट्र की नवजागृत चेतना से की।समापन के एक दिन बाद मोदी ने ब्लाग में लिखा, महाकुंभ संपन्न हो गया। एकता का महायज्ञ संपन्न हो गया। भारत अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। यह युग परिवर्तन का संकेत है। जो भारत के लिए नया भविष्य लिखेगा। उप्र सरकार के अनुसार 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में 65 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। उधर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना लगाते हुए कहा, दुनिया में कहीं भी इतना विशाल समागम नहीं हुआ।स्वच्छता व स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा लूटपाट, अपहरण, छेड़छाड़ व दुष्कर्म की ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जो विरोधियों को दूरबीन या माइक्रोस्कोप से देखने को मिलती। इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार के अनुमान से कहीं अधिक संख्या में लोग प्रयागराज पहुंचे। जितना जन सैलाब था, उसके अनुपात में असुविधाओं या समस्याओं का खड़ा न होना, अपने आपमें बड़ा आश्चर्य है।हालांकि भगदड़ की मौतों के आंकड़े छिपाने और अपनों की तलाश में भटकने वालों की जानते-बूझते अनदेखी की गई। सीमित साधनों के चलते स्थानीय नागरिकों को रोजाना की चीजों व नियमित कार्य/पढ़ाई व नौकरीपेशा लोगों को हुई दिक्कतों की किसी ने फिक्र ही नहीं की।हालांकि इस विशाल आयोजन में उत्साहपूर्वक शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने कई-कई किलोमीटर पैदल चलने, ट्रैफिक जाम में फंसे रहने और पीने के पानी व भोजन को लेकर हुई अव्यवस्था पर भरपूर सहयोगात्मक भाव बनाये रखा।मोदी ने उसे समझा और उस पर माफी मांग कर अपना बड़प्पन भी दिखाया, जबकि योगी की बातों से ऐसा नजर नहीं आता, परंतु सफाईकर्मियों को प्रात्साहन राशि देने व उनकी तारीफ करके उन्होंने परंपरा से हटकर अपना अंदाज दिखाया। आस्था, विश्वास व उत्साह भरे इस आयोजन के लिए सभी की सराहना की जानी चाहिए।

फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर विवाद

अशोक भाटिया

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी ;सपाद्ध के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफें के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ थ्स् दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया।ए हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को ;औरंगजेब के समयद्ध सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर माराए वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता हैघ् जिसने अपनी मां और बहनों की इज्जत लूटीए वह औरंगजेब अबू आजमी को कैसे प्यारा लग सकता है। एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है।

दरअसलए अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थीए तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थेए लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने ;औरंगजेब नेद्ध 52 साल तक शासन कियाए और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था . तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा।उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थेए तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होताए तो 34ः हिंदू उसके साथ नहीं होतेय और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू.मुस्लिम एंगल देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगाए और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है।इस बीचए शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो । कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।ए जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से

मिली जानकारी के मुताबिकए पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा.भायंदर इलाक़े से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख़्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फ़ोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की श्कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गएए हम फिर आएंगे वही दौर लेकरयह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ीए जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी कीए जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का एहै जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है।करे ने आगे बतायाएश्जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने थ्स् दर्ज की हैए यह थ्स् प्च्ब् की धारा 153;।द्ध और 34 के तहत दर्ज किया हैए थ्स् दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाक़े से गिरफ़्तार कियाए इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुरए अहमदनगरए धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहाँ विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थीए जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थीए जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकठ्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर श्कोल्हापुर बंदश् का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी। इसके बाद तीसरी घटना महाराष्ट्र के बिड के अष्टि इलाक़े में सामने आई 9 जून के दिन एक 14 साल के लड़के ने अपने वाट्सएप पर औरंगजेब का स्टेटस रखा और उसने उसने औरंगज़ेब की तारीफकी थी। यह बात सामने आते ही इस मामले में एक शिकायत दर्ज कराई गई। बाद मेंए कुछ स्थानीय हिंदुत्ववादी संगठनों ने इस घटना के विरोध में ष्बंदश् का आवाहन किया था। और इस चौथी घटना में तो एक शख़्स ने औरंगज़ेब के राज्याभिषेक करने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी 10 जून के दिन महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर का यह मामला है जिसमे एक शख़्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा था कि श्औरंगजेब का राज्याभिषेक समारोह मनाओश् पोस्ट में कहा गया था कि 364 साल के बाद ;औरंगज़ेब कीद्ध जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। इस मामले के सामने आने के बाद अताउर रहमान पटेल नाम के शख़्स के खिलाफसिडको पुलिस में थ्स् दर्ज किया था। 5वां मामला नवी मुंबई के वाशी इलाक़े से आयाए यहां 10 जून के दिन एक मामला सामने आया जिसमे एक शख़्स बी औरंगज़ेब की तस्वीर अपने सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल पर लगा रखी थीए इसे देखने के बाद अमरजीत सुर्वे नाम के व्यक्ति की इसकी शिकायत वाशी पुलिस को की और फिर पुलिस ने मोहम्मद अली मोहम्मद हुसैन के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया था। छठवीं मामला महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कागल इलाक़े में हुआए यहां 12 जून के दिन एक मामला सामने आया जिसमे फटाके की दुकान चलाने वाले फारुख यासीन असलकर नाम के शख़्स ने टीपू सुल्तान का पोस्ट अपने सोशल मीडिया पर किया जिसके बाद वहाँ हिंदू संघटना ने बंद का आवाहन किया पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ़्तार किया।7वां मामला 12 जून के दिन महाराष्ट्र के अहमदनगर के पारनेर इलाक़े में हुआए यहां एक 22 साल के लड़के ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट किया जिसके बाद वहाँ बंद का आयोजन किया गया।

आठवाँ मामला उसी दिन यानी कि 12 जून को सांगली में हुआए यहां एक नाबालिग बीजापुर के जनरल अफ़ज़ल खान की तस्वीर को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिसके बाद उसके ख़िलाफ़ पुलिस को मामला दर्ज करना पड़ा। नौवाँ मामला लातूर के किल्लारी गाँव में हुआए यहां 15 जून के दिन एक शख़्स ने औरंगज़ेब का पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल दिया जिसके बाद हिंदू संघटन के विरोध प्रदर्शन किया और कई दुकानों को बंद करवाया गया था ।देखने वाली बात यह होगी कि ताज़ा मामला कहां जाकर रुकता है ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एलेखकए समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

सरोकार

पच्चास साल बाद होने वाली परिसीमन को लेकर चिंताएँ

डॉ सत्यवान सौरभ

उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुक़सान पहुँचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मज़बूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की ज़रूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से सम्बोधित कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है।

बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आँकड़ों पर आधारित है, बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफ़ी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आँकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास सम्बंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढाँचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है।प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुक़सान पहुँचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की ज़रूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। यह राजनीतिक पुनर्संरेखण वित्त आयोग द्वारा करों के आवंटन को प्रभावित कर सकता है, जो संभावित रूप से बड़ी आबादी वाले राज्यों के पक्ष में हो सकता है।अपने महत्त्वपूर्ण आर्थिक इनपुट के बावजूद, तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है, जिससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं, उन्हें डर है कि अधिक हिन्दी भाषी आबादी वाले राज्यों को सत्ता का नुक़सान होगा, जिससे राजनीतिक परिदृश्य और अधिक विखंडित हो सकता है। निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा जैसा मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुक़सान पहुँचाए बिना संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए।सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए।

राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट के पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए।एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है।

समसामयिक

समय और घटना किसी के बस में नहीं

इंदिरा गांधी ने असली कांग्रेस को पार्टी तोड़ कर खत्म किया था। वही नरेंद्र मोदी ने बिना कुछ किए ही भाजपा और संघ परिवार को अपने रंग में डाला है। सौ टका सत्ता आश्रित बना दिया है।सोचें, दिल्ली में मुख्यमंत्री के नए चेहरे के हवाले भाजपा के कुल नए अर्थ पर। भाजपा अब क्या है? दो, सिर्फ दो नेताओं के करिश्मे पर आश्रित पार्टी। एक, 74 वर्षीय नरेंद्र मोदी और दूसरे 52 वर्षीय योगी आदित्यनाथ।दोनों की उम्र में 22 वर्ष का फर्क। ऐसे में नरेंद्र मोदी यदि 2034 तक प्रधानमंत्री रहते है (कोई अनहोनी नहीं, मोरारजी देसाई 81 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बने थे और 28 महीने पद पर रह कर 84 वर्ष की उम्र में रिटायर हुए थे) तब वे 84 साल के होंगे और योगी आदित्यनाथ 64 वर्ष के।तब उनका विकल्प योगी को उत्तराधिकार सुपुर्द करने का होगा। यदि मोदी को इतने लंबे समय तक राज करना है तो मेरा मानना है कि वे उत्तर प्रदेश और हिंदी भाषी भक्तों के लिए योगी को लगातार मुख्यमंत्री बनाए रखेंगे। यह भारतीय राजनीति का नया कीर्तिमान होगा। साथ ही भारत के भविष्य का अकल्पनीय सिनेरियो भी। क्योंकि मोदी के हिंदुत्व और योगी के हिंदुत्व के तीस-चालीस साल में भारत अंदरूनी तौर पर जो बनेगा, वह छुपा नहीं रहना है।संभवतया यह सिनेरियो नामुमकिन लग रहा हो। तब जरा नई भाजपा पर गौर करें? सन् 2019 के बाद से आरएसएस को दरकिनार कर प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का चेहरा, चरित्र ही बदल डाला है।भारत की पार्टियों और आजाद भारत का इतिहास है कि केंद्र सरकार की सत्ता तभी संभव है जब राष्ट्रीय चेहरों की धुरी पर पार्टी का विकास हो। साथ ही क्षत्रपों की स्वयंभू ताकत पर पार्टी संगठित हो।जनसंघ-भाजपा के इतिहास में श्यामा प्रसाद, बलराज मधोक, वाजपेयी यदि धुरी थे तो उसकी पहली दिल्ली की सत्ता में लोकल नेताओं (पंजाबी तिकड़ी- मल्होत्रा, साहनी, खुराना) का योगदान था। अटल बिहारी वाजपेयी से हिंदी प्रदेशों में गूंज थी तो साथ में भैरो सिंह शेखावत, शांता कुमार, मंगल सेन, माधवकांत त्रिपाठी, कैलाशपति मिश्र, कैलाश जोशी, केशुभाई, जगन्नाथ राव जोशी, येदियुरप्पा, मनोहर पार्रिकर, कल्याण सिंह, प्रमोद महाजन की जातीय-लोकल क्षत्रप राजनीति से भी जनसंघ-भाजपा की सत्ता सीढियां बनी थी।संगठन के चेहरों में दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, सुंदर सिंह भंडारी, कुशाभाऊ ठाकरे, लालकृष्ण आडवाणी आदि से संगठन को गति थी लेकिन जनभावना का ग्राफ तो चेहरों से ही बना था। वह सब क्या भाजपा में अब है? भाजपा में जनता से सरोकार के चेहरे कितने हैं? जरा गौर करें इन चेहरों पर- भूपेंद्र भाई पटेल (गुजरात, उम्र 62 वर्ष), मोहन यादव (मध्य प्रदेश, उम्र 59), देवेंद्र फडनवीस (महाराष्ट्र, उम्र 54), मोहनचरण मांझी (ओडिसा, उम्र 53), भजनलाल शर्मा (राजस्थान, उम्र 58), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड, उम्र 49), नायब सिंह सैनी (हरियाणा, उम्र 55), प्रमोद सावंत (गोवा, उम्र 51), विष्णुदेव साय (छतीसगढ़, उम्र 60), रेखा गुप्ता (दिल्ली, उम्र 50) भाजपा के अब सत्तावान चेहरे हैं।बाकी में पेमा खांडू (अरूणाचल, उम्र 45), हिमंत बिस्वा सरमा (असम, उम्र 56) और त्रिपुरा के मानिक शाह कांग्रेस से आयातित हैं। आखिर में उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ (उम्र 52 वर्ष) हैं, जिसके एक हिंदू आईकॉन के चेहरे के आगे सभी जीरो हैं।तो पहली बात नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्रियों की आयु व कद में इतना गैप है कि कोई दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की कुर्सी की महत्वाकांक्षा पाल ही नहीं सकता। सभी नरेंद्र मोदी के द्वारा बनाए गए हैं। इन्हे प्रदेशो के स्थापित, पुराने चेहरों को हाशिए में डाल कर बनाया गया है तो जाहिर है सभी राज्यों में भाजपा का पूरा ढांचा दिल्ली की खड़ाऊ है।मोदी के इंजन के पीछे, निराकार ड्राइवरों के घसीटते इंजन हैं। सभी नरेंद्र मोदी पर आश्रित। उन्हीं द्वारा, उन्हीं के लिए, उन्हीं को समर्पित चेहरे हैं। किसी का अपना कोई स्वतंत्र वजूद नहीं। ऐसे ही लगभग केंद्रीय कैबिनेट में स्थिति है।ऐसा भारत की राजनीति में पहले कभी नहीं हुआ। नेहरू, इंदिरा, वाजपेयी किसी के भी राज में नहीं। इसलिए यदि नरेंद्र मोदी अपना राज 2034 तक चलाए रखें तो कोई बाधा नहीं है।यह गलतफहमी नहीं रखें कि यह नई राजनीति आरएसएस अनुसार है। जैसा मैंने ऊपर लिखा है, सन् 2019 से मुख्यमंत्रियों, सत्ता के केंद्रों का फैसला सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी की रणनीति से है। इसलिए जो नया (नई पीढ़ी, नया ढांचा) होता लग रहा है वह संघ-भाजपा के दीर्घकालीन उद्देश्यों, या किसी उत्तराधिकारी योजना में नहीं है, बल्कि एक ही ऊंगली पर गोवर्धन पर्वत की स्थायी व्यवस्था की खातिर है।कल्पना कर सकते हैं कि जिस दिन गोवर्धन पर्वत के नीचे से ऊंगली हटी तो भाजपा का होगा क्या

राशिफल

मेष	आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों को नए अवसर मिलेंगे। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में में रुचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त हो सकता हैं। आज समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा।
वृष	आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा। नौकरी में मनपसंद जगह ट्रांसफर हो सकता है। आज आपके व्यापार में ग्रोथ की संभावना है। आपकी सभी योजनाएं कामयाब रहेंगी। आप इस दौरान बड़ा निर्णय सोच समझकर लें, अच्छा रहेगा परिवार वालों की भी राय ले लें। आपका दांपत्य जीवन बढ़िया रहेगा।
मिथुन	आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के संयोग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आज आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होगा।
कर्क	आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला होगा। नई नौकरी मिलने की संभावना है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मनचाहे परिणाम मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, कहीं डिनर पर जाएंगे। इस दौरान किसी प्रकार के तर्क से बचें। आप परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करेंगे।
सिंह	आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन के चांसेस हैं। अच्छे पद पर कहीं ट्रांसफर के योग बने हुए हैं। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र किसी प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप संपत्ति खरीदने का मन बना सकते है। आपको अधिक धन लाभ के योग हैं।
कन्या	आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल माहौल बना रहेगा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को उचित अवसर मिलेंगे। आप अपनी टीम के अच्छे लीडर के रूप में उभर कर सामने आएंगे। आपके किसी स्टार्टअप की योजना सफल रहेगी। आप अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे।
तुला	आज आपका दिन लाभदाई रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको किसी पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। आज आपके नए-नए लोगों से संपर्क जुड़ेंगे, जिससे आपके करियर में लाभ होगा। आज आप जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में किसी बड़े से आप सलाह लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा।
वश्चिक	आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जा सकते हैं। अचानक किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
धनु	आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन है। आपके कार्यों की कार्यस्थल पर सराहना होगी। आज आप किसी से भी उलझने बचे। आप अपने माता-पिता के साथ किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपका रुझान दार्शनिक व्यक्तियों की ओर बढ़ेगा। आप स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें। नियमित हेल्थ की जांच कराते रहें।
मकर	आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। सिनेमा जगत से जुड़े लोगों को अपने क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलने के योग बने हुए है। कार्यस्थल पर आपका उत्साह बढ़ेगा।आज आप वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।
कुम्भ	आपके लिए आज का दिन शुभ फलदाई साबित होगा। बिजनेस में नये काम के अवसर प्राप्त होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने के संकेत है। आज आपको नौकरी बदलने का प्रस्ताव मिल सकता है। शोध करने वाले जो जातक विदेश जाकर काम करना चाहते हैं, उनको उचित अवसर मिलेंगे। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।
मीन	आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ आपकी अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। व्यापारियों के लिए लाभ के योग हैं। कार्यस्थल पर सहकर्मी आज आपसे सीखना चाहेंगे।

सामान्य बजट में जनता के हित से जुड़ी खामियों पर मोना ने विधानसभा में सरकार की किया तगड़ी घेराबंदी

● बजट पर चर्चा में कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने नौजवानों व किसानों तथा आम आदमी की उपेक्षा पर सरकार का किया ध्यानाकर्षण

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। बजट में किसानों तथा नौजवानों व शिक्षकों की उपेक्षा पर विधानसभा में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सरकार की जमकर घेराबंदी की है। सामान्य बजट पर चर्चा को लेकर कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि वित्तीय वर्ष के लगभग पूरा होने की स्थिति में भी चिकित्सा, ऊर्जा, कृषि व शिक्षा व लोक निर्माण जैसे जनता के विकास से जुड़े विभागों में सरकार आधा अधूरा बजट ही खर्च कर पायी है। उन्होनें कहा कि प्रदेश की अस्पतालों में न तो दवाईयों का पर्याप्त स्टाक है और न ही बड़ी संख्या में डाक्टरों की कमी को पूरा किया जा सका है। सीएलपी नेता मोना ने कहा कि इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग को मात्र छः प्रतिशत बजट का आवंटन जनता के स्वास्थ्य को लेकर सरकार की असंवेदनशीलता उजागर हुई है। उन्होनें कहा कि किसानों की लागत बढाने के लिए कोई स्पष्ट प्राविधान नही है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डीएपी खाद की कीमत आज तेरह सौ पचास रूपये तक आ पहुंची है। उन्होने कहा कि यह चिंताजनक है कि खाद की बोरी का वजन घटा पर दाम दोगुना बढ़ गया।

वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने किसानों के लिए बीज के किट वितरण के मद में भी बजट को मात्र दिखावा और छलावा करार दिया। उन्होने कहा कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित क्षतिग्रस्त सड़कों तथा पीने के पानी की पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत को लेकर भी बजट में कोई प्राविधान न किया जाना चिंताजनक है। उन्होने कहा कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी मात्र तेरह प्रतिशत का बजट आवंटन होना नौजवानों के भविष्य को धूमिल किया जाना है। उन्होने कहा कि प्रदेश में उन्हत्तर हजार शिक्षक भर्ती के बाद यह प्रक्रिया बंद है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। उन्होनें कहा कि सर्वाधिक चिंताजनक यह है कि दो हजार तदर्थ शिक्षकों को लेकर आम बजट में सरकार का कोई प्राविधान नहीं है। विधानसभा में अपने वक्तव्य में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार का बजट हाथी के दांत की तरह दिखावा मात्र है। उन्होनें कहा कि जनता के हित तथा उसकी सुरक्षा को लेकर बजट में कोई ठोस प्रबन्ध न होना प्रदेश की जनता के साथ मौजूदा सरकार की गैरजबाबदेही उजागर हुई है। यह जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

प्रबंधक को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। साधुरी शिरोमणि इंटर कॉलेज धनसारी के 12वीं के छात्र शिवम सिंह की खुदकुशी मामले में प्रबंधक ऋषभ त्रिपाठी को हाई कोर्ट से राहत मिल गई है। हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है । हाई कोर्ट इलाहाबाद की लखनऊ खंड पीठ की डबल बेंच में मामले की सुनवाई करते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया है। बता दें कि बीते दिनों विद्यालय के छात्र द्वारा आत्महत्या के मामले में मृतक छात्र शिवम सिंह के पिता राजेंद्र सिंह की तहरीर पर थाना जेठवारा में विद्यालय के प्रबंधक ऋषभ त्रिपाठी व प्रधानाचार्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें पुलिस द्वारा प्रधानाचार्य को जेल भेज दिया गया था और प्रबंधक मुकदमे में वांछित चल रहे हैं। इस कार्रवाई के खिलाफ प्रबंधक की पत्नी ने हाई कोर्ट कोर्ट में याचिका प्रस्तुत किया । इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर पर रोक लगा दी है।

पालि भाषा के संरक्षण व संवर्धन हेतु परीक्षा में बैठे छात्र व शिक्षक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राष्ट्र की प्राचीनतम भाषा पालि के संरक्षण व संवर्धन हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के वरिष्ठ शिक्षाविदों,चिकित्सकों विधिवेत्ताओ व बुद्धजीवियो ने अवकाश लेकर आज इंटरमीडिएट के पालि एकल विषय की परीक्षा में कुल सात परीक्षा केन्द्रो पर पहुंचे। साथ ही संकल्पित भाव से इंटरमीडिएट की परीक्षा में सहभागिता करै युवाओं को अपने गौरवशाली विरासत व पालि भाषा को अपने करियर में शामिल करने का संदेश भी दिया। ज्ञातव्य है कि भारत की प्राचीनतम भाषा को विगत माह अक्टूबर 2024 में भारत सरकार ने अभी क्लासिकल लैंग्वेज के रूप में मान्यता प्रदान करके इस भाषा के शोध प्रबंध के साथ-साथ युवाओं के करियर की संभावनाओं के द्वार को भी खोल दिया है। यह जानकारी देते हुए राकेश कनौजिया ने बताया कि इस अभियान के तहत विगत 28 फ़रवरी को हाई स्कूल में लगभग 300 परीक्षार्थी व लगभग 350 परीक्षार्थियों से अधिक ने परीक्षा में बैठकर इतिहास रच दिया।इस अभियान में समन्वयक आचार्य डॉ शिव मूर्ति लाल मौर्य, पूर्व बाल न्यायाधीश शिक्षाविद डॉ. दयाराम मौर्य ÷रत÷, समन्वय संरक्षिका सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापिका लीलावती, मंगल मैत्री ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी इं. राम अचल मौर्य,हरि प्रसाद मौर्य,आचार्य राकेश चंद्र,एडो. हरिश्याम मौर्य,डॉ. दिनेश मौर्य,शोभा कनौजिया,अनीता राजीव,अभिषेक मौर्य,चन्द्रकेश,वंदना प्रभाँशु मौर्य,दीप किरन,ज्ञानेश्वर सिंह,मयंक सरोज,रंजू संजय,प्रशांत मौर्य, सामरीन आदिल इदरीसी,बसंत लाल मौर्य,इं.अभिनव मौर्य, जनार्दन गौड़, एडो.आकाश मौर्य, एडो. जगदीश मौर्य, कंचन मौर्य, विनोद कुशवाहा,, उत्कर्ष प्रिंटर्स, एडो. अजय मौर्य, अशोक कुमार मौर्य,राम चंद्र मौर्य एडो.राज गौतम, एडो.आशीष कुमार मौर्य,गिरीशचंद्र मौर्य,एडो. सी यल मौर्य,शोभ नाथ मौर्य, आंसू मौर्य,दिव्या,श्वेता मौर्य आदि। शामिल रहे।

त्यौहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दमय वातावरण में मनाये जाने को लेकर पीस कमेटी में हुआ मंथन

● सीओ ने अराजकतत्वों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुख्ता कानून व्यवस्था पर दिया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। होली और रमजान को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से शान्तिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में त्यौहारों को मनाए जाने को लेकर विचारविमर्श हुआ। बैठक में मौजूद धर्मगुरूओं, ग्राम प्रधानों तथा प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी रामसूरत सोनकर ने सभी वर्गो के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाये जाने को लेकर सहयोग पर जोर दिया।

क्षेत्राधिकारी ने बताया कि होली के पर्व को लेकर कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने और सामुदायिक सौहार्द की मजबूती को लेकर हर संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती दिखेगी। वहीं उन्होनें बताया कि रमजान माह को लेकर नमाज के समय मस्जिदों पर भी फोर्स शांति और व्यवस्था पर सीधी नजर रखेगी।

सीओ ने बैठक में शामिल जिम्मेदारों से कहा कि गांवों में त्यौहार को लेकर किसी प्रकार की अराजक गतिविधि करने वालों की सूचना गोपनीय रखी जाएगी। उन्होनें कहा कि ऐसे अराजकतत्वों की गतिविधियों की जांच कर प्रशासन कडी कार्रवाई करेगा। कोतवाल नीरज यादव ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, सभासद पन्नेलाल पाल, सभासद दारा सिंह, एबादुर्रहमान, प्रशान्त सिंह, आदित्य तिवारी, आदि मौजूद रहे।

होली व रमजान सकुशल सम्पन्न करने को पीस कमेटी की बैठक आयोजित

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। नगर पंचायत कटरा मेंदनीगंज चौराहा स्थित शाही मैरिज हाल में सी ओ सिटी सदर कोतवाली देहाती इंचार्ज अभिषेक सिरोही कटरा चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पांडे के द्वारा पीस कमेटी की बैठक किया गया। इसमें सभी पार्टी के नेताओं एवं क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोगों को बुलाया गया। लोगो से अपील की गई कि त्योहार में आपसी भाई चारा बना रहे। किसी प्रकार की हुड़दंगी से बचने की अपील की गई । इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति अजय कुमार गुप्ता पूर्व अध्यक्ष पति सिराजुल हक डॉ जाकिर डॉ अब्दुल रसीद अंसारी अब्दुल हकीम, इब्ने राइन जगन्नाथ गुप्ता अजीत कुमार अभिषेक सिंह शेर बहादुर सिंह कुंदन पुनीत कुमार विवेक कुमार सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद जैकी अजय कुमार मौर्य पृथ्वीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित तमाम डीजे संचालक सम्मिलित हुए।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। गड़ई चकदेइया पूरे माधव सिंह में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।कलश यात्रा शिव मंदिर,सई नदी करौंदी घाट महादेव मंदिर, मधेश्वर शिव मंदिर,बुढ़िया देवी,मां काली मंदिर,हनुमान मंदिर होते हुए वापस कथा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर आस्था का कलश धारण कर शामिल हुए। इससे पूर्व कथा स्थल पर पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक वृंदावन धाम से आये कथा व्यास राजीव नयन शरण जी महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। इस दौरान मुख्य यजमान नरेंद्र बहादुर सिंह,एसोसिएट प्रोफेसर शिव कुमार सिंह, चंद्र कुमार सिंह,राज कुमार सिंह,सुरेंद्र बहादुर सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह,राजेंद्र बहादुर सिंह आदि रहे।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफतार

मान्धाता,प्रतापगढ़। दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव थाना मान्धाता के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभात वर्मा द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 64 (2) (ड) ध् 351 (3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त राजू उर्फ राजकुमार पुत्र राजेन्द्र नि0 बुकनापुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र मान्धाता के बुकनापुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया ।

श्रीमद् भागवत का पूजन करके निकली कलश यात्रा

प्रतापगढ़। संडवा चंद्रिका ब्लॉक के रायतारा में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व मंगलवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा गांव की परिक्रमा करके भागवत कथा स्थल तक पहुंची। ओरछा मध्यप्रदेश की कथा व्यास माधुरी पाठक ने विधि विधान से श्रीमद् भागवत महापुराण का पूजन अर्चन के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई। महिलाओं की टोली ने शंखनाद किया। इस दौरान मुख्य यजमान सूबेदार सिंह,माला सिंह,लेफ्टिनेंट ऋचा सिंह,डॉ. अनूप सिंह,अनुज सिंह,जया सिंह,प्रीति सिंह,लोक अभियोजक अरुण सिंह,लक्ष्मण सिंह, हवलदार सिंह आदि रहे।

चोरी के जेवरात के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कुण्डा,प्रतापगढ़। थाना बाघराय पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तारगिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का पीली धातु 05 अदद व सफेद धातु 04 अदद बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी,श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना बाघराय के नेतृत्व में उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव मय हमराह का0 गौरव व का0 सौरभ शर्मा द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04.03.2025 को मु0अ0सं0 30ध्2025, धारा 305ध्331(4) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों 1- दशरथ यादव पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद यादव निवासी कहवई उमरापट्टी थाना बाघराय प्रतापगढ़, 2. प्रभात सिंह उर्फ भवानी प्रसाद सिंह पुत्र कुवंर बहादुर सिंह निवासी गोसाई का पुरवा उमरापट्टी थाना बाघराय प्रतापगढ़ को चोरी का पीली धातु 05 अदद व सफेद धातु 04 अदद के साथ थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत मलावा छजईपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की जाती है ।गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 02ध्03ध्2025 को रात्रि के लगभग 1.30 बजे हम अपने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर संतोष सरोज नि0 कहवई उमरापट्टी के घर में घुसकर घर में रखे आलमारी पेटी व लॉकर से आभूषण व कीमती सामान व कपडे व बर्तन चोरी किये थे । जिसे हम लोगों ने आपस में बांट लिया था । आज हम लोग अपने हिस्से में मिले आभूषण को बेचने जाने के लिए सवारी गाड़ी का इन्तजार कर रहे थे । कि आप लोगो ने हम दोनो को पकड़ लिया ।

हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार

सुवंशा,प्रतापगढ़ । थाना फत्तनपुर पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास, गाली-गलौज, मारपीट करने के अभियोग से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना फत्तनपुर प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश कुमार राय के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभांशु कुमार राय मय हमराह का0 अमित कुमार सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, जाँच प्रा0पत्र पेडिंग विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 258ध्24 धारा 352ध्109(1) ठ.छै. से संबंधित वांछित 01अभियुक्त राकेश यादव उर्फ डब्लू पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम गारापुर थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना फत्तनपुर क्षेत्रान्तर्गत पाण्डेतारा पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया ।

चोरी की बाइक के साथ 2 अभियुक्त गिरफतार

प्रतापगढ़ । थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अंकित कुमार तिवारी मय हमराह उ0नि0 अमित कुमार मिश्रा हे0का0 संतोष कुमार का0 हिमांशु पुनिया का0 योगेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04.03.2025 को मु0अ0स0 95ध्25 धारा 303(2), 317 (2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर से संबंधित 02 अभियुक्तों, 01. प्रदीप कुमार वर्मा पुत्र भाईराम वर्मा निवासी रंजीतपुर बराछा चिलबिला थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 02. सतीश कुमार पाण्डेय उर्फ गामा पाण्डेय पुत्र स्व0 रमेश बिहारी पाण्डेय निवासी बराछा चिलबिला थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की मोटर साइकिल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत बराछा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई ।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि मैने यह मोटर साइकिल दिनांक 02.03.2025 को बेल्हा देवी मंदिर के पास से रात में चुरायी थी । आप लोगों ने हमें पकड़ लिया ।

महाकुंभ में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डीपीआरओ और उनकी टीम सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महाकुंभ 2025 के दौरान पंचायत राज विभाग द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रयागराज रविशंकर द्विवेदी एवं उनकी टीम को प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनिल कुमार, निदेशक, पंचायती राज राजेश त्यागी एवं मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं की भूरि-भूरि सराहना की गई।महाकुंभ जैसा विशाल एवं पवित्र आयोजन स्वच्छता, जनसेवा एवं प्रशासनिक समन्वय की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। रविशंकर द्विवेदी एवं उनकी टीम ने इस महाकुंभ के दौरान घाटों एवं शौचालयों की सफाई व्यवस्था की निगरानी, गंगा सेवा दूतों के कार्यों की समीक्षा तथा अन्य विभागीय दायित्वों का पूर्ण समर्पण एवं तत्परता से निर्वहन किया।उनकी 24×7 सक्रियता, उत्कृष्ट प्रबंधन कौशल एवं जनहितकारी दृष्टिकोण के चलते पंचायती राज विभाग की भूमिका को विशेष रूप से सराहा गया।प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनिल कुमार ने महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य में पंचायत राज विभाग ने अपने दायित्वों को निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ संपन्न किया, इसके लिए बधाई दिया।

इसके साथ ही, ÷कुंभ की आस्था एवं जलवायु परिवर्तन÷ विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव में श्री द्विवेदी एवं पंचायती राज विभाग के उल्लेखनीय योगदान को भी विशेष रूप से सराहा गया।निदेशक, पंचायती राज राजेश त्यागी एवं मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ने भी महाकुंभ 2025 के दौरान स्वच्छता एवं प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी निष्पादन को लेकर श्री द्विवेदी एवं उनकी टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।महाकुंभ 2025 में जिला सलाहकार निर्भय गुप्ता, सैयद अबुल हसन, बलबीर यादव ,सुजीत शुक्ला , पुनीत ठकराल एवं स्मिता त्रिपाठी के द्वारा किए गए कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रविशंकर द्विवेदी के समर्पण एवं अनुकरणीय सेवा भाव की सराहना पूरे विभाग में की जा रही है। उनके नेतृत्व में पंचायत राज विभाग, प्रयागराज ने महाकुंभ 2025 में न केवल अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया, बल्कि एक नया उच्च मानक भी स्थापित किया।

वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय पदाधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के घुइसीताली ऐमांपुर गांव निवासी हरिश्चन्द सरोज फर्रुखाबाद में ईट भट्ठे पर काम करता है। उसकी पत्नी ऊषा देवी सोमवार को रात अपने बच्चों के साथ सो रही थी। रात में करीब 11ः30 बजे उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। नींद खुली तो वह शोर मचाते हुए बच्चों को लेकर बाहर भागी। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े। फायर ब्रिगेडकर्मी भी पहुंचे लेकिन तब तक पूरी गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। ऊषा देवी के अनुसार 50 हजार रुपये नकद सहित कपड़े, खाने-पीने के सामान और जेवर जल गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह ने पीड़ित परिवार को खाद्यान्न एवं कपड़े की मदद की।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंशा (प्रतापगढ़)। थाना फतनपुर के गांव सुरवामिश्रपुर निवासी शुभम यादव (18) पुत्र विजय बहादुर यादव ने बीती रात फांसी लगाकर जान दे दी। युवक इंटरमीडिएट का छात्र था जो सूरत में अपने मां-बाप के साथ रहता था। छात्र शुभम इंटरमीडिएट की परीक्षा देने सूरत से गांव आया था। वह अपने ननिहाल नीभापुर में रहकर परीक्षा दे रहा था। मगर दो दिन पहले वह घर आ गया था।

बीती रात अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर छत से लटक गया। सुबह देर तक जब वह नहीं उठा तो उसकी बूढ़ी दादी जगाने गई। मगर कमरा अंदर से बंद था। उसने आस पास के लोगों को जानकारी दी। लोग छत के रास्ते कमरे के अंदर पहुंचे तो शुभम को साड़ी के फंदे से लटका पाया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना फतनपुर पुलिस ने शव नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोडर की टक्कर से किशोर की मौत, साथी घायल

कुंडा प्रतापगढ़। बाइक से निमंत्रण में जाते समय सोमवार को देर रात लोडर की टक्कर से किशोर की मौत हो गई, जबकि साथ रहा युवक घायल हो गया। कुंडा थाना क्षेत्र के गड़गड़ा मनगढ़ निवासी दिलीप कुमार पटेल का 16 वर्षीय बेटा शिवम पटेल सोमवार को रात साथी 20 वर्षीय राजेंद्र पटेल के साथ रिश्तेदार के घर कुसुवापुर बकिराबाद जा रहा था। रात करीब नौ बजे संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के हिसामपुर कुसेमर के बीच तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दिया। इससे दोनों सड़क पर जा गिरे। शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि राजेंद्र को हल्की चोटें आई। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी भेजा। सीएचसी में डॉक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया, जबकि राजेंद्र को इलाज के बाद घर भेज दिया।शिवम के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शिवम दो भाइयों, एक बहन में छोटा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ सत्येन्द्र भदौरिया ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसों में दो युवक घायल

कुंडा प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के ऐमा जाटूपुर गांव निवासी संजय यादव का 20 वर्षीय बेटा हर्ष यादव बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के भागी की बाग गांव निवासी बृजलाल का 27 वर्षीय बेटा शिवम यादव बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा।

जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

लोकमित्र से

मीरजापुर। आगामी होलिका दहन व रंग भरी होली के त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की दृष्टि से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी थानों/तहसीलों के विभिन्न धर्म गुरुओं ,गणमान्य नागरिकों व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कर होली के त्यौहार को आपसी सौहार्द से मनाए जाने की अपील की गई। बैठक में जनपद के सभी थानों के विभिन्न स्थानों पर स्थापित होने वाली एक-एक होलिका स्थल की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों व उप पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कर लें कि जिन क्षेत्रो में विगत वर्षो में होलिका दहन व रंग खेलने को लेकर विवाद के कारण मुकदमे हुए हैं ऐसे सम्बन्धित क्षेत्रों व लोगों पर कड़ी नजर बनाए रखें तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों सहित अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें जिससे कहीं भी किसी प्रकार की घटना होने की सम्भावना न होने पाए। सभी थानाध्यक्ष भी निर्देशित किए गए कि अपने-अपने क्षेत्रो में प्रत्येक होलिका दहन स्थलों का एक बार पुनः भ्रमण कर सम्बन्धित ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायज राज अधिकारी एवं लेखपाल के साथ बैठक कर लें। यह भी निर्देशित किया गया कि सभी लेखपाल, अमीन अपने-अपने क्षेत्रो में रहे ताकि किसी भी स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन व पुलिस प्रशासन को हो सके। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी होली के दिन जुमे की नमाज के दृष्टिगत लोगो से वार्ता कर शान्तिप्रिय ढंग से त्यौहार को सम्पन्न कराएं ताकि कही भी किसी प्रकार अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि पारम्परिक ढंग से निकलने वाले जुलूस ही निकाले जाएंगे नए जुलूस अथवा बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नही निकाला जाएगा। किसी भी जुलूस में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किसी के द्वारा नही किया जाएगा यदि ऐसा कही पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जुलूस में शामिल होने वाले डीजे का साउंड तेज ध्वनि न होकर निर्धारित मानक के अन्दर ही बजाया जाए तथा डीजे में किसी भी अश्लील गीतो को न बजाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शरारती तत्वो तथा मादक पदार्थ/शराब का सेवन करने वालो पर कड़ी नजर रखी जाए यदि आपसी सौहार्द एवं मेल मिलाप के त्यौहार होली के रंग में किसी के द्वारा खलल डाला जाता है जो उसके साथ सख्ती से कार्रवाई करे किसी व्यक्ति के ऊपर जबरदस्ती रंग न डाला जाए, महिलाओं के प्रति पूरा सम्मान रखा जाए। जिलाधिकारी ने धर्मगुरू व गणमान्य नागरिको से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के युवाओं को सचेत करे कि मादक पदार्थ का सेवन न करे या किसी आवेश में आकर होली के त्यौहार को खराब न होने दे।

जिलाधिकारी ने विभिन्न थानो से आए नागरिको की बातो को सुना तथा उनके समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों से अनवरत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा ढीले तारो करने का निर्देश दिया। नगरीय क्षेत्र में नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रो में जिला पंचायत राज अधिकारी साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखते हुए सफाई सुनिश्चित कराएं। जल निगम के द्वारा पानी की आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सक को अवकाश न देकर अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रो पर तैनात रखना सुनिश्चित करे तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाईया भी सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर उपलब्ध कराएं।

पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा कहा कि शराब पीकर उपद्रव करने वाले अथवा रात्रि में टहलने वालो के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, लालगंज युगांतर त्रिपाठी, मड़िहान सौम्या मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संभ्रात व्यक्तियो में मौलाना नजम अली, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शत्रुघन सेठ, भोला नाथ कनौजिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कछंवा अजय उपाध्याय सहित सभी थानो के गणमान्य नागरिक, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

लोक अदालत के प्रचार वाहन को रवाना किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्र, अपर जिला जज प्रथम बलजोर सिंह, अपर जिला जज / नोडल अधिकारी (रा0लो0 अ0) सन्तोष कुमार गौतम, अपर जिला जज/सचिव विनय आर्या, इण्डियन बैंक के मुख्य प्रबन्धक पुनित मिश्र, बैंक के वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों/वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को देने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर से प्रचार वाहन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किये।

जनपद न्यायाधीश ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), अपर जिलाधिकारी (भूरा.), नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में पूर्वान्ह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया गया कि ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अफॅन्स डिपाजिट योजना के तहत वादकारी घारा-206 सपठित धारा 253 द0प्र0सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुर्माना सरल पेटी अफेंस डिपाजिट खाता सं0 34906170085 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण् हुए जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित/पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा

और परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से मुकदमें का समाधान कराया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि पिछले लोक अदालत में कुल 38753 मुकदमों का निस्तारण किया गया था और इस प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 42000 मुकदमों को निस्तारण कराने के लिए चिन्हित किया गया है।

डीएलएसए सचिव/अपर जिला जज श्री विनय आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले तथा आर्बीट्रेशन निषपादन से सम्बन्धित वादो के निस्तारण किए जायेगें साथ ही उन्होने यह भी बताया कि न्यायालय समय में लघु आपराधिक मामलों/चालानों के निस्तारण के लिए दिनांक ,5 6 एवं 7 मार्च को प्रतिदिन विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया गया है।

चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्यवाही- डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी।बैठक में डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व कैलाश नाथ सिंह द्वारा पूरे वर्ष में कोई भी चक न काटने तथा आकार पत्र की धारा 23 के अंतर्गत पिलखिनी, लदेहटा, बाबूपुर एवं लठगुठउपुर तथा धारा 27 के ग्राम खरौध तथा धारा 52 के गांव खरौध छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा और खरूही का कार्य पूर्ण न होने पर राकेश कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए चकबंदी आयुक्त को पत्र भेजने के लिए निर्देशित किया गया। डीएम ने निदेशालय द्वारा भेजी गई प्रारूप एक से नौ तक की समीक्षा करते हुए चकबंदी आयुक्त द्वारा दिए गए लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धारा सात के 19 ग्राम, धारा आठ के दो ग्राम, धारा नौ के दो ग्राम, धारा 10 के 6 ग्राम, धारा 20 के 10 ग्राम, धारा 27 के 3 ग्राम तथा धारा 52 के 4 ग्राम खरौध, छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा एवं खरूही का चकबन्दी कार्य प्रत्येक दशा में मार्च माह में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी सहायक चकबंदी अधिकारी और चकबंदी अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान सहित सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट -सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लोगों को यातायात व रोड़ नियमों के प्रति जागरूक करने, अतिक्रमण हटवाने सहित सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम योगी द्वारा सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ को भविष्य में होने वाले किसी भी दुर्घटना के मुख्य कारणों की जांच कर ससमय अपनी संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिए गए निर्देश की जानकारी ली जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने बताया कि रिपोर्ट बना ली गई है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नेशनल हाईवे पर सबसे अधिक दुर्घटना होती है। जनपद के 14 ब्लैक स्पाट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 12 एनएच के हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे पर कुछ प्रमुख जगह एवं माइनर रोड पर डिवाइडर लगवाएं तथा मऊ में टेबल टाक ब्रेकर लगवाएं। साथ ही जहां पर टी जंक्शन है, वहां पर यातायात चिन्ह् लगवाएं।डीएम ने काली घाटी में ब्लैक स्पॉट के संबंध में लोक निर्माण विभाग को पोर्टेबल बैरियर या रंबल लगवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि खोह पुल के प्रगति को बढ़ाने के लिए शासन को पत्र भिजवाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी से नए ट्रामा सेंटर बनवाने के लिए जमीन की जानकारी ली। डीएम ने जनपद में संचालित विद्यालयों के वाहन परमिट की जानकारी ली जिस पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित विद्यालयों के 37 वाहन अनफिट है। जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय अधिकारी को जांच कर परमिट निरस्त कराने के निर्देश दिए एवं विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा लिखवाने के निर्देश दिए। कहा कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकार एवं स्वयं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी टीम बनाकर संयुक्त कार्यवाही करें, अन्यथा कोई दुर्घटना होने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को भी निर्देशित किया कि विद्यालय में जो ड्राइवर वाहन चला रहे हैं, उसका मोबाइल नंबर, आधार कार्ड अवश्य लेना सुनिश्चित कराएं, जिससे कि सत्यापन कराया जा सके।

कहा कि ई-रिक्शा चलाने वाले लगभग 10 प्रतिशत नाबालिग बच्चे होते हैं तथा उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता है, उनकी सघन जांच कर कार्यवाही करें। डीएम ने टेंपो पर निर्धारित सीट पर ही सवारी बैठाने के निर्देश दिए, कहा कि ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि बाइक पर पीछे बैठकर चलने वाले भी हेलमेट लगाए। साथ ही हेलमेट अथवा सीटबेल्ट न लगाने पर तथा बाइक में तीन सवारी बैठाकर चलने वालों का चालान करें। कहा कि शैक्षिक, प्रशासनिक अधिकारी अपने संस्थान व कार्यालय में बिना हेल्मेट के प्रवेश नहीं करेंगे, ऐसा न करने वालों का भी चालान करें।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यातायात व रोड़ के नियमों से सम्बन्धित एक 15-16 पेज की किताब छपवाकर विद्यालयों में विद्यार्थियों को वितरित करते हुए जागरूक करें।

विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि विद्यालयों में पैरेंट मीटिंग आयोजित करते समय शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग को भी बुलाकर परिवहन के बारे में जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस लाइन में बिना हेल्मेट आने वाले पुलिस कर्मियों का चालान करे। यातायात निरीक्षक को धनुष चौराहे पर साउंड लगाकर लोगों को यातायात व रोड नियम बताने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि शहरी मार्गों पर अतिक्रमण हटाकर फल मंडी, सब्जी मंडी के लिए नए वेंडिंग जोन बनाएं। वेन्डिंग जोन के लिए भी स्थल चिन्हित करते हुए पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवाएं।

साथ ही बस स्टैंड के पास बने विद्युत पोल एवं टॉयलेट को हटवाने के निर्देश दिए। कहा कि चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। सड़क पर कोई भी वाहन खड़ा ना होने पाए, यह भी दुर्घटना का मुख्य कारण है।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड एक लोक निर्माण विभाग वेद नारायण, अधिशासी अभियंता सीडी वन अखिलेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

टप्पेबाजी का शिकार महिला ने लगाई न्याय की गुहार

चित्रकूट- टप्पेबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।बांदा जिले के अतर्रा तहसील के महुटा गांव के निवासी विष्णुशंकर पाण्डेय ने बताया कि वह बीती 28 फरवरी को अपनी बहन राजोल कुमारी के साथ दोपहर के समय एक सीएनजी ऑटो में बैठकर मानिकपुर जा रहे थे। जिसमें उनकी बहन का जेवर से भरा बैग ऑटो चालक ने पीछे रखवा दिया था। इस दौरान रास्ते में बैग को काटकर अंदर रखा गहनों वाला बैग चोरी कर लिया गया। इसके बाद मानिकपुर में उन लोगों को उतारकर चालक ऑटो लेकर वापस लौट गया। गाड़ी से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि गहनों से भरा बैग चोरी हो चुका है। जिसकी सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली एवं मानिकपुर थाने में की है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने व्यक्त किए विचार

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट -जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में मंगलवार को योग दर्शन के विशेष आलोक में समकालिक वैश्विक चुनौतियां एवं समाधान विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।संगोष्ठी के प्रथम दिन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार पांडेय (आईएएस) ने कहा कि योग मानव जीवन का परम लक्ष्य है। बिना योग के प्रवृत्ति मार्ग से निवृत्ति मार्ग प्रशस्त नहीं होता है। उन्होंने यत पिंडे तत ब्रह्मांड युक्ति के आधार पर योग की व्याख्या करते हुए कहा कि योग के द्वारा हम परमात्मा और आत्मा का मिलन सहज रूप में करते हैं। श्रीमद्भागवत गीता का हर अध्याय योग को वर्णित करता है। उन्होंने योग वशिष्ठ पर विशेष बल देते हुए योग को भवसागर से पार करने का साधन बताया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि योग का अर्थ केवल जोड़ना ही नहीं है, बल्कि योग के द्वारा साधक व्यक्तिनिष्ठ से आत्मनिष्ठ की ओर आकर्षित होता है और सामाजिक समरसता का पर्याय बनता है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को उत्कृष्ट व्यक्तित्व के रूप में योग के चमत्कार का परिणाम बताया। अमरकंटक केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो प्रकाशमणि त्रिपाठी ने योग में लोक कल्याण के भावों का वर्णन करते हुए इसे वर्तमान चुनौतियों के लिए एक अमूल्य निधि के रूप में प्रस्तुत किया। इंग्लैंड स आए डॉ एस लूसी ने कहा कि असीमित सुख एवं शांति को सीमित प्रयास से प्राप्त करने के लिए योग का मार्ग अपना सकते हैं। महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रजनीश शुक्ल ने कहा कि योग दर्शन एक ऐसे समाज की बात करता है, जिसमें मनुष्य को मनुष्यता सिखाने की कला है।

कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।इस मौके पर दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ हरिकांत मिश्र, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ निहाररंजन मिश्र, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ गुलाबधर, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ नीतू तिवारी, डॉ भविष्या माथुर, डॉ दलीप कुमार, डॉ आनंद कुमार, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ रमा सोनी, कुलाधिपति के निजी सचिव आर पी मिश्र, विश्वविद्यालय के कुल सचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, डॉ सुशील त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

कब्रिस्तान का दावा समाप्त, सरकारी बंजर भूमि के रूप में दर्ज होगी जमीन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिला मुख्यालय में दो पक्षों के बीच न्यायालय में लम्बे समय से चल रहे प्रकरण का निस्तारण हो गया है। जिसमें उपजिलाधिकारी सदर पूजा साहू ने तहसील आख्या में प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखीय शास्त्रों के आधार पर कब्रिस्तान के नाम दर्ज भूमि को निरस्त करते हुए राज्य सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि पूर्व में बीती 15 फरवरी 2005 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी न्यायालय ने इस जमीन को कब्रिस्तान के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके विरोध में सभासद पवन कुमार उर्फ बद्री ने मंडलायुक्त के यहां वाद दायर किया था। जिसके बाद मंडलायुक्त ने बीती 15 फरवरी 2005 को उपजिलाधिकारी न्यायालय द्वारा किए गए आदेश को निरस्त करते हुए पुनः मौके की स्थलीय जांच कराकर दोनों पक्षों को साक्ष्य सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए गुण-दोष के आधार पर वाद का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। सभासद पवन कुमार बद्री ने निर्णय को न्याय की जीत बताया है।

दीवार बनाने का विरोध करने पर पीटा, छह नामजद

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर लरु गांव निवासी रामहर्ष के घर के सामने 28 फरवरी को शाम कुछ लोग दीवार बना रहे थे। उसके पिता राम दुलारे ने दीवार बनाने से मना किया तो लोग विवाद करने लगे। आरोप है कि जाति सूचक गालियां देते हुए उनको मारा पीटा। बेटा सोनू छुड़ाने गया तो उसका सिर फोड़ दिया। रामहर्ष की पत्नी फूलकली और उसकी देवरानी बीच बचाव करने गई तो उन्हें भी मारापीटा। फूलकली की तहरीर पर पुलिस ने राय साहब, बच्चा, उदय, भज्जू, दीपेन्द्र गोल्डी, राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खो गया है

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3078792 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

मोनू
सुत संतोष कुमार
निवासी मंगरा, भादर अमेठी उ0प्र0

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अन्तू,प्रतापगढ़।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अन्तू के उ0नि0 गौतम बनर्जी मय हमराह हो0गा0 कृष्ण मुरारी, हो0गा0 मनोज पाण्डेय द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान मु0नं0 118ध्19 अ0सं0 379ध्18 धारा 354ख,504,506 भादवि व 7ध्8 पाक्सो एक्ट में थाना अन्तू से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त राहुल पाल पुत्र राम सिंह पाल निवासी ग्राम भद्दी का पुरवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

होली को लेकर मऊ थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

मऊ, चित्रकूट- चित्रकूट के मऊ थाना परिसर में होली त्योहार की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने कहा कि होली के दौरान कोई भी समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।बैठक में एसडीएम ने होली जलाने से जुड़ी किसी भी दिक्कत की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम प्रधानों की समस्याओं को तीन दिन के भीतर हल करने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी विभागों को त्योहार की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

प्रशासन ने नगर पंचायत और गांवों में विशेष साफ-सफाई का आदेश दिया। विद्युत विभाग को नीचे लटके तारों की मरम्मत करने को कहा गया। साथ ही होली के दिन पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद और थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने चेतावनी दी कि दंगा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में ग्राम प्रधान केसरी सिंह, अंकित शुक्ला, मुकेश बाजपेई, कपिल शुक्ला, रामचरण निषाद, देव स्वरूप केशरवानी आदि मौजूद रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

लोकमित्र से

मीरजापुर। आगामी होलिका दहन व रंग भरी होली के त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की दृष्टि से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी थानों/तहसीलों के विभिन्न धर्म गुरुओं ,गणमान्य नागरिकों व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कर होली के त्यौहार को आपसी सौहार्द से मनाए जाने की अपील की गई। बैठक में जनपद के सभी थानों के विभिन्न स्थानों पर स्थापित होने वाली एक-एक होलिका स्थल की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों व उप पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कर लें कि जिन क्षेत्रो में विगत वर्षो में होलिका दहन व रंग खेलने को लेकर विवाद के कारण मुकदमे हुए हैं ऐसे सम्बन्धित क्षेत्रों व लोगों पर कड़ी नजर बनाए रखें तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों सहित अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें जिससे कहीं भी किसी प्रकार की घटना होने की सम्भावना न होने पाए। सभी थानाध्यक्ष भी निर्देशित किए गए कि अपने-अपने क्षेत्रो में प्रत्येक होलिका दहन स्थलों का एक बार पुनः भ्रमण कर सम्बन्धित ग्राम

प्रधान, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायज राज अधिकारी एवं लेखपाल के साथ बैठक कर लें। यह भी निर्देशित किया गया कि सभी लेखपाल, अमीन अपने-अपने क्षेत्रो में रहे ताकि किसी भी स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन व पुलिस प्रशासन को हो सके। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी होली के दिन जुमे की नमाज के दृष्टिगत लोगो से वार्ता कर शान्तिप्रिय ढंग से त्यौहार को सम्पन्न कराएं ताकि कही भी किसी प्रकार अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि पारम्परिक ढंग से निकलने वाले जुलूस ही निकाले जाएंगे नए जुलूस अथवा बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नही निकाला जाएगा। किसी भी जुलूस में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किसी के द्वारा नही किया जाएगा यदि ऐसा कही पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जुलूस में शामिल होने वाले डीजे का साउंड तेज ध्वनि न होकर निर्धारित मानक के अन्दर ही बजाया जाए तथा डीजे में किसी भी अश्लील गीतो को न बजाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शरारती तत्वो तथा मादक पदार्थ/शराब का सेवन करने वालो पर कड़ी नजर रखी जाए यदि आपसी सौहार्द एवं मेल मिलाप के त्यौहार होली के रंग में किसी के द्वारा खलल डाला जाता है जो उसके साथ सख्ती से कार्रवाई करे किसी व्यक्ति के ऊपर जबरदस्ती रंग न डाला जाए, महिलाओं के प्रति पूरा सम्मान रखा जाए। जिलाधिकारी ने धर्मगुरू व गणमान्य नागरिको से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के युवाओं को सचेत करे कि मादक पदार्थ का सेवन न करे या किसी आवेश में आकर होली के त्यौहार को खराब न होने दे।

जिलाधिकारी ने विभिन्न थानो से आए नागरिको की बातो को सुना तथा उनके समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों से अनवरत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा ढीले तारो करने का निर्देश दिया। नगरीय क्षेत्र में नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रो में जिला पंचायत राज अधिकारी साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखते हुए सफाई सुनिश्चित कराएं। जल निगम के द्वारा पानी की आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सक को अवकाश न देकर अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रो पर तैनात रखना सुनिश्चित करे तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाईया भी सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर उपलब्ध कराएं।

पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा कहा कि शराब पीकर उपद्रव करने वाले अथवा रात्रि में टहलने वालो के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, लालगंज युगांतर त्रिपाठी, मड़िहान सौम्या मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संभ्रात व्यक्तियो में मौलाना नजम अली, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शत्रुघन सेठ, भोला नाथ कनौजिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कछंवा अजय उपाध्याय सहित सभी थानो के गणमान्य नागरिक, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

लोक अदालत के प्रचार वाहन को रवाना किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्र, अपर जिला जज प्रथम बलजोर सिंह, अपर जिला जज / नोडल अधिकारी (रा0लो0 अ0) सन्तोष कुमार गौतम, अपर जिला जज/सचिव विनय आर्या, इण्डियन बैंक के मुख्य प्रबन्धक पुनित मिश्र, बैंक के वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों/वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को देने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर से प्रचार वाहन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किये।

जनपद न्यायाधीश ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), अपर जिलाधिकारी (भूरा.), नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में पूर्वान्ह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया गया कि ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अफॅन्स डिपाजिट योजना के तहत वादकारी धारा-206 सपठित धारा 253 द0प्र0सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुर्माना सरल पेटी अफेंस डिपाजिट खाता सं0 34906170085 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण् हुए जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित/पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा

और परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से मुकदमें का समाधान कराया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि पिछले लोक अदालत में कुल 38753 मुकदमों का निस्तारण किया गया था और इस प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 42000 मुकदमों को निस्तारण कराने के लिए चिन्हित किया गया है।

डीएलएसए सचिव/अपर जिला जज श्री विनय आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले तथा आर्बीट्रेशन निषपादन से सम्बन्धित वादो के निस्तारण किए जायेगें साथ ही उन्होने यह भी बताया कि न्यायालय समय में लघु आपराधिक मामलों/चालानों के निस्तारण के लिए दिनांक ,5 6 एवं 7 मार्च को प्रतिदिन विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया गया है।

चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्यवाही- डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी।बैठक में डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व कैलाश नाथ सिंह द्वारा पूरे वर्ष में कोई भी चक न काटने तथा आकार पत्र की धारा 23 के अंतर्गत पिलखिनी, लदेहटा, बाबूपुर एवं लठागुठउपुर तथा धारा 27 के ग्राम खरौध तथा धारा 52 के गांव खरौध छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा और खरूही का कार्य पूर्ण न होने पर राकेश कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए चकबंदी आयुक्त को पत्र भेजने के लिए निर्देशित किया गया। डीएम ने निदेशालय द्वारा भेजी गई प्रारूप एक से नौ तक की समीक्षा करते हुए चकबंदी आयुक्त द्वारा दिए गए लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धारा सात के 19 ग्राम, धारा आठ के दो ग्राम, धारा नौ के दो ग्राम, धारा 10 के 6 ग्राम, धारा 20 के 10 ग्राम, धारा 27 के 3 ग्राम तथा धारा 52 के 4 ग्राम खरौध, छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा एवं खरूही का चकबन्दी कार्य प्रत्येक दशा में मार्च माह में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी सहायक चकबंदी अधिकारी और चकबंदी अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान सहित सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट -सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लोगों को यातायात व रोड़ नियमों के प्रति जागरूक करने, अतिक्रमण हटवाने सहित सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम योगी द्वारा सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ को भविष्य में होने वाले किसी भी दुर्घटना के मुख्य कारणों की जांच कर ससमय अपनी संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिए गए निर्देश की जानकारी ली जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने बताया कि रिपोर्ट बना ली गई है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नेशनल हाईवे पर सबसे अधिक दुर्घटना होती है। जनपद के 14 ब्लैक स्पाट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 12 एनएच के हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे पर कुछ प्रमुख जगह एवं माइनर रोड पर डिवाइडर लगवाएं तथा मऊ में टेबल टाक ब्रेकर लगवाएं। साथ ही जहां पर टी जंक्शन है, वहां पर यातायात चिन्ह् लगवाएं।डीएम ने काली घाटी में ब्लैक स्पॉट के संबंध में लोक निर्माण विभाग को पोर्टेबल बैरियर या रंबल लगवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि खोह पुल के प्रगति को बढ़ाने के लिए शासन को पत्र भिजवाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी से नए ट्रामा सेंटर बनवाने के लिए जमीन की जानकारी ली। डीएम ने जनपद में संचालित विद्यालयों के वाहन परमिट की जानकारी ली जिस पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित विद्यालयों के 37 वाहन अनफिट है। जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय अधिकारी को जांच कर परमिट निरस्त कराने के निर्देश दिए एवं विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा लिखवाने के निर्देश दिए। कहा कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकार एवं स्वयं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी टीम बनाकर संयुक्त कार्यवाही करें, अन्यथा कोई दुर्घटना होने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को भी निर्देशित किया कि विद्यालय में जो ड्राइवर वाहन चला रहे हैं, उसका मोबाइल नंबर, आधार कार्ड अवश्य लेना सुनिश्चित कराएं, जिससे कि सत्यापन कराया जा सके।

कहा कि ई-रिक्शा चलाने वाले लगभग 10 प्रतिशत नाबालिग बच्चे होते हैं तथा उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता है, उनकी सघन जांच कर कार्यवाही करें। डीएम ने टेंपो पर निर्धारित सीट पर ही सवारी बैठाने के निर्देश दिए, कहा कि ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि बाइक पर पीछे बैठकर चलने वाले भी हेलमेट लगाए। साथ ही हेलमेट अथवा सीटबेल्ट न लगाने पर तथा बाइक में तीन सवारी बैठाकर चलने वालों का चालान करें। कहा कि शैक्षिक, प्रशासनिक अधिकारी अपने संस्थान व कार्यालय में बिना हेल्मेट के प्रवेश नहीं करेंगे, ऐसा न करने वालों का भी चालान करें।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यातायात व रोड़ के नियमों से सम्बन्धित एक 15-16 पेज की किताब छपवाकर विद्यालयों में विद्यार्थियों को वितरित करते हुए जागरूक करें।

विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि विद्यालयों में पैरेंट मीटिंग आयोजित करते समय शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग को भी बुलाकर परिवहन के बारे में जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस लाइन में बिना हेल्मेट आने वाले पुलिस कर्मियों का चालान करे। यातायात निरीक्षक को धनुष चौराहे पर साउंड लगाकर लोगों को यातायात व रोड नियम बताने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि शहरी मार्गो पर अतिक्रमण हटाकर फल मंडी, सब्जी मंडी के लिए नए वेंडिंग जोन बनाएं। वेन्डिंग जोन के लिए भी स्थल चिन्हित करते हुए पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवाएं।

साथ ही बस स्टैंड के पास बने विद्युत पोल एवं टॉयलेट को हटवाने के निर्देश दिए। कहा कि चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। सड़क पर कोई भी वाहन खड़ा ना होने पाए, यह भी दुर्घटना का मुख्य कारण है।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड एक लोक निर्माण विभाग वेद नारायण, अधिशासी अभियंता सीडी वन अखिलेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने व्यक्त किए विचार

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट -जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में मंगलवार को योग दर्शन के विशेष आलोक में समकालिक वैश्विक चुनौतियां एवं समाधान विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।संगोष्ठी के प्रथम दिन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार पांडेय (आईएएस) ने कहा कि योग मानव जीवन का परम लक्ष्य है। बिना योग के प्रवृत्ति मार्ग से निवृत्ति मार्ग प्रशस्त नहीं होता है। उन्होंने यत पिंडे तत ब्रह्मांड युक्ति के आधार पर योग की व्याख्या करते हुए कहा कि योग के द्वारा हम परमात्मा और आत्मा का मिलन सहज रूप में करते हैं। श्रीमद्भागवत गीता का हर अध्याय योग को वर्णित करता है। उन्होंने योग वशिष्ठ पर विशेष बल देते हुए योग को भवसागर से पार करने का साधन बताया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि योग का अर्थ केवल जोड़ना ही नहीं है, बल्कि योग के द्वारा साधक व्यक्तिनिष्ठ से आत्मनिष्ठ की ओर आकर्षित होता है और सामाजिक समरसता का पर्याय बनता है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को उत्कृष्ट व्यक्तित्व के रूप में योग के चमत्कार का परिणाम बताया। अमरकंटक केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो प्रकाशमणि त्रिपाठी ने योग में लोक कल्याण के भावों का वर्णन करते हुए इसे वर्तमान चुनौतियों के लिए एक अमूल्य निधि के रूप में प्रस्तुत किया। इंग्लैंड स आए डॉ एस लूसी ने कहा कि असीमित सुख एवं शांति को सीमित प्रयास से प्राप्त करने के लिए योग का मार्ग अपना सकते हैं। महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रजनीश शुक्ल ने कहा कि योग दर्शन एक ऐसे समाज की बात करता है, जिसमें मनुष्य को मनुष्यता सिखाने की कला है।

कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।इस मौके पर दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ हरिकांत मिश्र, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ निहाररंजन मिश्र, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ गुलाबधर, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ नीतू तिवारी, डॉ भविष्या माथुर, डॉ दलीप कुमार, डॉ आनंद कुमार, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ रमा सोनी, कुलाधिपति के निजी सचिव आर पी मिश्र, विश्वविद्यालय के कुल सचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, डॉ सुशील त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

टप्पेबाजी का शिकार महिला ने लगाई न्याय की गुहार

चित्रकूट- टप्पेबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।बांदा जिले के अतर्रा तहसील के महुटा गांव के निवासी विष्णुशंकर पाण्डेय ने बताया कि वह बीती 28 फरवरी को अपनी बहन राजोल कुमारी के साथ दोपहर के समय एक सीएनजी ऑटो में बैठकर मानिकपुर जा रहे थे। जिसमें उनकी बहन का जेवर से भरा बैग ऑटो चालक ने पीछे रखवा दिया था। इस दौरान रास्ते में बैग को काटकर अंदर रखा गहनों वाला बैग चोरी कर लिया गया। इसके बाद मानिकपुर में उन लोगों को उतारकर चालक ऑटो लेकर वापस लौट गया। गाड़ी से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि गहनों से भरा बैग चोरी हो चुका है। जिसकी सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली एवं मानिकपुर थाने में की है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

कब्रिस्तान का दावा समाप्त, सरकारी बंजर भूमि के रूप में दर्ज होगी जमीन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिला मुख्यालय में दो पक्षों के बीच न्यायालय में लम्बे समय से चल रहे प्रकरण का निस्तारण हो गया है। जिसमें उपजिलाधिकारी सदर पूजा साहू ने तहसील आख्या में प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखीय शास्त्रों के आधार पर कब्रिस्तान के नाम दर्ज भूमि को निरस्त करते हुए राज्य सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि पूर्व में बीती 15 फरवरी 2005 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी न्यायालय ने इस जमीन को कब्रिस्तान के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके विरोध में सभासद पवन कुमार उर्फ बद्री ने मंडलायुक्त के यहां वाद दायर किया था। जिसके बाद मंडलायुक्त ने बीती 15 फरवरी 2005 को उपजिलाधिकारी न्यायालय द्वारा किए गए आदेश को निरस्त करते हुए पुनः मौके की स्थलीय जांच कराकर दोनों पक्षों को साक्ष्य सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए गुण-दोष के आधार पर वाद का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। सभासद पवन कुमार बद्री ने निर्णय को न्याय की जीत बताया है।

कृषि विभाग के कर्मचारी बनकर ठगों ने किसान को लगाया चूना

मऊ, चित्रकूट- खाते में किसान सम्मान निधि आने के बाद किसान के साथ धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित किसान ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खंडेहा गांव के निवासी सूर्यभान सिंह ने मऊ के उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपकर बताया कि बीती 17 फरवरी को दो युवक उसके पास आए। युवकों ने स्वयं को कृषि विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि केवाईसी और आधार से सम्बन्धित फीडिंग करके वह लोग किसान सम्मान निधि खाते में भेजेंगे। जबकि उसका खाता पहले से बैंक में था, किंतु युवकों ने उसका खाता दूसरे बैंक में खोल दिया और अपना मोबाइल नंबर फीड़ कर दिया। इसके बाद बीती 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि की धनराशि की सात किश्तों का 14,000 रुपया उसके खाते में आया। यह धनराशि 25 फरवरी को उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए निकाल ली गई। पीड़ित ने मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को मामले की जांच कराकर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

होली को लेकर मऊ थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

मऊ, चित्रकूट- चित्रकूट के मऊ थाना परिसर में होली त्योहार की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने कहा कि होली के दौरान कोई भी समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।बैठक में एसडीएम ने होली जलाने से जुड़ी किसी भी दिक्कत की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों की समस्याओं को तीन दिन के भीतर हल करने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी विभागों को त्योहार की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

किए। प्रशासन ने नगर पंचायत और गांवों में विशेष साफ-सफाई का आदेश दिया। विद्युत विभाग को नीचे लटके तारों की मरम्मत करने को कहा गया। साथ ही होली के दिन पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद और थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि दंगा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में ग्राम प्रधान केसरी सिंह, अंकित शुक्ला, मुकेश बाजपेई, कपिल शुक्ला, रामचरण निषाद, देव स्वरूप केशरवानी आदि मौजूद रहे।

संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति के लिए वरुण का हुआ चयन

चित्रकूट- उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय अष्टाध्यायी, अमरकोश, लघुसिद्धांत कौमुदी, तर्कसंग्रह तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जनपद के आयुष ग्राम गुरुकुलम के छात्र वरुण गुप्ता को श्लोकान्त्याक्षरी वर्ग में प्रोत्साहन वृत्ति के लिए चयनित किया गया है।वरुण को यह संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आगामी 16 मार्च को प्रदान की जाएगी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने विकास भवन से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के बजट के विरुद्ध प्रतिवाद के राज्य व्यापी आह्वान के तहत रायबरेली में भी आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने विकास भवन से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया। हाथो मे बजट 2025 धोखा है के प्ले काड्र्स और बैनर लेकर बजट में स्कीम वर्कर्स की अनदेखी संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करने की इच्छा शक्ति दिखाने के बजाय न्यूनतम वेतन की सीमा रेखा खींच कर गुमराह करने असंगठित क्षेत्र के कामगारों की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।जिलाधिकारी कार्यालय पर सभा की गई,जिन्हे संबोधित करते हुए मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव विद्या देवी ने कहा कि बजट में मिड डे मील वर्कर्स, आशा, आंगनवाडी वर्कर्स सहित सभी स्कीम वर्कर्स के लिए कुछ भी नही है। आशा, रसोइया, आंगनवाड़ी के लिए 2013 में भारतीय श्रम सम्मेलन में की गई स्थाईकरण, न्यूनतम वेतन, ईएसआई, ईपीएफ और ग्रेडूटी, मातृत्व अवकाश की सिफारिस को लागू करने की वर्षो से उठ रही मांग को अनसुना कर दिया गया है। आशा वर्कर्स यूनियन की जिला उपाध्यक्ष राधा राजपूत ने कहा कि सरकार वर्ष 2021 से आशा कर्मियों को दिए जाने वाले भुगतान पर लगातार सदन में झूठ बोल रही है। सरकार ने 2021 के मुख्यमंत्री जी के बयान को फिर दोहराया कि आशा वर्कर्स को 6750रू का मासिक भुगतान किया जाता है जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आशा कर्मियों को मात्र 2000 रू और राज्य वित्त से 1500 रू का ही भुगतान होता है।उन्होंने कहा कि आशा कर्मियों की प्रोत्साहन राशियों में किए 1.5 लाख करोड़ के घोटाले की जांच उसकी वसूली और आशा कर्मियों को भुगतान करने के सवाल पर 2 फरवरी 2024 को हुए समझौते पर मिशन निदेशालय और सरकार ने चुप्पी साध ली है। जबकि विगत 10 फरवरी को। स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव ने स्वास्थ्य मंत्री के आधार पर वार्ता के लिए गए प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया था कि उसका अधिकांश भाग बजट के बाद भुगतान हो जायेगा। किंतु बजट में आशा वर्कर्स का नाम तक नहीं लिया गया।आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक गुलाम अहमद ने कहा कि इस बजट में उम्मीद थी कि सरकार आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को कम्पनी राज से छुटकारा दिलाने के लिए उनके नियमितीकरण की कोई योजना लेकर आएगी किंतु सरकार ने न्यूनतम वेतन की अधिकतम सीमा रेखा खींचकर खुद एक निगम के जरिए ठेकेदार की भूमिका में खड़े होने की कार्य योजना लेकर आई है। जो कम्पनी राज के खात्मे और स्थाईकरण की किसी भी तरह की सरकारी इच्छा और संभावना को खारिज करना है। ऐक्टू जिला सचिव राम गोपाल ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए यह बजट सबसे बड़ा धोखा है।

घरेलू कामगार महिलाएं, निर्माण मजदूर ,निजी प्रतिष्ठानों में काम करने वाले श्रमिको की सामाजिक सुरक्षा के मामले में सरकार ने कुछ भी नही किया ।ग्रामीण क्षेत्र की तरह शहरी रोजगार गारंटी योजना और ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रोजगार सृजन का कोई संकेत बजट में परिलक्षित नही होता। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया।

23 भैंसो से लदे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

लालगंज रायबरेली। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि सेमरपहा बाईपास के पास से 23 भैंसों से लदा हुआ ट्रक पकड़ा गया है। भैंसों को बड़े ही करूरता पूर्वक ट्रक में बांध कर रखा गया था। ट्रक में भैंस एक दूसरे के ऊपर चढ़ी हुई थी जिसके कारण उन्हें सांस लेना दूभर हो गया था। ट्रक फतेहपुर से उन्नाव जा रहा था लेकिन बाईपास के पास पुलिस को देखकर ट्रक चालक ने ट्रक को भगा दिया ,शंका होने पर जब ट्रक को पकड़ा गया तो उसमें करूरता पूर्वक भैंस लदी हुई पाई गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हथिगवां फतेहपुर निवासी ट्रक चालक फैज उर्फ फैजी पुत्र रुखसार अहमद व क्लीनर असद पुत्र मोहम्मद अहमद सहित ट्रक संख्या यूपी 77 एन 3832 के खिलाफ पशु करूरता का मुकदमा लिखा गया है। मुकदमा उपनिरीक्षक अमरनाथ चौरसिया के द्वारा दर्ज कराया गया है। वही ट्रक को पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक अमरनाथ चौरसिया और उपनिरीक्षक रवि कुमार सिंह शामिल रहे।

जीर्णोद्धार के बाद शिव मदिर का फीता काट कर हुआ उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। सलोन थाने में पुराने शिव मंदिर को जीर्णोद्धार के बाद नया रूप दिया गया। कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह के नेतृत्व में एवम जन सहयोग से एडिशनल एसपी संजीव सिन्हा ने शिव मंदिर का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया है। इसके पूर्व थाने पर पहुंचे एएसपी को पुलिस कर्मियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया है।उपस्थित भक्तों और स्थानीय लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया गया।मंगलवार को सलोन थाना परिसर में बने शिव मंदिर जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का लोकार्पण करने अपर पुलिस अधीक्षक संजीब सिन्हा पहुँचे।उन्होंने हवन में शामिल होकर आहुति दी।इसके बाद फीता काट कर मंदिर का उद्घटान किया।इस मौके पर एएसपी ने कहा कि भगवान शिव के मंदिर जीर्णोद्धार हुआ है।थाना आप सभी का है।आप लोगो को ही इस मंदिर की देखभाल करनी है।इस मौके पर तमाम सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

लालगंज रायबरेली हाईवे पर हुई दुर्घटना में सभी मृतकों की हो गई है शिनाख्त

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। सोमवार को लालगंज रायबरेली हाईवे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना के सभी मृतकों की पहचान हो गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में महेश नगर लालगंज निवासी रजनीश उर्फ मोनू पुत्र उमाशंकर, थाना खीरों गांव एकौनी निवासी निगम बेड़िया पुत्र जैपाल और दिनेश बेड़िया पुत्र सहदेव, लालगंज सराफ मंडी निवासी गिरजा शंकर सोनी पुत्र रामदुलारे, जताई का पुरवा भोजपुर थाना सरेनी निवासी रमनदीप काशी पुत्र रामगोपाल की मौत हुई है। कोतवाल ने बताया कि सभी मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सोमवार सुबह 10 बजे के करीब लालगंज ऑटो रिक्शा में 10 सवारी बिठाकर ड्राइवर रजनीश शर्मा लालगंज से रायबरेली जा रहा था तभी बरस गांव के सामने डंपर ट्रक ने ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी जिसके चलते मौके पर ही ऑटो रिक्शा चालक रजनीश शर्मा सहित चार लोगों की मौत हो गई थी और एक की मौत एम्स अस्पताल में दौरान इलाज हुई थी। अभी भी एक युवक एम्स अस्पताल में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है, उसकी पहचान भी नहीं हो पाई है। इसके अलावा ऑटो रिक्शा में बैठी पांच सवारी भी घायल हुई थी जो इलाज करा कर अपने घर चली गई हैं।

ऑटो चालक रजनीश शर्मा का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

लालगंज रायबरेली। सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुये ऑटो चालक रजनीश उर्फ मोनू पुत्र उमाशंकर शर्मा का शव पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही उसके घर महेश खेड़ा लालगंज पहुंचा ,परिवारी जनों में कोहराम मच गया। मृतक रजनीश की मां मीना शर्मा और बहन रजनी शर्मा का रो रो कर बुरा हालथा। वास्तव में रजनीश के पिता उमाशंकर की मौत 7 वर्ष पहले ही हो गई थी। अब रजनी शर्मा ही ऑटो चलाकर परिवार का पेट पाल रहा था। वही परिवार के इकलौते चिराग की मौत से भी शर्मा परिवार को सदमा पहुंचाहै। मां मीना अपने पुत्र रजनीश के शव से लिपट कर रो-रो कर कह रही थी, हम ना मर गएन पुतवा तुम कहां चले गए। बहन भी भाई-भाई कहकर चिल्ला रही थी और कह रही थी कि अब मैं किसके राखी बांधूंगी। हालांकि मौके पर मौजूद व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

डम्फर ने साइकिल सवार को रौंदा,मौके पर हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन रायबरेली। सड़को पर मौत बनकर दौड़ रही डम्फर ने एक मंगलवार एक और जिंदगी निगल ली है।साइकिल से दवा कराने जा रहे बुजुर्ग को अनियंत्रित डम्फर ने कुचल दिया है।जिससे मौके पर ही बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई।वही गाड़ी छोड़कर चालक भाग निकला।जबकि वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।दुर्घटना इतनी विभत्स थी कि बुजुर्ग का शव कई खण्ड में सड़क पर बिखरा पड़ा रहा।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जगतपुर से सलोन की तरफ जा रहे अनियंत्रित डम्फर ने दवा कराने जा रहे पूरे चमारन मजरे रेवली निवासी साइकिल सवार बुजुर्ग चौबे राम यादव(70) पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ यादव को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर कुचल दिया।जिससे मौके पर ही बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई।दुर्घटना इतनी भीषण थी कि शव के टुकड़े सड़क पर बिखरे पड़े थे।वही दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे डम्फर ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

जबकि चालक मौके से भाग निकला।वही घण्टो सलोन जगतपुर मार्ग जाम रहा।घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह का कहना है कि घटना की तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

28 घंटे पहले गायब बबलू की लोन नदी में लाश मिलने से मचा हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के सरैला गांव के सामने लोन नदी में मनरेगा मजदूर की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को लोन लेने से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बबलू पुत्र हरीशंकर की मौत प्रथम दृष्टया डूबने से लगती है। फिर भी मौत के सही कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा। वही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई दीपक की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दीपक ने लालगंज पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसका भाई बबलू सोमवार सुबह 6 बजे से गायब था। उसकी लाश लोन नदी में मिली है। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के सरैला मजरे मीठापुर गांव निवासी बबलू कुमार रैदास (33) पुत्र हरीशंकर मनरेगा में मजदूरी करता था और गांव में भी इधर-उधर मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता था।

सोमवार सुबह 6बजे वह घर से किसी के खेत में पानी लगाने की बात कह कर निकला था लेकिन जब वह शाम तक नहीं आया और उसका फोन भी स्विच ऑफ था तो घर वालों ने ढूंढना शुरू किया लेकिन खोज न पाने के चलते मंगलवार सुबह बबलू का भाई दीपक लालगंज कोतवाली पहुंचा और उसने मामले की सूचना प्रभारी निरीक्षक को दिया हालांकि तभी गांव से पता चल गया कि उसकी लाश लोन नदी के पानी में किनारे पतवार के नीचे पड़ी हुई है।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह दीपक को लेकर मौके पर पहुंचे और लोन नदी से लाश को बाहर निकलवाया। बबलू अपनी पत्नी रेनू देवी और पुत्री संध्या व दो पुत्र संजीत, समीर के साथ पिता से अलग रहता था। मनरेगा में काम करके परिवार की रोजी-रोटी चलाता था।उसकी मौत से परिवार बेसहारा हो गया है। बबलू की मौत से पूरा परिवार रो रो कर बेहाल था। वही पिता हरिशंकर ने अपने पुत्र की मौत को लेकर आशंका जताई है और कहा है कि उसकी हत्या हुई है।

कलिकाल में परमात्मा की शरण में जाने से ही पार होगा भवसागर: राजन जी महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। कलि काल में परमपिता परमात्मा की शरण में जाने से ही मानव रूपी आत्मा का कल्याण हो सकता है और भागवत कथा का श्रवण ही भवसागर पार करा सकता है, उक्त विचार भागवत कथा के दूसरे दिन कस्बे के गांधी चौराहा स्थित एफ्बी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित छतरपुर मध्य प्रदेश से पधारे कथा वाचक अवधूत राजन जी महाराज ने व्यक्त किया है। भागवताचार्य ने व्यास गद्दी से भक्तों को भगवान की भक्ति में समर्पित हो जाने का आह्वान किया और कहा कि नारायण से कुछ मांगने की बजाय उनमें ही लीन हो जाना चाहिए। परमात्मा से विनय करना चाहिए कि हमें तो केवल आप ही और सिर्फ आप

का स्नेह चाहिए, भगवान के स्नेह की तुलना उन्होंने महाभारत युद्ध के एक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अर्जुन और दुर्योधन महाभारत के युद्ध मे सहायता के लिए उनकी शरण में गए तो दुर्योधन ने उनकी नारायणी सेना मांगी लेकिन अर्जुन ने भगवान को ही मांग लिया और अंत में जिस तरफ भगवान रहे उन्ही पांडवों की महाभारत में विजय हुई । कथावाचक राजन जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा और श्री राम कथा का आयोजन अवश्य कराना चाहिए। शुभ कार्यों को जल्द करना चाहिए और जिन कार्यों से समाज का भला न हो उन कार्यों को सदा टालते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जब सब दुखी हैं तो संसार में सुखी वही है जिसके जीवन में संतोष है और जिसका मन परमात्मा में लीन हो गया है। इस संसार रूपी समाज में केवल माता और गुरु ही से निष्काम फल की इच्छा रखनी चाहिए इसलिए संसार के बजाय भगवान जगदीश्वर की शरण में जाकर के उनसे आशा करनी चाहिए। व्यास गद्दी से संसार के लोगों से आशा न किया करना, जब कोई ना हो अपना तो प्रभु नाम लिया करना भजन गाकर भागवताचार्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भागवत कथा के मंच पर यजमान के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती उपासना सिंह बड़े ही भक्ति भाव से मौजूद रही ।इसके अलावा पूर्व विधायक अशोक सिंह, चक्रपाणि त्रिवेदी, सारंग पाणि त्रिवेदी, सुनील सिंह, विक्रमजीत सिंह, विनीत त्रिवेदी, कल्लू बाजपेई, देवी कुमार गुप्ता, राकेश सिंह ,अवधेश ,आशुतोष शुक्ला, नवनीत त्रिवेदी, अमित सिंह, मोहन पांडे कृपा शंकर गुप्ता ,आशुतोष शुक्ला,शिवसागर निर्मल आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर डा0 अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर किया गया अनिश्चित कालीन कर्मिक अनसन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। बौद्ध अनुयायियों के संयुक्त तत्वाधान में भिक्खु संघ, भिक्खु कमलशील, भन्ते धम्मपाल, भन्ते जितेन्द्र वर्धन के नेतृत्व में डा0 भीमराव अम्बेडकर बुद्धविहार समिति के पदाधिकारीगणों नें महाबोधि महाबिहार बोधगया मंदिर को अबौधों (हिन्दू ब्राम्हण महंतों) से मुक्त कराये जाने एवं बी0टी0एम0सी0 एक्ट बोधगया मंदिर अधिनियम-1949 को निरस्त किये जाने हेतु चल रहे महाबोधि महाबिहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एवं उसके निस्तारण किये जाने को लेकर डा0 अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर किया। अनिश्चित कालीन कर्मिक अनसन उक्त मांगों को लेकर देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदय, मा0 प्रधानमंत्री महोदय, बिहार प्रांत के महामहिम राज्यपाल महोदय, मा0 मुख्यमंत्री महोदय को सम्बोधित मांग पत्र द्वारा जिलाधिकारी महोदय रायबरेली को सौंपा ज्ञापन। कर्मिक अनसन की अध्यक्षता बुद्धविहार के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बौध एवं संचालन धम्म अनुयायी राजेश कुरील नें किया। कर्मिक अनसन का नेतृत्व कर रहे भिक्खु कमलशील ने कहा कि सन् 1949 में सरकार महाबोधि महाविहार के संचालन के लिए नौ सदस्यी बी0टी0एम0सी0 एक्ट (महाबोधि महावीर प्रबन्धन समिति अधिनियम) पारित कर समिति बनायी जिसमें चार बौध चार ब्राम्हण रखे पांचवा पदेनु सदस्य जिलाधिकारी को बनाया था जो हिन्दू ही होता है अगर जिलाधिकारी हिन्दू नहीं है तो किसी अन्य हिन्दू (ब्राम्हण) को उसकी जगह रखा जाता है ब्राम्हणों की संख्या अधिक होने के कारण यह समिति मनमानी करती है महाविहार में देवी देवताओं की मूर्ति रख दी गयी है पिंडदान और अन्य कर्मकाण्ड मंदिर/विहार परिसर में करते हैं जो संविधान का उल्लंघन है लम्बे समय से बौद्ध भिक्खु, बौद्ध अनुयायी महाविहार को मुक्त कराने एवं बी0टी0एम0सी0 एक्ट को निरस्त कराने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं सरकार न्याय देने के बजाय आंदोलन का दमन करने का प्रयास कर रही है जब तक केन्द्र व राज्य की सरकार हम बौद्धों को महाविहार नहीं सौंपती और उसका निस्तारण नहीं करती तब तक यह अनिश्चितकालीन कर्मिक अनसन चलता रहेगा समय आने पर हम लोग आमरण अनसन के लिए बाध्य होंगे। कर्मिक अनसन को राम औतार गौतम, विमल किशोर सबरा, सत्तेश गौतम, छोटे लाल गौतम, एस0एन0 मानू, इं0 वंश बहादुर यादव, हरिश्चन्द्र गौतम, डी0डी0 कुशवाहा, मास्टर दिलीप गौतम, संदीप कुमार, महादेव, श्रवण गौतम एडवोकेट, विजय भीम आदि दर्जनों लोगों ने समर्थन किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय हथनासा में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

सरेनी रायबरेली। सरेनी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय हथनासा में शारदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी की अध्यक्षता में बालक एवं बालिका वर्ग की दौड़, कबड्डी, रस्साकशी और म्युजिकल चेयर प्रतिस्पर्द्धा के आयोजन सम्पन्न हुए। वर्ष पर्यंत सर्वाधिक उपस्थित और स्कूल के हितार्थ समर्पित छात्र शिव प्रसाद को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में संध्या और बालक वर्ग में अर्जुन तथा म्यूजिकल चेयर प्रतिस्पर्धा में अभिभावक कशिश विजेता रही।विद्यालय के प्रधानाध्यापक और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडलीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य निर्माण एवं शिक्षा के उन्नयन व संवर्धन में शिक्षकों की महती भूमिका को रेखांकित किया। इस भव्य कार्यक्रम में स्कूल की अध्यापिका रीता गुप्ता, जूनियर संघ के जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दादा उपेन्द्र बाजपेयी, सरेनी ब्लॉक के अध्यक्ष अंशुमान मिश्र, प्राथमिक संघ के अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, ब्लॉक के जूनियर संघ के पूर्व अध्यक्ष देवदत्त यादव, एआरपी यज्ञ दत्त शुक्ल और आनंद तिवारी एवं रेफरी की भूमिका निर्वहन कर रहे राघवेंद्र सिंह और हरि शंकर दीक्षित जी एवं सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

पुस्तक मेला में लगा स्वास्थ्य शिविर, पोषण किट बांटी

क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए किया गया आयोजन

रायबरेली। फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज सभागार परिसर में पुस्तक मेले के दौरान एक अनोखी पहल का आयोजन किया गया। पुस्तक मेला समिति ने निश्चय मित्र बनकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ सजा बिरला और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी अपनी भूमिका निभाई।शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया गया था। क्षयरोग विभाग के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में निरूक्षय स्वास्थ्य शिविर एवं अंगीकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा के दिशा निर्देशन पर चल रहे 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत इस शिविर में 100 लोगों की बीपी और 56 लोगों की शुगर जांच की गई। इसके अलावा करीब 50 लोगों की बलगम जांच भी की गई।इस शिविर में उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक, बिरला कॉरपोरेशन और पुस्तक मेला समिति ने भी अपना सहयोग दिया। इन संगठनों ने 21 मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने हेतु 2025 तक टीबी को जड़ मूल से भारत से समाप्त कर देना है। इसके लिए जन भागेदारी जरूरी है, और इसी क्रम में जिला क्षयरोग विभाग डॉ अनुपम सिंह के सहयोग से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं एम पी बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड इस मुहिम को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करेंगे।

बालिकाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट व महिला के कानूनों हेतु किया गया जागरूक

बेटियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सबको मिलकर करना चाहिए प्रयासः प्रज्ञा द्विवेदी

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर कंपोजिट विद्यालय भुएमऊ में पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट एवं महिला केन्द्रित कानूनों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी/तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर पर तहसीलदार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल बेटियों के अधिकारों की रक्षा करने में मदद करता है, बल्कि समाज में उनकी स्थिति को भी सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बेटियां बेटों से कम नही है बेटियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास कराना चाहिए जिससे बेटियां पढ़कर आगे बढ़ सके। साइको काउसल्र रोमा परवीन द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल द्वारा बताया कि महिला कल्याण संचालित योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, महिला हेल्पलाइन नं0 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर आदि जानकारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित बालिकाओं को बताया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत डेरवा बाजार, जनपद-प्रतापगढ़

पत्रांक : 585/न0पं0डे0बा0/2024–25 दिनांक 04.03.2025

उपविधि

नगर पंचायत डेरवा बाजार जनपद प्रतापगढ़ में उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) के शीर्षक (ए) (बी) (सी) तथा जे०डी० एवं धारा 212क के अधीन अधिकारों का प्रयोग करके अपनी सीमा के बाहर 5 किलोमीटर की परिधि में भवन निर्माण उपविधि बनाई है। जिसका नगर पंचायत डेरवा बाजार बोर्ड प्रस्ताव संख्या–06 दिनांक–12.08.2024 के आलोक्य में तैयार उपरोक्त उपविधि दर या अन्य सम्बन्ध में सूचना का प्रकाशन दिनांक–18 01.2025 को भवन निर्माण उपविधि का प्रकाशन हुआ था जिसमें सम्बन्धित व्यक्ति अपनी आपत्ति सुझाव नगर पंचायत डेरवा बाजार के कार्यालय में प्रकाशन की तिथि से 21 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है जिसका नियमानुसार निस्तारण किया जायेगा परन्तु 21 दिन के बाद प्राप्त आपत्ति सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा नियत तिथि तक कोई सुझाव/आपत्ति कार्यालय में किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। पूर्व में प्रकाशित भवन निर्माण उपविधि को प्रभावी किये जाने के दृष्टिगत अन्तिम प्रकाशन की जाती है तथा नगर पंचायत डेरवा बाजार (प्रतापगढ) उपविधि राजपत्र में प्रकाशन तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

1– संक्षिप्त नाम व विस्तार (1) यह उपविधि भवन एवं प्रोजेक्शन उपविधि, 2019, नगर पंचायत डेरवा बाजार, जनपद प्रतापगढ़ कहलायेगी।

(2) यह उपविधि उ०प्र० सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

1) 'भवन निर्माण' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर होने वाले किसी भी भवन के नये निर्माण, पुनर्निर्णाण वर्तमान भवन में परिवर्तन आदि से है तथा नगर पंचायत की सीमा के 5 कि०मी० बाहर तक लागू रहेगी।

(2) 'प्रोजेक्षन' से तात्पर्य नगर पंचायत की सीमा के अन्दर सार्वजानिक एवं सरकारी सड़क या नाली के ऊपर छज्जा या चबूतरा आदि के निर्माण से है।

(3) 'अधिशासी अधिकारी' से तात्पर्य नगर पंचायत में नियुक्त अधिशासी अधिकारी से है।

3–(1) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के किसी भवन या उसके किसी स्थान में निर्माण, पुर्निर्माण या उसमें सारवान परिवर्तन अथवा बड़ा करने के अभिप्राय से अथवा छज्जा या चबूतरा बनाने के अभिप्राय से व कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व आवेदक को धारा 178

(1) के अन्तर्गत नगर पंचायत को नोटिस देना होगा–

(क) प्रार्थी को स्वीकृति चाहने हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना होगा जो कि रू0 10.00 के कोर्ट फीस स्टाम्प पेपर पर होगा।

(ख) इस प्रार्थना–पत्र के साथ प्रार्थी को दो मानचित्र प्रस्तुत करने होंगे। इन मानचित्रों में प्रस्तावित मकान का पूर्ण विवरण दिया जा जावेगा तथा यह भी दर्षाया जावेगा। कि बनाने से पूर्व भूमि की क्या दषा है और भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

(ग) प्रार्थी इन मानचित्र के साथ एक प्रमाण–पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहाँ निर्माण कार्य करना चहता है उसकी अपनी है. उसका ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

(घ) प्रार्थना–पत्र में निर्माण का विवरण देते हुए वह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरवदल या ऊपरी भाग का पूर्ण नवनिर्माण करना चाहता है।

(च) जिस आर्किटेक्ट से नक्षा बनवायेगा, उसी से उस भवन का अनुमानित लागत का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेगा।

(छ) नक्शा ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिन्ट होंगे और दूसरा नक्शा जो नगर पंचायत डेरवा बाजार में रखा जायेगा, वह क्लाथ पेपर पर होगा। अन्य दस्तावेज जैसा पालिका अपेक्षा करें, जमा किया जायेगा।

(2) धारा 3(1) के अन्तर्गत दिये गये नोटिस के साथ नगर पंचायत के अवशेष करो एवं निश्चित किया गया शुल्क की रसीद लगाना अनिवार्य है इसके बिना नोटिस वैद्य नही होगा।

(3) भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत जारी न किये जाने की दशा में अदा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(4) नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार के अन्दर किसी भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या किसी भवन में या उसके किसी भाग में परिवर्तन या बढाने या प्रोजेक्षन के नोटिस के साथ मानचित्र या सूचनायें दो प्रतियों में दी जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सार्वजनिक सड़को तथा गलियों के सहनिकट दरवाजा या खिड़की खोलने के लिए मानचित्र की आवष्यकता नहीं है।

(5) प्रार्थना–पत्र के साथ प्रस्तावित स्थान का मानचित्र एक मीटर बराबर एक सेंटीमीटर के पैमाने से कम नहीं खींचा जायेगा और उसमें निम्नलिखित दर्शाया जायेगा।

(क) स्थल की सीमाये और उनकी माप सीमावर्ती भूमि जो उसके स्वमी की है।

(ख) भवन के सहनिकट की गलियों की चौडाई मौहल्लों का नाम, भवन की सीमायें प्रदर्षित होगी।

(ग) हर मंजिल का नक्शा शहर के सहनिकट खुलने वाले दरवाले तथा खिड़कियों आदि की स्थिति। (घ) नक्शो में नवीन निर्माण जिसके लिए प्रार्थना–पत्र दिया गया है लाल रंग से तथा पुराने भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

(च) भवन के पास सरकारी बिजली की लाइन की क्षैतिज दूरी स्पष्ट रूप से मानचित्र पर अकित की जायेगी।

4– निर्माण की स्वीकृति धारा 180 के अन्तर्गत की जायेगी। प्रत्येक स्वीकृति छः माह तक वैद्य होगी। किन्तु प्रार्थी द्वारा समय बढ़ाने के प्रार्थना–पत्र पर मूल स्वीकृति से दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

5– यदि निर्माण की स्वीकृति दी जाने के उपरान्त नगर पंचायत की किसी समय यह सतुष्टि हो जाये कि किसी गलत सूचना के आधार पर अनुमति ली गई है तो नगर पंचायत अनुमति रद्द कर सकती है। इस प्रकार की अनुमति के अन्तर्गत किया गया कोई कार्य बिना अनुमति किया माना जायेगा।

6– अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी तथा इनके द्वारा अधिकृत सदस्य या कर्मचारी किसी भी समय स्वीकृति चाहने वाले कार्यो का निरीक्षण कर सकता है।

7– भवन निर्माण हेतु दी गई स्वीकृति का प्रभाव धारा 184 के अनुसार होगी।

8– चलचित्र भवन बनाने की अनुमति जिलामजिस्ट्रेट द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात प्रदान की जायेगी।

9 भवन निर्माण हेतु नक्षे में प्रोजेक्शन एवं चबूतरे का विवरण स्पष्ट अंकित किया जायेगा। प्रोजेक्षन की स्वीकृति निम्न प्रतिबन्धों के साथ दी जायेगी।

(1) भवन के ऊपरा मंजिल से बालकनी, बरामदा, छज्जा या अन्य प्रक्षेप ऐसी सड़क के ऊपर नहीं बनाया जायेगा जिसकी चौड़ाई 12 फिट से कम हो।

(2) किसी भी प्रक्षेप की चौडाई 3 फिट से अधिक नहीं होगी किन्तु सडक के धरातलसे प्रक्षेप की ऊचाई 12 फिट से कम नहीं होगी।

(3) यदि प्रस्तावित प्रक्षेप से बिजली की लाइन तक पहुँच सकना सम्भव होगा तो प्रक्षेप की अनुमति न दी जायेगी। जब तक बिजली की लाइन में परिवर्तन न हो जाय।

(4) प्रत्येक प्रक्षेप के लिए शुल्क अलग–अलग लिया जायेगा। यदि एक ही भवन में दो या अधिक मजिलों पर प्रक्षेप बनत हैं तो शुल्क अलग–अलग लिया जायेगा।

10– अधिनियम की धारा 186 के अन्तर्गत निर्माण को रोकने तथा निर्माण किये गये भवन को गिराने का अधिकार इन उपविधियों में किसी बात के होते हुए भी होगा।

(1) इन उपविधियों की किसी बात से यह न समझा जायेगा कि वह सब सड़कों व नलियों के ऊपर अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों को हटाने के लिए नगपालिका अधिनियम की धारा 211 के द्वारा नगर पंचायत को प्रदत्त किसी अधिकार को कम करती है, भले ही ऐसे अतिक्रमण तथा प्रक्षेपों के लिए स्वीकृति दे दी हो।

11– प्रस्तुत मानचित्र पर अधिशासी अधिकारी द्वारा धारा 180 एवं धारा 298 शीर्षक 'क' के उपषीर्षक (ज) मे निहित प्रावधानों के सम्बन्ध में एवं निर्माण की रीति अभीवियों, विमनियों, नालियों शौचालयो, संडासों, मूत्रालयों और मलकूप की स्थिति, वायु के निर्वाध संचरण को सुनिश्चित करने, आगे लगने की रोकथाम के लिये भवन के चारों ओर छोडा जाने वाला स्थान, मंजिलों की संख्या अन्य ऐसे विषय जिससे सतायन या स्वच्छता पर प्रभाव पडता हो, भवन के बाहर ग्रीन एरिया के अनुपाल, रेनवाटर, हार्वेस्टिंग इत्यादि के सम्बन्ध में यथाषक्य विचार किया जायेगा।

विषेष ध्यान रखा जायेगा कि भवन में आगन या वाटिका के लिए कुछ भूमि खाली छोडों लाये खाली भूमि के क्षेत्र का निर्धारण मौके की स्थिति को ध्यान में रखकर किया जायेगा। तदुपरान्त मानचित्र हेतु स्वीकृत अध्यक्ष/अधिषासी अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी। 12–यदि मानचित्र अस्वीकृत किया जाता है तो पालिका द्वारा कारणों को दर्शाते हुए आपत्तियों को दुरुरत करने की अपेक्षा की जा सकती है। तदुपरान्त पनुः आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा। 13–आर्किटेक्ट के लिए रु० 10,000.00 (दस हजार रुपया) वार्षिक शुल्क लेकर लाईसेन्स दिया जा सकता है। लाइसेन्स की अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च होगी। लाईसेन्स जारी होने के उपरान्त अन्य आर्किटेक्ट से बनाया हुआ मानचित्र अवैध करार दिया जा सकता है–

(1) यदि कोई लाईसेन्स शुदा आर्किटेक्ट नहीं है तो नक्शा किसी भी योग्यता प्राप्त आर्किटेक्ट से बनवाया जा सकता है।

(2) आवेदक के मानचित्र को तैयार कराने का दायित्व नगर पंचायत का नहीं होगा। 14– किसी सड़क या भूमि के ऊपर अपनी जगह में कोई दरवाजा, खिड़की, नाली अनुमति लेकर ही बनायी जायेगी। 15– भवन का निर्माण किसी भी कारण से नगर पंचायत की नाली/नाले/सड़क को आच्छादित नहीं करेगा। (1) भवन के सामने के नाले को यथासम्भव लोहे का चलायमान जाल डालकर आवागमन योग्य किया जा सकता है, ताकि नाले/नालियों की सफाई में कोई बाधा न उत्पन्न हो। नाले/नालियों/सड़क के आच्छादन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,000.00 एवं अग्रेतर उल्लंघन की स्थित्ति में रु0 200.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। (2) कोई भी भवन निर्माण सरकारी सड़क से या नाली के बाहरी किनारे से 2 फुट भूमि को छोड़कर किया जाएगा तथा गलियो में 1 फुट भूमि छोड़कर निर्माण किया जायेगा। 16–भवन निर्माण कार्य आरम्भ करने पर भवन स्वामी द्वारा नगर पंचायत को यह सूचना दी जायेगी कि कार्य आरम्भ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा किये जाने का प्रमाण–पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा। यह प्रस्तावित भवन तब तक पूर्णरूपेण या अंशतया अध्यासित नहीं किया जायेगा, जब तक कि पालिका इस आष्य का प्रमाण–पत्र जारी न कर दे। 17– संदर्भित भवन का निर्माण अनुज्ञापित तकनीकी व्यक्ति के पर्यवेक्षण में कराया जायेगा। निर्माण निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता एवं विषिष्टियों के लिये आवेदक पूर्णरूपेण उत्तरदायी होगा। 18–कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सड़क या गली में पालिका की स्वीकृति के बिना नाली, फर्ष का निर्माण नहीं करेगा और न ही कोई फर्श या नाली तोडेगा या उसमें परिवर्तन करेगा। उल्लंघन की स्थिति में प्रथम अपराध के लिये रु0 2,00.00 प्रतिदिन का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। 19–कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सडक या गली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण नहीं करेगा। इसके लिए नियमानुसार कार्य आरम्भ करने से पूर्व अधिषासी अधिकारी को प्रार्थना–पत्र देकर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। स्वीकृति प्रदान करने के उपरान्त भी यदि पालिका को यह विष्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन निर्माण सामग्री का भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तोदी गई अनुमति समाप्त की जा सकती है। 20–भवन निर्माणकर्ता कार्य समाप्त कर सड़क पर पड़ा मैटरियल/मलवा आदि साफ कराएगा और गढ्ढे आदि भरवाएगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक या निजी सडक या गली/नाला/नाली में या किनारे पालिका की स्वीकृति के बिना भवन के मलबे का भण्डारण नहीं करेगा। यदि पालिका को यह विश्वास करने का कारण हो कि उक्त भवन के मलबे के सड़क/नाली/नाले में भण्डारण से यातायात या सार्वजनिक आवागमन/जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो पालिका उसे 24 घण्टे में हटाने की अपेक्षा व्यक्ति से कर सकती है और उल्लघन की स्थिति में अर्थदण्ड आरोपित कर सकती है। 21– यदि कोई निर्माण स्वीकृति प्राप्त किये बिना किया जाता है, तो अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वत संज्ञान लेने पर या आवेदक द्वारा निर्माण के पश्चात स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर यदि वह निर्माण इस उपविधि के अन्तर्गत दी गई शतों के अनुरूप बनाया गया है तो उसको स्वीकृति भी दी जा सकती है। ऐसी स्वीकृति के लिए निर्धारित शुल्क के अनिरिक्त 20 गुना अर्थदण्ड अधिषासी अधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार किया जा सकता है। 22–नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 212 (क) के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पचायत की सीमा के बाहर से 5 कि०मी० की दूरी तक समस्त भवन, मार्ग या नाली के निर्माण इस उपविधि से नियंत्रित या विनियमित होगे अर्थात यह उपविधि सीमा के बाहर 5 कि०मी० की दूरी तक प्रभावी होगी। 23–स्वीकृति के लिए निम्नलिखित शुल्क अग्रिम देय होगा।

अनुसूची

क्र0 सं0	स्वीकृत योग्य मदें	दरें रू0 में
1	मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना–पत्र का शुल्क	500.00
2	आवासीय भवन/कॉलोनी प्लान निर्माण/पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर	50.00 प्रति वर्ग मीटर
3	व्यवसायिक एवं आवासीय तथा केवल व्यवसायिक/वाणिज्यिक/व्यापारिक प्रतिष्ठानों के भवन/कॉलोनी प्लान के निर्माण/पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन के लिए दर	200.00 प्रति वर्ग मीटर
4	बहुमंजिला आवासीय बिल्डग काम्प्लेक्स	500.00 प्रति वर्ग मीटर
5	बहुमंजिला व्यवसायिक बिल्डिंग काम्प्लेक्स	1000.00 प्रति वर्ग मीटर
6	खिडकी, दरवाजे, नाली आदि के निर्माण के लिए	500.00 प्रति
7	अवधि बढाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र का शुल्क	500.00
8	छज्जा, बालकनी, चबूतरा के लिए शुल्क	200.00 वर्ग मीटर
9	निर्माण सामग्री सार्वजनिक सड़क के किनारे रखने हेतु शुल्क (प्रति 50 वर्ग फिट पर)	प्रथम 2 दिन निःशुल्क अनिरिक्त प्रति 10 दिन रू0 1000.00
10	सडक व नालियों में भवन का जमा मलवा नगर पंचायत के कार्मियों द्वारा हटाने हेतु शुल्क	5000.00 एकमुश्त
11	मात्र दीवार निर्मित कराने हेतु	25.00 प्रति मीटर

नोट(1) प्रत्येक मंजिल का शुल्क अलग–अलग लिया जायेगा।

(2) दरो में प्रतिवर्ष 10 प्रतिषत की बढोत्तरी होगी जो वित्तीय वर्ष के प्रथम अप्रैल से लागू होगी। इन शुल्क गढ़ोत्तरी को पाँच वर्ष पश्चात लागू रखने के लिए नगर पंचायत पुनः विचार कर सकती है। (3) यदि कोई दुकान, रेस्टोरेन्ट या गोदाम किसी सामाजिक या धार्मिक सस्था के द्वारा बनायी जा रही है तो उसकी फीस, उपरोक्त दरों की 1/2 होगी। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरजाघर, धर्मशाला या अन्य कोई पूजा गृह जिसमें किराये आदि की व्यवस्था न हो वह निःशुल्क होगा। (4) भूमिगत तल की अनुमति सामान्यतया नहीं दी जायेगी। अनुमति विषेष परिस्थिति में प्रस्तावित भवन के आसपास के भवनों एवं सार्वजनिक सड़क/नाली की स्थिति को ध्यान में रखकर उपरोक्त भवन श्रेणियों की दरों के 4 गुना दर पर ही दी सकेगी।

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत डेरवा बाजार निर्देश देती है कि इस उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करने पर रु0 1000.00 तक अर्थदण्ड दिया जायेगा। यदि अपराध प्रथम दोष होने के दिनांक से निरंतर जारी रहा हो तो रु0 25.00 प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जायेगा।

लिपिक/टी०सी०
नगर पंचायत डेरवा बाजार,
प्रतापगढ़

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डेरवा बाजार,
प्रतापगढ़

(कुँवर बहादुर पटेल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डेरवा बाजार,
प्रतापगढ़

24 मार्च से होगी परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा

कक्षा एक की मौखिक व दो से पांच तक होगी लिखित व मौखिक परीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। परिषदीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक की शैक्षिक सत्र 2025 -26 की वार्षिक परीक्षा 24 से 28 मार्च तक होगी । मूल्यांकन का काम भी परीक्षा के साथ - साथ 29 मार्च को बच्चों की रिपोर्ट कार्ड दिए जाएंगे इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इसके लिए समय सारणी घोषित की गई है । कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा मौखिक होगी। जबकि दो से पांच तक के बच्चों के लिए लिखित और मौखिक दोनों तरह से परीक्षा देने होंगी । इसकी परीक्षा के लिए जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मांडल प्रश्न पत्र तैयार कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि प्रश्नपत्रों की छपाई कराकर 22 मार्च तक संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से विद्यालयों में पेपर भेज दिए जाएंगे।

कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 50-50 अंकों और चार व पांच मे लिखित व मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 70 और 30 अंकों का रहेगा। कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थियों की होगी लिखित परीक्षा कक्षा छह से आठवीं के विद्यार्थियों 50 अंकों की लिखित परीक्षा देगे । इसमें बहु विकल्पीय प्रथम दस अंक, अति लघु उत्तरीय प्रश्न दस अंक, लघु उत्तरीय प्रश्न बीस अंक व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दस अंक के होंगे।

वार्षिक परीक्षा में लिखित की अवधि दो घंटे होगी। व मौखिक परीक्षा की समयावधि प्रधानाध्यापक आवश्यकतानुसार निर्धारित करेंगे। कक्षा एक, दो तीन, चार, , छह, सात की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय के अध्यापकों की ओर से किया जाएगा। कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विकास खंड स्तर पर कराया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएगी । प्रथम पाली सुबह 9ः30 बजे से 11ः30 बजे तक तथा दूसरी पाली में परीक्षा 12ः30 से 2ः30 बजे तक होगी ।

शैक्षिक 2025 - 26 में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों की कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के समय सारणी की जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में आगामी 24 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा एक से पांचवीं तक की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा तथा कक्षा छह से आठ तक के छात्र - छात्राओं की बेसिक क्राफ्ट कला , कृषि विज्ञान एवं गृह शिल्प की परीक्षा होगी । दूसरी पाली में कक्षा छह से आठ तक की खेल व शारीरिक शिक्षा की परीक्षा होगी । इसी प्रकार 24 मार्च को कक्षा दो व तीन की गणित , कक्षा चार से छठ तक की हिंदी , कक्षा सात और आठ की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी ।

दूसरी पाली में कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों की संस्कृत व उर्दू विषय की परीक्षा होगी । 25 मार्च की प्रथम पाली में कक्षा तीन की हिंदी व कक्षा चार से आठ तक सामाजिक विषय तथा दूसरी पाली में कक्षा दो से आठवीं तक के अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी । 26 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा दो हिंदी , कक्षा तीन के छात्रों की सामाजिक विषय व कक्षा चार से आठवीं तक गणित विषय की परीक्षा होगी । दूसरी पाली में कक्षा तीन से आठवीं तक की कला एवं संगीत की परीक्षा कराई जाएगी । 27 मार्च को प्रथम पाली में तीन से पांचवी तक के कार्य अनुभव और नैतिक शिक्षा कक्षा कक्षा छह की विज्ञान विषय कक्षा सात व आठ का हिंदी विषय की परीक्षा होगी ।

उतरांव बाजार की गंदगी बनी पहंचान, चार साल बाद अंधूरी सफाई

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। तहसील के सैदाबाद ब्लॉक के उतरांव बाजार की पहंचान गंदगी से बन गई है। गांव के कुछ बस्तियों में 4 साल बाद सफाई कर्मी पहुंचा और नाली की अंधूरी सफाई कर गंदगी सड़क पर फेंक दिया। जिसको लेकर बस्ती के लोगों में नाराजगी ब्याप्त है। आपको बताते चले की सैदाबाद के गांवों में सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। ज्यादातर गांवों में सफाई कर्मी आते हैं प्रधान से मिलकर चले जाते हैं। ऐसा ही उतरांव बाजार में सफाई कर्मी के न आने से चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है। बाजार के बस्ती के लोगों ने आरोप लगाया कि 4 साल के बाद उनकी बस्ती में पहुंचा सफाई कर्मी बजबजाती नाली की अंधूरी सफाई करके गंदगी को सड़क पर करके चला गया।

सफाई कर्मी की इस हरकत से ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। बाजार के पूर्व बीडीसी मो0 असलम ने सफाई कर्मी की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

कुम्भ मेले में लगे स्वास्थ्य शिविर का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। महाकुंभ 2025 में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी एवं शिवम अक्षयवट मल्टिस्पेशिलिटी हास्पिटल का निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर अरैल क्षेत्र में निषाद राज मार्ग पर सेक्टर 24 में लगाया गया,जिसका शुभारंभ 13 जनवरी को खिचड़ी वितरण के साथ शुरू हुआ, पूरे माह दवा वितरण के साथ जरुरतमंदों को भोजन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई, 26 जनवरी को ध्वजा रोहण के साथ निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण का शिविर भी लगाया गया जिसमें डॉक्टर गोपाल द्वारा लगभग 250 लोगों का परीक्षण करके दवाऐं,एवं चश्मा वितरण किया गया, बसंत पंचमी पर भंडारे के साथ निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप लगाया गया जिसमें डॉक्टर आनंद पांडेय द्वारा लगभग 150 लोगों का परीक्षण करके उचित परामर्श दिया गया, 26 फरवरी को संस्था एवं अस्पताल द्वारा वृहद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न आश्रमों के छात्रों को पुस्तक एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया शिविर के समापन पर संस्था द्वारा जरूरतमंद लगभग 200 बच्चों को शिक्षासामग्री उपलब्ध कराई गई एवं उनका शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया, इस मौके पर डॉक्टर एके राय ने बताया कि हॉस्पिटल बिगड़ 23 वर्षों से लगातार शिविर का आयोजन कर रहा है एवं आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रयासरत रहेगा, समिति की सचिव डॉक्टर नम्रता राय ने बताया कि जब समिति बनाई गई थी तब हमारा लक्ष्य था जरूरतमंदों की सहायता एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना समाज को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना समिति का लक्ष्य है और आगे भी हम इसी प्रकार करने का प्रयास करते रहेंगे फार्मासिस्ट अजय उपाध्याय एवं आकाश शर्मा ने पूरे माह दवा वितरण की जिम्मेदारी निभाई,डॉ आनंद पांडे ने शिविर संचालन का दायित्व पूरे मेले में निभाया जिससे 24 घंटे की सुविधा उपलब्ध हो सके, हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ रजनीश, धीरेंद्र, वीरेंद्र ने भी अपना अपना सहयोग दिया अंत में डॉ नम्रता राय एवं डॉक्टर ए के राय ने सभी का धन्यवाद दिया।

सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा, लोग परेशान

लेड़ियारी(प्रयागराज)। सार्वजनिक स्थान पर हो रहे कब्जे को लेकर ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इससे गांव में कोई मांगलिक कार्य होने पर हर किसी विशेष परिस्थितियों पर तालाबों पर जाकर कार्य किया करते हैं। लेकिन शिकायत के बावजूद तहसील के अधिकारी मुख बने हुए हैं।

बताया जाता है कि लेड़ियारी एक दशक पूर्व मनरेगा द्वारा तालाबों की खुदाई की गई थी। इसके लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर रही है । वही दबंगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है । स्टेट राजमार्ग पर स्थित लेड़ियारी के दोनों तरफ है। लेकिन तालाब को पाटकर कोई गोमती तो कुछ लोग भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जाता है कि विकास खंड कोरांव में बिना पैमाइश के ही तालाब खोदाई की गई थी । तहसील के अधिकारियों की मिली भगत से तालाबों पर कब्जा जोरों पर चल रहा है । तहसील दिवस पर कई बार प्रार्थना पर देने के बावजूद भी आज तक इस और ध्यान न देने से सार्वजनिक स्थानों में जोरों पर कब्जा बना हुआ है । बताया जाता है कि उसरी , लेड़ियारी , देईबाध , जानकीतारा , चैलारी , करपिया, नीबी , बघोल, बहरैचा , खीरी गोबरा , पुरादत्तु खपटिहा , कोलसरा , पथरपुर , आदि तालाबों को बिना पैमाइश के ही कार्य प्रारंभ किया गया था। जबकि यहां पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा है । इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर दीवानी का मुकदमा भी काम है । लेकिन गांव के जनप्रतिनिधि के मिलीभगत पर कब्जा नहीं हटाने दे रहे हैं । इतना ही नहीं लेड़ियारी में 44 बीघा सात विश्वा गांव सभा की भूमि पर कब्जा बना हुआ है। विकास खंड कोरांव के कई तालाबों स्थानों कब्जा हो चुका है । लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है । कहीं तालाबों के किनारे मकान बन गए हैं । लोग खेती भी कर करने लगे हैं । नीबी ग्राम पंचायत में 36 संख्या बना तालाब में कब्जे की चपेट में है । इसके कारण जल संरक्षक तो हो ही नहीं पता । साथ ही मवेशियों को पानी के लिए भी दिक्कत होती है । इसके अलावा बाजारों में शौचालयों अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है ।

सरसों की फसल देख किसानों के चेहरे खिले

लेड़ियारी(प्रयागराज)। इस समय क्षेत्र में सरसों की फसल तैयार है । किसान सरसों को कटाई में परिजनों के साथ जुटे हुए हैं। ऐसे किसानों ने सरसों की अच्छी किस्म की बुवाई की थी । अब ठंड कम पड़ने के कारण सरसों की फसल में रोग नहीं लगा । जिसके चलते सरसों की फसल में उत्पादन बहुत ही अच्छा रहा । जिससे किसान अपनी फसल को देखकर प्रफुल्लित है । बहरैचा के किसान शंकर दयाल तिवारी , विजय कुमार भूतिया , बबलू भूतिया , बुध्दिसेन आदि कहना है कि प्याज की बुवाई के समय प्याज कीमत चमार पर थी । जिसके चलते उन लोगों ने प्याज की फसल कम रकबा में लगाई तथा उसके एवज में अन्य खेतों में सरसों की अच्छी किस्म की फसल भी तैयार की । जिसका परिणाम बहुत ही सुखद रहा । किसानों ने बताया कि उत्पादित सरसों में एक बीघे की खेती करने पर लगभग पांच से छह कुंतल सरसों प्राप्त हुई है । जिसकी लागत लगभग चार चार आई थी अनुमान है कि एक बीघे में तैयार सरसों की फसल में लगभग 20 से 25 हजार रूपये का फायदा मिल जाएगा। इसी प्रकार लेडियारी के विष्णु प्रताप सिंह , नीबी गांव निवासी सुरंजन बिंद पधारी गांव के के किसान राम लोचन सिंह, गड़री गांव के गुलाब दत्त तिवारी , कैथवल के विनोद कुमार दुबे , सुशील कुमार सिंह , राजेंद्र प्रसाद केशरी , बघोल के मदन प्रताप सिंह , सुरेश सिंह , रणधीर सिंह , तेज़ बहादुर सिंह, आशुतोष द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद केसरी ने बताया कि प्याज की अपेक्षा सरसों में उन सबको ज्यादा फायदा प्राप्त हुआ है । प्याज को भी उन लोगों को रखने में इस उम्मीद में रखा गया है कि शायद आने वाले दिनों के फायदा मिल जाएगा।सरसों में तत्कालीन लाभ को देखते हुए अच्छी कीमत प्राप्त होने से उन सब का प्याज में हुआ घटा सरसों से पूरा हो जाने उन्हें तसल्ली है ।

सिंचाई के अभाव में बर्बादी के कगार पर पहुंची प्याज की खेती

लेड़ियारी (प्रयागराज)। क्षेत्र में पानी की किल्लत अब धीरे-धीरे विकराल रूप धारण करती जा रही है। एक तरफ पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। तो वही दूसरी तरफ एक दो बार की सिंचाई के अभाव में खेतों में खड़ी प्याज की फसल भी बर्बाद होने के कगार पर है। क्षेत्रीय किसान आशुतोष कुमार द्विवेदी ,संतोष कुमार द्विवेदी, श्याम नारायण बिंद , गुलाब कली , फूल कुमारी, दीनबंधु बिंद , शंकर दयाल तिवारी , विनोद कुमार दुबे , धनराजी देवी आदि ने बताया कि सिंचाई के लिए नहरों में पानी न दिए जाने के कारण प्याज की खेती बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है । जिससे किसानों द्वारा की गई मेहनत व लागत नष्ट हो जाएगी। एक तरफ शासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि सिंचाई की आय में इजाफा किया जाए । तो दुगनी तरफ यदि किसानों के द्वारा आय में इजाफा करने की नीयत से गेहूं , धान से इतर फसल का उत्पादन करने हेतु प्रयास किया गया । तो मुंह की खानी पड़ेगी है।नहरों से सटे हुए खेत सटे हुए दर्जनों गांवों के किसान द्वारा सैकड़ों बीघे में प्याज की खेती की गई है।

दहेज को लेकर विवाहिता का हो रहा है उत्पीड़न

पिता, पुत्री ने मिल कर पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव(प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के सिरहिर(भगवान पुर) निवासी सुभाष चन्द्र और उनकी पुत्री सुनीता कुमारी का ससुराल वालों के द्वारा दहेज कम मिलने के कारण उत्पीड़न किया जा रहा है। उक्त ग्राम के सुभाष चन्द्र ने अपने पुत्री सुनीता कुमारी के साथ 28 फरवरी को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पुत्री सुनीता कुमारी की शादी 18 अप्रैल 2024 को कोरांव थाना क्षेत्र के कुकरहटा ग्राम के एक युवक से हुई थी। शादी में सुनीता कुमारी के पिता सुभाष चन्द्र ने अपने सामर्थ्य के अनुसार भरपूर दहेज के रुप में जेवरात,नकदी पांच लाख रुपए मिलाकर नौ लाख रुपए का सामान आदि दिया था। इसके बाद भी 22 फरवरी को नौ बजे उसकी पुत्री सुनीता कुमारी को श्वसुर,सास,बेटा,ननद समस्त स्त्री धन(जेवरात व कपड़े) छीन कर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए कहा कि अपने बाप से और अधिक दहेज में रुपए मंगवाओ कहकर घर से निकाल दिया।

सुनीता कुमारी और उसके पिता सुभाष चन्द्र की प्रार्थना पत्र पुलिस कमिश्नर प्रयागराज ने महिला थाना प्रभारी सिविल लाइन को कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

ट्रैक्टर से कुचल कर युवती की मौत, भतीजा घायल

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। अपने भतीजे को साथ लेकर बाइक से निमंत्रण में जा रही महिला की रास्ते में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई।जबकि भतीजा घायल हो गया। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर बघला मार्ग पर अमिलिहाई गांव के पास की है।

लालापुर थाना क्षेत्र के सिरवैया गांव की सविता सिंह (45) पत्नी राजेंद्र सिंह अपने जेठ के लड़के अंशुमान सिंह के साथ मोटर साइकिल से पढ़ैया गांव रिश्तेदारी में जा रही थी। वह जैसे ही अमिलिहाई गांव के पास पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार सिल्का सैण्ड लदे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे सविता ट्रैक्टर के नीचे आ गई तथा ट्रैक्टर का पहिया उसके सिर पर चढ़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अंशुमान छिटक कर दूर गिर गया तथा घायल हो गया। जबकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर

भाग गया। अंशुमान ने घटना की जानकारी अपने भाई विनोद को दी। वह तुरंत मौके पर आकर ट्रैक्टर को रोका तब तक ट्रैक्टर मालिक अपने दो-तीन साथियों के साथ आया तथा विनोद से मारपीट कर जबरदस्ती ट्रैक्टर को उठा ले गया। घटना की जानकारी शंकरगढ़ पुलिस को होने पर वह तत्काल मौके पर जाकर लाश तथा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले आई । जहां घायल अंशुमान का इलाज चल रहा है तथा मृतका का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।सविता के पति राजेन्द्र सिंह ने ट्रैक्टर चालक तथा मारपीट करने वालों के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दी है । इस संबंध में थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश का कहना है कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर सभी के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी तथा ट्रैक्टर को थाने लाया जाएगा। मृतका के कोई बच्चे नहीं थे। सविता की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

विपत्ति के साथी तो श्री हरि ही हैं-आचार्य धर्म नारायण महाराज

नैनी(प्रयागराज)। नई बाजार त्रिमुखी हनुमान मंदिर परिसर मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहा कि विपत्ति से उबारने की क्षमता तो सिर्फ श्री हरि में है। जब गजेंद्र को ग्राह ने जकड़ लिया तो उसके परिवार एवं साथियों ने बहुत समय तक गजेंद्र को ग्राह के चंगुल से छुड़ाने की कोशिश की किंतु असफल होने पर एक-एक कर सब चले गए तब गजेंद्र ने व्याकुल होकर श्री हरि को पुकारा और श्री हरि ने बिना देर किए तत्काल ग्राह का वध कर गजेंद्र को मुक्त किया। यही हाल मनुष्य का है। विपत्ति का हरण तो श्री हरि ही कर सकते हैं।

संसार के वास्तविक स्वरूप का परिचय कराते हुए महाराज श्री ने कहा कि संसार दुःखालय हैं। इससे सुख की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सुख तो सिर्फ बांके बिहारी के चरणों में है। कथा के यजमान मंगरु लाल केसरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने भागवत भगवान की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक श्री हीरालाल, श्रीमती जानकी देवी, श्री बसंत लाल, नंद किशोर, गौरव, उज्जवल, सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल आदि उपस्थित रहे।

टीम संयोजन से खिलेगा मेजा क्षेत्र में कमल-राजू भैया

करछना विधायक से मिलकर जीत की रणनीति पर किया मन्थन

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। प्रदेश के आम चुनाव भले ही 2027 में प्रस्तावित है लेकिन विभिन्न क्षेत्र के दावेदारों ने संभावनाओं को तलाशना शुरू कर दिया है।मेजा क्षेत्र के भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल राजू भैया ने प्रदेश में चल रहे वजट सत्र के बीच लखनऊ पहुंचकर करछना विधायक के साथ राजनीतिक चर्चा और मन्थन किया है। श्री शुक्ल ने कहा कि मेजा में फिर कमल खिलाने के लिए नए सिरे से रणनीति पर कार्य किया जाएगा।

प्रदेश के बीते विधानसभा आम चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर प्रदेश में सरकार बना ली लेकिन मेजा क्षेत्र में सपा के संदीप पटेल ने अप्रत्याशित जीत कर सबको चौंका दिया था।ब्राह्मण बहुल इस सीट पर भाजपा की हार पर बहुत हाय तौबा मचा था लेकिन टीम संयोजन की कमी से हुई हार से पार्टी सबक लेते हुए इस बार पूरी ताकत से चुनाव मैदान में होगी। इसके लिए अभी से चिंतन और मन्थन शुरू किया गया है। क्षेत्र के नेता इन्द्रदेव शुक्ल ने करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद से मिलकर आने वाले चुनाव में जीत के लिए चर्चा की है।क्षेत्र में जनसेवक के रूप में चर्चित भाजपा नेता राजू भैया ने कहा कि मेजा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिलाने के लिए नए सिरे से बूथ संयोजन करना होगा। प्रत्येक बूथ को जिताऊ बनाने के लिए युवा टीम को समय पूर्व सक्रिय करना होगा। इसके लिए संगठन के गठन प्रक्रिया के बाद विधान सभा स्तर पर अभियान शुरू किया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक मण्डल स्तर पर कार्यकर्ता बैठक कर और राय को शामिल कर आगे बढ़ने की जरूरत है जिससे पार्टी की जमीनी पकड़ मजबूत हो सके। इस बार पार्टी मेजा क्षेत्र में किसे चेहरा बनाएगी यह अलग विषय है लेकिन दोबारा कमल खिलाने के लिए एक नई शुरुआत करनी होगी जिसमे पुराने और नए कार्यकर्ताओं का संयोजन जरूरी है।

102 व 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

बहरिया। विकास खण्ड बहरिया क्षेत्र के बीरापुर, कमलानगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के 102 व 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किया गया प्रशिक्षित । उक्त प्रशिक्षण में मण्डल स्तर के एम्बुलेंस कर्मचारी भदोही, जौनपुर, मिर्जापुर, प्रयागराज से शामिल रहे । संजीव शुक्ला, राहुल शर्मा लखनऊ ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण में बताया कि किसी भी घटना में घायलों को कैसे त्वरित सुरक्षा प्रदान की जा सकती है और प्राथमिक उपचार तथा सही उपकरण का कैसे सही प्रयोग करके लोगों की जान बचायी जा सकती है।

स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिये सभी मरीजों को अच्छी सुविधा मुहैया कराना स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की जिम्मेदारी है ।

संचित पुण्यों से ही पूरा होता है श्रीमद्भागवत संकल्प-राघव महाराज

प्रभु नाम जाप से ही भवपार हो सकता है प्राणी, चांद खम्हरिया में चल रहा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के चांद खमरिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास राघव जी महराज ने कहा कि भव पार के लिए तारनहार की शरण लेनी होगी।प्रभु नाम बिना जीव का मोक्ष व भव पार करना सम्भव नही है।श्रीमद्भागवत कथा संकल्प संचित पुण्यों की वजह से ही पूरा हो सकता है।क्षेत्र के चाँद खमरिया में आयोजक अंजनी मिश्रा व वंशी धर मिश्रा, मुरलीधर मिश्रा व मुख्य यजमान गणेश प्रसाद मिश्रा व बृज कली मिश्रा के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है।आयोजक अंजनी मिश्र, वंशीधर मिश्र व मुरलीधर मिश्र ने बताया कि संगीतमय कथा में श्रोताओं की भारी भीड़ जुट रही है। आयोजन में कुलगुरु पं. जगदम्बा प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में चल रही कथा के छठे दिन कथा व्यास राघव जी महराज ने श्री कृष्ण बृज गमन, गोपी उद्धव संवाद व भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा को विस्तार दिया है।कथा पंडाल में जमा कथा प्रेमियों की भीड़ संगीतमय कथा में झूमती रही। श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह पर महिलाओं ने व्यास के साथ मंगलगीत गाकर पूरे माहौल को शादी के जश्न के रूप में तब्दील कर दिया। महिलाएँ शादी गीत पर झूमती नाचती रही। कथा में जिला पंचायत सदस्य कोरांव पिंटू चौबे, आदित्य प्रसाद शुक्ला, चंदन प्रसाद मिश्रा, अतुल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बिजली चोरी करने वालों ने टीम पर बोला धावा

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। विद्युत उप केन्द्र होलागढ़ की वसूली टीम पर मंगलवार को परसूपुर नारी (कोले) निवासी शिव गोपाल पटेल और उनके चार बेटों क्रमशः अखिलेश पटेल, कन्हैयालाल, सूरज पटेल और मिथिलेश पटेल ने मिलकर लाइनमैन विजय कुमार सरोज आदि को मारा पीटा और केबिल भी छीन ली। विजय कुमार सरोज और उनकी टीम ने थानाध्यक्ष और विभाग से मामले की लिखित शिकायत की है।

घर पहुंचा हादसे में मृत युवक का शव, कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। सोरांव-कल्याणपुर मार्ग के सरैया में सोमवार को दो बाइकों की टक्कर में मृत शशिकान्त विश्वकर्मा का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया। बता दें कि मृतक इकलौता था। जिसके दो माह का एक अबोध बेटा है। घर में मां, पिता, दो बहन और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। घर वालों ने बताया की वह किसी काम से साथी अमन के साथ बनारस जा रहा था। जिसे यूपी बोर्ड परीक्षा देने आ रहे तीन छात्रों ने बाइक से जोरदार टक्कर मार दी थी।

यूपी इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की भूमि आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाएगी योगी सरकार

● यूपीआईएमएलसी के अंतर्गत उन्नाव, हरदोई - संभल में लॉजिस्टिक एवं इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के अलॉटमेंट के लिए मांगे गए आवेदन

● उन्नाव में 11.36 हेक्टेयर, संभल व हरदोई में 1.2-1.2 हेक्टेयर से अधिक वर्गक्षेत्र के प्लॉट्स के लिए कर सकेंगे आवेदन

लखनऊ, (हि. स.)। योगी सरकार ने यूपी इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (यूपीआईएमएलसी) पर इंडस्ट्रियल यूनिट्स की स्थापना की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए अब उन्नाव, हरदोई व संभल में लॉजिस्टिक एवं इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के अलॉटमेंट के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत उन्नाव में 11.36 हेक्टेयर तथा संभल- हरदोई में 1.2, 1.2 हेक्टेयर से अधिक वर्गक्षेत्र के प्लॉट्स के लिए उद्यमी आवेदन कर सकेंगे।यूपीआईएमएलसी परियोजना के अंतर्गत यूपीडा अपने पांच एक्सप्रेस-वे के समीप औद्योगिक गलियारे विकसित कर रहा है। जिसके अंतर्गत स्ट्रैटेजिक लोकेशंस पर 29 आत्मनिर्भर एकीकृत विनिर्माण व लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसमें फ्रेट मूवमेंट के लिए अच्छी सड़क, रेल, हवाई संपर्क तथा उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करने के लिए सामाजिक बुनियादी ढांचे की सुविधा विकसित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 30 जिलों में 33 आईएमएलसी की स्थापना की जाएगी और इसी के फेज के अंतर्गत अब उन्नाव, संभल व हरदोई में लैंड अलॉटमेंट प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए इच्छुक आवेदनकर्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं।

जल्द ही अन्य क्लस्टर्स में भी प्लॉट अलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये प्लाट शानदार कनेक्टिविटी, 24 घंटे पावर सप्लाई, डेडिकेटेड वॉटर सप्लाई, ड्रेनेज व एसटीपी जैसी तमाम खूबियों से लैस हैं।राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उन्नाव, संभल और हरदोई के चिह्नित तीनों क्लस्टर्स गंगा एक्सप्रेसवे के समीप स्थित हैं। गंगा एक्सप्रेसवे से इनकी बेहतर कनेक्टिविटी को सुनिश्चित किया गया है। उन्नाव में कुल 135.26 हेक्टेयर एरिया में आईएमएलसी की स्थापना होनी है, जिसमें प्लाटों का बेसिक अलॉटमेंट रेट 5,010 प्रति स्क्वेयर मीटर रखा गया है। इस नोड की गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही लखनऊ-कानपुर हाइवे, सोनिक रेलवे स्टेशन, उन्नाव रेलवे स्टेशन तथा लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी है। वहीं, संभल में प्लॉट का बेसिक अलॉटमेंट रेट 4,640 प्रति स्क्वेयर मीटर निर्धारित किया गया है। यह गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही संभल-अनूपशहर रोड तथा कनेक्टिंग रोड के माध्यम से गजरौला हाइवे से भी जुड़ा होगा।

जबकि, हातिम सराय रेलवे स्टेशन से भी इसकी उत्तम कनेक्टिविटी होगी। इसी प्रकार, हरदोई स्थित क्लस्टर में बेसिक अलॉटमेंट रेट 3,105 रुपये प्रति स्क्वेयर मीटर रखा गया है। इस नोड की गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही फर्रुखाबाद-हरदोई स्टेट हाइवे, शाहबाद रेलवे स्टेशन तथा हरदोई रेलवे स्टेशन से उत्तम कनेक्टिविटी है।

आस्था और अर्थव्यवस्था का प्रतिमान बना महाकुम्भ

● समुद्र मंथन से अमृत के साथ ही निकली थीं समृद्धि की देवी महालक्ष्मी

● इसी नाते आस्था और अर्थव्यवस्था परस्पर पूरक रहे हैं, इस रिश्ते को योगी ने दिया नया आयाम

लखनऊ,(हि.स.)। गंगा सिर्फ एक नदी मात्र नहीं है। यह नदी के साथ एक इतिहास और संस्कृति भी है। यह जिस क्षेत्र से गुजरती है उसे हरा भरा कर देती है। यही वजह है कि विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं का यह पालना रही है। इसीलिए इसे जीवनदायिनी कहते हैं। आस्था की वजह से यह मोक्षदायिनी, पतित पावनी और पाप नाशिनी भी मानी जाती है। इन सारी खूबियों के अलावा गंगा का आर्थिक महत्व भी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंगा यात्रा से लेकर प्रयागराज महाकुम्भ तक कई बार कह चुके हैं कि गंगा सिर्फ आस्था नहीं अर्थव्यवस्था भी है। अब तो अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ भी इसे मानने लगे हैं। प्रयागराज महाकुम्भ में आए और यहां से काशी, अयोध्या, चित्रकूट, विंध्याचल और अन्य जगहों पर जाने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों की कुल संख्या और उनके द्वारा किए गए अनुमानित खर्च के आंकड़े तथा देश एवं प्रदेश की जीडीपी पर पड़ने वाले असर के आंकड़े अभी और आएंगे। महाकुम्भ के समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने भी कहा था कि यह आयोजन देश की सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक प्रगति का प्रतीक बन गया है।हाल ही में केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि महाकुम्भ से होटल, फूड और ट्रांसपोर्ट जैसे उद्योगों को खासा बल मिला। इस आयोजन में आए 50 से 60 करोड़ लोगों ने विभिन्न मदों में जो खर्च किया उसका प्रभावशाली असर चौथी तिमाही की जीडीपी में दिखेगा।दरअसल, आस्था और अर्थव्यवस्था एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हों भी क्यों नहीं, विष्णुपुराण में जिस समुद्र मंथन का जिक्र है, उसी से अमृत भी निकला और समृद्धि की देवी महालक्ष्मी भी निकली थीं। अमृत को असुरों से बचाने के लिए जब देवता अमृत कुंभ लेकर भागे, उस समय प्रयागराज, नासिक, उज्जैन और हरिद्वार में अमृत की कुछ बूंदे छलकी। इन सभी जगहों पर कुंभ और महाकुम्भ का आयोजन होता है। इसके नाते ये आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। पहले भी ऐसे आयोजनों से अर्थव्यवस्था को गति मिलती थी, लेकिन महाकुम्भ को लेकर सीएम योगी की पहल और निजी रुचि पर जिस तरह इसकी ब्रांडिंग की गई, वह आस्था और अर्थव्यवस्था के लिए मिसाल बन गई।

आकाश आनंद को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया करना चाहिए ज्वॉइन - रामदास आठवले

लखनऊ, (हि. स.)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने लखनऊ में पत्रकार वार्ता में कहा कि आकाश आनंद को जिसे बसपा की अध्यक्ष मायावती ने उत्तराधिकारी बनाया था। आकाश आनंद जो उनके भाई का लड़का है, उसे मायावती ने सभी दायित्व से मुक्त कर के पार्टी से निकाल दिया है। बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए आकाश आनंद को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ज्वॉइन करना चाहिए।रामदास आठवले ने कहा कि बसपा की मायावती ने बाबा साहब का नाम तो लिया, लेकिन उनके सिद्धांतों को अपनाया नहीं। बाबा साहब ने सभी को लेकर चलने का काम किया था। बसपा ने केवल एक जाति तक ही खुद को सीमित रखा। दूसरी जातियों का विरोध किया, तभी सर्वजन सुखाय का नारा दिया था। जिला पंचायत चुनाव में अपनी बात रखने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया चुनाव मैदान में उतरेगी। गांव-गांव तक अपनी पार्टी की पकड़ बनाने के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर रहा हूँ।

कुंभ नगरी प्रयागराज से लाया गया गंगाजल, आम आदमी समेत पुलिसकर्मियों ने उठाया लाभ

कानपुर,(हि.स.)। संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ में देश और दुनिया भर के करोड़ों श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस भव्य आयोजन का हिस्सा नही बन सके हैं। उनके लिए शासन के आदेश पर फायर ब्रिगेड और पुलिस द्वारा अनोखी पहल करते हुए फायर टेंडर में प्रयागराज से गंगाजल भरकर कानपुर लाया गया। इसके बाद मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों समेत शहर के आम लोगों को यह जल वितरित किया गया।पुलिस कर्मियों द्वारा फायर टेंडर को फूलों से सजाकर पुलिस लाइन लाया गया। जहां पर पहले से ही मौजूद श्रद्धालुओं में पवित्र गंगाजल पाने के लिए होड़ सी मच गई। पुलिसकर्मियों समेत तामम शहरवासियों ने गंगाजल प्राप्त किया। वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों समेत तमाम ऐसे आम लोग हैं जो किसी कारणवश कुंभ स्नान के लिए नहीं पहुंच सके हैं।

नहर में कार गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

बुलंदशहर, (हि.स.)। थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक कार नहर (रजवाहे) में गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक महिला की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार अमरोहा जनपद के नंगला नसीर निवासी निपेंद्र (40) अपनी पत्नी कौशल (39), कन्हैया (16), पवन की पुत्री वंशिका (16) और हर्ष कार से सोमवार को एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मंगलवार सुबह तड़के सभी लोग घर लौट रहे थे, तभी गुलावठी क्षेत्र में पितुबास नहर के मोड़ पर अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। कार सवार सभी लोग नहर के पानी में डूब गए। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन गहरी नहर होने के कारणसफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कन्हैया और वंशिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार सवार निपेंद्र, कौशल तथा हर्ष को जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान निपेंद्र और हर्ष ने भी दम तोड़ दिया। अस्पताल में महिला कौशल जिंदगी और मौत से जूझ रही है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि थाना गुलावटी कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

प्रभु का दर्शन कर मिलती है अलग ऊर्जा - हरदीप पुरी

अयोध्या, (हि.स.)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन कर पूजन किया । इसके बाद उन्होंने ब्रह्म कुंड गुरुद्वारा में मत्था टेका।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु राम का दर्शन कर अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं । भारत के अंदर बहुत घूमा, लेकिन प्रभु का दर्शन कर अलग ऊर्जा मिलती है । हमारे गुरु जी और गुरु गोविंद जी भी अयोध्या आए थे। जब सनातन धर्म खतरे में था तो गुरु गोविंद सिंह जी जैसे लोग आगे आए थे। अयोध्या में अच्छे से विकास हो रहा हैं, लेकिन अभी टाइम लगेगा। केन्द्रीय मंत्री ने इसके लिए पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी को धन्यवाद भी दियाकेन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ब्रह्म कुंड गुरुद्वारा की कायाकल्प बदली जाएगी। कुछ हम भी फंड की व्यवस्था करेंगे। आने वाले सालों में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर पहुंचेगी। जब पीएम मोदी बने थे प्रधानमंत्री तो अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी।

ट्रंप की घोषणा प्रभावी, कनाडा-मेक्सिको पर 25 फीसदी शुल्क लागू

वाशिंगटन, (हि.स.)। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसद शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा मंगलवार से प्रभावी हो गई। यह अमेरिका के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों को एक समान लाने के उद्देश्य से एक असाधारण कार्रवाई है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर होने का खतरा है।सीएनएन की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी तरह के चीनी आयात पर टैरिफ को 10 फीसद से दोगुना कर 20 फीसद कर दिया। यह शुल्क सैकड़ों अरबों चीनी सामानों पर मौजूदा टैरिफ के शीर्ष पर हैं।

टैरिफ के प्रभावी होने से कुछ समय पहले व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको को खतरनाक कार्टेल गतिविधि और अमेरिका में आने वाली घातक दवाओं की आमद को रोकने के लिए पर्याप्त अवसर दिया, लेकिन दोनों स्थिति को संभालने में विफल रहे।यह टैरिफ ऐसे समय पर लगाया गया है जब देश में मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों अमेरिकी पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका के व्यापार असंतुलन को भी समाप्त करना चाहते हैं और अधिकाधिक कारखानों को अमेरिका में स्थानांतरित करना चाहते हैं। उनकी टिप्पणियों ने अमेरिकी शेयर बाजार को झकझोर कर रख दिया, सोमवार दोपहर के कारोबार में एसएंडपी 500 इंडेक्स में दो प्रतिशत की गिरावट आई।इस मसले पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि कनाडा जवाबी कार्रवाई करते हुए 21 दिन की अवधि में 155 अरब अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर के सामानों पर शुल्क से होगी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने अमेरिका के निर्णय पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

पाकिस्तान के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने इमरान खान की जांच की

इस्लामाबाद,(हि.स.)। मुल्क के अपदस्थ प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक अध्यक्ष इमरान खान की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जांच की है। खान लंबे समय से रावलपिंडी सेंट्रल जेल (अदियाला जेल) में बंद हैं। उन्हें इस जेल में कड़ी सुरक्षा और निगरानी वाले सेल में रखा गया है।द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम सोमवार को इमरान खान की गहन चिकित्सा जांच के लिए पहुंची। टीम में कान, नाक और गला विशेषज्ञ शामिल थे। इमरान खान ने कुछ समय पहले कान में दर्द की शिकायत की थी।रिपोर्ट में रावलपिंडी सेंट्रल जेल के सूत्रों के हवाले से कहा गया कि विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने दवा और आवश्यक उपचार निर्धारित किया। चेकअप आधे घंटे से अधिक समय तक चला।

इसके बाद मेडिकल टीम जेल से चली गई। जेल अधिकारियों ने कहा कि पीटीआई अध्यक्ष की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इमरान खान की कानूनी टीम और पार्टी सदस्यों ने अपने नेता की सेहत को लेकर चिंता जताई है। समर्थकों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से राजनीतिक बंदियों के लिए पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी तरह की सैन्य सहायता रोकी

वाशिंगटन, (हि.स.)। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई तकरार का बड़ा परिणाम सामने आ गया। व्हाइट हाउस ने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जा रही सभी प्रकार की अमेरिकी सैन्य सहायता पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य सहायता के शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है।सीएनएन की खबर के अनुसार, पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने यह आदेश जारी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि उनका ध्यान शांति पर केंद्रित है। यूक्रेन को भी इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति के आदेश के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकी जा रही है।अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि इस फैसले का बड़ा असर यूक्रेन पर पड़ेगा। इससे यूक्रेन की युद्ध लड़ने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रतिबंध तब तक कायम रहेगा जब तक जेलेंस्की शांति वार्ता समझौते के लिए तैयार नहीं होते। हालांकि वाशिंगटन और कीव के बीच खुली दुश्मनी के बावजूद कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सहयोग करने का वादा किया है।सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने कहा कि यूक्रेन को तत्काल तो नहीं लेकिन इस रोक का प्रभाव दो से चार महीनों के भीतर महसूस होगा। यूरोपीय देशों की सहायता से कीव को अभी लड़ाई में बने रहने में मदद मिलेगी। आखिर में यूक्रेन को एक प्रतिकूल शांति समझौता स्वीकार करना ही होगा।

धार्मिक मामलों में मुसलमानों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार - मायावती

लखनऊ,(हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र और राज्य की सरकारों पर धार्मिक मामलों में मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार का करने का आरोप लगाया है।मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए। किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबन्दियां व छूट से सम्बंधित जो नियम-कानून हैं। उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे समाज में शान्ति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक, जो अति-चिन्तनीय। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें।

चीन ने 15 अमेरिकी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में शामिल किया

बीजिंग, (हि.स.)। चीन ने अमेरिका के नए टैरिफ का जवाब देते हुए उसकी 15 प्रमुख कंपनियों को तत्काल प्रभाव से निर्यात नियंत्रण सूची में शामिल किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय का यह फैसला मंगलवार से प्रभावी हो गया। इस सूची में अमेरिका की प्रमुख कंपनी लीडोस का नाम भी शामिल है।चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इन 15 अमेरिकी कंपनियों के दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं का निर्यात निषिद्ध कर दिया गया है। विशेष परिस्थितियों में निर्यातकों को पहले वाणिज्य मंत्रालय को एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इन 15 कंपनियों में लीडोस, गिब्स एंड कॉक्स, आईपी वीडियो मार्केट इंफो, शील्ड एआई, ग्रुप डब्ल्यू, जनरल एटॉमिक्स एरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स प्रमुख हैं।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह फैसला देश के प्रासंगिक कानूनों और विनियमों के अनुरूप राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा करने के साथ परमाणु अप्रसार और अन्य अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए लिया गया।ग्लोबल टाइम्स के अनुसार अमेरिका के इस कदम पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने वाशिंगटन से अपनी धमकाने वाली रणनीति को छोड़ने और सद्भावना वार्ता और सहयोग के लिए मेज पर लौटने का आग्रह किया है। लिन ने कहा कि अगर अमेरिका के इरादे कुछ और हैं और वह टैरिफ युद्ध, व्यापार युद्ध या किसी अन्य प्रकार का युद्ध छेड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, तो चीन उसी तरह से जवाब देगा।इस बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने घोषणा की है कि वह चीन से आयातित उत्पादों पर चार मार्च से अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। यह कदम इस साल फरवरी में चीन से आयातित उत्पादों पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ के बाद है।

बेगम खालिदा जिया के स्वास्थ्य में सुधार, जल्द लंदन से बांग्लादेश लौटने के आसार

लंदन, (हि.स.)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया लंदन से जल्द ही बांग्लादेश लौट सकती हैं। उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ है। बेगम खालिदा जिया फिलहाल लंदन में रह रहे अपने बेटे तारिक रहमान के आवास पर इलाज करवा रही हैं।ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार बेगम खालिदा जिया के चिकित्सक और बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य डॉ. एजेडएम जाहिद हुसैन ने यह टिप्पणी सोमवार को लंदन में जिया परिषद यूके की इफ्तार पार्टी के बाद पत्रकारों से बातचीत में की। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही बांग्लादेश लौट सकती हैं। उनकी शारीरिक स्थिति स्थिर है। डॉक्टर घर पर नियमित रूप से उनसे मिलते हैं और उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शारीरिक उपचार के अलावा लगभग सात वर्ष बाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहने के बाद बेगम जिया के मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है।

आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत, जीएसडीपी हुयी दो गुनी से अधिकः योगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुँच सकी जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है।

उन्होने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 02 लाख 56 हजार रुपये हुई थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 04 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यु सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुये कहा ÷ बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है लेकिन किसी को पता नहीं चलता लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो। लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कालेज बनें, हास्पिटल बनें तो सबको पता चले। हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुये थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। इसकी वजह डिजिटल बैंकिंग की आसान पहुंच, गांवों तक इंटरनेट, वित्तीय जागरूकता और उपकरणों की पर्याप्त संख्या है। उन्होने कहा कि बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनायें और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 09 करोड़ 08 लाख से अधिक लोगों को 01 लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है। योगी ने कहा कि उनकी सरकार निवेश को आकर्षित करने में सफल रही है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की बात करें तो अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3,303 करोड़ रूपये एफडीआई आया था वहीं अप्रैल, 2017 से सितम्बर, 2024 तक 14 हजार 8 करोड़ रूपये से अधिक एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। वहीं सीडी रेशियो 2016-17 में मात्र 46 प्रतिशत पर अटक कर रह गया था जो 2024 में बढ़कर 61 फीसदी हो गया है। उन्होने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश ने अपनी पहचान देश के विकास में ब्रेकर के रूप में नहीं, ब्रेक थ्रू देने वाले के रूप में बनाई है। उत्तर प्रदेश 400 लाख टन सब्जियों का उत्पादन करते हुए देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2016-17 में खाद्यान्न उत्पादकता 27.25 कुन्तल प्रति हेक्टेयर थी, जो वर्ष 2023-24 में लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 30.51 कुन्तल प्रति हेक्टेयर हो गयी है। तिलहन उत्पादकता वर्ष 2016-17 में मात्र 12.40 लाख मीट्रिक टन थी, वह 2023-24 में 128 प्रतिशत बढ़कर 28.31 लाख मीट्रिक टन हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत ढाई करोड़ कृषकों को 80 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तान्तरित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में माह दिसम्बर तक 28.58 लाख कृषकों द्वारा 19.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसल का बीमा कराया गया है तथा 9.33 लाख बीमित कृषकों को 495.41 करोड़ की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है।

उन्होने कहा कि 2017 से अब तक 2 लाख 73 हजार करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया,, जो वर्ष 1995 से मार्च, 2017 तक 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ अधिक है। वर्तमान में 119 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। चीनी मिलों की दैनिक पेराई क्षमता जो वर्ष 2017 से पूर्व, 7.50 लाख टीसीडी थी, वह बढ़कर अब 8.36 लाख टीसीडी हो गयी है। योगी ने कहा कि मार्च, 2017 से अब तक सरकार ने तीन नई चीनी मिलों की स्थापना, छह चीनी मिलों का पुर्नसंचालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश में 285 नई खांडसारी इकाइयों की स्थापना से लगभग 41,800 लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश में वर्ष 2017 तक एथेनॉल का कुल उत्पादन 42 करोड़ लीटर था जो सत्र 2023-24 में बढ़कर 177 करोड़ लीटर हो गया है।

उन्होने कहा कि 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार के कार्यकाल में 19 लाख लोगों से 94.38 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद कर 12, 808 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया था जबकि 2017-18 से 2024-25 के बीच 49 लाख 69 हजार 576 किसानों से 233.99 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद कर 43 हजार 424 करोड़ से अधिक का (साढ़े तीन गुना) भुगतान किया गया। धान खरीद की बात करें तो 2012 से 2017 के बीच 14 लाख 87 हजार 519 लोगों से 123.61 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर 17 हजार 190 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया वहीं 2017 से 2024 के बीच 69 लाख 82 हजार 716 किसानों से 456.86 लाख मीट्रिक टन (तीन गुने से अधिक) धान खरीद कर 88 हजार 746 करोड़ से अधिक (पांच गुने से अधिक) का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार ने लागत का डेढ़ गुना दाम किसानों को उपलब्ध कराया। महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सीडलिंग का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 60 हजार महिलाओं को रोजगार मिला है। कृषि विभाग की स्थापना के 150 वर्ष को बीज वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। लखनऊ में 251 करोड़ की लागत से चौधरी चरण सिंह जी के सम्मान में एक सीड पार्क की स्थापना करने जा रहे हैं। अन्नदाता किसानों के लिए एक नई योजना लेकर आये हैं। कृषि मण्डी में माता शबरी के नाम पर कैण्टीन और विश्रामालय स्थापित किया जाएगा।

निराश्रित गोवंश के मामले में उन्होने कहा ÷ हम अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए गोमाता को सड़कों पर घूमने नहीं देंगे। शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होने कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग कर्मियों को शोषण से मुक्त व्यवस्था देगी। आउटसोर्सिंग निगम बनाकर सीधा उनके अकॉउंट में पैसा देंगे। 24 जनवरी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया। अब तक 96 हजार युवाओं ने आवेदन किया, जिसमें से 76 हजार आवेदन बैंकों को प्रेषित करते हुए 16 हजार मामलों में ऋण स्वीकृत हो चुका है। अब तक 06 हजार ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

बीसी ब्वष्ट सखी योजना के अन्तर्गत 39,556 ब्वष्ट द्वारा 31,103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया है। लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हित किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान करने की नयी योजना-'रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 51 हजार को बढ़ाकर 01 लाख रुपये किये जाने का निर्णय लिया गया है। विधवा पुनर्विवाह हेतु प्रोत्साहन राशि 11 हजार रुपये तथा विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुमन्य सहायता राशि 10 हजार रुपये को बढ़ाकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अनुमन्य अनुदान के बराबर 01 लाख करने का निर्णय लिया गया है। उन्होने कहा कि देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ और प्रदेश के अंदर 06 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। इस पर विपक्ष को भी खुश होना चाहिए।

मंत्री संदीप सिंह ने कहा, हमारे पास पर्याप्त शिक्षक हैं, कोई भी संचालित विद्यालय बंद नहीं किया गया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि राज्य के प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या है और राज्य में जर्जर घोषित नहीं किये गये एक भी संचालित विद्यालय को बंद नहीं किया गया है। राज्य विधानसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) की सदस्य डॉक्टर रागिनी सोनकर ने अनेक विद्यालयों को बंद किए जाने की खबरों तथा शिक्षकों की उपलब्धता और उनके प्रशिक्षण के मुद्दों को सदन में उठाया। इसका जवाब देते हुए बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा, जहां पर बच्चे पढ़ रहे हैं और जो जर्जर घोषित नहीं है, ऐसे किसी भी विद्यालय को बंद करने का कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है। बल्कि स्कूलों की गुणवत्ता और उनकी उपलब्धता को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा विश्व स्तरीय नए विद्यालयों को सीएम मॉडल कंपोजिट स्कूल के रूप में तैयार किया जा रहा है। ये विद्यालय अटल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर तैयार किए जाएंगे। प्रदेश के 57 जिलों में उन्हें बनाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

विधानसभा सत्र में विधायक ने गुटखा खाकर थूका

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। इन दिनों उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही चल रही है। इस कार्यवाही में शामिल होने के लिए तमाम सदस्य पहुंच रहे हैं। इसी बीच आज यानी मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने का मामला सामने आया है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई है।

उन्होंने कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है। जिसने भी गंदगी फैलाई है मैंने सीसीटीवी के जरिए उन्हें देखा है। नाराज विधानसभा अध्यक्ष ने कार्पेट साफकरवाई और कहा, जिसने थूका उसको जान रहा हूँ, उनसे इस कार्पेट बदलवाने का दाम लें। विधानसभा के बजट सत्र में सदन की आज की कार्यवाही शुरु होते ही महाना ने कहा ''सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलायी है। सूचना मिलने पर मैने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मैं सार्वजनिक रुप से उनका नाम नहीं लूंगा मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मै खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

महाकुंभ मेले में तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अंकित

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रमाण पत्र सौंपे गए

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने भव्य महाकुंभ मेले के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपे गए।

इस अवसर पर प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मेलाधिकारी श्री विजय किरण आनंद और वर्ल्ड रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट भी उपस्थित थे। निश्चल बारोट ने इन रिकॉर्ड प्रयासों की योजना और निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहला गिनीज रिकॉर्ड कई स्थानों पर सबसे अधिक लोगों द्वारा फर्श की सफाई का है, जिसमें 19,287 प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत योगदान दिया। इस पहल ने सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखने और सफाई को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। दूसरा रिकॉर्ड कई स्थानों पर सबसे अधिक प्रतिभागियों द्वारा नदी सफाई अभियान का है, जिसमें 329 स्वयंसेवकों ने प्रयागराज की पवित्र नदियों की सफाई में भाग लिया और नमामि गंगे मिशन का समर्थन किया।

इस पहल ने जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। तीसरा रिकॉर्ड आठ घंटे में सबसे अधिक लोगों द्वारा हैंडप्रिंट पेंटिंग बनाने का है, जिसमें 10,102 प्रतिभागियों ने समुद्र मंथन की पौराणिक घटना को दर्शाने वाली भव्य कलाकृति तैयार की। यह पेंटिंग महाकुंभ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिबिंबित करने के साथ-साथ एकता, भक्ति और आध्यात्मिक सद्भाव का प्रतीक बनी।

वर्ल्ड रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने कहा कि इन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को हासिल करना केवल एक मानक स्थापित करना नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा देना है। उन्होंने जनभागीदारी और सफल आयोजन को उत्तर प्रदेश के लोगों की सामूहिक शक्ति और प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश के नागरिकों के प्रयासों की सराहना की और इन रिकॉर्ड उपलब्धियों को साकार करने में उनकी सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की।

उन्हें चिंता करनी चाहिए, पर करती नहीं हैंः शिवपाल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और इटावा जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने बसपा मुखिया मायावती के मुस्लिमों के सौतेले व्यवहार वाले बयान पर कहा कि उन्हें चिंता करनी चाहिए, वह करती नहीं हैं। उनका साथ किसका है?

सपा के विधायक शिवपाल यादव मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा में जो यूपी का मामला नहीं है। यहां पर किसानों, बेरोजगारों और भ्रष्टाचार पर चर्चा होनी चाहिए। कुंभ की अव्यवस्था पर चर्चा होनी चाहिए।

सपा मुखिया अखिलेश यादव के सोशल मीडिया में हम 2027 में 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे और हर बालिका, युवती, नारी को सबल बनाएंगे, वाले बयान को लेकर शिवपाल ने कहा कि हम सरकार बनाएंगे और हम तैयारी कर रहे हैं। सरकार बनने के बाद महिला, किसानों और नौजवानों की जो दिक्कतें हैं, उन्हें दूर करेंगे। ज्ञात हो कि बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। उन्होंने आगे लिखा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबंदियां व छूट से संबंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे समाज में शांति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक है, जो अति-चिंतनीय है।

मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला रवैया न्यायसंगत नहीं : मायावती

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दोनों ही सरकारों पर मुस्लिमों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दो पोस्ट भी किए। अपने पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा, भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है।÷ उन्होंने आगे लिखा, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों को मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं है।÷ उन्होंने कहा कि इससे समाज में शांति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक है, जो अति-चिंतनीय है। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें। मायावती ने इससे पहले तीन मार्च को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसकी जानकारी मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी थी। उन्होंने कहा था कि आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी और मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। एक दिन पहले ही रविवार को मायावती ने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से हटाया था। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, बीएसपी की ऑल इंडिया की बैठक में रविवार को आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन, इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे और राजनीतिक मैच्योरिटी का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह, मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दंडित भी करती रही हूं। बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा था, अतः परमपूज्य बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम जी की अनुशासन की परंपरा को निभाते हुए आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।%% इससे पहले मायावती ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित ऑल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटाया था।

122 नामांकन पत्र बिक्री हुए जिसमें 120 नामांकन पत्र जमा हुए

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के चुनाव अधिकारी रामशंकर राजपूत एवं गोपाल गुप्ता ने बताया लखनऊ व्यापार मण्डल के द्वारा जारी दिशा निर्देशन में कराये जा रहे चुनाव प्रक्रिया में 11पदों पर अध्यक्ष, कार्यवाहक अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष,वरिष्ठ महामंत्री कोषाध्यक्ष, मीडिया मंत्री, संगठन मंत्री प्रचार मंत्री का चुनाव होना है जिसमें 3 एवं 4 मार्च को नामांकन पत्रों की बिक्री एवं जमा करने की अन्तिम तिथि थी जिसमें पदो के सापेक्ष में कुल 122नामांकन पत्र बिक्री हुए जिसमें 120 नामांकन पत्र जमा हुए।

अध्यक्ष पद पर उमेश शर्मा जी के नेत्रत्व में सभी प्रत्याशियों ने ठोल नगाड़ा के साथ सैकड़ो व्यापारियों के लाव लश्कर के साथ चुनाव कार्यालय पहुँचकर नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के पास जमा किया।इस दौरान अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र मौजूद रहे।

गोपाल गुप्ता जी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद 8मार्च को वोट डाले जायेंगे।

यूपी में आरपीआई मजबूत, 11 मुद्दों सहित भविष्य की तैयारियों में जुटा संगठन

- सपा, बसपा, आप, रालोद, जदयू, कांग्रेस, आसपा, सुहेलदेव समाज पार्टी छोड़कर आये लोगों नें सदस्यता ग्रहण की
- पार्टी के क़रीब 40 हज़ार सदस्य पूरे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) का संगठन मजबूत है। पिछले 7 वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में आरपीआई सक्रिय है।बड़ी संख्या में लोग आरपीआई से जुड़ रहे हैं। लगभग उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी की कार्यकारिणी मजबूत है और जनसामान्य से जुड़े मुद्दों को जिलास्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर पर लगातार उठाया जा रहा है। आरपीआई, उत्तर प्रदेश में एक नई ऊर्जा के साथ जनता के सामने खड़ी है। आज प्रदेश पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में सभी से भविष्य के लक्ष्यों को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान एवं विचार-विमर्श हुआ। आरपीआई, उत्तर प्रदेश 11 मुद्दों के साथ भविष्य में एक नए विजन के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी।

ये बात रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार डॉ. रामदास आठवले ने हजरतगंज स्थित होटल जेमिनी कांटिनेंटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, परम श्रद्धेय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया की संकल्पना पर आधारित है। आरपीआई संविधान के मूल्यों को सर्वोच्च रखते हुए समाज के शोषित, वंचित, पिछड़े सहित अन्याय का शिकार हर वर्ग की आवाज उठा रही है। आरपीआई वह पार्टी है, जिसने सदन में सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की वकालत की। आरपीआई हर वर्ग के कल्याण की बात करने वाली पार्टी है।

आरपीआई राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि बीते 29 नवंबर को जब मैं लखनऊ आया था तो आरपीआई से लोगों को जोड़ने के लिए ÷गांव-गांव, पांव-पांव÷ अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान के माध्यम से हर मंडल में आरपीआई के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी लगातार बैठकें कर लोगों को जोड़ने अपील कर रहे हैं। साथ ही आरपीआई का सोशल मीडिया पर सदस्यता अभियान (मिस्ड कॉल 8874742025) भी चलाया जा रहा है। एक वॉर रूप भी स्थापित किया गया है, जिसमें कॉलिंग के माध्यम से लोगों को पार्टी की विचारधारा के बारे में बताकर लोगों से जुड़ने की अपील की जा रही है।

पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले), उत्तर प्रदेश 11 प्रमुख मुद्दों के साथ जनसामान्य को अपने साथ जोड़ने का काम कर रही है। ये सभी मुद्दे हर जनसामान्य के कल्याणकारी हैं और इन मुद्दों के ज़मीन पर लागू होने से आम जनता को सुविधा मिलेगी एवं हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा आरपीआई के 11 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क न्याय, सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, श्रमिक कल्याण, बेरोजगारी हटाओ, पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगे, भूमिहीनों को ज़मीन जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल हैं। आरपीआई ये मानती है कि समाज में समानता, बंधुत्व की भावना का विकास हो और हर वर्ग को भागीदारी मिले, न्याय मिले। अगर कहीं इसकी उपेक्षा हो रही है तो उसे सही करने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा की भौतिक एवं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से अब तक 40 हज़ार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली है। ये अभियान लगातार जारी रहेंगे। वर्ष 2025 में 10 लाख सक्रिय सदस्यों का लक्ष्य आरपीआई ने लिया है।

सपा में क्रूर मुगल शासक औरंगजेब की आत्माः केशव

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के औरंगजेब वाले बयान पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है।

उन्होंने कहा, क्रूर मुगल शासक औरंगजेब की आत्मा समाजवादी पार्टी में प्रवेश कर गई है। अखिलेश यादव को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए और सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। देश छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पूरा देश इसका कड़ा जवाब देगा। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, समाजवादी पार्टी की मानसिकता हमेशा देश विरोधी रही है। जितनी भी देश विरोधी ताकतें हैं, वो ऐसे ही लोगों के संरक्षण में पुष्पित पल्लवित होती हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। मुगल आक्रांताओं ने भारत की संस्कृति को नुकसान पहुंचाया था, लेकिन भारतीय संस्कृति ने दुनिया को सदैव मार्गदर्शन देने का काम किया है। सपा की मानसिकता को देश अच्छी तरह से समझ रहा है और समय आने पर जवाब भी देगा। जिस तरह मुगल आक्रांता भारत की संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश में विफल रहे, उसी तरह आज हम कह सकते हैं कि भारतीय संस्कृति ने दुनिया को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है। वहीं, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा, उत्तर प्रदेश के बजट पर चर्चा होनी चाहिए, जो पूरी तरह से उत्तर प्रदेश सरकार की कोरे कागज पर लिखी झूठी कहानी है। उत्तर प्रदेश में युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा होनी चाहिए। जहां तक किसी की तारीफ करने की बात है, तो यह हर व्यक्ति के निजी नजरिए पर निर्भर करता है। योगी सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह का कहना है, औरंगजेब एक आक्रमणकारी था, जिसने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को नष्ट करने का काम किया। ऐसे व्यक्ति की इस तरह से प्रशंसा करना पूरी तरह अनुचित है। सपा नेता अबू आजमी ने सोमवार को मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ की थी। इसके बाद से देश की सियासत गर्मा गई है।अबू आजमी ने कहा था, औरंगजेब इंसाफ पसंद बादशाह था। उसके कार्यकाल में ही भारत सोने की चिड़िया बना। मैं औरंगजेब को क्रूर शासक नहीं मानता हूं। औरंगजेब के समय में राजकाज की लड़ाई थी, धर्म की नहीं थी, हिंदू-मुसलमान की लड़ाई नहीं थी। औरंगजेब ने अपने कार्यकाल में कई हिंदू मंदिरों का निर्माण करवाया। औरंगजेब को लेकर गलत इतिहास दिखाया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

नगर निगम के आरआर विभाग की दीवार गिरी

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम के आर आर विभाग की 20 फीट लंबी दीवार अचानक गिर गई है। मलबे के नीचे कई गाड़ियां दबी हैं। सूचना के बाद मौके पर नगर निगम के कई अधिकारी पहुंचे हैं। दीवार गिरने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना गोमतीनगर के जोन- 4 की है। सीवर लाइन की पाइप लीक है। इसके कारण पानी का रिसाव हो रहा है। पूरी दीवार में नमी पकड़ ली थी। लोगों का कहना है कि कई दिनों से दीवार गिरने की स्थिति में थी, आज गिर गई। इस दौरान चार बाइक और एक साइकिल दब कर क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

फिल्म प्रोड्यूसर से जबरन वसूले 14 लाख,

लखनऊ। लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में फिल्म शूटिंग के दौरान प्रोड्यूसर को धमकाकर 14 लाख ठगे गए। मुंबई के अंधेरी पश्चिम निवासी फिल्म प्रोड्यूसर प्रेम राय ने बीकेटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में नामजद और 24 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रोड्यूसर के अनुसार 2 मार्च को एसआर कॉलेज में पटना से पाकिस्तान 2 फिल्म की शूटिंग चल रही थी। इस दौरान रिजवान, सन्नी, सुरेंद्र यादव, राम प्रताप सिंह, एहसान अली, अनवर, धीरू और 15-20 अन्य लोग पहुंचे। पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर प्रोड्यूसर के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर हमला कर दिया गया। हंगामा बढ़ता देख घबराए प्रोड्यूसर ने रिजवान को 10 लाख रुपए नकद और 4 लाख रुपए अकाउंट में ट्रांसफर किए। इसके बाद रिजवान और अन्य आरोपियों ने प्रेम राय को लखनऊ में काम न करने देने और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मड़ियांव में खाली प्लॉट पर कूड़े में लगी आग

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में एक खाली प्लॉट में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग से हड़कंप मच गया। श्रीनगर मोहल्ले में स्थित पुलिस इंस्पेक्टर बी एल रावत के खाली प्लॉट में जमा कूड़े में आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय निवासी ध्रुव गुप्ता ने तुरंत बीकेटी फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। बीकेटी फायर स्टेशन प्रभारी के अनुसार, प्लॉट में जमा कूड़े में किसी के द्वारा जलती हुई वस्तु फेंकने से आग लगने की आशंका है। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से कोई जनहानि नहीं हुई।

कूड़ा उठाने को हथठेलियां नहीं मिलीं तो धरना देंगे पार्षद

लखनऊ। तंग गलियों से कूड़ा उठाने के लिए हथठेलियां और रिक्शाठेलियों कई वार्डों में उपलब्ध न होने के कारण कूड़ा नहीं उठ पा रहा है। इससे नाराज पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नगर निगम कार्याशाला प्रभारी से मुलाकात की। उनसे हथठेलिया उपलब्ध कराने को कहा। कहा कि यदि उनके वार्ड के लिए हथठेलियां और रिक्शाठेलियां नहीं दी गई तो वह लोग यहीं धरने पर बैठेंगे। पार्षद मुकेश सिंह, राजेश सिंह गब्बर, प्रमोद सिंह राजन, शैलेंद्र सिंह, पार्षद पति संतोष राय और पार्षद पति हरीश अवस्थी नगर निगम कार्यशाला पहुंचे। कार्यशाला प्रभारी/ विद्युत अभियांत्रिक विभाग के मुख्य अभियंता मनोज प्रभात को एक पत्रक सौंप कर अपने वार्डों में हथठेलियां और रिक्शाठेलियां उपलब्ध कराने की मांग की। पार्षदों ने उनसे कहा कि पहले जब निजी सफाई कर्मचारी वार्डों में कार्य करते थे तब वह खुद का रिक्शाठेलिया और हथठेलिया लेकर आते थे और तंग गलियों में से कूड़ा उठा कर ले जाते थे। अब आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों से कूड़ा उठाने का काम तो नगर निगम ले रहा है पर उनके पास हथठेलियां नहीं है। ऐसे में जब उनसे तंग गलियों से कूड़ा उठाने के लिए कहा जाता है तो वह अपनी विवशता जताते हैं। पार्षद पति संतोष राय ने बताया कि वार्ड भवानीगंज में दो सालों से एक भी हथठेलिया नहीं मिली है। पार्षदों ने कहा कि यदि उनके वार्डों में कूड़ा उठाने के लिए हथ और रिक्शा ठेलिया नहीं दी गई तो वह लोग यहीं धरने पर बैठ जाएंगे। मुख्य अभियंता मनोज प्रभात ने कहा कि अभी हथठेलिया उपलब्ध नहीं है। कई वर्षों से इसकी खरीद भी नहीं हुई है। जब होगी तो वार्डों में उपलब्ध करा दिया जाएगा।

15 व 28 मार्च को प्राइमरी स्कूलों में अवकाश की मांग

लखनऊ। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन ने 15 व 28 मार्च को प्राइमरी स्कूलों में अवकाश घोषित किये जाने की मांग की है। एसोसिएशन ने सीएम, प्रमुख सचिव, स्कूल महानिदेशक और बेसिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा है। संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष विनय सिंह का कहना है कि 15 मार्च को भैया दूज और 28 मार्च को रमजान का आखिरी शुक्रवार है। 13 व 14 मार्च को होली है। अगले दिन शनिवार को भैया दूज है। प्राइमरी स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं 24 से 28 मार्च के बीच होनी है। 28 वाली परीक्षा अगले दिन 29 को कराने की कृपा करें।

प्रॉपर्टी डीलर पर चाकू से हमला, ट्रॉमा में भर्ती

लखनऊ। काकोरी इलाके के प्रॉपर्टी डीलर दिलीप रावत से लिफ्ट मांगने के बहाने कार रुकवा कर चार हमलावरों ने रविवार रात चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसके सिर, गर्दन व हाथ में गहरे जख्म हो गए। जान बचाने के लिए भागे तो हमलावरों ने दौड़ा कर पीटा। प्रॉपर्टी डीलर का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने मुख्य आरोपित को पकड़ लिया है। तीन अन्य की तलाश की जा रही है। थाना क्षेत्र के समदा निवासी कुलदीप रावत ने बताया कि उनके भाई दिलीप रावत (32) प्रॉपर्टी डीलर हैं। रविवार रात 10 बजे वह कार से अमौसी रोड़ स्थित ऑटो गोदाम से वापस घर आ रहे थे। तभी गांव से कुछ दूरी पर पहले से घात लगाए बैठे अजय रावत और उसके दो अज्ञात साथियों ने दिलीप की कार रोक ली। कार रोक कर इन लोगों ने कुछ दूर छोड़ने को कहा। जैसे ही दिलीप ने कार का दरवाजा खोला, वैसे ही अजय ने दिलीप पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दिलीप के सिर और गर्दन पर चाकू से गहरे जख्म हो गए। दिलीप के हांथ की उंगलियां भी कट गईं। जब जान बचाने के लिए दिलीप कार से निकल कर भागे तो अजय व उसके साथियों ने दौड़ाकर पीटा। हमले में दिलीप गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस बीच हमलावर अजय नशे में होने के कारण वहीं गिर गया, जबकि उसके अन्य साथी भाग निकले। ग्रामीणों ने अजय को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि घायल दिलीप की पत्नी ज्योति ने अजय और दो अज्ञात पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों पक्षो में शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था। अजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

लोहिया विधि विवि में रैगिंग के आरोपी दो छात्र निलंबित

लखनऊ। लोहिया विधि विश्वविद्यालय के पहले वर्ष के छात्र ने चौथे साल के छात्रों पर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्र ने विवि की एंटी रैगिंग कमेटी और यूजीसी से शिकायत की। यूजीसी ने मामले का संज्ञान लिया और विवि प्रशासन ने रिपोर्ट मांगी। प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने पहले इसे रैगिंग नहीं माना। हालांकि, प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने दोबारा से जांच शुरू की है। कमेटी ने जांच चलने तक चौथे वर्ष के दो आरोपी छात्रों को सस्पेंड कर दिया है। आशियाना स्थित लोहिया विधि विवि में रैगिंग का मामला 12 फरवरी का है। एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र ने शौचलय में सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि विवि में उस रोज एक कार्यक्रम चल रहा था। शौचालय में सीनियर छात्रों ने उसे पीटा और अभ्रदता की। पीड़ित छात्र ने रैगिंग का आरोप लगाते हुए पहले विश्वविद्यालय की एंटी रैगिंग कमेटी से शिकायत की। विवि प्रशासन के शिकायत का संज्ञान नहीं लिये जाने पर पीड़ित छात्र ने यूजीसी से शिकायत की। यूजीसी के हस्ताक्षेप के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया। तुरंत एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच शुरू कर दी। कमेटी ने प्रथम दृष्ट्या रैगिंग की बात से इनकार करते हुए यूजीसी को पत्र भेजा। हालांकि इस मामले में विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने नए सिरे से जांच शुरू कर दी है। आनन-फानन दो सीनियर छात्रों को संस्पेंड कर दिया है। कमेटी ने छात्रों के बयान लिये हैं और घटना स्थल के आस-पास लगे 18 कैमरे खंगाले हैं।

युवक की हत्या, परिवार ने हाइवे जाम किया, पुलिस ने बताया था शराबी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में ट्रक ड्राइवर कुलदीप रावत (32) की हत्या को लेकर बनी-मोहान रोड पर जमकर हंगामा हुआ। बंथरा इलाके में लोगों ने सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। दो घंटे तक हाइवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। परिवार वाले हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और 25 लाख रुपए के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने आरोपियों की फोटो दिखाकर गिरफ्तारी की बात कही, लेकिन पत्नी बात मानने को तैयार नहीं थीं। हालांकि बाद में पुलिस ने सभी को समझाकर हाईवे को खाली कराया। दरअसल, कुलदीप रविवार को टहलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। सोमवार को उसका सड़क किनारे शव मिला था। सिर से खून निकल रहा था। सोमवार शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद कुलदीप का शव घर पहुंचा। आरोपियों कि

गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन नाराज थे। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। मृतक के बड़े भाई रंजीत का कहना है कि आरोपी बल्ले शराब दुकान के बगल में बिरयानी की दुकान चलाता है। भाई उसकी दुकान पर गया था। इस दौरान बल्ले और दुकान में काम करने वाले दो लोगों ने भाई की हत्या कर दी। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मृतक के परिजन शव को शराब दुकान के पास लेकर पहुंचे। यहां बनी-मोहन रोड पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। रोड जाम होने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस समझाने की कोशिश करती रही। लेकिन, परिजन हत्यारों की गिरफ्तार की मांग पर अड़े रहे। कुछ देर बाद पुलिस ने बल्ले उर्फ दीपू, शेरा और रामसेवक को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को जब परिजनों ने एफआईआर दर्ज कराया, तब पुलिस ने हत्या की बात से इनकार कर दिया था। पुलिस का कहना था कि कुलदीप शराब का आदी था। इसी वजह से वह गिर गया और उसकी मौत हो गई। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पसली टूटने की बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस भी जागी और आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का केस दर्ज किया है।

लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर युवक को कुचला,साथी बाइक सवार घायल

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र में लखनऊ-सीतापुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार की रात हादसा हो गया। नंदना गांव के पास किसी वाहन ने बाइक से लौट रहे दो युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक बाइक सवार कुचल गया। हादसे के बाद दोनों को बीकेटी क्षेत्र के रामसागर मिश्र सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। वहां 20 वर्षीय धर्मेंद्र उर्फ छोटू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक 23 वर्षीय अवधेश का इलाज किया गया और अब उसकी हालत सामान्य है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, दोनों युवक इटौंजा के डेरवा गांव के थे। दोनों सोमवार को मड़ियांव में एक बारात में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान उनकी मोटरसाइकिल को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। बीकेटी पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

बिजली कम्पनियों ने सुधार के नाम पर खर्च कर डाले 25 सौ करोड़

कंसल्टेंट सिर्फ उद्योगपतियों को लाभ पहुचाते है: अवधेश वर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों में वर्ष 2000 के बाद 25 वर्षों में केंद्रीय व राज्य सेक्टर की योजनाओं में 2000 करोड़ से 2500 करोड़ के बीच कुल कंसलटेंट पर खर्च किया गया होगा। लेकिन सुधार नहीं दिखा। अब 42 जनपदों को निजीकरण करने के लिए फिर कंसल्टेंट की तलाश किस आधार पर किया जा रहा है इस पर सरकार विचार करें। उपभोक्ता परिषद अवधेश वर्मा ने आगे कहा कि कंसल्टेंट की सलाह पर ऊर्जा सेक्टर में सुधार होना होता तो 25 वर्षों में एक बार नहीं 10 बार सुधार हो चुका होता। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं यह बात पावर कारपोरेशन को समझना होगा।

कंसलटेंट केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का काम करते है उन्हें आम जनता कोई लेना देना नही। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का विघटन को लगभग 25 साल होने को है। तब से लेकर आज तक चाहे राज्य विद्युत परिषद को विघटन, समय-समय पर लाई गई केंद्रीय व राज्य सेक्टर की योजनाएं, खास तौर पर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, आरएपीडीआर, पीयोजना सम विकास योजना, एफआरपी योजना, सौभाग्य योजना, पावर फॉर आल उदय योजना, एनर्जी अकाउंटिंग योजना, आरडीएसएस योजना, निजीकरण और पीपीपी मॉडल योजना सहित टैरिफ फाइलिंग व अन्य केंद्रीय व राज्य सेक्टर की सभी योजनाओं पर डीपीआर बनाने व अन्य कार्य करने के लिए अब तक 25 वर्षों में लगाए गए। कंसल्टेंट यानी सलाहकारों पर होने वाले खर्च का आकलन किया जाए तो वह लगभग 2000 से 2500 करोड़ से कम नहीं होगा। लेकिन सही मायने में बात की जाए तो बिजली कंपनियों मे सुधार नहीं दिख रहा है। बिजली कंपनियां लगभग 1 लाख 10000 करोड़ के घाटे परिपेक्ष्य में देखे तो बिजली कंपनी और ऊर्जा निगमो पर कल 2500 करोड़ से ज्यादा के कंसल्टेंट पर खर्च कर दिए गए। इसका कितना लाभ मिला ?

निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी, आठ मार्च को बड़े आंदोलन की घोषणा

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 97 वें दिन बिजली कर्मियों ने समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों,सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों की 08 मार्च को लखनऊ में बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में संघर्ष के अगले कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा की पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को निजीकरण की जिद छोड़कर बिजली कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार के कार्यक्रम चलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत नवंबर के अंत में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण का राग छेड़कर प्रदेश के ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में यह वातावरण समाप्त होना ही चाहिए।

नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का मामला दबाया,चौकी इंचार्ज निलंबित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले को दबाने के आरोप में कसमंडी चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है। डीसीपी पश्चिम ने एसीपी मलिहाबाद को जांच सौंपी है। घटना बीते 27 फरवरी की है। आरोपी राहुल ने पीड़िता के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर वह भाग गया।

लोकलाज के डर से नाबालिग ने खुद को आग के हवाले कर दिया। घर से उठता धुआं देख लोग बचाने पहुंचे। किसी तरह आग बुझाई गई लेकिन तब तक नाबालिग का शरीर करीब 70 प्रतिशत जल चुका था। पीड़िता ने खुद को आग लगाने से पहले घटना की जानकारी तुरंत चौकी इंचार्ज को दी थी। लेकिन, उन्होंने न तो उच्च अधिकारियों को सूचित किया और न

ही इंस्पेक्टर मलिहाबाद को। 28 फरवरी को पीड़िता की मां ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद मलिहाबाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जांच में चौकी इंचार्ज की लापरवाही सामने आने के बाद डीसीपी पश्चिम ने उन्हें निलंबित कर दिया। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

बोर्ड परीक्षा देने गए छात्रों के मोबाइल चोरी

प्रिंसिपल बोले कैंपस में मोबाइल की नहीं होती एंट्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बोर्ड परीक्षा देने गए छात्रों के मोबाइल फोन चोरी होने की खबर सामने आई हैं। मंगलवार सुबह पहली पाली में बोर्ड परीक्षा देकर निकले राजकीय इंटर कॉलेज हुसैनाबाद के छात्रों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा देने के बाद जब वह बाहर आए तो उनके मोबाइल फोन नदारद मिले। इसके बाद स्टूडेंट्स में पुलिस को जानकारी दी। मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू की हैं। जानकारी के मुताबिक करीब 15 स्टूडेंट्स के मोबाइल गायब हुए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज हुसैनाबाद के प्रिंसिपल अमित कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का कैंपस में प्रवेश प्रतिबंधित हैं। किसी भी स्टूडेंट को मोबाइल फोन के साथ गेट से एंट्री नहीं दी जाती। ऐसे में कैंपस में मोबाइल फोन या किसी अन्य सामान

को रखने की कोई व्यवस्था नहीं है ना ही इस घटना के बारे में उन्हें कोई शिकायत मिली हैं। संभव है गेट के बाहर जहां कहीं स्टूडेंट्स ने अपनी गाड़ी खड़ी की हो वहां से उनके मोबाइल फोन या कोई अन्य सामान गायब हुआ हो पर इसकी उनको कोई जानकारी नहीं। मंगलवार को लखनऊ के 27 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा का आयोजन हुआ। इस दौरान पहली पाली में हाई स्कूल की साइंस की परीक्षा सुबह 8.30 मिनट से शुरू होकर 11.45 तक चली। इस दौरान कल 53 हजार 255 के सापेक्ष 50 हजार 290 स्टूडेंट्स परीक्षा देने पहुंचे। इस दौरान 2965 स्टूडेंट्स ने परीक्षा देने नहीं पहुंचे।जबकि दूसरी पाली में हाई स्कूल के कृषि के पेपर में 639 के सापेक्ष 601 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी, 38 स्टूडेंट एग्जाम देने नहीं पहुंचे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में पहली पाली में कॉमर्स स्ट्रीम के स्टूडेंट की एकाउंटेंसी की परीक्षा हुई इसमें 6129 के सापेक्ष 5880 स्टूडेंट की परीक्षा देने पहुंचे जबकि 249 स्टूडेंट परीक्षा के दौरान का गैर हाजिर हैं। वहीं, दूसरी पाली में इकोनॉमिक्स के पेपर में 10968 के सापेक्ष 10542 स्टूडेंट स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। जबकि दौरान 426 स्टूडेंट परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

निर्देशकों के साक्षात्कार निरस्त करने के लिए सीएम को पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने 6 मार्च को होने वाले संभावित 17 निर्देशकों के पदों के साक्षात्कार के मुद्दे पर आज अपने कोर ग्रुप में चर्चा करते हुए तय किया है यदि साक्षात्कार किया गया तो पूरे प्रदेश में दलित व पिछडे वर्ग के अभियंता इसका विरोध करेंगे। जिसकी रूपरेखा कल तय की जाएगी।दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से की गई शिकायत के बाद आयोग के अध्यक्ष की तरफ से आज प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र भेज कर संगठन की मांगों को रखते हुए सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर साक्षात्कार प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः कराए जाने की मांग उठाई है। अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति आयोग द्वारा एक पत्र प्रदेश के मुख्य सचिव को भी भेजा गया है। एसोसिएशन के अनुसार दूसरी तरफ अनौपचारिक रूप से पावर कॉरपोरेशन ने 6 मार्च को निर्देशकों के साक्षात्कार के चलते जो सभी बिजली कंपनियों की विभागीय समीक्षा की बैठक 7 मार्च को लखनऊ में बुलाई थी अब उसमें परिवर्तन करते हुए उसे 6 मार्च कर दिया गया है। इसके बाद सभी लोग अनौपचारिक रूप से यह बता रहे हैं कि 6 मार्च को होने वाला निर्देशकों का साक्षात्कार फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पावर ऑफिसर एसोसिएशन की पूरी नजर पावर कॉरपोरेशन अथवा ऊर्जा विभाग की तरफ से औपचारिक रूप से होने वाले एलान के बाद 6 मार्च को विरोध का कार्यक्रम तय किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर, नेकीराम, वेद प्रकाश कौशल संगठन सचिव अजय कुमार ने कहा जिस प्रकार से गुपचुप तरीके से 17 निर्देशकों के पदों पर साक्षात्कार बुलाया गया और कोई भी मापदंड सार्वजनिक नहीं किया गया वह अपने आप में संदेह पैदा करता है।

भारतीय सेना मध्य कमान और दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्रों के बीच समझौता ज्ञापन हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यालय मध्य कमान, भारतीय सेना और दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्र (टीसीओई) भारत ने भारतीय नक्षत्र एकीकृत हवाई वितरण प्रणाली के साथ नेविगेशन के अनुसंधान और विकास पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण में भारतीय सेना की सटीक हवाई वितरण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक का लाभ उठाना है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से जुड़ी इस अनुसंधान और विकास परियोजना की संकल्पना और मार्गदर्शन लखनऊ स्थित सूर्या कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफलेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने किया। इस समझौता ज्ञापन पर टीसीओई इंडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और मुख्यालय मध्य कमान के चीफ

ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने प्रमुख अधिकारियों और डोमेन विशेषज्ञों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह समझौता रक्षा अभियानों में नवाचार, आत्मनिर्भरता और उन्नत दूरसंचार और उपग्रह-आधारित नेविगेशन तकनीकों के अनुप्रयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 50 (इंडिपेंडेंट) पैराशूट ब्रिगेड समूह को उक्त अनुसंधान और विकास परियोजना का मार्गदर्शन और निगरानी करने के लिए मुख्यालय मध्य कमान द्वारा नामित किया गया है।

इस पहल के तहत, टीसीओई इंडिया सैटेलाइट नेविगेशन, दूरसंचार एकीकरण और निर्देशित प्रणालियों में विशेषज्ञता प्रदान करेगा, जबकि भारतीय सेना प्रौद्योगिकी की व्यावहारिक और प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के लिए अपनी परिचालन अंतर्दृष्टि और आवश्यकताओं का योगदान देगी।

राजकीय आईटीआई में कैंपस ड्राइव आज

लखनऊ। अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई में कैंपस ड्राइव बुधवार को आयोजित होगा। रोजगार मेले में हरियाणा के सोनीपत स्थित मारुति सुजुकी इण्डिया लि. 28 हजार रुपए प्रति माह के पैकेज पर 400 अभ्यर्थियों का चयन करेगी। संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि इसमें सिर्फ पुरुष अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते हैं। कम्पनी लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद अभ्यर्थियों का चयन करेगी। प्लसेमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कम्पनी पांच मार्च को लिखित परीक्षा आयोजित करेगी। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का छह मार्च को साक्षात्कार होगा। कैंपस ड्राइव में हाईस्कूल न्यूनतम 40 फीसदी अंक के साथ ही राजकीय व निजी आईटीआई से फिटर, डीजल मैकेनिक, पेन्टर, वेल्डर, ट्रैक्टर मैकेनिक, टेक्निशियन ऑटोमेटिव मैन्यूफैक्चरिंग आदि ट्रेड में पास होना चाहिये। प्रतिभागी अभ्यर्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

पति और ससुरालवालों पर हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर जान से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में बताया गया है कि पति और ससुराल वालों ने पीट-पीटकर मार डाला। बाद में आत्महत्या दिखाने के लिए फंदे से उसका शव लटका दिया। ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। दहेज के लिए कई बार जान से मारने की धमकी दी गई। साजिश के तहत बेटी को मार दिया गया।

पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। हैबतमऊ मवइया पीजीआई निवासी नीरज पाल की पत्नी शालू पाल (30) की मंगलवार सुबह संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शालू के पिता ओमप्रकाश ने ससुरालवालों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है तीन साल पहले बेटी की शादी नीरज से हुई थी। शादी के बाद से ही बेटी के

ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। ओमप्रकाश ने कहा, सोमवार को नीरज ने बेटी से झगड़ा कर मारपीट की। उसके बाद उनको भी कॉल करके दहेज के लिए झगड़ा किया। दहेज में प्लॉट न मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है इसके पहले नीरज के पैसे मांगने पर दो बार में सात लाख रुपए दिए थे। पैसे देने में देर हो गई तो बेटी को घर पर छोड़ गया। पैसे मिलने पर तीन महीने बाद वापस अपने ससुराल ले गया था। विवाहिता के पिता ने बताया कि मंगलवार को बेटी के ससुरालवालों ने सूचना दी कि शालू की मौत हो चुकी है। वहां ससुराल पहुंचे तो वह बेड पर मृत अवस्था में पड़ी थी। गले पर फंदे के गोल निशान के अलावा शरीर पर भी चोट के निशान थे। बेड और पंखे की ऊंचाई में कम अंतर है। आरोप लगाया कि नीरज व उसके परिवार ने उनकी बेटी को पहले पीटकर मारा फिर फंदे से लटका दिया। मामले में इंस्पेक्टर पीजीआई का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवाओं ने बिना ब्याज व सिक्योरिटी के पांच लाख रुपये तक लोन के लिए किया आवेदन

लखनऊ। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मंगलवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लेखराज मेट्रो स्टेशन स्थित यादव कॉम्प्लेक्स में लोन शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 100 से अधिक युवाओं ने ऋण आवेदन शिविर में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जोनल कार्यालय, लखनऊ के मुख्य प्रबंधक सपन कुमार चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत बिना ब्याज एवं बिना सिक्योरिटी के युवा लोन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया ऋण के लिए के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र ,एक फोटो, नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र, पासबुक के प्रथम पेज की प्रति, निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं जो उद्योग करना चाहते हो उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रपत्र लाने होंगे।

पत्रकार का मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की वजीरगंज पुलिस ने मोबाइल लूटने के दो आरोपियों को मंगलवार को शहीद स्मारक के पास से गिरफ्तार कर लिया। वे टेंपो और पैदल जा रहे लोगों से सुनसान इलाके में लूट करके फरार हो जाते थे। वारदात को अंजाम देने के लिए चोरी की स्कूटी का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने दोनों को पकड़ने के लिए 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की।

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की स्कूटी से घटना को अंजाम देते थे। इसके बाद मोबाइल को औने-पौने दाम में बेच देते थे। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में भी पूछताछ कर रही है। शुक्रवार की रात करीब 9.40 बजे ऑफिसर कॉलोनी कैसरबाग निवासी पत्रकार आशीष मिश्रा केजीएमयू से अपने घर ई-रिक्शा से जा रहे थे। गुलाब टॉकीज के पास पहुंचे थे तभी पीछे से स्कूटी पर आए दो लड़के उनका मोबाइल छीनकर भाग गए। आशीष ने लड़कों का पीछा करने लगे, लेकिन तब तक दोनों बहुत दूर निकल गए। आशीष ने वजीरगंज थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश में इलाके में लगे 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सोमवार-मंगलवार के बीच रात करीब 2 बजे शहीद स्मारक के पास से दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पूछताछ में आरोपियों की पहचान टुड़ियागंज आशफाबाद रोड चौक निवासी तैय्यब और रिमझिम पैलेस टुड़ियागंज निवासी मोहम्मद सद्दाम के रूप में हुई।

न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में 08 मार्च दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।उक्त के अनुपालन में आम-जन मानस तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को पहुँचाने हेतु विकास गुप्ता, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एटा, कमालुद्दीन अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा एवं प्रीतम सिंह लीड बैंक मैनेजर एटा तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण व बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे जनपद एटा की समस्त बैंकों के प्रचार वाहनों को दिनेश चन्द, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जनपद न्यायालय परिसर, एटा से प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर अहमद उल्लाह खाँ, पीठासीन अधिकारी, सुश्री प्रीती श्रीवास्तव-द्वद्वद्व, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं0-01, श्रीमती मनीषा, अली रजा, शशी भूषण शाण्डिल, श्रीमती सारिका गोयल, नरेन्द्र पाल राणा, अनिल कुमार-द्वद्वद्व, अनिल कुमार-द्वद्व, मंगलदेव, श्रीमती सुरेखा, श्रीमती चारू सिंह, रजत शाहू, श्रीमती मेहा, अमितमणि त्रिपाठी, अर्पित त्यागी, मोहित, अशुतोष खरवार, अभिषेक कुमार, सुश्री गरिमा आर्या, श्रीमती आंचल मलिक आदि न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त बैंक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करना लेखपाल को पड़ा महंगा

» भू माफियाओं के संग भाकियू भानु ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन पत्र सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। जलेसर तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा जमालपुर गादुरी की सरकारी जमीन पर आधा दर्जन से अधिक भूमाफियाओं द्वारा निर्माण कर अवैध कब्जा किये जाने तथा पैमायश के दौरान लेखपाल से अभद्रता किये जाने पर लेखपाल द्वारा की गयी कार्रवाई क्षेत्रीय लेखपाल को भारी पड़ गयी। लेखपाल की इस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को भूमाफियाओं द्वारा भाकियू भानु के बैनर तले तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापनपत्र सौंपा गया। धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापनपत्र में भाकियू भानु द्वारा कहा गया है कि जलेसर क्षेत्र के मौजा जमालपुर गादुरी के उमेश पाल सिंह पुत्र रामपाल सिंह व सौरव व विक्रम पुत्रगण गिरीशपाल सिंह के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल रजत कुमार शर्मा द्वारा अति वृष्टि के सम्बन्ध में मुआवजा सम्बधी शिकायत करने से बौखला कर प्रतिवादी रामवीर के प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु पैमाइश पूर्व के सीमांकन गत 16 नवम्बर 2024 किया गया था। तथा उक्त लोगो के चकों में सीमांकन कर मुंडी गाड दी गयी। जिसका विरोध करने पर लेखपाल द्वारा थाना निधौलीकलां में उक्त के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करायी गयी एफ आई आर को वापिस कराये जाने, जलेसर क्षेत्र के अति वृष्टि से लेखपाल द्वारा मौजा जमालपुर गादुरी मे लगभग 45 व सलेमपुर में 35 लोग मुआवजे से बंचितो को मुआवजा दिलाये जाने, जमालपुर गादुरी ग्राम में लेखपाल द्वारा पैसा लेकर अपात्रों को पात्र बनाकर मुआवजा दिया गया। जिसकी जाँच कराकर कार्रवाई किये जाने, क्षेत्र के मौजा पॉयदापुर में चकबन्दी अधिकारी द्वारा चकबन्दी सन् 1989 में अभिलेखों में पूर्ण कर कब्जा परिवर्तन कराये जाने सहित अन्य गांवों की कई मांगे रखी गयी हैं। साथ ही समस्या का समाधान तीन दिन में नहीं होने पर तहसील में उग्र आन्दोलन करने की चेतवानी दी है। यह था जमालपुर गादुरी मे अवैध कब्जे का मामला। जलेसर तहसील क्षेत्र के गांव जमालपुर गादुरी निवासी शिकायतकर्ता रामवीर सिंह चौहान पुत्र महावीर सिंह ने ग्रामसभा जमालपुर गादुरी स्थित गाटा संख्या 149/0.284 है0 पोखर,मरघट एवं ऊसर की जमीन पर पर गांव के ही उमेश पाल सिंह पुत्र के परिजनों द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर लिए जाने की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह से की थी। राजस्व एवं चकबन्दी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रस्तुत की गई पैमायश रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में पोखर सिर्फ लगभग 0.15 है0 रकबे मे ही रह गयी है। लगभग 0.106 है0 पर सार्वजनिक पक्का रास्ता चल रहा है। शेष 0.028 है0 जमीन पर सौरभ व विक्रमसिंह व शिवकुमार व अतुल कुमार पुत्रगण ग्रीषपाल सिंह व राजकुमारी पत्नी गीषपाल सिंह निवासी जमालपुर गादुरी द्वारा जबरन पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

जुलु नृत्य पेश कर छात्रों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। बाल जगत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्लोबल स्पेक्ट्रम वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारत के शास्त्रीय नृत्य, जापानी कबी नाटक, स्पेन के फ्लेमेंको और अफ्रीका के जुलु नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध किया।

विद्यार्थियों ने अलग-अलग देशों के पारंपरिक परिधानों में प्रस्तुतियों के माध्यम से अनूठी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत किया। इस दौरान स्कूल में प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें अलग-अलग देशों की कलाकृतियां, शिल्प और खाद्य पदार्थों ने दर्शकों को आकर्षित किया। इसमें विभिन्न संस्कृतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने इतिहास, भूगोल और संस्कृति पर आधारित मॉडल और चार्ट भी प्रस्तुत किए।

पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शिखा श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अलग-अलग संस्कृतियों के प्रति सम्मान और समझ विकसित करने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, पुष्पा सिंह, शोभित सिंह, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। मंगलवार को लेखपाल संघ द्वारा एसडीएम भावना विमल को एक ज्ञापनपत्र सौंपा गया। जिसमें डीएम के आदेश पर की जा रही पैमायश कर रहे लेखपाल रजत कुमार शर्मा पर हमला करने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की गयी। हमलावरों की गिरफ्तारी नही किये जाने पर असुरक्षा के चलते लेखपाल संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किये जाने की बात कही गयी।उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार जादौन के नेतृत्व में आशु कुमार सिंह,जितेन्द्र कुमार,पवन कुमार, बृजेश कुमार,रंजना सिंह,रजत कुमार,पवन कुमार, कुशलेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह आदि अनेक लेखपालों के साथ एसडीएम भावना विमल को एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि गत 15 फरवरी 2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस जलेसर में ग्राम जमालपुर गादुरी स्थित सरकारी भूमि पोखर गाटा 149 को अति
क्रमण मुक्त कराये जाने सम्बन्धी एक शिकायती पत्र गांव के ही लोगो द्वारा दिया गया था। शिकायती पत्र पत्र के निस्तारण हेतु स्थलीय
माप - निरीक्षण 28फरवरी2025 चकबन्दी लेखपाल अनिल कुमार व चकबन्दी कानूनगो नरेश चन्द्र के साथ राजस्व लेखपाल रजत कुमार द्वारा किया जा रहा था। पैमाइश के समय ग्राम के ही उमेश पाल पुत्र रामपाल इत्यादि के द्वारा लेखपाल रजत कुमार के साथ की गई धक्का मुक्की, गाली गलौज एवं हमलाव होकर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए सरकारी कार्य में वाधा उत्पन्न करने एवं धमकी दी गयी थी।जिस पर लेखपाल रजत कुमार के द्वारा उच्चाधिकारियों को सूचना देने पर दिये गये निर्देश के अनुपालन में थाना कोतवाली निधोलीकलां में नामजद हमलावरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मगर थाना पुलिस द्वारा अभी तक नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

जिसके परिणामस्वरूप आरोपियों द्वारा तहसील प्रांगण में आकर पीड़ित लेख्याल को लगातार धमकाया जा रहा है। संज्ञान में आया है कि लेखपाल रजत कुमार को साजिशन झूठा फंसाये जाने का झूठ षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिससे आरोपियों द्वारा कभी भी लेखपाल के साथ अनहोनी घटित की जा सकती है। इसलिए नामजद आरोपियों की शीघ्र सुरक्षा के दृष्टिगत गिरफ्तार कराया जाय।

राजस्थान समाज गाजियाबाद 1974 द्वारा जरूरतमंद कन्याओं का कराया गया विवाह

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। राजस्थान समाज गाजियाबाद 1974 द्वारा दो जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों का विवाह कराया गया। यह विवाह सभी के सहयोग से धूमधाम से संपन्न हुआ। दोनों कन्याओं को जरूरत का सारा सामान भी दिया गया। संस्था की अध्यक्ष बबीता गुटगुटिया ने बताया कि विवाह समारोह न्यू फ्रैंडस कालोनी कनावनी में राधा स्वामी सत्संग व्यास इंदिरापुरम में ढांढ़नियां के फार्म हॉउस में आयोजित किया गया। रेखा मंजू लड़िया, बेला, रेनू, आदिनारायण, ढ़ांढनिया, प्रशांत सराइयाँ, कारीवाल, सीताराम, पौद्दार लाठ आदि ने भी सहयोग दिया।

शादी समारोह में चोरी-लूट करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। अंकुर विहार थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो शादी समारोह में बराती बनकर शामिल होते और दूल्हे या दुल्हन के पिता, मां या भाई से रुपयों से भरा बैग लूटकर भाग जाते थे। पुलिस आरोपियों से लूट व चोरी के रुपये और जेवर बरामद कर जेल भेज दिए हैं।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि शालीमार गार्डन, लोनी, साहिबाबाद, अंकुर विहार और टीला मोड थाना क्षेत्र स्थित विवाह मंडप से चोरी और लूट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम समीर निवासी अशेक विहार थाना लोनी, लक्की वर्मा निवासी भजनपुर दिल्ली और गुलफाम निवासी श्रीराम कालोनी थाना खजूरी दिल्ली हैं।

बताया कि किसी भी शादी समारोह में शामिल होकर वह दूल्हे या दुल्हन के माता-पिता और भाई बहन में किसी के पास भी नकदी या जेवर आदि होते थे उन्हें चिह्नित करते थे। गिरोह का एक साथी निगरानी रखता था तो दूसरा बाइक लेकर विवाह मंडप के पास खड़ा हो जाता था। बैग सोफे या अन्य स्थान पर चोरी कर लेते थे। कई वारदातों में ये बदमाश शादी समारोह के बीच ही बैग या कोई सामान लूटकर भाग जाते थे।

जबकि इनका एक साथी गुड्डू निवासी थाना खजूरी दिल्ली अभी पुलिस पकड़ से बाहर है। पकड़े गए बदमाशों से 60 हजार रुपये की नकदी, सोने चांदी के जेवर और घटनाओं प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। इसके साथ ही लूटे और चोरी किए गए बैग भी बरामद किए हैं।

पीआरवी पर तैनात सिपाहियों से युवकों ने की धक्कामुक्की, वर्दी फाड़ी

» सिपाहियों ने युवकों से लड़ने का कारण पूछा। आरोप है युवकों ने दोनों सिपाहियों के साथ धक्कामुक्की कर दी और मारपीट कर वर्दी तक फाड़ दी।

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। रविवार की देर रात गश्त कर रहे पीआरवी पर तैनात सिपाहियों से दो-तीन युवकों ने धक्कामुक्की कर दी। आरोपी युवकों ने सिपाहियों की वर्दी तक फाड़ दी। सिपाहियों ने थाना पुलिस को सूचना दी, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची आरोपी युवक मौके से भाग गए। पीड़ित सिपाहियों की तहरीर पर दो-तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पीआरवी पर तैनात सिपाही नीरज कुमार और भूपेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की देर शाम दोनों गश्त पर थे। जब वह पालभवन पर पहुंचे तो दो-तीन युवक शराब पीकर आपस में झगड़ रहे थे। सिपाहियों ने युवकों से लड़ने का कारण पूछा। आरोप है युवकों ने दोनों सिपाहियों के साथ धक्कामुक्की कर दी और मारपीट कर वर्दी तक फाड़ दी।

विज्ञापनउन्होंने वायरलेस सेट से थाना और चौकी पुलिस को सूचना दी। इसी बीच आरोपी युवक दोनों सिपाहियों को धक्का देकर भाग गए। सिपाही नीरज और भूपेंद्र सिंह ने क्रासिंग रिपब्लिक थाने में दो-तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने 121(1), सरकारी कर्मचारी से अभद्रता 132, जानबूझकर चोट पहुंचाना 115(2) और शांति भंग 352 की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर कार्यवाही की जाएगी।

जरूरतमंद महिलाओं के लिए निशुल्क सेनिटरी पैड का वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। स्टार रामेश्वरम सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद के सौजन्य से अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फ्री सैनेट्री पैड के प्रथम वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के कम्युनिटी हॉल में सफलता पूर्वक किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवा भारती महानगर गाजियाबाद की शुभ्रा जैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमारी यह पहल केवल मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी सामग्री वितरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को इस विषय पर जागरूक बनाना, उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना भी है।

आगे बताते हुए शुभ्रा जैन ने कहा कि सेवा भारती पिछले दो वर्षों से गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में इस अभियान को चला रही है, और आज जुड़ना हमारे लिए हर्ष का विषय है। यह सिर्फ एक शुरुआत है–आगे भी हम सेवा भारती के अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाएंगे।शुभ्रा जैन ने कहा कि हम उन सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस अभियान में भाग लिया और इसे सफल बनाया। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी महिला मासिक धर्म स्वच्छता के अभाव में परेशान न हो, और हर बहन इस विषय पर खुलकर बात कर सके। सेवा ही हमारा संकल्प है।÷अध्यक्षा चित्रा सिंह एवं उनकी टीम ने मुख्य अतिथि शुभ्रा जैन एवं विशिष्ट अतिथि रैनी अग्रवाल का स्वागत किया। चित्रा सिंह ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम हर महीने के पहले सप्ताह में आयोजित करेंगे। सोसाइटी की मैड्स का कहना था कि अब हम हर माह सैनेट्री पैड्स इस्तमाल करेंगें एवं बताए गए निर्देशों के अनुसार निस्तारण भी करेंगें। चिंकी शर्मा का कहना था कि शुभ्रा जैन जी के द्वारा बहुत सारी ऐसी जानकारी दी गई जिसको हम लोगों तक को नहीं पता था।

कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि ÷प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन की ओर एक पहल÷ कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष से भी ज्यादा समय से प्रत्येक माह राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसाइटीज में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम राजनगर रेजीडेंसी में श्री अग्रवाल सेवा समिति, आशियाना पाम कोर्ट में सारथी क्लब और प्लैटिनम 321 सोसाइटी में सेवा भारती महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक वंचित परिवार की बहनों को उनकी आवश्यकतानुसार 100 से भी ज्यादा सैनेट्री पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को स्टार रामेश्वरम सोसाइटी में सफल बनाने में अध्यक्ष चित्रा सिंह, सहमंत्री एवं टीम लीडर रश्मि चौहान, कीर्ति श्रीवास्तव तथा कुमकुम शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यदि अन्य कोई सोसाइटी अपने यहां भी वंचित महिलाओं के लिए वितरण कार्यक्रम आयोजित करना चाहते हैं तो हमसे संपर्क कर सकते हैं।अंत में कार्यक्रम की टीम लीडर रश्मि चौहान ने मुख्य अतिथि शुभ्रा जैन, राजनगर रेजीडेंसी से आमंत्रित समाज सेवा कार्यों से जुड़ी रैनी अग्रवाल, एवं सभी टीम मेंबर को धन्यवाद दिया।

तरबगंज में 15 जरूरतमंद महिलाओं को मिली आर्थिक मदद

» फाउंडेशन के संस्थापक अमर कुमार ने संस्था की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। उमरी बेगमगंज में मां बाराही गौरी मंगला फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डिक्सिर गांव में आयोजित चेक वितरण समारोह में 15 जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। फाउंडेशन ने पांच महिलाओं को 50-50 हजार रुपए, तीन महिलाओं को 25-25 हजार रुपए और सात महिलाओं को 11-11 हजार रुपए के चेक वितरित किए। भाजपा नेता त्रियुगी नारायण शुक्ला ने कहा कि यह पहल गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी। फाउंडेशन के संस्थापक अमर कुमार ने संस्था की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सदस्यता लेने के सात महीने बाद सड़क दुर्घटना में घायल सदस्यों को इलाज के लिए सहायता दी जाती है। दुर्घटना में मृत्यु होने पर नॉमिनी के एक बच्चे की शिक्षा और विवाह के लिए भी मदद की जाती है। फाउंडेशन ने भविष्य की योजनाओं की भी घोषणा की। एक वृद्धाश्रम की स्थापना की जाएगी, जहां 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, अगले वर्ष से मां बाराही मंदिर प्रांगण में गरीब और असहाय परिवारों की लड़कियों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजन मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रिंस मिश्रा, अशोक कुमार, पल्लवी पांडे, बीना पाठक, हिमांशी सिंह, रीना पाठक, शिवकुमार और रामबाबू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गुरूद्वारे में फ्री डेंटल चेकअप व एक्सरे की सुविधा प्रारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। समाजसेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम कर रहे राजनगर सेक्टर 10 के गुरूद्वारा श्री गुरू नानक दरबार व सिक्खटल फ्री चौरीटेबल डिस्पेंसरी अपनी निशुल्क सेवा का विस्तार कर रही हैं। इसी कडी में मंगलवार को गुरूद्वारे में फ्री डेंटल चेकअप व एक्सरे की सुविधा शुरू की गई। वहीं बुलंदशहर रोड स्थित सिक्खटल फ्री चौरीटेबल डिस्पेंसरी में फ्री डेंटल चेकअप व एक्सरे के साथ फिजियोथरेपी की भी निशुलक सुविधा शुरू की गई। फ्री डेंटल चेकअप व एक्सरे तथा फिजियोथरेपी का शुभारंभ गुरूद्वारे में अरदास से किया गया। गुरूद्वारे के प्रधान सरदार एस एस पुरी व सचिव सुरेंद्र जीत सिंह ने बताया कि सिक्खटल फ्री चौरीटेबल डिस्पेंसरी 12 वर्ष पहले गुरूद्वारे में शुरू की गई थी। इसका उददेश्य ऐसे गरीब मजूदर व श्रमिकों कोा निशुलक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था, जो आर्थिक स्थिति के चलते बीमार होने के बाद भी अपना इलाज नहीं करा पाते हैं।

गुरूद्वारे व डिस्पेंसरी के संरक्षक सरदार परमजीत सिंह सलूजा के विशेष सहयोग से डिस्पेंसरी में फिजिशियन से लेकर सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ निशुल्क परामर्श के साथ दवाई भी निशुलक उपलब्ध कराई जाती है। अब डिस्पेंसरी में सप्ताह में तीन दिन फिजियोथरेपी की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध होगी। डॉ गिरीश सेठी डिस्पेंसरी में तीन दिन बैठकर यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे। सप्ताह में एक दिन वे सेक्टर 10 के गुरूद्वारे गुरूद्वारा श्री गुरू नानक दरबार में भी बैठेंगे और रोगियों की जांच करेंगे। गुरूद्वारे में फ्री डेंटल चेकअप व एक्सरे की सुविधा गुरूवार को मिलेगी। दांत रोग विशेषज्ञ डॉ नुपूर शर्मा व डॉ नैना जालान हर गुरूवार को दांतों की निशुल्क जांच व एक्सरें करेंगी व दवाई भी निशुल्क ही दी जाएगी। वहीं हर मंगलवार को वे डिस्पेंसरी में फ्री डेंटल चेकअप व एक्सरे करेंगी। गुरूद्वारे के कोषाध्यक्ष गुलशन अनेजा आरडब्ल्यू राजनगर की महिला अध्यक्ष सिमरन रंधावा, गुरमीत सिंह, गोल्डी सहगल आदि भी मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज से बच्चे का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

» नगर कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोपी अमर वर्मा को पेश किया गया।

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने गोंडा मेडिकल कॉलेज से 3 वर्षीय मासूम अभिनव का अपहरण करने वाले आरोपी अमर वर्मा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करके नगर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी अमर वर्मा का गोंडा मेडिकल कॉलेज में मेडिकल कराया गया। नगर कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोपी अमर वर्मा को पेश किया गया।

यहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बीते 27 फरवरी को गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने आई वजीरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली राधिका के 3 वर्षीय बच्चे अभिनव का आरोपी अमर वर्मा ने अपहरण कर लिया था। पीड़ित महिला द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था।

कि वह अपने 3 वर्षीय बच्चे के साथ दवा कराने जिला अस्पताल गोण्डा आयी हुई थी। जहां से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके बच्चे को चुरा लिया गया है। पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेकर बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जहां 28 फरवरी को ही पुलिस टीमों द्वारा किए गए अथक मेहनत एवं प्रयासों उपरांत गायब बच्चे को 24 घण्टे के अन्दर केशवपुर पहाड़वा से सकुशल बरामद किया गया था। आज 4 मार्च को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अपहरण करने के आरोपी अभियुक्त अमर वर्मा को रोडवेज बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया गया।

ब्रज प्रान्त में फोन न उठाने वाले अधिकारीयों पर शासन स्तर से सख्त कार्यवाही हो: अरविन्द

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। गौ रक्षा विभाग विश्व हिन्दू परिषद की एक बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय शान्ती नगर एटा पर शाम 7 बजे किया गया। बैठक की अध्यक्षता गौ रक्षा विभाग के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की। बैठक में उ.प्र.के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने एक आदेश दिया था कि सभी अथिकारी सीयूजी फोन उठाये लेकिन उक्त आदेश की पूरे ब्रज प्रान्त में कुछ जनपदों मे आदेश की अवहेलना पर चिन्ता व्यक्त की। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री चौहान ने कहाँ कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक आदेश दिया था कि सभी अथिकारी सीयूजी फोन उठाये लेकिन उसके बावजूद भी ब्रज प्रान्त के कुछ जनपदों के अधिकारी उक्त आदेश की बेखोफ खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है। निराश्रित गोवंशो की समस्या को लेकर कार्यकर्ताओं ने मुझे अवगत कराया तो मैंने कहाँ कि आप अपने जनपद के जिलाधिकारी महोदय से वार्ता करके समस्या का समाधान कराओ तो कार्यकर्ताओं द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अधिकारी फोन नहीं उठाते है तथा अधीनस्थ फोन उठाते हैं तथा कह देते है कि साहब अभी मीटिंग में है तथा मै बाद मे बात कराता हूँ लेकिन फिर बात हो नहीं सकती।इस बात की पुष्टि के लिए तथा निराश्रित गोवंशो की समस्या को लेकर मैंने स्वयं जिलाधिकारी, आगरा, मैनपुरी, अलीग, मथुरा, बढायू, बरेली, पीलीभीत, फोन नहीं उठाते है तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़, मथुरा, बरेली, पीलीभीत फोन नहीं उठाते है जब कि गोवंशो की सबसे जयादा गोकशी बरेली,पीलीभीत क्षेत्र में होती हैं। लेकिन यहां के अधिकारी गोकशी रोकने के बजाय फोन तक नहीं उठाते है।उ.प्र के साफ सुथरी छवि के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज की छवि को धूमिल करने में जुटे हुए हैं फोन न उठाने वाले अधिकारी क्योकि यह अधिकारी जब फोन ही नहीं उठायेंगे तो जनता की समस्या का समाधान किया करेंगे। ऐसे अधिकारियों की जांच कराकर कार्यवाही की जाये तथा इनको विश्व हिन्दू परिषद संगठन के पदाधिकारियों के फोन उठाने तथा समस्याओ का त्वरित निस्तारण के आदेश शासन से जारी किये जाये क्योंकि विश्व हिन्दू परिषद समाजिक संगठन है और समाज व देश के लिए कार्य करता है। बैठक में,आशीष फौजी, विनोद कुमार, हरिओम सिंह, विनोद कुमार, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

तमंचा और कारतूस के साथ चोर गिरफ्तार

अमेठी। उ0नि0 इन्द्रेश कुमार थाना संग्रामपुर मय हमराही द्वारा अभियुक्त सोनू यादव पुत्र राम कुमार यादव निवासी ग्राम गडेरी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 29 वर्ष को बालीपुर मोड बाग के पास से सोमवार को समय करीब 08.30 बजे शाम में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिंदा कारतूस 12 बोर व 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह तमंचा व कारतूस मैनें कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति से खरीदा था एवं मोबाइल फोन के बारे में अभियुक्त ने बताया की 26.02.2025 को पावर हाउस ग्राम घोरहा के पास अपने साथी सूरज पुत्र शमसेर बहादुर सिंह ग्राम धनापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी के साथ मिलकर ई-रिक्शा चालक से 01 मोबाइल व 630 रुपये झपट्टा मारकर ले लिये थे। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

जिला शासकीय अधिवक्ता पद हेतु आवेदन 17 मार्च तक

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता के रिक्त पद के सापेक्ष नवीन आबद्धता के लिए विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रस्तर-7.03 के तहत पैनल गठित कर शासन को प्रेषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस निमित्त जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) का एक पद रिक्त होने के कारण उक्त पद हेतु निर्धारित (प्रपत्र-क तथा प्रपत्र-ख) प्रारूप पर पूर्ण विवरण भरकर विधि वर्ग संस्था (बार) के इच्छुक सदस्य अधिवक्ताओं, जिन्होंने न्यूनतम 10 वर्ष का विधि व्यवसाय किया हो और 60 वर्ष से कम आयु के हो, वे अपना आवेदन तीन प्रतियों में समस्त संलग्नकों सहित 17 मार्च 2025 को अपरान्ह 5 बजे तक कलेक्ट्रेट गौरीगंज अमेठी में प्रस्तुत कर सकते है तथा नियत तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विदेश में नौकरी हेतु, 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन,आवेदन

अमेठी। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि सेवायोजन विभाग के rojgaarsangam.up.gov.in पर नर्सिंग, केयर गिवर एवं सहायक नर्स के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि इजराइल में पुरूष/महिला के कुल 5000 होम बेस्ड केयर गिवर पद (रू0 121818.00 वेतन) हेतु शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिप्लोमा होने के साथ उम्र 25 से 45 वर्ष हो तथा जापान में पुरूष/महिला के कुल 50 केयर गिवर पद (रू0 116976.00 वेतन) हेतु शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिप्लोमा व उम्र 20 से 27 वर्ष हो एवं जर्मनी में पुरूष/महिला के कुल 250 सहायक नर्स पद (रू0 229925.00 वेतन) हेतु शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिप्लोमा होने के साथ ही आयु 24 से 40 वर्ष होना चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त पदों के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है तथा आवेदक द्वारा उपरोक्त पदों के भर्ती हेतु पूर्ण विवरण पोर्टल पर उपलब्ध होने के साथ ही जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

मधुमक्खियों के हमले में प्लाट मालिक सहित एक दर्जन मजदूर घायल

बाँगरमऊ,उन्नाव। ग्राम मऊ में जमीन की प्लाटिंग कर रहे मजदूरों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे प्लाट मालिक सहित आधा दर्जन मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। नगर के मोहल्ला भटपुरी निवासी अलीम खाँ उर्फ छोटे अपने साथियों खुन्ना कुरैशी व शाहिद के साथ एक दर्जन मजदूरों को लेकर ग्राम मऊ स्थित जमीन की प्लाटिंग करा रहे थे। इसी बीच अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया।जिससे अलीमखाँ पुत्र स्व हाजी नसीम,देशराज पुत्र महिपाल,सूरज पुत्र श्रीकृष्ण तथा रोहित पुत्र मुंशीलाल गम्भीर रूप से घायल हो गये ।जिन्हें नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। हमला होते ही काम कर रहे मजदूर भाग खडे हुये।इस दौरान कई अन्य मजदूर भी मामूली रूप से घायल हुये हैं।

सरस्वती विद्या मंदिर में सचल दल द्वारा परीक्षा का निरीक्षण

शुक्लागंज, उन्नाव। मंगलवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में द्वितीय पाली की इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के दौरान, सचल दल प्रभारी पंचम किरण भारती, प्रधानाचार्य राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अलीपुर मिचलौला औरास ने अपनी पूरी टीम के साथ विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, सचल दल ने परीक्षा के आयोजन से संबंधित सभी पहलुओं की गहन जांच की। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रश्न पत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने पाया कि विद्यालय में परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जा रहा था। सचल दल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह और परीक्षा प्रभारी शिव सिंह के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की थीं। उन्होंने विद्यालय के आचार्यों और कर्मचारियों के सहयोग की भी सराहना की। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रशासन परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाता है। उन्होंने सचल दल के निरीक्षण और प्रशंसा के लिए धन्यवाद दिया।

यातायात पुलिस का अभियान, ई-रिक्शा और बाइक चालकों के काटे चालान

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज के पोनी रोड तिराहे पर अक्सर ई-रिक्शा और बाइक चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाता है। इस कारण वहां जाम की स्थिति बनी रहती है। इस समस्या को देखते हुए मंगलवार को यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। टीएसआई शिवपाल सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम ने पोनी रोड तिराहे पर आड़े-तिरछे खड़े ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान, पुलिस ने छह ई-रिक्शा चालकों का चालान किया और दो ई-रिक्शा को जब्त भी किया। इसके अतिरिक्त, बिना हेलमेट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 बाइक चालकों का भी चालान काटा गया। टीएसआई शिवपाल सिंह ने बताया कि यह अभियान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने और जाम की समस्या को कम करने के लिए चलाया गया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने यातायात पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पोनी रोड तिराहे पर अक्सर जाम लग जाता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। उन्होंने यातायात पुलिस से इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाने का अनुरोध किया है।

पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

कोठी, बाराबंकी। होली व रमजान पर्व को लेकर मंगलवार को असंद्रा थाना परिसर पर एसडीएम हैदरगढ़ शम्स तबरेज खां, एसडीएम रामसेनहीघाट रामआसरे वर्मा व क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट समीर सिंह के संयुक्त नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे 14 मार्च को रंगो-गुलाल पर्व होली व रमजान माह में जुम्मे की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की लोगों से अपील की गई। बैठक में मौजूद क्षेत्रीय प्रधान, पूर्व प्रधान, सभासद पूर्व सभासद, मस्जिद के मौलवी व मंदिर के पुजारी आदि से प्रशासनिक अधिकारियों ने शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं जाने की अपील की। इंटरनेट पर फैलने वाली अफवाहों को बिल्कुल ध्यान न देने की अपील की गई। संदिग्ध व्यक्तियों को देखे जाने पर पुलिस को सूचना देने को भी कहा। मौजूद लोगों से कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने अपील किया। इस दौरान इलाकाई लोगों से उनके गांवों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। खासतौर पर होलिका दहन वाली जगहों पर वाद विवाद की आशंका वाले स्थानों की जानकारी जुटाई। पूर्व में हुए विवादों के बारे में भी जानकारी लेकर अप्रिय घटना न हो इसके बारे में लोगों को जागरूक किया। अराजकता फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर सूचना देने को कहा गया। सभी से सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने अपील की। होली पर हुड़दंग से बचने के लिए भी बार-बार अपील की गई। जुम्मे की नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की वाद विवाद ना हो।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई गोष्ठी, किया गया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार द्वारा सलामी गार्द की सलामी ली गयी। पुलिस कार्यालय की शाखाओं/कार्यालयों प्रधान लिपिक, अंकिक शाखा, अभिसूचना इकाई आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में कार्यरत अधि0 कर्म0गण के कार्यों की गहनता से पूछताछ की गयी एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों का अवलोकन व अभिलेखों के रखरखाव को जांच कर सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिए गये। और पुलिस कार्यालय में त्यौहार होली, रमजान एवं ईद आदि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष व अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी कर आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए तथा उपस्थित अधि0/कर्म0 को शासन व उच्चाधिकारीगण के आदेशों के पालन हेतु निर्देशित किया गया। दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। और उनके बाद निर्माणाधीन नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज का निरीक्षण कर निर्माणकार्यों का जायजा लिया गया एवं मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निर्माणकार्य पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमेठी, अपर पुलिस अधीक्षक, व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नवाबगंज सेक्टर में पीडीए पंचायत हुई संपन्न

लोकमित्र संवाद

हसनगंज,उन्नाव। आज 164 मोहान विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक नवाबगंज के सेक्टर 29 पिपरौसा ग्राम मुंडेरा में विधानसभा सभा पूर्व प्रत्याशी डॉ आंचल वर्मा जी व विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह जी के नेतृत्व में पंचायत कार्यक्रम का सफल आयोजन विधानसभा कार्यकारिणी सदस्य आतिश चंद्र रावत जी द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता रंगबाज कुशवाहा उर्फ लक्ष्मीशंकर ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नि. राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा राहुल यादव जी, जिला सचिव शिव सिंह चौहान जी, संचालन विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम जी ने किया, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह दादुवा जी, विधानसभा उपाध्यक्ष अनुपम वर्मा लोधी जी, श्यामलाल कुशवाहा जी, रविन्द्र कुमार जी, सिद्धनाथ पाल जी, पुतान रावत जी, संजीवन लोधी जी, शिवकुमार रावत जी, रामू यादव जी, नन्हा यादव जी, श्रीराम रावत जी, संतोष कुमार रावत जी, कोषाध्यक्ष संदीप यादव, अजयदीप कुशवाहा जी, श्रेयांश यादव जी, लाला रावत जी व अन्य जनमानस उपस्थित रहा।

आनंद घाट पर नमामि गंगे घाट की सफाई

शुक्लागंज, उन्नाव। आनंद घाट पर बने नमामि गंगे घाट की सीढ़ियों पर बालू जमा हो गई थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने मंगलवार को पालिका कर्मियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने घाट की सीढ़ियों से बालू हटाने और पूरे घाट की अच्छी तरह से सफाई करने का आदेश दिया। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष के निर्देशों का पालन करते हुए, पालिका कर्मी तुरंत आनंद घाट पर पहुंचे। उन्होंने न केवल सीढ़ियों से बालू हटाई, बल्कि पूरे पार्क की भी सफाई की। पार्क में लगे पौधों की छंटाई की गई, जिससे पार्क और भी सुंदर दिखने लगा। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि घाट की सफाई और सुंदरता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण घाट पर बालू जमा हो गई थी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को परेशानी हो रही थी। उन्होंने पालिका कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए घाट को फिर से सुंदर बना दिया है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में याद किये गए स्व. एडवोकेट राम शरण यादव

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के हाल में स्वः राम शरण यादव एडवोकेट (वरिष्ठ अधिवक्ता) के चित्र अनावरण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ चित्र का अनावरण जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिह द्वारा किया गया स्वः राम शरण यादव एडवोकेट का जन्म सन् 1946 में हुआ था। सन् 1975 में वे पंजीकृत अधिवक्ता रूप कार्य करते हुए 22 अक्टूबर 2024 को देहान्त हो गया था। उनके परिवार में दो पुत्र एंव पुत्रियाँ है। उनके दोनो पुत्र शिक्षक है। स्वः राम शरण यादव ने पूर्व सांसद स्वः अनन्तराम जायसवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ अपनी वकालत की अपने वकालत के पेशा में रहते हुए उन्होनें अपने कनिष्ठ सहायकों को हमेशा पढाई और मेहनत करने का ज्ञान दिया। बाबू जी ने हमेशा अपनी वकालत का पेशा ईमानदारी और मेहनत से किया।

इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के वर्तमान अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई, महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, जगत बहादुर सिंह, बब्बन सिंह, हरीश अग्निहोत्री, नरेश कुमार सिंह, रामहर्ष यादव, त्रिभुवन प्रसाद यादव, प्रशान्त कुमार आर्य, रमन द्विवेदी, वर्तमान जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। थाना जामो में 15.02.2025 को लिखित प्रार्थनापत्र दिया गया कि वादी की दुकान की दीवाल काटकर रुपये व मोबाइल फोन अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना पर मु0अ0सं0 31/25 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे। उसी क्रम में मंगलवार को उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो मय हमराह व उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम मय हमराह द्वारा एक अभियुक्त मोनू पाल पुत्र देव मुनि निवासी मोदीपुर मजरे उरहा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर उम्र करीब 23 वर्ष को भोए बाजार के पास से समय करीब 04:50 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से बैग में रखे 29 एन्ड्राइड मोबाइल फोन, 01 डमी मोबाइल फोन व 01 लैपटाप मय चार्जर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त मोनू पाल ने बताया कि दिनांक 14.02.2025 को कौशाम्बी कोर्ट में पेशी थी। पेशी के बाद मैं रायबरेली से फैजाबाद होते हुये गौरीगंज आ गया। गूगल के माध्यम से मोबाइल फोन की दूकान को सर्च किया गौरीगंज में भीडभाड़ होने के कारण चोरी नहीं कर पाया। फिर मैं गूगल के माध्यम से जामो में मिश्रा मोबाइल शॉप पर आ गया और दिन में दुकान व आस पास रैकी किया और रात में स्कूल की दीवाल के ऊपर चढ़कर छत से दुकान की दीवाल को छेनी, सब्बल से काटकर अन्दर चला गया। मोबाइल की दुकान से मैं 35 एन्ड्राइड मोबाइल फोन, 01 डमी मोबाइल फोन, 01 लैपटाप पुराना मय चार्जर व 14600 रुपये चोरी कर लिया था। बरामद मोबाइल फोन व लैपटाप उसी चोरी के हैं, चोरी के 06 मोबाइल फोन मैं चलते फिरते लोगों को बेच दिया था व रुपये खर्च हो गये।

एसपी दिनेश सिंह ने काटा फीता

पुलिस चौकी केसरगंज व थाना के आगुंतक कक्ष हाल का हुआ उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के केसरगंज पुलिस चौकी व थाना परिसरे स्थित नए मीटिंग हाल का मंगलवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह उद्घाटन ने उद्घाटन किया इसको लेकर सोमवार देर रात तक तैयारी चलती रही। चौकी व हाल में लगने वाले पत्थर को लेकर बाराबंकी शहर से कोठी थाने का मेहनती सिपाही प्रमोद कुमार मौर्य के द्वारा शिलापट रात नौ बजे ले जाया गया। पुलिस चौकी व थाना परिसर के हाल को लेकर पुलिसकर्मियों में सुविधा का इजाफा होने से स्थानीय लोगों में भी खुशी की लहर है। इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग स्थित कैसरगंज पुलिस चौकी व थाना परिसर के अंदर टीनशेड लगाकर एक बड़ा मीटिंग हाल का निर्माण कराया गया है। फर्श, प्लास्टर, रंगाई व पुताई आदि की फिनिशिंग काम पूरा कर लिया गया है। मगंलवार जिसका उद्घाटन एसपी दिनेश कुमार सिंह के हाथों हुआ। इंस्पेक्टर कोठी सिंह ने सभी को भोज कराया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने उनकी पीठ तपाई और उन्हें शाबाशी दी।

इनकी रही मौजूदगी: एसपी दिनेश कुमार सिंह, एडिशनल एसपी डॉक्टर अखिलेश नारायण, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ आलोक पाठक, अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामनरेश यादव, वरिष्ठ निरीक्षक शिवसागर तिवारी, दरोगा अशोक यादव, धर्मराज यादव, कांस्टेबल दिनेश कुमार, विजय कुमार, विवेक सिंह, संतोष सिंह, राजेश्वर, सुनील, अर्जुन समेत क्षेत्रीय समान्नित लोग व पत्रकार आमंत्रित।

144 वर्षों बाद महाकुंभ का पवित्र गंगाजल पहुंचेगा हर घर तक

यूपी सरकार ने फायर कर्मियों को सौंपी जिम्मेदारी

लोकमित्र ब्यूरो

रामसनेहीघाट बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सभी सनातन धर्मावलंबियों तक महाकुंभ 2025 का पवित्र गंगाजल पहुंचाने की विशेष योजना बनाई है। 144 वर्षों बाद ऐसा ऐतिहासिक अवसर आया है जब सरकार स्वयं गंगाजल को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रही है।

इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने फायर विभाग के कर्मियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। फायर विभाग के कर्मी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस पुनीत कार्य को संपन्न करेंगे, ताकि हर श्रद्धालु तक महाकुंभ के पावन गंगाजल की सौगात पहुंच सके। इस पहल से उन लोगों को विशेष लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश महाकुंभ में प्रयागराज नहीं पहुंच सके। अब वे घर बैठे ही गंगा मां के दिव्य जल से लाभान्वित हो सकेंगे। सरकार की यह योजना सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और धार्मिक आस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

फायर सर्विस रामसनेहीघाट के वरिष्ठ कर्मी चंद्रभूषण शुक्ला के मुताबिक मंगलवार की देर शाम तक गंगाजल लेकर उनकी गाड़ी यहां पहुंच जाएगी।

श्रद्धालुओं में हर्ष, सरकार की अनूठी पहल को सराहा: अयोध्या का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले बाबा रामसनेही दास के निकट खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव इसका स्वागत करेंगे। इस खबर से सनातन धर्म के अनुयायियों में जबरदस्त उत्साह है।

लोग सरकार के इस निर्णय की सराहना कर रहे हैं और इसे ऐतिहासिक पहल बता रहे हैं। धार्मिक विद्वानों और साधु-संतों ने भी इस कदम का स्वागत किया है, क्योंकि यह सनातन संस्कृति को संजोने और भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक उत्तम प्रयास है। महाकुंभ 2025 के इस विशेष आयोजन में सरकार की यह पहल निश्चित रूप से ऐतिहासिक और प्रेरणादायक मानी जा रही है।

लघु सिंचाई में जल्दी जल्दी जे ई हटाने के पीछे कौन सा खेल

रामनगर। लघु सिंचाई विभाग मे अवर अभियंताओ को इधर उधर करने में किस कदर मनमानी हो रही है इसका नजारा ब्लॉक रामनगर में देखने को मिला जंहा दो महीने मे तीन जेई बदले गए। पहले प्रमोद तिवारी को रामनगर ब्लॉक से हटाया तो मसौली के अरुण कुमार व्यास को अटैच किया गया। एक महीना उन्होंने ब्लॉक देखा फिर उनको हटाकर बीते सप्ताह दरियाबाद में तैनात मेराज अहमद को तैनात किया गया। अब तीन मार्च को फिर से मसौली के जे ई व्यास को रामनगर तैनाती देकर दरियाबाद से आए जे ई को मसौली तैनात किया गया है।जल्दी जल्दी इधर से उधर जे ई करने का चल रहा खेल लोगो की समझ नही आ रहा।

चर्चा हो रही है कि सहायक अभियंता अपनी गुड़विल के जे ई अच्छी जगह भेज रहे है। आखिर यह कौन सा खेल हो रहा कि सवाल बना है।

उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए: एडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। अपरजिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई जिस पर अपर जिलाधिकारी ने इकाइयों/व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने/कराने के साथ ही उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पुलिस चौकी की स्थापना, राया एग्रोवेट के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कराए जाने, गौरीशंकर डेयरी के विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाए जाने के प्रकरण पर चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं उसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों/व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा। बैठक में सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

एडीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र, डीसी एनआरएलएम प्रमिला शुक्ला, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

पारा में आज भी छप्पर में गुजर बसर कर रहे लोग

ब्रहद आवास का हो सर्वे तो मिल सके लाभ

संत कुमार उपाध्याय

रामनगर, बाराबंकी। ब्लॉक मुख्यालय से पचीस किमी दूर सरयू नदी के उस पार बाँध किनारे बसी पारा ग्राम पंचायत में अभी भी छप्पर छानी में अधिकांश लोग गुजर बसर कर रहे है।प्रधानमंत्री आवास का सर्वे कार्य यंहा बहुत सुस्त है।यदि 200 के करीब यंहा आवास दिए जाए तो ग्रामीणों का भला हो सकता है। पारा ग्राम पंचायत नदी के उस पार काफी दूरी पर है जिससे यंहा अधिकारी विधानसभा या लोक सभा चुनाव में ही जाते हैं।यह ग्राम पंचायत सन 1995 में सरयू नदी की कटान में कट गई थी जो अब बाँध के इस पार बसी है।यंहा ज्यादा तर लोग छप्परो में निवास कर रहे हैं।इस समय पी एम आवास का सर्वे हो रहा है तो उम्मीद बंधी है कि यंहा के गरीब लोगो को भी पक्की छत नसीब होगी मगर सर्वे करने वाले एक माह से लापरवाह है।अभी दस लोगो का ही सर्वे हुआ है।यंहा लग कर पूरी जिम्मेदारी से सर्वे की जरूरत है ताकि जरूरत मंद गरीब यंहा आवास का लाभ ले सकें। तेरह पुरवो वाली इस पंचायत में ओबीसी वर्ग की ज्यादा आबादी है मगर विकास के लिहाज से समस्याए ही मौजूद हैं।न तो यंहा तालाब खतौनी पर दर्ज हैं न ही चक मार्ग इसी लिए ग्राम प्रधान को मनरेगा के कच्चे कार्य भी कराने में दिक्कत होती है और मजदूर लोग भी काम नहीं पाते हैं।पानी की टंकी एक साल से अधबनी खड़ी है जिसको कम्प्लीट कर चलाने की जरूरत है।दस हजार की आबादी वाली इस पंचायत में चार हजार वोटर हैं।सरकारी जमीन न मिलने से दो आँगन बाड़ी भवन बनने आए मगर नहीं बन सके। वे स्कूलों के कमरे में चल रहे है।जो जमीन है भी उस पर कब्जा है जिसे लेखपाल छुड़वाते नहीं है ।यंहा वंशी लाल के घर से नया पुरवा तक एक किमी व भल्हर पुरवा मे मंगलू के घर से राम सखे के घर तक एक किमी डामर सड़क की जरूरत है ।ग्राम प्रधान कहते हैं कि बड़ी ग्राम पंचायत है जिसमे जो बजट आता है उसी से कार्य होता है। अन्य विभाग भी यंहा विकास कार्य करवाए।जिला पंचायत ने यंहा कोई कार्य नही कराया है।

संक्षिप्त खबरें

हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का हुआ पाठ

मसौली (बाराबंकी)। बाबा रामशरणदास भगवतदास कुटी हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ हुआ। इसके बाद मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्री राम स्तुति भजन संध्या की शुरुआत की कहा वीरों मे हो तुम महा वीर, हनुमान तुम्हारा क्या कहना। झमाझम नाचते देखो वीर हनुमाना। सूरज जब पलकें खोले, दिल नमः शिवाय बोले। कहा हो तुम हनुमान, तुम्हें श्रीराम बुलाते हैं। तेरे डमरू की धुन सुनकर तेरे दरबार आये है । दुनिया में देव हजारों है बजरंगबली का क्या कहना अवध में राम आये है ।।कपि कहो कुशल लखन रघुवर की, हे दुख भजन मारूति नंदन, सुन लो मेरी पुकार पवन सुत विनती बारम्बार । पता नहीं किस रूप में नारायण मिल जाये।बालक खड़ा तोहरे द्वार मां मैया खोलो किवाडिया, खुश होंगे हनुमान राम-राम किये जा । डमरू वाला है जग में दयालु बड़ा ।कभी राम नाम तो कभी राधे कृष्णा तो कभी रामभक्त हनुमान के संगीतमयी भजनों पर श्राद्धलु झूमते दिखाई दिये मंगलवार को भजन संध्या मे भजन गायकों ने भजनों के जरिए राम नाम की महिमा का बखान किया ।भजन पर श्राद्धलु साथ गाते और हाथ उठाकर तालियां बजवाते रहे। राधे राधे जपो चले आयेंगे बिहारी। वीरों में तुम महावीर हनुमान तुम्हारा क्या कहना । आदि भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया।फिर हनुमान जी महाराज की आरती हुई तत्पश्चात जय कारों के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मोहित वर्मा अंकित वर्मा ढोलक वादक प्रांजल गुप्ता चन्द्रपाल यादव रजत वर्मा नरेन्द्र कुमार अभिषेक श्रीवास्तव सत्यम सोनी ओम नाग दिपांशु यादव पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे हैं।

बेटी को फुसलाकर भगाने का आरोप

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र में पिता ने दो युवकों पर बहला फुसला कर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लागया।पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र में पीड़ित पिता ने मसौली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि वह परिवार परिवार के साथ 2 मार्च 2025 को खेत में सरसों की फसल तैयार कर रहे थे। समय करीब दिन में एक बजे पीड़ित की पुत्री जिसकी उम्र लगभग 21 वर्ष घर चली आयी।पीड़ित की पत्नी शाम को जब खेत से वापस घर आयी तो पुत्री घर पर नही थी। काफी खोजबीन की लेकिन पता नही चल सक।शक के आधार पर पीड़ित पिता की ने मसौली पुलिस को दो नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। जिस पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

स्व श्यामलाल यादव एक क्रांतिकारी नेता थे- प्रदेश अध्यक्ष

सफदरगंज, बाराबंकी। स्व श्यामलाल यादव का नाम समाजसेवा के क्रान्तिकारी नेताओं में शुमार था। वह राजनीति में संघर्ष के पर्याय थे। उनकी पहचान को उनके पुत्र ज्ञान सिंह यादव ने जिन्दा कर रखा है। उक्त बाते मंगलवार को कस्बा सफदरगंज मे स्व0 नेता श्यामलाल यादव स्मारक इंटर कॉलेज मे स्व0 नेता श्यामलाल यादव की 24 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कही उन्होंने कहा कि भावी युवा पीढ़ी को स्व. नेता श्यामलाल यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्व0 नेता श्यामलाल यादव किसी के सामने झुकना और अनैतिक बात के दबाव में आने वाले व्यक्ति नहीं थे। उनकी राजनीति में कमी आज भी महसूस होती है। वह प्रतिष्ठित, निडर और संघर्षशील राजनेता थे जो प्रेरणादायी है। सांसद मोहनलालगंज आर के चौधरी समाजवादी चिंतक, दलितों व पिछडो के मसीहा नेता श्यामलाल यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि क्षेत्र मे नेता जी के नाम से जाने जाने वाले श्यामलाल यादव संघर्षो के बीच जन्मे हुए नेता थे जिन्होंने अपना जीवन जनता की सेवा में अर्पित कर दिया आज नेता जी हम सब के बीच नही है फिर भी उनकी यादे एव सेवाभाव जीवंत है। पूर्व सांसद पी एल पुनिया श्रद्धासुमन अर्पण करते हुए कहा कि श्यामलाल यादव का व्यक्तित्व धनी था जिन्होंने अपने व्यवहार एव विचारधारा से लोगो को जोड़ने का काम किया उनकी कमी हम सभी लोगो के लिए दुःख दायी है। पूर्व विधान परिषद् सदस्य राजेश कुमार उर्फ़ राजू यादव ने कहा कि स्वर्गीय नेता जी का परिवार हमेशा समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा जो समाजवादी पार्टी के लिए प्रेरणादायक रहे है। श्याम लाल यादव का नाम लेने से ऐसे विराट व्यक्ति का बोध होता है, जिसके व्यक्तित्व की व्यापकता असीमित है। सपा के वरिष्ठ नेता एव स्व0 श्यामलाल यादव के पुत्र ज्ञानसिंह यादव ने अपने पिता की 24 पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पिता जी ने ऊँगली पकडकर समाजसेवा का जो रास्ता दिखाया है उसमे हम कभी पीछे नही हटेंगे मेरा पुरा जीवन समाज के लिए समर्पित है पिता जी की कमी को पुरा तो नही किया जा सकता है लेकिन उनके सपनो को साकार किया जा सकता हैं नेता जी के पुण्यतिथि पर पूर्व एम एल सी राम वृक्ष यादव, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जयपाल, शहजराम यादव, श्रीकिशन यादव, बब्लू यादव, रमापति यादव, लखपति रावत, मंशाराम यादव, राजवीर, सुरेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के सपा नेताओं, समाजसेवियों सहित उनके करीबियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की।

जिला पंचायत अध्यक्ष की सास को श्रद्धांजलि के लिऐं भाजपाइयों समेत लोगों का जमावड़ा

सांसद और यूपी सरकार की पूर्व मंत्री स्वर्गीय कमल रानी वरुण की पुत्री हैं कानपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरूण

सुनील बाजपेई

कानपुर। संसार में जन्म और इसके बाद मृत्यु के क्रम में स्थूल शरीर छोड़कर सूक्ष्म शरीर में प्रवेश करने वाली समाज सेविका भी रही लक्ष्मी देवी को यहां भाजपा के जनप्रतिनिधियों और नेताओं समेत अन्य गण मान्य लोगों ने भी उनके त्रयोदशी संस्कार में भाग लेकर अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साकेत नगर में रहने वाली लक्ष्मी देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार मनीष सिंह, आशीष सिंह को छोड़ गईं हैं। वह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वप्निल वरुण की सास भी थीं।

हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाली सरल और शालीन स्वभाव की व्यवहार कुशल जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता स्वप्निल वरुण की मां कमल रानी वरुण भी घाटमपुर से दो बार सांसद एक बार विधायक के साथ ही यूपी सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। सन 2020 मृत्यु के मामले में विश्व व्यापी रहे कोरोना महामारी ने उन्हें यह संसार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। फिलहाल अब हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाली जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण की सास लक्ष्मी देवी को श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा समेत विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि नेताओं में क्षत्रिय जागरण मंच के संयोजक मुखिया और भारतीय प्रधान संगठन यूपी के अध्यक्ष ठाकुर एसके सिंह ,भाजपा नेत्री निशा तिवारी, राकेश शर्मा ,आर के तिवारी केडी तिवारी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के प्रतिनिधि भाजपा नेता सुरेंद्र अवस्थी समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार के आरोप की होगी जांच

डिप्टी सीएम ने दिया आदेश

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। यूपी के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने लखीमपुर खीरी के जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश अस्पताल में तैनात एक फिजीशियन की ओर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर अस्पताल प्रशासन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने के मद्देनजर दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा और स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल के फिजीशियन ने लगाए थे गंभीर आरोप। गौरतलब है कि दो दिन पहले जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. सौरभ शुक्ला ने आरोप लगाया था कि बिना पैसा दिए अस्पताल में कोई काम नहीं होता। उन्होंने अस्पताल के सीएमएस पर वसूली करने का भी आरोप लगाया था। उनके द्वारा साझा किए गए वीडियो के वायरल होने के बाद मामला सरकार के संज्ञान में आया, जिसके बाद डिप्टी सीएम ने जांच के आदेश जारी किए।

रामनगर पी जी कालेज का नाम स्व राजा रत्नाकर सिंह के नाम करने की मांग

रामनगर। रामनगर पी जी कालेज रामनगर का नामकरण जमीन दान देने वाले राजा रत्नाकर सिंह के नाम किए जाने की मांग संबंधी पत्र सांसद तनुज पुनिया ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को भेजा है। सांसद ने मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र भेज कर लिखा है कि रामनगर पी जी कालेज स्व राजा विजय सिंह की दान दी गई जमीन पर बना है जिनके पुत्र स्व राजा रत्नाकर सिंह का इस कालेज से बड़ा लगाव था और इसके आजीवन सदस्य थे। इनके परिवार के राजा अमर कृष्ण नारायण सिंह जो रैकवार वंशज थे ने आजादी की लड़ाई में भी बड़ा योगदान दिया था।ऐसे महान पुरुष के नाम रामनगर पी जी कालेज का नाम कर दिए जाने से उनके योगदान को बहुत दिनों तक याद किया जाता रहेगा।

आठ मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माऊज बिन आसिम के निर्देश पर 08 मार्च, द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के उद्देश्य से मंगलवार को नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारी सीनियर डिवीजन संवर्ग एवं जूनियर डिवीजन संवर्ग की बैठक की गयी। निर्देशित किया कि वह अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करे और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये।

नव सृजित वार्ड फतेहनगर में गन्दगी का अंबार

जिम्मेदारो की शह पर रास्ते पर पड़ा कूड़ा-कचड़ा

कच्चे रास्ते पर खुलेआम बह रहा नाला

नगर पंचायत प्रशासन के पास वर्तमान समय में लगभग आधा सैकड़ा सफाई कर्मचारियों की तैनाती होने के बाद फतेहनगर वार्ड अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हैं और नगर पंचायत प्रशासन सब कुछ जानकर भी अनजान बनने का नाटक करने में सफल हो रहा है।

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। तहसील परिसर के ठीक सामने नगर पंचायत धौरहरा का नव सृजित मोहल्ला फतेहनगर फत्तेपुर आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हैं जबकि इस वार्ड में लगभग 80त्न आबादी मुस्लिम समाज की होने के चलते वर्तमान समय में पवित्र रमजान के रोज़े भी चल रहे हैं लेकिन नगर पंचायत प्रशासन कितना संजीदा है इस की बानगी फोटो से देखी जा सकती है। धौरहरा तहसील परिसर के ठीक सामने से धौरहरा फायर स्टेशन की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते का यह हाल कोई नया नहीं है। वर्तमान समय में इसी मार्ग से रोजेदारों को निकलना पड़ता है जबकि इस वार्ड में लगभग 80त्न मुस्लिम समाज के लोगों के कच्चे व पक्के घरों के आगे बह रहा सडक पर नाला नगर पंचायत धौरहरा की हकीकत खुद बयां करता है।गर्मी का मौसम शुरू हो गया है अगर इस मार्ग पर अग्निकांड जैसी घटना घट जाए तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी तो छोड़िए पैदल निकलना भी मुश्किल है। कुल मिलाकर ग्रामीणों को इस रास्ते पर आने जाने मे काफ़ी परेशानी हो रही है। जबकि नगर पंचायत प्रशासन के पास वर्तमान समय में लगभग आधा सैकड़ा सफाई कर्मचारियों की तैनाती होने के बाद फतेहनगर वार्ड अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हैं और नगर पंचायत प्रशासन सब कुछ जानकर भी अनजान बनने का नाटक करने में सफल हो रहा है।

भागवत का मनुष्य के जीवन अति महत्वः आचार्य अरुण कुमार त्रिपाठी



लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। विधानसभा अमेठी की ग्राम पंचायत महमूदपुर के रामनाथपुर बड़ा में यजमान कैलाश नाथ मिश्र के यहां हो रही श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन भक्ति, उल्लास और दिव्यता से भरपूर मंगलवार को कथा के प्रथम दिन, कथा वाचक शंकराचार्य श्री स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ज्योर्तिमठ उत्तराखंड के कृपा पात्र शिष्य आचार्य श्री अरुण कुमार त्रिपाठी जी के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर उपस्थित श्रोता मंत्र मुक्त हो गए, महाराज जी ने भागवत कथा के महत्व को समझाया और कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य महाराज जी ने बताया भगवत गीता का क्या महत्व मनुष्य के जीवन में होता है, महिलाओं एवं श्रद्धालुओ द्वारा भाव-विभोर होकर भक्तिमय बनाने में सहयोग किया गया, स्वागत एवं सहयोग में प्रमोद कुमार मिश्रा, अनिल कुमार, विनोद कुमार ,रमेश नारायण , सुनील कुमार राहुल रोहित शुभम मिश्रा सहित पूरे रामनाथ पुर बड़ा में भक्ति का संगम नजर आ रहा था।

सीडीओ ने सड़क मार्गों के निर्माण की देखी प्रगति

बाधाओं को दूर करने की निर्देश

सड़क निर्माण का धीमा काम देख भड़के सीडीओ, लगाई फटकार

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडब्लूडी अफसरों संग एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और जनहित को सुगम यातायात प्रदान किए जाने के उद्देश्य से स्वीकृत राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक फोरलेन कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। सीडीओ ने धीमी प्रगति पर भड़क उठे। गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

सर्वप्रथम सीडीओ अभिषेक कुमार ने राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक स्वीकृत फोरलेन कार्य को त्वरित गति से कराए जाने के उद्देश्य से अफसरों संग स्थलीय निरीक्षण किया। इस मार्ग में पड़ने वाले 24-25 चिन्हित पेड़ों की नियमानुसार कटाई के लिए प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया। इस मार्ग में पड़ने वाली जल निगम की पाइपलाइन की शिफ्टिंग को समय से पूरा करने के लिए जल निगम के उत्तरदाई अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस मार्ग पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग के लिए विद्युत महकमे के अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र इस कार्य को पूर्ण कराए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ के पूछने पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता केके झा ने बताया कि इस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की जमीन पर पक्का और कच्चा अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित को नोटिस भेजी गई है।

सीडीओ ने मार्किंग करते हुए तत्काल अतिक्रमण को हटाते हुए फोर लाइन कार्य को कार्यवाही पूरा करने के निर्देश दिए। बाधाओं को दूर करते हुए जल्द पूरा कारण सड़क निर्माण कार्य सीडीओ इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ने एलआरपी चौराहे से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य की प्रगति देखी। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि विद्युत की पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग और जल निगम की पाइपलाइन की शिफ्टिंग यथाशीघ्र कराई जाए। स्थानीय तहसील प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए इस मार्ग पर पड़ने वाले अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही की जाए।

खाना बनाते समय सिलेण्डर में लगी आग से तीन दर्जन घरों की गृहस्थी जलकर राख

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

लोकमित्र संवाद

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरुद्दीन पुर के एक घर में मंगलवार को दोपहर बाद एक घर में खाना बनाते समय सिलेंडर से रसोई गैस लीक होने लगी। जिससे घर में आग लग गई। आग इतनी प्रचंड हो गई कि रसोई गैस सिलेंडर फट गया। जिससे तेज हवा के झोंकों के चलते गांव के दर्जनों मकान आग की चपेट में आ गए। सूचना के करीब एक घंटा बाद पहुंची फायर ब्रिगेड दस्ता पानी की बौछार कर किसी तरह आग पर काबू पा सकी। किंतु तब तक कुल घरों की करीब 20 लाख रुपए कीमत की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

ग्राम खैरुद्दीन पुर गंगा नदी के किनारे आबाद है। हालांकि गांव के अधिकांश मकान पक्के हैं। किंतु लगभग सभी घरों में जानवर बांधने और अनाज व भूसा आदि रखने के लिए दीवारों पर फूस के छप्पर भी पड़े हुए हैं।

आज मंगलवार को दोपहर बाद गांव के लगभग सभी लोग खेतों पर चले गए थे। तभी टीकाराम पुत्र शिवराम के मकान में खाना बनाते समय सिलेंडर लीकेज से आग लग गई। तेज लपटों से छप्पर धू-धू कर जलने लगा। आग की तेज लपटें और उंचा उठता धुंआ देखकर खेतों से ग्रामीण दौड़े और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड स्टेशन बांगरमऊ को दी। साथ ही बाल्टियों से पानी फेंक कर तथा बगल के खेत में पंपिंग सेट चालू कर आग बुझाने की कोशिश की।

तभी अचानक घर के अंदर रखा रसोई गैस सिलेंडर फट गया। जिसने आग में घी का काम किया। तेज़ हवा के झोंकों से आग ने बारी-बारी से पड़ोसी गुड्डू, हेमंचल, कल्लू, छविराम, नत्था, मेवालाल, घासी राम, राज बहादुर, लक्ष्मी नारायण, टीकाराम, अशोक कुमार , ब्रम्हा व विजय कुमार सहित करीब तीन दर्जन मकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने और सूचना देने के करीब एक घंटा बाद घटनास्थल से मात्र 9 किलोमीटर दूरी पर स्थित बांगरमऊ से फायर ब्रिगेड दस्ता मौके पर पहुंचा और पानी की बौछार कर आग को अन्य मकानों में बढ़ने से रोका। किंतु तब तक कुल घरों में रखा राशन, कपड़े, जेवर व बर्तन आदि गृहस्थी प्रचंड आग से जलकर भस्म हो गई। आग से झुलसी महिला गुड्डी और युवती गीता को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल, कानून गो प्रवीण श्रीवास्तव और लेखपाल प्रवीण पटेल मौके पर जा पहुंचे और क्षति का आकलन कर आग की चपेट में आए गृहस्वामियों की सूची तहसील प्रशासन को भेजी।

त्योहार से पहले रसोइयों को मिलेगा मानदेय, ऑपरेशन कायाकल्प पर भी चर्चा

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बेसिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी और एआरपी भी मौजूद रहे। डीएम ने विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील की रसोइयों को होली से पहले मानदेय दिया जाए। इसके लिए खंडशिक्षा अधिकारियों को दो दिन के भीतर उपस्थिति भेजने को कहा गया है। बैठक में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, मिड-डे मील, स्कूलों में बिजली व्यवस्था और बीआरसी मरम्मत की समीक्षा की गई। ऑपरेशन कायाकल्प के 19 मानकों पर भी चर्चा हुई। जिला और ब्लॉक टास्क फोर्स को निरीक्षण लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। निपुण भारत मिशन के तहत अधिकारियों का प्रदर्शन आंका जाएगा। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्माणाधीन स्कूलों का काम समय पर पूरा होना चाहिए। गुणवत्ता की जांच के बाद ही इन्हें हैंडओवर लिया जाए।

सीडीओ ने बीएसए, डीआईओएस दफ्तर में मारा छापा

निरीक्षण में 25 कार्मिक नदारत, सीडीओ ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

सीडीओ बोले,संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने सुबह 10ः10 पर क्रमशः कार्यालय डीआईओएस, बीएसए एवं वित्त एवं लेखाधिकारी का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ को देख कार्यालय के अधिकारियो और कर्मचारियों मे हड़कंप मच गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआईओएस दफ्तर में सात, बीएसए दफ्तर में 14, वित्त एवं लेखाधिकारी दफ्तर में चार कार्मिक नदारद मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई निश्चित है। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में कुल 09 कर्मचारियो के सापेक्ष मात्र 02 कर्मचारी उपस्थित पाए गये तथा 07 कर्मचारी प्रधान सहायक अश्विनी कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार सिंह, तौसिफ अहमद, सुरेन्द्र कुमार भारती, राजेश कुमार, आशीष कुमार, परिचायक मंजीत निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। सीडीओ के पूछने पर ज्ञात हुआ कि जिला विद्यालय निरीक्षक हो रही परीक्षा में जांच हेतु गये है। सीडीओ अभिषेक कुमार के निरीक्षण के दौरान बीएसए प्रवीन कुमार तिवारी एवं सहायक लेखाधिकारी गिरिजा शंकर पाण्डेय सहित कार्यालय में कुल 20 कर्मचारियो के सापेक्ष मात्र 06 कर्मचारी उपस्थित पाए गये तथा 14 कर्मचारी प्र.सहा.अनिल बाजपेई, परिचायक अवशेष कुमार, एमआईएस शशि पाल यादव, डी.सी.जी.रेनू श्रीवास्तव, डीसी (आई.ई.डी.)माला श्रीवास्तव, डी.सी.टी. विशाल गिरि, डीसी सी.ओ. ऋषि सिंह, पत्रवाहक उमेश चन्द्र, किरन मेहता निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले।

संक्षिप्त खबरें

सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

बीकापुर-अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपर में कलश यात्रा के साथ मंगलवार को सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा शुभारम्भ होने के पूर्व कलश यात्रा निकली गई। कथा व्यास पंडित प्रेमधर जी महाराज के संयोजन में कलश यात्रा शंख घड़ियाल के करताल ध्वनि के साथ गांव में घूमती हुई गांव में स्थित मंदिरों, गली कूचों से होकर कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कथा व्यास एवं आचार्य के सानिध्य में मुख्य यजमान द्वारा पूजा अर्चना की गई। ग्राम देवता की आराधना की गई। इस अवसर पर कथा व्यास प्रेमधर जी महाराज द्वारा बताया गया कि सप्ताह भर चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम चरण में ग्राम देवता नवग्रह देवता का आवाहन करते हुए कथा का शुभारंभ किया जाएगा। इसी कड़ी में ग्राम वासियों द्वारा गांव में स्थित बिंदेश्वरी माता मंदिर मे ग्राम देवता की पूजा करने के बाद मुख्य यजमान राकेश द्विवेदी, कांति द्विवेदी तथा अन्य ग्राम वासियों ने क्षेत्र भ्रमण कर कलश यात्रा निकाली। तथा यज्ञ की पूर्णाहुति के लिए पूजा अर्चना की। कलश यात्रा के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे, कमलेश, राघवेंद्र दुबे उर्फ गुड्डू, रमेश, कमलेश, कृष्ण कुमार दुबे, अंकित दुबे, जितेंद्र तिवारी, अवधेश दुबे, अनिल यादव, अशर्फीलाल, सहित तमाम ग्रामवासी श्रद्धालु शामिल रहे। आयोजक राकेश द्विवेदी ने बताया कि सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 4 मार्च से 11 मार्च तक शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित की जाएगी।

हिंदू रीति रिवाज से होने वाले विवाह को देखने के लिए डेनमार्क से आए तीन विदेशी मेहमान, हुआ स्वागत

अयोध्या। जनपद के विकासखंड तारुन के चक्रसेनपुर की है । जहां पर डेनमार्क से तीन विदेशी मेहमान हिंदू रीति रिवाज से हो रहे विवाह को देखने और समझने के लिए पहुंचे । वही इस संबंध में मंगलवार की दोपहर 2:00 बजे के आसपास अपना दल के प्रांतीय नेता प्रमोद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चक्रसेनपुर निवासी दीपक चौरसिया की बीती रात बहन की शादी थी । भारत में हिंदू रीति रिवाज से होने वाले विवाह को देखने के लिए डेनमार्क के तीन विदेशी मेहमान चक्रसेनपुर पहुंचे थे । उन्होंने हिंदू रीति रिवाज से हो रहे विवाह को दिलचस्पी के साथ देखा और समझा भी । इस दौरान विदेशी मेहमानों का उन्होंने परिजनों के साथ स्वागत अभिनंदन भी किया और अयोध्या में बने प्रभु श्री राम मंदिर के विषय में बताते हुए बताया कि विष्णु पुराण के अनुसार यह भगवान विष्णु का सातवां अवतार अयोध्या में प्रभु श्री राम के रूप में हुआ था । प्रभु श्री राम का भव्य और अलौकिक मंदिर का निर्माण हुआ है ।

एनटीपीसी टांडा में 54वें सुरक्षा दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

अयोध्या। एनटीपीसी टांडा में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह 04 से 10 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 09:30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस सुरक्षा पार्क में हुआ, जहां मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराया एवं उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने बिहेवियर बेस्ड सुरक्षा बीबीएस का भी उदघाटन किया। परिदा ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का हिस्सा होनी चाहिए। सुरक्षित कार्यस्थल से न केवल उत्पादन बढ़ता है, बल्कि यह कर्मचारियों के स्वास्थ्य और संस्थान की निरंतर प्रगति में सहायक होता है।

इस वर्ष की सुरक्षा थीम सुरक्षा और स्वास्थ्य: विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण÷के अनुरूप, कार्यक्रम के दौरान केऔसुब (ष्ट्वस्न) की अग्नि शमन शाखा द्वारा आग से बचाव पर एक प्रदर्शन (डेमो) किया गया। इसके बाद एक सुरक्षा ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बिहैवियर बेस्ड सुरक्षा कक्ष का उदघाटन भी किया।

सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिताओं, जागरूकता सत्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन पूरे सप्ताह किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को औद्योगिक सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अभय कुमार मिश्रा विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाकियू ने सिटी मजिस्ट्रेट को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र से मिलकर जिलाधिकारी अयोध्या को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा दिलाने तथा किसानों का उत्पीड़न न करने की मांग किया। भाकियू राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि सोची समझी साजिश के तहत सन 2017 से सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया जिसके कारण किसानों को सही मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। और प्रशासन भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का पालन नहीं कर रहा है तथा रिंग रोड में किसानों को परेशान करने के उद्देश्य बिना किसी कार्य की शुरुआत के फसलों को जोत कर बर्बाद कर दिया गया जो की उचित नहीं है।

गुणवत्तापरक शिक्षा व संस्कारों को ग्रहण कराने का कार्य शिक्षकों का: राज्यपाल

उत्तर प्रदेश सरकार राम राज्य की कल्पना को कर रही साकार: राज्यमंत्री रजनी तिवारी

▸▸ भगवान राम का जीवन चित्रण जनमानस के लिए प्रेरणा: कुलाधिपति

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मंगलवार को अपना स्वर्ण जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय का विकास तभी संभव है जब सभ्य समाज में मानव का निर्माण हो। खोए हुए को पुनः प्राप्त करना और उसे आकार देना एवं गठित करना शिक्षण संस्थानों का प्रमुख दायित्व है। गुणवत्तापरक शिक्षा व संस्कारों को ग्रहण कराने का कार्य शिक्षकों का है। शिक्षा विद्यार्थी के सम्पूर्ण विकास में सहायक है। विश्व स्तर पर हो रही प्रतिस्पर्धा में युवाओं को भारी योगदान देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि आज की पीढ़ी का यह दायित्व है कि आने वाले भविष्य में सभी क्षेत्रों के युवा अपना अहम योगदान दे। शिक्षण संस्थान द्विस्तरीय शिक्षा का आदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं को मल्टीपल विषय चुनने की आजादी है। इससे हम अपने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में प्रशिक्षित कर सकते है। विश्वविद्यालय स्तर पर यह तय किया जाए कि विद्यार्थियों की रूचि को बढ़ावा देने के लिए नए नए प्रयोग किए जाए। राज्यपाल ने कहा कि राम हमारे आदर्श है जो हमारे जीवन में चरित्र के निर्माण में सहायक है। भगवान राम जीवन चित्रण जनमानस को शिक्षा देता है। कि हमें सामान्य तौर पर भेद-भाव से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि सबरी का चरित्र हमें क्या सिखाता है। इस पर विचार करना चाहिए। एक दूसरे से सीखना ही जीवन है। समारोह में कुलाधिपति ने खेल पर जोर देते हुए कहा कि खेल बच्चों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज समाज में बच्चों को खेलने से मना करने की धारणा पनप रही है। जबकि बच्चों को इससे मना करना उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा डालना है। सात साल के बच्चों का अस्सी से नब्बें प्रतिशत विकास हो जाता है। यह शोधों से पता चला है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल आवश्यक है। राज्यपाल ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बताया कि यह वर्ष महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म ज्योति का उत्सव मना रहा है। विश्वविद्यालयों को इस पर व्यापक चर्चा कर महारानी होल्कर के योगदान को समझना चाहिए। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालयों में शोध कार्यो के मूल्यांकन के लिए वैश्विक स्तर पर कार्य करना होगा। तभी हम उच्च गुणवत्ता को प्राप्त कर सकेंगे। तभी शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। इससे हमारी विश्व रैकिंग में सुधार होगा। समारोह की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी

तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक परिणाम संतोषजनक और विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध हुए हैं। इसके तहत भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से संबंधित विषय-वस्तुओं को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को न केवल आधुनिक ज्ञान प्राप्त हो, बल्कि वे अपनी जड़ों से भी जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि आज हम सभी प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने अनेक विकास के कार्य किए हैं। इसके साथ-साथ हम लोगों ने सदियों से सपना देखा था, कि भगवान श्री राम अपनी जन्मस्थली पर विराजमान हो आज वह समय आ गया। जब प्रभु श्री राम भव्य दिव्य मंदिर में विराजमान है। इसके साथ ही साथ हम देखते हैं काशी है। विंध्यवासिनी माता का गलियारा है। और अभी हम सब लोगों ने महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई है। यह मुझे इसलिए याद आया कि आज मैं अयोध्या में प्रभु श्री राम की भूमि पर मौजूद हूं इसलिए यह याद आना स्वाभाविक है। यहां पर खड़े रहने पर ऐसा हो ही नहीं सकता कि हम प्रभु श्री राम के भाव और दिव्य मंदिर याद न आए। आज उत्तर प्रदेश की सरकार राम राज्य की कल्पना को साकार करने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विकास शिक्षा व्यापार के क्षेत्र में अलग पहचान बन चुका है।

समारोह में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान व सामाजिक योगदान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत इत्र निर्माण कृषि एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर के छात्र-छात्राएं देश के महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों न्यायिक सेवाओं राजनीतिक क्षेत्र शोध व शैक्षिक संस्थानों बैंकिंग सेवा भारतीय सेवा एवं निजी क्षेत्रों के उद्योगों में इसके अतिरिक्त विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे रहे। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 21 स्वर्णिम, 33 रजत वह 57 कांस्य पदक हासिल किए हैं। अनुभूति एक प्रयास के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने छात्रों को विभिन्न आश्रमों से जोड़ा है जिससे युवा वर्ग के समाज में बुजुर्गो के प्रति सम्मान की भावना विकसित होने के साथ-साथ सेवा भाव भी जागृत हो सके। कुलपति ने बताया कि गत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा योग शपथ लेकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में योगदान दिया गया जिसके लिए राजभवन द्वारा विश्वविद्यालय को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कुलपति ने बताया कि अयोध्या की पौराणिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण एवं संबंध की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 से निरंतर योगदान दिया जा रहा है। वर्ष 2024 के दिव्य दीपोत्सव में विश्वविद्यालय के 30 हजार छात्रों व शिक्षकों द्वारा पावन सरयू के 55 घाटों पर 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज्वलित कर लगातार सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया गया। समारोह का शुभारम्भ राष्ट्रगीत से किया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा कुलगीत की संगीतमय प्रस्तुती की गई। समारोह में कुलपति द्वारा अतिथियों को पौधा भेटकर स्वागत किया गया। इस समारोह के दौरान स्वर्ण जयंती पुस्तक का विमोचन कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसी क्रम में नवनिर्मित सरदार पटेल भवन का कुलाधिपति द्वारा ऑनलाइन लोकार्पण किया गया।

समारोह में पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जिनमें सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइनर, वर्ष 2024 का शोध पुरस्कार, सर्वोत्कृष्ट स्नातक एवं परास्नातक छात्र पुरस्कार, महाविद्यालय एवं विवि को छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता के आधार पर पुरस्कार तथा गोद लिए गांव के विद्यालयीय छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता के आधार पर पुस्स्कृत किया गया। इसी क्रम में सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी पुरस्कार पांच चयनित कार्यकत्रियों को कुलाधिपति द्वारा प्रदान किया गया। वही ग्रामसभा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो0 संत शरण मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव उमानाथ द्वारा किया गया।

अयोध्या के आध्यात्मिक केंद्र बनने की दिशा में बड़ा कदम-मंडलायुक्त

अयोध्या। मंगलवार को अयोध्या विकास प्राधिकरण और 1 प्ले ग्रुप ने अयोधया ऐप लॉन्च किया, जिससे भक्त राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, कनक भवन और सरयू घाट के लाइव दर्शन कर सकते हैं। ऐप पर पर्सनलाइज्ड पूजन और पूजा सामग्री की डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है। ऐप लांचिंग में मौजूद कंपनी के सीईओ मोहित लालवानी ने बताया कि मेटावर्स टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिससे श्रद्धालु वर्चुअल रूप में अयोध्या की गलियों और दीपोत्सव जैसे आयोजनों का अनुभव कर सकते हैं। आयुक्त गौरव दयाल ने इसे अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया, जिससे डिजिटल भक्ति को बढ़ावा मिलेगा।अयोध्या विकास प्राधिकरण के वीसी अश्वनी कुमार पांडेय ने कहा कि अयोधयात्रा% ऐप जल्द ही काशी विश्वनाथ, कृष्ण जन्मभूमि और महाकालेश्वर जैसे अन्य तीर्थस्थलों के वर्चुअल टूर से जोड़ा जाएगा, साथ ही पर्सनलाइज्ड ज्योतिषीय सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अयोध यात्रा ऐप एंड्राइड और आईओएस दोनों प्लेटफार्मों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, जिससे श्रद्धालु दुनिया भर से अयोध्या की दिव्यता का अनुभव कर सकते हैं।

पौष्टिकता के लिए आहार में शामिल करें मोटे अनाज: राज्यपाल आनन्दीबेन

कुलाधिपति ने स्वर्ण जयंती पर लगाई गई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल व मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी द्वारा परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा अवधी चित्रकला प्रदर्शनी का क्रमवार अवलोकन किया। कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए राम के जीवन वृतांत के विभिन्न पक्षों को जाना। शबरी के साथ राम, राम सुग्रीव मित्रता, ताड़का वध, निषादराज से मित्रता, राम-हनुमान संवाद, अयोध्या सरयू तट की महिमा, अवध क्षेत्र के सामान्य जनजीवन में राम के प्रभाव को चित्रण के माध्यम से अलग-अलग प्रदर्शित किया गया। वहीं इस प्रदर्शनी में भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आधार के प्रतीक राम के जीवन आदर्श का चरित्र चित्रण एवं राज्य व्यवस्था, वन गमन राक्षसों के संहार का चित्रण प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा तैयार किया गया। जिन्हे कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि द्वारा सराहा गया। राम भक्त हनुमान के प्रभु श्री राम के प्रति समर्पण की भावपूर्ण चित्रकारी ने आगंतुकों को भी प्रभावित किया। दूसरी ओर परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की मिलेट्स फूड की प्रदर्शनी लगाई जिसका कुलाधिपति व मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया। उन्होंने स्टॉलो पर जाकर मोटे आनाज से बने व्यजन का लुफ्त उठाया। छात्र-छात्राओं की तारीफ करते हुए कहा कि अपने भोजन में मोटे आनाज को शामिल करे। इसके साथ ही उन्होंने स्वस्थ्य एवं पौष्टिक आहार के लिए केंद्र सरकार द्वारा अन्नश्री योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहन किया। इस मिलेट्स फूड प्रदर्शनी में ज्वार, बाजरा रागी, सांवा, चना काकुन जैसे अन्य 26 प्रकार के मोटे अनाजों की प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने बताया कि इस प्रर्दशनी का उद्देश्य देश भर में पौष्टिक आहार योजना अन्नश्री से शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा किया जा सकेगा। दूसरी ओर परिसर के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति की प्रदर्शनी लगाई जिनमें कुलाधिपति व मुख्य अतिथि द्वारा लगे स्टॉलों का क्रमवार अवलोकन किया। शिक्षकों ने बढ़चढ कर विभागों की उपलब्धियों को कुलाधिपति के समक्ष रखा। कुलाधिपति ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए नवाचार को बढ़ावा दे। इसका लाभ समाज के अन्य लोगों को भी मिल सके।

वृद्ध महिला केयरटेकर के साथ फिर मारपीट,अभद्रता व छिनैती का आरोप

मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत,मुकदमा दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर

अयोध्या। रामनगरी स्थित अति प्राचीन सुरसर मंदिर में विवाद की घटनाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं।मंदिर की वृद्ध महिला केयरटेकर के साथ एक बार फिर मारपीट,अभद्रता और छिनैती किए जाने का मामला सामने आया है।मामले में पीड़िता वृद्ध महिला केयरटेकर ने मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति तथा उसके दो अन्य अज्ञांत साथियों पर गंभीर आरोप लगाया है।इन आरोपों को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या से लेकर मुख्यमंत्री तक से शिकायत दर्ज कराई की गई है।वृद्ध महिला केयरटेकर के मुताबिक यदि उसके साथ हुई इस घटना का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो इस मामले को लेकर वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में गुहार लगाएंगी तथा उनसे अपनी शिकायत दर्ज कराएगी।पीड़िता वृद्ध महिला केयरटेकर गोपा विश्वास के मुताबिक अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से कुछ वर्ष पूर्व उन्हें मंदिर की देखदेख के लिए केयरटेकर नियुक्त किया गया है, जिसके बाद से वह मंदिर में ही रहकर वहां की देखरेख कर रही हैं।कुछ दिन पूर्व वे अपने कमरे में अपना सामान,कपड़े,आभूषण और करीब पचहत्तर हजार रुपया नगद रखकर इलाज कराने मुंबई गई थी।बीती 28 फरवरी की शाम करीब सात बजे जब वे अयोध्या वापस लौटी तो प्रकाश जायसवाल नामक व्यक्ति ने अपने दो अज्ञात साथियों जिन्हें वे चेहरे से पहचान सकती है,ने उन्हें मंदिर के गेट पर ही रोक लिया तथा मां बहन की अश्लील गालियां देते हुए उससे अभद्रता करने लगा,उनका सामान रास्ते में फेंक दिया,बाल पड़कर जमीन पर पटक दिया तथा लाठी डंडा और धारदार हथियार से मारा पीटा जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।इस दौरान प्रकाश जायसवाल ने उनके गले में पहनी सोने की चेन को झपट्टा मारकर छीन लिया और उसे वहां से भगाते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।मौके पर उनके द्वारा शोर मचाने तथा रास्ते से गुजर रहे लोगों के बीच बचाव करने के बाद उनकी जान बच सकी।बताया गया है कि जान का खतरा महसूस कर उन्होंने जब 112 नंबर पर फोन किया तो 112 नंबर के पुलिस कर्मियों द्वारा उनको फोन कर अत्यधिक भीड़ होने तथा नयाघाट चौकी पर आने की बात कही गई। सूत्रों की माने तो जब पीड़िता वृद्ध महिला केयरटेकर नयाघाट चौकी पर पहुंची तो वहां आरोपी को भी बुलाया गया और नयाघाट चौकी प्रभारी विजयंत मिश्रा की मौजूदगी में घंटे भर तक पंचायत चलती रही लेकिन वृद्ध महिला केयरटेकर के पक्ष को काफी हद तक सही मानने के बाद भी पीड़िता को इसलिए क्षेत्राधिकारी अयोध्या से मिलने की सलाह दे दी गई क्योंकि मंदिर से संबंधित मामले को वही देख रहे हैं।यह बात दीगर है कि पीड़िता वृद्ध महिला केयरटेकर द्वारा कुछ दिनों पूर्व क्षेत्राधिकारी अयोध्या पर भी विपक्षियों को संरक्षण देने का आरोप लगाकर आईजी अयोध्या परिक्षेत्र को शिकायती पत्र दिया जा चुका है और इसकी जांच एसपी सिटी द्वारा की जा रही है।घटनाक्रम में तात्कालिक रूप से कोई कार्रवाई न होने से हताश पीड़िता वृद्ध महिला केयरटेकर ने आशंका जताई है कि प्रकाश जायसवाल तथा उसके अज्ञात सहयोगियों द्वारा उनके कमरे का ताला तोड़कर और कमरे में घुसकर उसके सामान,कपड़े,आभूषण और नगदी रुपयों की लूट कर ली गई है तथा इसे छुपाने के मकसद से उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया।पीड़िता वृद्ध महिला केयरटेकर की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई है तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई है।उन्होंने घटना का मुकदमा दर्ज न किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में जाकर शिकायत दर्ज कराने की भी बात कही है।

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता चन्द्र विजय सिंह, जिला मजिस्ट्रेट, अयोध्या ने की। इस बैठक में सुश्री ऋतु सिंह, सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण और सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या भी उपस्थित रही, साथ ही विभिन्न प्रकरणों और आवेदनों से संबंधित ऑपरेटरों एवं वाहन स्वामियों ने भी बैठक में भाग लिया।बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों में प्रमुख थे:स्थायी परमिट आवेदनों पर निर्णय: मोटर गाड़ी अधिनियम, 1988 की धारा 72 के तहत मंजिली गाड़ियों के स्थायी परमिट के लिए 22 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 20 आवेदन अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी के रूटों से संबंधित थे। इन 20 आवेदनकर्ताओं को परमिट स्वीकृत किया गया, बशर्ते कि उनके वाहनों पर कर, फिटनेस, और चालान से संबंधित कोई बकाया न हो। जिन आवेदकों के वाहनों पर अधिक चालान बकाया थे, उनके आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए।

व्यावसायिक वाहनों के चालकों के कार्य घंटों पर विचार:मोटर वाहन कामगार अधिनियम 1961 और केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-91 के तहत व्यावसायिक वाहनों के चालकों के कार्य घंटों के निर्धारण संबंधी व्यवस्था को अंगीकृत किया गया। इस विषय पर प्रचार-प्रसार की योजना बनाई जाएगी और अगली बैठक में कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी।ओवरलोड वाहनों के प्रकरण पर निर्णय:ओवरलोड के अभियोग में 5 भार वाहनों के मामलों पर विचार किया गया। इन वाहनों के मालिकों ने न तो नोटिस का जवाब दिया और न ही जुर्माना जमा किया। इन मामलों को निलंबित कर दिया गया है और 31 मार्च 2025 तक जुर्माना न जमा करने पर परमिट निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। सीएनजी किट रिट्रोफिटमेंट और लाइसेंस सम्बन्धी निर्णय:

प्राधिकरण द्वारा अधिकृत टेस्टिंग एजेंसी द्वारा सीएनजी किट लगाने के लिए रिट्रोफिटमेंट सेंटर के नवीनीकरण के आवेदन स्वीकृत किए गए। साथ ही, कॉमन कैरियर के लाइसेंस हेतु प्राप्त आवेदन भी स्वीकृत किए गए।डिजल चलित टेम्पो-टैक्सी के नवीनीकरण आवेदन अस्वीकृत: डीजल चलित टेम्पो और टैक्सी के नवीनीकरण आवेदन अत्यधिक चालान पेन्डिंग होने के कारण अस्वीकृत कर दिए गए।बैठक के अंत में, सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, अयोध्या सुश्री ऋतु सिंह ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का धन्यवाद किया।

डकैती कांड में पीड़ित परिजनों की आवाज बनेगी सुभासपा

6 मार्च को विशाल रैली में आएंगे सुभासपा चीफओम प्रकाश राजभर

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सवालों का उत्तर देते हुए जिलाध्यक्ष विनीत सिंह ने कहा कि वंचित वर्ग की लड़ाई के लिए उनकी पार्टी हर मोड़ पर खड़ी मिलेगी। उनके पदाधिकारी पीड़ितों से मिलेंगे और उन्हें न्याय दिलाएंगे। उन्होंने जनवरी माह की शुरुआत में गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में एक महा दलित (प्रवासी मजदूर) की कथित रूप से की गई हत्या के मामले का भी संज्ञान लिया है और उन्होंने कहा कि जल्दी ही पूरे मामले में एक प्रतिनिधिमंडल परिजनों से मिलकर पूरी वस्तु की स्थिति से अवगत होगा। दूसरा मामला थाना क्षेत्र के गारापुर का चर्चा में आया जहां बीते 2/3 मार्च की रात आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने अजय धुरिया के घर

डकैती डाल दी ।घर में जो कुछ उनके मतलब का मिला डकैत उठा ले गए । जाते जाते 10 हजार कैश भी लेते गए।बकौल पीड़ित जब उन्होंने चांदा थानाध्यक्ष को फोन किया गया तो 36 घंटा बीतने के बाद भी घटना का निरीक्षण नहीं किया उन्होंने एक उपनिरीक्षक को मौके पर जांच के लिए भेजा !आरोप है कि तहरीर ठंडे बस्ते में डाल दी गई है! घटना को तकरीबन 36 घंटे बीत चुके हैं फिलहाल चंदा थाना अध्यक्ष के सीयूजी नंबर 919454404330पर दो दिन से बात करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन मंगलवार को भी उनके सीयूजी नंबर बंद बताता रहा। फिलहाल अभी तक इस मामले में ना तो पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज ही लगा और बदमाश ट्रेस किये गए। बताया जाता है कि चोरों ने डकैतों ने घटना को अंजाम देने के लिए पहले रेकी की उसके बाद रात होने पर डकैती की घटना को अंजाम दे दिया।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने इस मामले का भी संज्ञान लिया, जिलाध्यक्ष ने कहा कि बारा बंजारा विमुक्त घुमन्तु, अर्ध घुमन्तु जनजाति के लिए 06 मार्च को पयागीपुर के निकट एक मैरिज लॉन में विशाल रैली आयोजित होगी जिसको सम्बोधित करने के लिए पार्टी चीफ ओम प्रकाश राजभर मुख्य अतिथि तथा अरविंद राजभर बतौर मुख्य अतिथि जिले में आ रहे हैं। पूरी वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।

डमी छात्रों के फर्जी प्रवेश में आया सनबीम स्कूल का नाम

सुल्तानपुर। जिले में संचालित सनबीम स्कूल द्वारा सीबीएसई के नियमों का उल्लंघन करते हुए डमी छात्रों का फर्जी प्रवेश लिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह स्कूल ऐसे छात्रों का पंजीकरण कर रहा है जो वास्तव में कोटा, दिल्ली आदि के कोचिंग संस्थानों में अध्ययन कर रहे होते हैं और केवल कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इस विद्यालय से जुड़े होते हैं। इतना ही नहीं, वो इन सफल छात्रों को अपना नियमित विद्यार्थी बताकर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करता है। सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य है। लेकिन सनबीम स्कूल इन छात्रों को बिना नियमित उपस्थिति के ही परीक्षा में सम्मिलित कर रहा है। लोगों को ऐसे भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए और अपने बच्चों को ऐसे विद्यालय में प्रवेश कराना चाहिए जो कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रहे हो।

मोटे अनाज पर लगाई गई प्रदर्शनी में केएनआई को मिला प्रथम पुरस्कार

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी फैजाबाद में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश और विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रही। कार्यक्रम में राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल की गरिमामई उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रतिभा गोयल, कुलसचिव उमानाथ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज को बढ़ावा देने का था। जिसके लिए यूनिवर्सिटी प्रांगण में मोटे अनाज पर एक बड़ी प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में अलग-अलग कॉलेज से आए हुए प्रतिभागियों ने लगभग 100 स्टाल लगाए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और अंतिम में सुल्तानपुर के के एन आई संस्थान की कु.अंकिता यादव और

कु. खुशबू वर्मा के द्वारा ÷रागी÷ से बने हुए मोटे अनाज के लड्डू, बिस्किट, इडली और ढोकला से प्रभावित होकर उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों ने डॉक्टर अन्विता सिंह सहायक प्राध्यापिका गृह विज्ञान के एन आई के मार्गदर्शन में मोटे अनाज से लड्डू बिस्किट इडली और ढोकला बनाया था जो प्रदर्शनी में सबसे ज्यादा भाए। कमला नेहरू संस्थान के प्राचार्य डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मोटे अनाज पर लगाई गई प्रदर्शनी पर हमारे संस्थान द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी सबसे उच्च कोटि की रही जिससे प्रभावित होकर राजपाल द्वारा संस्थान के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें बहुत बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में सिर्फ एक प्रथम पुरस्कार का ही प्रावधान किया गया था जो जनपद सुल्तानपुर के के एन आई संस्थान को प्राप्त हुआ। यह जनपद सुल्तानपुर के लिए गौरव का विषय है।

कोटेदार के खिलाफ जांच में फिर मिल सकती है क्लीनचिट

सुल्तानपुर। कोटेदार के खिलाफ ग्रामीण बोलने अथवा बयान देने से डरते है। अब तक तीन तीन बार आरोपों के चलते कोटा निलंबित हो चुका है। इसके बाद भी सत्ता व पैसे के बल कोटा बहाल कराने में महारथ हासिल कर लेता है। उम्मीद है इस बार की भी जांच में क्लीन चिट फिर मिल सकती है।

मामला कूरेभार ब्लाक के सैदखान पुर ग्राम सभा में संचालित कोटे का है। यहां पर पिछले दस वर्ष से शीतला प्रसाद यादव के कोटा है। आए दिन ग्रामीणों को राशन में घटतौली करने, कभी कभी राशन न बांटने के आरोप लगते रहे हैं। जिलास्तरीय जांच में डीएसओ व सप्लाई इंस्पेक्टर ने कोटेदार के करीबियों का बयान लेते हुए सुविधा शुल्क लेकर अभयदान दे दिया था।मंडलीय टीम भी उसी रास्ते पर चलकर अपनी जेबें गर्म कर शिकायतों को अनसुनी कर क्लीनचिट दी थी। सच तो यह है कि कोटेदार के खिलाफ बयान देने में ज्यादातर राशनकार्ड धारक डरते है। दूसरा यह भी है कि लॉलीपॉप देकर पक्ष में कर लेता है। स्वाभाविक भी है जब अफसर ही फीलगुड के बाद जांच से मुक्त कर देते है तो ग्रामीण की क्या औकात?, कई वर्ष से काबिज होने का मतलब हर फन में माहिर होना है।

भ्रष्टाचारी कोटेदार पर क्यों रहमदिली दिखाती है जांच टीमें

जब जिला व मंडल स्तरीय जांच में लीपापोती करते हुए कोटेदार को क्लीनचिट मिलती रही तो करीब डेढ़ दर्जन राशनकार्ड धारक 15नवंबर को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर निष्पक्ष जांच की फरियाद किया। करीब चार माह बाद जांच करने अपर एसडीएम विदुषी सिंह गांव पहुंची। फिलहाल कई हजार की आबादी वाले गांव में करीब तीन दर्जन ग्रामीणों से जानकारी की है। वही कोटेदार से डरे सहमे चार दर्जन ग्रामीणों ने दफ्तर में आकर लिखित बयान भी दे चुके हैं। दफ्तर में आकर बयान देने का मकसद ग्रामीणों का यही था कि खुलेआम विरोध का सामना न करना पड़े। ऐसे में देखना यह होगा कि फिर कोटेदार को जांच में क्लीनचिट मिलेगी या कोटेदारी छिनेगी? फिलहाल कई वर्षों से काबिज कोटेदार हटा पाना मुश्किल है। कई ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार बयान हेतु जबरन दबाव बनाते है व धमकी भी देता है, ऐसे में खुलकर विरोध करना उचित नहीं है।

जौनपुर के सुशील मौर्य को बनाया गया प्रदेश सचिव

दि उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन ने की घोषणा

जौनपुर। टैक्सेशन बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट सुशील मौर्य को दि उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन में प्रदेश सचिव बनाया गया जिसकी जानकारी होने पर परिजनों सहित उनके शुभचिन्तकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बता दें कि महराजगंज जनपद में आयोजित एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक में एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष रमेश प्रसाद जायसवाल ने 2024-2026 की कार्यकारिणी घोषित किया।

घोषणा के अनुसार प्रदेश सचिव जैसा महत्वपूर्ण पद जौनपुर के सुशील मौर्य को दिया गया। विदित हो कि इसके पहले श्री मौर्य एसोसिएशन के संयुक्त सचिव जैसे पद पर रहकर कार्य कर चुके हैं। इस बार इन्हें सचिव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके द्वारा पूर्व के कार्यों को देखते हुये दी गयी।

वहीं इस बाबत पूछे जाने पर नवचयनित प्रदेश सचिव श्री मौर्य ने बताया कि पूरे प्रान्त में जो भी समस्याएं टैक्स एडवोकेट को आयेंगी, उसको प्राथमिकता से प्रादेशिक टीम के साथ मिलकर हल कराया जायेगा।

बोर्ड परीक्षा में लापरवाही बरतने वाले अध्यापक पर कार्यवाही के लिये लिखा पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। मोहम्मद अनवर सिद्दीकी सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय नकराही द्वारा निर्धारित कार्य के प्रति लापरवाही बरतने और बोर्ड परीक्षा की सुचिता को प्रभावित करने के सम्बन्ध में महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के केंद्र व्यवस्थापक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र। मोहम्मद अनवर सिद्दीकी सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय नकराही की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में ड्यूटी लगाई गई थी। उक्त अध्यापक एक मार्च को प्रथम पाली की परीक्षा में ड्यूटी प्राप्ति के पश्चात विना किसी पूर्व सूचना के कक्ष निरीक्षक के कार्य हेतु उपस्थित नहीं हुए थे। आज दिनांक चार मार्च को प्रथम पाली में हाई स्कूल 'विज्ञान' विषय की बड़ी परीक्षा होने और ड्यूटी रिसीव करने के बाद भी परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के कार्य हेतु उपस्थित नहीं हुए। जिससे कक्ष निरीक्षक की कमी के कारण परिषदीय परीक्षा 2025 में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। केंद्र व्यवस्थापक के अनुसार अध्यापक के द्वारा जानबूझ कर परीक्षा के दिन मोबाइल बंद कर लिया जाता है जिससे संपर्क हो पाना संभव नहीं हो पाता है। उक्त अध्यापक पर कार्यवाही हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर को पत्र लिखा गया है।

पीड़िता को धमकाने के मामले में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को मिली राहत, 50 हजार के मुचलके पर कोर्ट ने दी जमानत

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। जिला कारागार में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को न्यायालय से एक राहत भरी खबर सामने आई है। सांसद पर मुकदमा दर्ज करने वाली महिला नेता के पति द्वारा कोतवाली में मुकदमा वापस लेने की धमकी मामले में सीजेएम कोर्ट ने सांसद को जमानत मंजूर करते हुए राहत दे दी है। न्यायाधीश ने 25-25 हजार के दो अधिपत्र के साथ अन्य दस्तावेज दाखिल करने पर जमानत देने के लिए आदेशित किया है।

मामला नगर कोतवाली इलाके का है। यहां क्षेत्र की महिला नेता ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। 30 जनवरी को पुलिस ने सांसद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके उपरांत सांसद की करीबी महिला रेशमा

खातून पर सांसद राकेश राठौर के इशारे पर पीड़िता के घर पहुंचकर मुकदमा वापस लेने और दबाव बनाकर उन्नाव कांड करने की धमकी दिलाने का आरोप लगा था।

पुलिस ने इस मामले में 10 फरवरी के प्रार्थना पत्र पर 14 फरवरी को

➪यौन शोषण केस में अभी जेल में रहेंगे

सांसद राकेश राठौर सहित धमकी देने वाली महिला रेशमा खातून के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जेल में रहने के दौरान सांसद पर मुकदमा लिखते ही सांसद की मुश्किलें बढ़ गई थी। सांसद के अधिवक्ता ने सीजेएम न्यायालय में इस मुकदमे के खिलाफ 24 फरवरी को जमानत याचिका दायर की थी। सीजेएम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सांसद पक्ष के अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि वह विपक्ष के सांसद है और सत्ताधारी पार्टी प्रत्येक दशा में उन्हें जेल में बनाए रखना चाहती है। यह मुकदमा रंजिशन झूठा मुकदमा है जिसे उन्हें फंसाया जा रहा है। इस दौरान पीड़ित पक्ष एक अधिवक्ता ने भी दलील देते हुए राजनीतिक दबाव और सांसद का हवाला देकर जमानत पर बाहर आने पर जांच में व्यवधान के साथ पीड़िता को खतरा बताते हुए जमानत याचिक निरस्त करने की मांग की। सीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश गौरव प्रकाश ने मामले में सुनवाई करते हुए सांसद की जमानत याचिका मंजूर करते हुए बॉन्ड पत्र के साथ अन्य दस्तावेज जमा करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश सुनाया है।

हालांकि इस जमानत के बाद भी अभी सांसद जेल में ही रहेंगे। ऐसा इसलिए है कि सांसद पर यौन शोषण मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जमानत याचिका पर 11 मार्च को सुनवाई होगी। इसके बाद ही सांसद के जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ हो सकेगा।

आईआरसीटीसी, आईआरएफसी को मिला नवरत्न का दर्जा, रेल मंत्री ने दी बधाई

सरकार ने भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनियों के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी दे दी है। सीपीएसई में आईआरसीटीसी 25वीं और आईआरएफसी 26वीं नवरत्न कंपनी बन गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने टीम आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर बधाई दी। मंत्री महोदय ने कहा कि- हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रेलवे के सभी 7 सूचीबद्ध सार्वजनिक उपक्रमों को अब नवरत्न का दर्जा प्राप्त है और यह 2014 के बाद हुआ है।

रमजान का पाक महीना सबसे अव्वल माह - मौलाना कैसर अब्बास

तीसरी रमजान को रोजेदारों ने खोला रोजा, मांगी दुआएं

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। मंगलवार को माहे रमजान की तीसरी तारीख को नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों में पाँच वक्त की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने रात्रि में तरावीह पढ़ा और मुल्क में अमन, चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी। इससे पूर्व मगरीब की अजान के बाद रोजेदारों ने अपना रोजा खोला। शहर के मुफ्ती मोहल्ला, बलुआघाट, सिपाह, मुल्ला टोला, पुरानी बाजार, पानदरीबा सहित अन्य स्थानों पर मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ दिखाई पड़ी। नगर के बलुआघाट स्थित मिर्जा दारोगा एजाज की मस्जिद में नमाज पढ़ाने के बाद मौलाना कैसर अब्बास आजमी ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ. ने बताया है कि माहे रमजान को तमाम महीनों में सबसे अव्वल दर्जा प्राप्त है। इस

महीने में खुदा शैतान को कैद में कर देता है और जन्नत का दरवाजा तमाम रोजेदारों के लिए खोल देता है। यही वजह है कि घरों में दिन रात कुरान की तेलावते होती हैं तो वहीं विशेष नमाज अदा कर लोग अपने गुनाहों की तौबा करते हैं। मौलाना ने कहा कि रोजेदारों को रोजा खुलवाना सबसे बड़ा शवाब का काम है। ऐसे में हमें चाहिए कि अपने रिश्तेदार, पड़ोसियों, मोहल्ले व नगरवासियों में अगर कोई गरीब मौजूद है तो उसके परिवार को रोजा खोलने का सारा सामान मुहैया कराना चाहिए वहीं मस्जिदों में देर रात्रि तक तरावीह पढ़ने का सिलसिला जारी रहा।

महमूदाबाद में 108 सुहागिन महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के मोहल्ला शिवाजी नगर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवाजी नगर में बन रहे शिव मंदिर से 108 सुहागिन महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा रामकुंड चौराहा, बजाजा चौराहा, चिकमंडी चौराहा होते हुए श्री संकटा देवी मंदिर पहुंची जहा पूजन अर्चन के बाद पुनः शिवाजी नगर पहुंची इस कलश यात्रा में सुहागिन महिलाएं सिर पर कलश रखे बड़ी संख्या में पीताम्बर वस्त्र धारण किए महिलाओं की भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकलना शुरू हुई तो आस्था व भक्ति के संगम में लोग सराबोर हो गए। जय भोलेनाथ, जय श्री राम, जय हनुमान के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा बच्चू लाल गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता द्वारा करवाई जा रही है 10 मार्च को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी 11 मार्च को विशाल भंडारा व रात्रि जागरण होगा इस कलश यात्रा मे कलश यात्रा में कृष्ण कुमार गुप्ता, राजकुमारी, ज्ञानवती गुप्ता, रिंकी, लक्ष्मी, शिवानी, नेंसी गुप्ता, वंदना गुप्ता, मुस्कान आदि मौजूद रही वही पूजन अर्चन का कार्यक्रम आचार्य पंडित अशोक त्रिवेदी, रितेश पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, हरी ओम मिश्रा, सुशील दिक्षित द्वारा करवाया गया।

खेल से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य रहता हैं फिट- अनूप गुप्ता

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। खेल न केवल मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखते हैं बल्कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं के विकास के साथ सौहार्द एवं खेल भावनाओं को विकसित करने में भी सहायता करते हैं। यह बात वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुये महाविद्यालय की प्रबन्ध तंत्र के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने कही। इस दौरान उन्होने महाविद्यालय के क्रीड़ांगन में नवनिर्मित कोर्ट का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ जयवीर सिंह, एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर पवन कुमार यादव, खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजक डॉक्टर सुनील कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त

अध्यापकगण, छात्र छात्राएं व खिलाड़ी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 4 मार्च से 8 मार्च 2025 तक महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित हो रहे हैं जिसमें विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्मिलित हैं। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन बैडमिंटन महिला व पुरूष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला वर्ग की विजेताओं में प्रथम स्थान पर दीपिका, द्वितीय स्थान पर संचिता, तृतीय स्थान पर रहीं शाम्भवी गुप्ता को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया। वहीं पुरूष वर्ग की विजेताओं में प्रथम स्थान पर सक्षम, द्वितीय स्थान पर गौरव व तृतीय स्थान पर रहे प्रद्युम्न को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया। उक्त प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में 100 से अधिक छात्र व महिला वर्ग में 50 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के खेल अधिकारी डॉ0 जय प्रकाश एवं डॉ0 प्रदीप कुमार रहे तथा निर्णायक के रूप में सिद्धान्त जी रहे।

इजरायल, जापान और जर्मनी में नौकरी पाने का सुनहरा मौका

जौनपुर। उ0प्र0, सरकार ने युवाओं को विदेश में नौकरी पाने का सुनहरा अवसर दिया है, जिसके क्रम में एन0एस0डी0सी0 और केन्द्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से इजरायल, जापान और जर्मनी में जनपद के प्रशिक्षित युवक-युवतियों के लिए कई पदों पर भर्ती की जायेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के प्रशिक्षित युवक-युवतियों के लिए विदेशों में होमबेस्ड केयरगिवर, पेशेंट केयर, और नर्सिंग के पदों पर भर्तियां होगी। जिसमें इजरायल में होमबेस्ड केयरगिवर के 5000 पद के लिए 25 से 45 वर्ष की आयुसीमा एवं एक वर्ष से अधिक का अनुभव होना अनिवार्य है, जापान में केयरगिवर और केयर टेकर के 50 पदों हेतु तीन महीनों से अधिक का अनुभव रखने वाले युवक-युवतियों की आयु सीमा 20 से 27 वर्ष आवेदन कर सकेगें

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत सभी बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक हुई आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत सभी बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कि गई।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैंकर्स

अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत और वितरण कराएं तथा अपनी बैंक शाखाओं से रिर्वस स्पान्सरिंग के आवेदन करायें। बैठक के समीक्षा में पाया गया कि भारतीय बैंक की शाखाओं में सर्वाधिक आवेदन लंबित है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि सभी बैंकर्स अगले तीन दिन में सभी लंबित प्रकरण खत्म कर स्वीकृत वितरण की संख्या बढ़ाये।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने कैम्पों के माध्यम से आवेदन कराये जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिया तथा अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि सभी बैंकर्स से वार्ता कर योजना स्वीकृत /वितरण की संख्या बढ़ायें।

निशुल्क नेत्र शिविर में 151 लोगों ने कराया परीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। महमूदाबाद से भाजपा विधायक आशा मौर्या ने अपने आवास पर मंगलवार को सीतापुर आँख अस्पताल की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ। इस निशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ विधायक आशा मौर्या ने फीता काटकर किया इस शिविर में 151

लोगों ने अपने नेत्रों का परीक्षण करवाया इस कैम्प में मरीजों के निशुल्क नेत्र परीक्षण, शुगर, ब्लेंड प्रेशर आदि की जांच करवाई इस दौरान मरीजों को निशुल्क परामर्श, चश्मा, आई ड्राप दिया गया साथ ही 75 मरीज मोतियाबिंद के मिले जिन्हें अपनी बस से आँख अस्पताल सीतापुर भेजा गया इस अवसर पर सीतापुर आँख अस्पताल की डॉ सोनिया भरद्वाज, डा किशोर शुक्ला, पैरामेडिकल टीम साध्वी वर्मा, एकता नूर आदि मौजूद रही।

संक्षिप्त खबरें

कार्यशाला आयोजित कर एड्स के बारे में दी गई जानकारियां

बांदा। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सरकारी व निजी क्षेत्र के चिकित्सकों व पैरा मेडिकल कर्मियों के लिए एचआईवी एक्ट 2017 अधिनियम एवं यूनीवर्सल प्रीकशन के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में अनुराग तिवारी सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि एचआईवी एक्ट के प्रावधानों में एचआईवी ग्रसित लोगों को समान संरक्षा सुरक्षा एवं अधिकार प्राप्त हैं। इस एक्ट का उद्देश्य एचआईवी एवं एड्स से लोगों का बचाव एवं इसके विस्तार को रोकना है। इस एक्ट के अन्तर्गत एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को बिना भेदभाव के आवश्यक उपचार, देखभाल आदि सेवाएं प्रदान करने एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकारों को भी संरक्षित करने तथा इससे जुड़ी शिकायतों के निवारण हेतु समस्त मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ को एचआईवी एड्स अधिनियम 2017 में निर्दिष्ट प्रावधानों एवं यूनीवर्सल प्रीकाशन हेतु संवेदीकृत किया जाता है। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों में प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण अन्य बीमारियों से ग्रसित होने की सम्भावना बनी रहती है जिसका उपचार विभिन्न सरकारी एवं गैरसरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत चिकित्सा कर्मियों द्वारा किया जाता है। डॉ. अजय कुमार जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी द्वारा एड्स के फैलाव एवं बचाव के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में यूनिवर्सल प्रीकशन व जनरल सेफ्टी गाइडलाइन को डा. देवेश माथुर, उप जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से बताया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी बृजेन्द्र कुमार ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1097 पर किसी भी समय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में मुन्नालाल प्रजापति, डॉ. विजय केसरवानी, डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. नरेन्द्र विश्वकर्मा, डा. देव तिवारी, डा. नवीन चक, डा. ऋषि पटेल, परियोजना प्रबन्धक संजय सिंह, आमिर हाशमी, रिजवान नकवी, वसी मोहम्मद, उमा शुक्ला सहित मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, टीबी क्लीनिक के मेडिकल, पैरामेडिकल स्टाफ एवं वार्ड ब्वाय द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

बांदा। बिसंडा थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें नत्थू पुत्र अयोध्या निवासी दूलथोक बिसण्डा और देशराज पुत्र छेदीलाल निवासी उसरी पुरवा मजरा गड़ाव थाना बिसंडा शामिल हैं। वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।

सौ मीटर दौड़ में शालू और विकास ने बाजी मारी

बांदा। अतर्रा के पीजी कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए हौसलाफजाई की गई। सीओ प्रवीण कुमार यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में शालू प्रथम, खुशी द्वितीय और अंजू तृतीय रहीं, जबकि बालक वर्ग में विकास जाटव ने प्रथम, सुमित ने दूसरा तथा योगेन्द्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक बालिका वर्ग में नीता यादव ने प्रथम, कौशिल्या ने दूसरा और बीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किए, जबकि बालक वर्ग में योगेंद्र यादव ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय, सूरज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद (बालक वर्ग) में विकास यादव प्रथम, हीरालाल द्वितीय, हरेंद्र तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में करण रैकवार ने पहला स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में अंजू देवी प्रथम, अंजू ने दूसरा और साधना ने तीसरा स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो (बालिका वर्ग) में वैष्णवी प्रथम स्थान, कौशल्या दूसरा स्थान तथा नीता ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. राजीव रत्न द्विवेदी, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. आर. बी. कुशवाहा, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. मैत्रेयी सिंह, डॉ. बीना सिंह, डॉ. सुरेश शुक्ला, डॉ. पी. के. विश्वकर्मा, डॉ. सतीश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अनंत त्रिपाठी, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. मोहम्मद हलीम खान, सहित आदि कालेज के शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।

शादी में गए युवक की ट्रैक्टर से गिर कर मौत

बांदा। ममेरी बहन की शादी में शामिल होने गया युवक टेंट का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर से नीचे जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी 27 वर्षीय सुशील पुत्र बिंदादीन 2 मार्च को अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने ननिहाल बबेरू गया था। सोमवार की शाम बबेरू से ट्रैक्टर टेंट का सामान लाद कर भभुवा गांव जा रहा था। वह ट्रैक्टर के ऊपर बैठा था। तभी मझिला गांव के पास वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। मृतक के बड़े भाई सुरेश ने बताया कि सुशील तीन भाईयो में छोटा था। वह आविवाहित था। ट्रैक्टर चालक के कहने पर वह बैठ गया। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर

बांदा। अतर्रा क्षेत्र के तेंदुरा गांव के चौरा बाबा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। श्रीकृष्ण जन्म की कथा के दौरान महिला श्रद्धालुओं ने बधाई गीत भी सुनाए। माहौल पूरी तरह से कृष्णमय नजर आया। मंगलवार को कथा व्यास जगदीश चंद्र ने भगवान श्री कृष्ण जन्म कथा प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में बंद वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में मथुरा के राजा भोजवंशी राज्य करते थे उनके पुत्र कंस ने अग्रसेन को गद्दी से उतार दिया ।

पीएम और सीएम आवास योजना का सर्वे जल्द पूरा कराया जाए

विकास खंड स्तर पर चल रही योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। डीएम जे. रीभा अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खण्ड स्तर पर चल रही योजनाओं की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने मुख्यमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो की समीक्षा करते हुए नये प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के सर्वे के कार्य को पूर्ण कराये जाने, मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों की जीओ टैगिंग शत-प्रतिशत रूप से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिये कि अपने-अपने विकास खण्ड में संचालित योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप समय से समीक्षा करते हुए पूर्ण करायें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रतिदिन ग्राम विकास अधिकारियों एवं बीएमएम के कार्यो की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सभी सचिव अपने निर्धारित तिथियों में गांवों में उपस्थित रहकर संचालित योजनाओं से सम्बन्धित विकास कार्यो को पूर्ण करायें। उन्होंने नये तालाबों के निर्माण कार्य, मनरेगा के कार्यो की समीक्षा करते हुए श्रमिकों को लक्ष्य के अनुरूप रोजगार दिलाये जाने तथा स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं उन्हें सीसीएल कराये जाने हेतु बीएमएम द्वारा प्रतिदिन समीक्षा कर शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए विकास खण्डों में स्थान चिन्हित कर पहले से तैयारी पूर्ण करने, वृक्षों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आरसीसी सेन्टरों के निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अवशेष कार्यो को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचालय निर्माण कार्य व पंचायत के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से कार्यो को गुणवत्ता के साथ कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। उन्होंने पर्यटन के अन्तर्गत कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को कार्य में तेजी लाये जाने एवं गुणवत्ता के साथ कार्य को कराये जाने के निर्देश दिये। नई सड़कों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामोद्योगीय पुरस्कार व पापकार्न मशीन वितरण हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड चित्रकूटधाम मंडल शान्ति सदन कटरा में मंगलवार को 2024-25 के चयनित मंडल स्तरीय ग्रामोद्योगीय पुरस्कार व निशुल्क पॉपकॉर्न मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि माननीय सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने दीप प्रज्वलन व गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि मालती बासू नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि अंकित गुप्ता बसु, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज व राजिन्दर कौर वरिष्ठ प्रबन्धक, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रामऔतार, सेवानिवृत्त प्रबधंक (ग्रामोद्योग), मनीषा देवी, प्रधान सहायक, चुनूबाद, सहायक विकास अधिकारी (द्वितीय) संजीव कुमार, वरिष्ठ सहायक, संतोष कुमार, कनिष्ठ सहायक, मनोज कुमार, वाहन चालक, प्रमोद कुमार पंकज, कम्प्यूटर आपरेटर आदि लोग उपस्थित रहे।

दहेज हत्या में पति और सास-ससुर को सात-सात वर्ष की सजा

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज न देने व प्रताड़ित करने व बहू की हत्या करने के मामले में दोषी पति, सास व ससुर को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही अन्य धाराओं में सजा सहित तीनों पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की अदायगी न करने पर तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। तीनों दोषियों का सजायावी वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी विष्णु कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक बांदा को 5 जुलाई 2014 को प्रार्थनापत्र देकर थाना जसपुरा में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी पुत्री गोमती की शादी 18 अप्रैल 2012 को जसपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी कुलदीप कुशवाहा पुत्र रामस्वरूप के साथ हिंदू रीतिरिवाज के मुताबिक की थी। उसकी पुत्री शादी के बाद जब ससुराल गयी तो ससुरालीजन पति कुलदीप कुशवाहा, ससुर रामस्वरूप व सास सीताबाई, ननद अभिलाषा देवी, देवर पिंटू, रमेश व विक्रम आदि अतिरिक्त दहेज में सोने की जंजीर व मोटरसाइकिल तथा 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री को मारपीट कर प्रताड़ित करते रहे। जब वह अपने मायके आयी तो अपनी माता कुसमा व भाई राममनोहर, लक्ष्मण से बताया कि ससुरालीजन उक्त दहेज की मांग कर रहे हैं। मांग न पूरी करने पर वह जान से मार डालने की धमकी व दूसरी शादी करने की धमकी देते हैं। 28 जून 2014 को उसके ससुराल से फोन आया कि तुम्हारी लड़की गोमती की मृत्यु हो गयी है। इस घटना की सूचना उसने थाना जसपुरा में दी लेकिन वहां के दीवान व दरोगा ने उसे डांट-डपटकर भगा दिया। तब उसने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर गुहार लगायी। पुलिस अधीक्षक के आदेश से 5 जुलाई 2014 को पति कुलदीप कुशवाहा, ससुर रामस्वरूप, सास सीताबाई व ननद अभिलाषा देवी, देवर पिंटू, रमेश, विक्रम आदि के खिलाफ दहेज हत्या सहित सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

विवेचक ने विवेचना करने के उपरांत ननद व देवरों को क्लीन चिट देते हुए एफआर लगा दी। शेष पति कुलदीप कुशवाहा, ससुर रामस्वरूप व सास सीता बाई के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। तीनों के विरुद्ध अदालत ने 25 नवंबर 2014 को आरोप विरचित किया।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपने 33 पृष्ठीय फैसले में पति, ससुर व सास को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी।

प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन में कल दी जाएंगी आहुतियां

तीसरे दिन भी जारी रहा जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष का आमरण अनशन

बांदा। जनता दल युनाइटेड महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल का अपर जिलाधिकारी के खिलाफ आमरण अनशन मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि छह मार्च को अशोक स्तंभ तले बुद्धि-शुद्धि हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, ताकि प्रशासन कार्रवाई करे। तीसरे दिन अनशन स्थल पर जदयू पदाधिकारियों के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।जेडी जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता हवन यज्ञ का नेतृत्व करेंगे। मालूम हो कि बीते दिनों एडीएम राजेश कुमार वर्मा द्वारा शालिनी सिंह पटेल के साथ कथित अभद्रता की थी, जिसके बाद इस घटना को लेकर जेडीयू कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों में भारी रोष है। प्रशासन से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि हम लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जता रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह महिला नेत्री के साथ हुए दुर्व्यवहार पर संज्ञान ले और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। इस घटना के बाद से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। कई सामाजिक संगठनों और विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे पर जेडीयू नेत्री का समर्थन किया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर मंथन जारी है और जल्द ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।

इंटर के छात्र ने खेत में जहर खाकर कर ली खुदकुशी

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। खेत में फसल की सिचाई कर रहे इंटर के छात्र ने सल्फास खा लिया। हालत बिगडने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी 17 वर्षीय रविकरन पुत्र रामप्रताप सोमवार की शाम खेत में खड़ी फसल की सिचाई कर रहा था। उसकी मां राजा बाई मसूर काट कर रही थी। पिता सब्जी की बारी में काम कर रहा था। इसी बीच रविकर ने सल्फास की गोलिया गटक लिया। कुछ देर के बाद उसे उल्टी होने लगी। तब घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत मे सुधार नही हुआ। उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की बहन नीलम ने बताया कि रविकरन जय भारत इंटर कालेज मुरवल में इंटर में पढता था। इन दिनो उसकी परीक्षाएं चल रही थी। हिंदी और इतिहास की परीक्षा दे चुका था। मंगलवार को उसका तीसरा पेपर था। घर पर किसी प्रकार का कोई विवाद नही हुआ। जहर खाने का कारण अज्ञात है।

चाकू से हमला करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। बबेरू कोतवाली पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। कुम्हारन का तलईया के पास ग्राम गौरा में पहली मार्च को अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र महेश निवासी सिरसी थाना घाटमपुर कानपुर नगर ने सुभाष चंद्र पुत्र गयाप्रसाद निवासी अमलीकौर थाना तिंदवारी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया था। इससे सुभाषचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं घायल के परिजनों की तहरीर पर अभियुक्त मनोज कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में बबेरू कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार की दोपहर पुलिस के द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र महेश कुमार को हमले में प्रयुक्त किए गए चाकू के साथ सिमौनी गांव के मंडी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में प्रदीप कुमार उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी सिमौनी उपनिरीक्षक सैयद अहमद अंसारी, कांस्टेबल पंकज कुमार, राहुल साहू मौजूद रहे।

शहर की नृत्यांगना ने रामायण मेला में दी शानदार प्रस्तुति

कृष्ण के विभिन्न रूपों और गोपियों का कृष्ण के प्रति प्रेम का किया वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। चित्रकूटधाम में आयोजित रामायण मेला में शहर की कथक नृत्यांगना अनुपमा त्रिपाठी ने शानदार प्रस्तुति देते हुए लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। रामायण मेले का समापन जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने किया। नृत्यांगना ने भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों और गोपियों के प्रति कृष्ण प्रेम का वर्णन किया। इसके अलावा फूलों की होली आदि आयोजन भी किए गए।

राष्ट्रीय रामायण मेला चित्रकूटधाम का भव्य समापन रविवार को हुआ। रायपुर के पद्म विभूषण भारती बंधु की ओर से भजन गायन,गुरुकुलम कथक केंद्र संचालिका बांदा की कथक नृत्यांगना अनुपमा त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से कृष्ण के विभिन्न रूपों और गोपियों का कृष्ण के प्रति प्रेम का वर्णन किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरुआत एकल नृत्य में चतुरंग जिसमें पारंपरिक बादिशें एवं बोल छूम छननन बाजत पैजानिया इसके पश्चात अनुपमा के निर्देशन में गुरुकुलम के कलाकारों ने मीराबाई पर आधारित मीरा भक्तिनाद नृत्य नाटिका के माध्यम से दिखाया की भगवान् श्रीकृष्ण कोई प्रेमी, कोई बालक, कोई योद्धा तो कोई वैरागी रूप में प्रेम करता है। गिरधर गोपाल शर्मा मथुरा के कलाकारों द्वारा शानदार मयूर नृत्य व फूलों की होली से भाव विभोर हुए। सुजाता केसरी प्रयागराज की टीम द्वारा ढेड़िया नृत्य प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रक्षांत करवरिया, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी ने कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को संस्कृति विभाग द्वारा सम्मानित किया। मंत्री प्रद्युम दुबे लालू और संयुक्त मंत्री मनोज गर्ग द्विवेदी,आशुतोष पाठक,राम प्रताप शुक्ला सहित हज़ारों दर्शक उपस्थित रहे।

कानफोड़ू डीजे नहीं बजेगा, शांति बनाए रखने का आह्वान

लोकमित्र ब्यूरो

बदौसा। थाना परिसर में मंगलवार को होली व रमजान पर्व के मौके पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद रहे जागरूक लोगों से कहा गया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव नहीं होना चाहिये। यह भी कहा कि होली के दिन कानफोड़ू डीजे अगर बजाया गया तो पुलिस कार्रवाई करेगी। अराजकतत्वों पर पुलिस पैनी निगाह रखेगी।

पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा सभी लोग त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाए।

होली में रंग व गुलाल का प्रयोग करने होली में शराब पूरी तरह से बंद रहेगी। इस मौके पर इस्माइल खान,भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बदौसा के नगर अध्यक्ष विजय यादव, धर्मेंद्र सिंह खटीक, रोहित कुमार, जिला उपाध्यक्ष शिव प्रसाद उर्फ शिवा, अभिषेक गुप्ता, अभिषेक सोनी, हरिनारायण निषाद, रामजस निषाद, सन्तोष कुशवाहा, इरफान अली, रविशंकर वामरे, जियाउल हक प्रधान देवरिया, नवीन जैन आदि संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस और डायल 112 लगातार कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी करेगी।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बांदा। खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गया युवक मवेशी हाकते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के डिगवाही गांव निवासी 23 वर्षीय योगेश प्रताप पुत्र दिगबंर सिंह सोमवार की रात वह खेत की रखवाली करने गया था। तभी खेत में घुसे अन्ना मवेशियो को वह भगा रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।